AMARAPRAKASA

॥ अमरप्रकाश ॥

अर्थात्

अकारादि क्रम से अमरकोष के शब्दों का लि-
ङ्गादिनिर्देशसहित हिन्दी भाषा में अर्थ।

जिसे

जयनारायण कालेज के प्रधान संस्कृताध्यापक
श्रीयुत पं॰ गोपालशर्म्मा ने बनाया।

श्रीमन्महाराजाधिराज द्विजराज श्रीकाशिराज
श्रीप्रमदीश्वरीप्रसाद नारायणसिंह देव बहादुर
जी॰ सी॰ एस॰ आइ॰ जू की आज्ञानुसार
श्री वैद्यनाथ पण्डित ने प्रकाशित किया।

भारतजीवन यन्त्रालय बनारस।

संवत् १९४२।

मूल्य २)

॥ श्री ॥

भूमिका।

शब्दाब्धितरय: कोशा ये कृता: पूर्वसूरिभि:।

तेषामनुगमी कोश: प्लवोऽयङ्गृह्यताम्बुधा: ॥ १ ॥

यह कोश मैंने अमरकोश देख कर बनाया है अर्थात् उसी के सब शब्द और अर्थों को देख कर लिखा है, कहीं २ प्रसङ्गवश से कई एक शब्द और कई एक अर्थ अधिक भी लिखे गये हैं, यद्यपि शब्द और अर्थ असङ्ख्य हैं तथापि मै समझता हूं कि षट्काव्य नाटक और इस से अधिक जो आज कल के प्रचलित ग्रन्थ हैं इन में प्राय: अमरकोश के शब्दों से अधिक कोई शब्द नहीं व्यवहृत हैं इस लिये और २ कोशों के शब्दों का लिखना केवल परिश्रम समझ कर मैंने छोड़ दिया क्योंकि पढ़ने वाले लोगों का काम इतनेहीं मे पूरा हो जायगा और ऐसी भी इच्छा है कि अवकाश पा कर कई एक कोशों को एकट्ठा करके लिखूं।

इस कोश में पुल्लिङ्ग स्त्रीलिङ्ग नपुंसकलिङ्ग और तीनोलिङ्ग के शब्दों के लिङ्गों के ज्ञान के लिये उन के अगाड़ी मैंने क्रम से (पुं०) (स्त्री) (नपुं०) (त्रि०) ऐसे सङ्केत कर दिये हैं और जो शब्द प्रातिपदिकत्वावस्था में और प्रथमा के एकवचनान्तत्वावस्था में एकसा है उस को छोड़ बाकी शब्दों का प्रातिपदिकरूप लिख कर उस के पीछे उस का लिङ्गनिर्देश कर के अनन्तर कोई अक्षर जो प्रथमा के एकवचन में विकृत हो जाता है उस का स्वरूप जिस लिङ्ग मे जैसा होता है वैसा लिख दिया है जैसा—धृष्ट (त्रि०) (ष्ट: ।

ष्टा । ष्टम्) अर्थात् क्रम से पुल्लिङ्ग में "धृष्टः" स्त्रीलिङ्ग में "धृष्टा" और नपुंसक लिङ्ग में "धृष्टम्" ऐसा जानना और जिस शब्द के अर्थों के मध्य वा अन्त में [   ] ऐसे कोष्ठ के बीच जो शब्द का समग्र स्वरूप लिखा हुआ है उसे उस अर्थ में उसी शब्द का पर्याय जानना चाहिये ॥

बनारस
सं० १९४२ श्रावण कृष्ण १
वार मङ्गल ।

गोपालशर्म्मा
प्रधानसंस्कृताध्यापक
जयनारायणपाठशाला ।

अमरप्रकाश ॥

———00———

सर्वेऽर्था यान्ति सिद्धिं सकलगुणनिधिं विघ्ननाशैकहेतुं
देवेड्यं ध्यायतां यं सुविमलमनसा भक्तिभाजां नराणाम् ॥
तं दिव्येभास्यमादौ दिविषदमखिलैः सर्वकार्य्येषु पूज्यम्
पार्वत्यानन्दसिन्धुं वरदवरमहं श्रीगणेशं स्मरामि ॥ १ ॥
राधाधररसलुब्धं मुग्धं स्निग्धाम्बुदाभसौम्यतनुम् ।
तं कमपीड्यं जगतामीडे शरणं स्वभक्तजन्मवताम् ॥ २ ॥

(अ)

अः (पुं०) वासुदेव, (अ) निषेध अर्थ में अव्यय है ।

अकरणिः (स्त्री) अकरणिः, अजीवनिः, अजननिः इत्यादि शब्द शाप देने में बोले जाते हैं जैसा "अकरणिस्ते शठ भूयात्" = हे शठ तेरा न करना होवे इत्यादि और उदाहरण जानना ।

अकूपारः (पुं०) समुद्र ।

अक्षणकर्म्मन्, नान्त (त्रि०) (र्म्मा ! र्म्मा । र्म्म) जिसका काला कर्म्म नहीं है अर्थात् शुद्ध कर्म्म करने वाला = ली ।

अक्रीडः (पुं०) राजा का वन जो सर्व साधारण है अर्थात् सब के लिये है ।

अक्ष (पुं० । नपुं०) (क्षः । क्षम्) (पुं०) पासा, सोलह मासा, बहेड़ा, (नपुं०) सोचर नोन, इन्द्रिय ।

अक्षताः, बहुवचनान्त (पुं०) ओदा चावल ।

अक्षदर्शकः (पुं०) प्राड्विवाक में देखो ।

अक्षदेविन् (पुं०) (वी) जुआरी ।

अक्षधूर्तः (पुं०) तथा ।

अक्षपादः (पुं०) नैयायिक में देखो । [आक्षपादः]

अक्षरम् (नपुं०) मोक्ष, परब्रह्म, ककारादि वर्ण ।

अक्षरचणः (पुं०) लेखक ।

अक्षरचुञ्चुः (पुं०) तथा ।

अक्षरसंस्थानम् (नपुं०) लिपि वा लिखना ।

अक्षवती (स्त्री) जूआ ।

अक्षाग्रकीलकम् (नपुं०) अणि में देखो ।

अक्षान्तिः (स्त्री) दूसरे के बढ़ती को न सहना ।

अक्षि, इदन्त (नपुं०) नेत्र वा आँख ।

अक्षिकूटकम् (नपुं०) हाथियों का नेत्रगोलक ।

अक्षिगत (त्रि०) (तः । ता । तम्) द्वेष करने के योग्य, आंख में गत वा प्राप्त वा प्रविष्ट ।

अक्षीव (त्रि०) (वः । वा । वम्) (पुं०) सहिँजन वृक्ष (त्रि०) नहीं मतवाला, =ली (नपुं०) समुद्र का नोन [अक्षिवम्]

अक्षोटः (पुं०) अखरोट मेवा । [अक्षोडः] [आक्षोडः] [आक्षोटः] [आखोटः]

अक्षौहिणी (स्त्री) दश अनीकिनी का समूह अर्थात् जिस सेना में २१८७० रथ, २१८७० हाथी, ६५६१० घोडे, १०९३५० पैदल।

अखण्ड (त्रि०) (ण्डः । ण्डा । ण्डम्) समग्र ।

अखातम् (नपुं०) अकृत्रिम जलाशय अर्थात् किसी ने नहीं खोदवाया जैसा सरोवर इत्यादि ।

अखिल (त्रि०) (लः । ला । लम्) समग्र वा सम्पूर्ण ।

अगः (पुं०) पर्वत, वृक्ष ।

अगदः (पुं०) औषध ।

अगदङ्कारः (पुं०) वैद्य ।

अगमः (पुं०) वृक्ष ।

अगरी (स्त्री) वन्दाल एक प्रकार की घास ।

अगरु (पुं० । नपुं०) (रुः । रु) अगर, काला अगर वृक्ष विशेष ।

अगस्त्यः (पुं०) अगस्त्य ऋषि ।

अगाध (त्रि०) (धः । धा । धम्) बहुत गहिरा =री ।

अगारम् (नपुं०) घर [आगारम्]

अगुरु (पुं० । नपुं) (रुः । रु) सीसो वृक्ष. (नपुं०) अगर ।

अगुरुशिंशपा (स्त्री) भस्मगर्भा में देखो ।

अग्नायी (स्त्री) अग्नि की स्त्री ।

अग्निः (पुं०) आग ।

अग्निकण (त्रि०) (णः । णा । णम्) चिनगारी ।

अग्निचित् (पुं०) अग्निहोत्री ।

अग्निज्वाला (स्त्री) अग्नि की ज्वाला, धव नामक वृक्ष विशेष ।

अग्नित्रयम् (नपुं०) दक्षिणाग्नि, आहवनीयाग्नि, गार्हपत्याग्नि इन तीनो अग्नियों का समूह ।

अग्निभूः (पुं०) स्वामिकार्तिक

नामक शिव का एक पुत्र।

अग्निमन्थः (पुं०) जयपर्णी वा अरणी अर्थात् अगेथू वृक्ष विशेष।

अग्निमुखी (स्त्री०) भेलावाँ, विष विशेष।

अग्निशिख (स्त्री। नपुं०) (खा। खम्) (स्त्री) कलिहारी वा करियारी, इन्द्रपुष्पी लताविशेष, (नपुं०) केसर।

अग्न्युत्पातः (पुं०) आकाशादि में अग्निविकार।

अग्र (त्रि०) (ग्रः। ग्रा। ग्रम्) (त्रि०) प्रधान वा मुख्य, (नपुं०) वृक्ष इत्यादि की चोटी, अगाड़ी, अधिक।

अग्रजः (पुं०) जेठा भाई।

अग्रजन्मन्, नान्त (पुं०) (न्मा) ब्राह्मण।

अग्रतः (अव्यय) अगाड़ी।

अग्रतःसर (त्रि०) (रः। रा। रम्) अगाड़ी चलने वाला = ली।

अग्रमांसम् (नपुं०) कलेजा।

अग्रिय (त्रि०) (यः। या। यम्) (त्रि०) प्रधान वा मुख्य (पुं०) जेठा भाई।

अग्रीय, तथा।

अग्रेदिधिषुः (पुं०) जिस ब्राह्मणादि तीनो वर्ण की कुटम्ब वाली स्त्री अर्थात् पुत्रादि वाली पुनर्भू होय वह ब्राह्मणादि।

अग्रेसरः (पुं०) अगाड़ी चलनेवाला। [अग्रसरः]

अग्र्य, अग्रिय के समान जानो।

अघम् (नपुं०) पाप, दुःख, खराब लक्ष जैसा शिकार जूआ इत्यादि

अघमर्षण (त्रि०) (णः। णा। णम्) सब पापों का नाश करनेवाला जो जप्य अर्थात् ऋचा इत्यादि।

अघ्न्या (स्त्री) गैया।

अङ्कः (पुं०) संख्या, चिन्ह, गोदी।

अङ्कुरः (पुं०) वृक्षादि का अँखुआ।

अङ्कुशः (पुं०) आँकुस हाथी की शिक्षा के लिये।

अङ्कोटः (पुं०) ढेरा वृक्षविशेष [अङ्कोठः] [अङ्कोलः]

अङ्क्यः (पुं०) हरीतकी के सदृश मृदङ्ग।

अङ्ग (अव्यय) सम्बोधन, फेर।

अङ्गम् (नपुं०) देह के भाग जैसा हाथ, पैर, इत्यादि छन्दःकल्पादि वेदाङ्ग।

अङ्गणम् (नपुं०) अंगना।

अङ्गदम् (नपुं०) हाथ का गहना बिजायठ।

अङ्गना (स्त्री) सुन्दर अङ्गवाली

स्त्री, सार्वभौम दिग्गज की स्त्री।
अङ्गविक्षेपः (पुं०) नाचना।
अङ्गसंस्कारः (पुं०) देह को स्नान इत्यादि से भूषित करना।
अङ्गहारः (पुं०) नाचना।
अङ्गारः (पुं०) जलता वा बुता कोइला।
अङ्गारकः (पुं०) मङ्गल ग्रह।
अङ्गारधानिका (स्त्री) बोरसी।
अङ्गारवल्लरी (स्त्री) एक प्रकार का करञ्ज वृक्ष।
अङ्गारवल्ली (स्त्री) ब्रह्मदण्डी ओषधी।
अङ्गारशकटी (स्त्री) बोरसी।
अङ्गिरस्, सान्त (पुं०) (राः) अङ्गिराऋषि।
अङ्गीकारः (पुं०) अंगीकार।
अङ्गीकृत (त्रि०) (तः। ता। तम्) अङ्गीकार किया गया वा कीगई।
अङ्गुलिमानम् (नपुं०) एक प्रकार का नाप अङ्गुल हाथ गज इत्यादि इसी नाप को प्रमाण भी कहते हैं।
अङ्गुलिमुद्रा (स्त्री) वह अंगूठी जिस पर अक्षर खुदे हों।
अङ्गुली (स्त्री) अंगुरी [अङ्गुलिः]
अङ्गुलीयकम् (नपुं०) अंगूठी।
अङ्गुष्ठः (पुं०) अंगूठा।
अङ्घ्रिः (पुं०) पैर।
अङ्घ्रिनामकः (पुं०) वृक्ष इत्यादि की जड़।
अङ्घ्रिपर्णिका (स्त्री) पिठवन ओषधी।
अङ्घ्रिवल्लिका (स्त्री) तथा।
अचण्डी (स्त्री) क्रोधरहित स्त्री।
अचल (त्रि०) (लः। ला। लम्) (त्रि०) स्थिर, (पुं०) पर्वत, (स्त्री) पृथ्वी।
अचिक्कण (त्रि०) (णः। णा। णम्) चिकना नहीं।
अच्युतः (पुं०) विष्णु।
अच्युताग्रजः (पुं०) बलदेव।
अच्छ (त्रि०) (च्छः। च्छा। च्छम्) निर्मल, (पुं०) भालू।
अच्छभल्लः (पुं०) भालू।
अज (पुं०। स्त्री) (जः। जा) (पुं०) विष्णु, ब्रह्मा, महादेव, बकरा, (स्त्री) बकरी।
अजगन्धिका (स्त्री) बर्बरा, तुङ्गी में देखो लताविशेष।
अजगरः (पुं०) अजगर सर्प।
अजगवम् (नपुं०) शिव का धनुष। [आजगवम्]
अजन्यम् (नपुं०) उत्पात जो आकाश इत्यादि से लुक्क गिरते हैं।
अजमोदा (स्त्री) अजवाइन ओ-

षधी।
अजशृङ्गी (स्त्री) मेढ़ाशृङ्गी नेच की ओषधी।
अजस्र (त्रि०) (स्रः। स्रा। स्रम्) निरन्तर, अद्रव्यवाची (नपुं०) और द्रव्यवाची तीनों लिङ्ग हैं।
अजहा (स्त्री) केवाँच तरकारी।
अजा (स्त्री) बकरी।
अजाजी (स्त्री) जीरा भोजन का मसाला।
अजाजीवः (पुं०) भेड़िहारा वा गंडेरिया।
अजित (त्रि०) (तः। ता। तम्) (पुं०) शिव, विष्णु, (त्रि०) जो जीता न गया=यी।
अजिनम् (नपुं०) मृगचर्म वा हरिण का चमड़ा।
अजिनपत्रा (स्त्री) चमगुदरी।
अजिनयोनिः (पुं०) हरिण।
अजिरम् (नपुं०) अंगना, विषय, शरीर।
अजिह्म (त्रि०) (ह्मः। ह्मा। ह्मम्) सोधा वा सोधी।
अजिह्मगः (पुं०) बाण।
अज्जुका (स्त्री) वेश्या नाट्य मे।
अज्झटा (स्त्री) भूमि का अंवरा एक फल वा भूम्यामलकी।
अज्ञ (त्रि०) (ज्ञः। ज्ञा। ज्ञम्) मूर्ख,।
अज्ञानम् (नपुं०) अज्ञान, मूर्खता, अहङ्कार।
अञ्चित (त्रि०) (तः। ता। तम्) पूजित।
अञ्जन (त्रि०) (नः। ना-नी। नम्) (पुं०) पश्चिम दिशा का दिग्गज, (स्त्री) हनुमान् की माता, (नपुं०) सुरमा।
अञ्जनकेशी (स्त्री) मालकागणी ओषधि।
अञ्जनावती (स्त्री) सुप्रतीकनामा दिग्गज की स्त्री।
अञ्जलिः (पुं०) अंजुरी।
अञ्जसा (अव्यय) जलदी, निश्चय।
अटनिः (स्त्री) धनुष् का टोंका [अटनी]
अटरूषः (पुं०) अरूस एक वृक्ष।
अटवी (स्त्री) बन।
अटा (स्त्री) पर्य्यटन वा घूमना।
अट्टः (पुं०) अटारी।
अट्या (स्त्री) पर्यटन वा घूमना।
अणक (त्रि०) (कः। का। कम्) अधम वा नीच। [आणकः]
अणव्यम् (नपुं०) मोथी कोदो इत्यादि छोटे अन्न का खेत।
अणिः (पुं०। स्त्री) (णिः। णिः) पहिया के नाभि काष्ठ के अग्र

भाग में पहिया के धारणार्थ जो कील ।

अणिमन् (पुं०) (मा) अणुता वा सूक्ष्मता ।

अणीयस् (त्रि०) (यान् । यसी । यः) अतिसूक्ष्म ।

अणु (त्रि०) (णुः । ण्वी । णु) (त्रि०) सूक्ष्म, (पुं०) एक प्रकार का चावल जिसको चीना कहते हैं ।

अण्डम (नपुं०) अण्डा ।

अण्डकोशः (पुं०) अण्डकोश वा प्राणी के वीर्य्य रहने का स्थान [अण्डकोषः]

अण्डज (त्रि०) (जः । जा । जम्) (त्रि०) पक्षी, मत्स्य इत्यादि जन्तु जो अण्डा से उत्पन्न होते हैं (पुं०) ब्रह्मा ।

अतटः (पुं०) पर्वत से बेरोक गिरने की जगह ।

अतर्कित (त्रि०) (तः । ता । तम्) तर्कणा न किया गया = यी ।

अतलस्पर्श (त्रि०) (र्शः । र्शा । र्शम्) बहुत गहिरा कूआँ इत्यादि ।

अतसी (स्त्री) तीसी एक तेल का दाना ।

अति (अव्यय) अतिशय, बड़ाई, प्रकर्ष, लङ्घन ।

अतिक्रमः (पुं०) अतिक्रमण, निडर शत्रु पर चढाई ।

अतिचरा (स्त्री) शाक एक प्रकार का अन्न ।

अतिच्छत्र (पुं० । स्त्री) (त्रः । त्रा) (पुं०) जल से उत्पन्न तृण विशेष (स्त्री) सौंफ ओषधी ।

अतिजवः (पुं०) अतिवेग वाला ।

अतिथि (पुं० । स्त्री) (थिः । थी) अतिथि जिसने तिथि और सब पर्वों को छोड़ा है वह सब प्राणियों का अतिथि है शेष अभ्यागत हैं अर्थात् पहुना

अतिनिर्हारिन् (त्रि०) (री । रिणी । रि) अत्यन्त आकर्षण करने वाला = ली ।

अतिनौ (त्रि०) (नौः । नौः । नु) नाव को जो नहीं मानता वा नहीं मानती ऐसा नद नदी इत्यादि अर्थात् बड़ा वेग जिसमें है ।

अतिपथिन् (पुं०) (न्थाः) अच्छा मार्ग ।

अतिपातः (पुं०) अतिक्रमण, क्रम का उल्लङ्घन ।

अतिप्रसिद्ध (त्रि०) (द्धः । द्धा । द्धम्) अत्यन्त प्रसिद्ध ।

अतिमात्र (त्रि०) (त्रः। त्रा। त्रम्) (नपुं०) अत्यन्त वा अतिशय, द्रव्य वाची तीनों लिङ्ग में जानना।

अतिमुक्तः (पुं०) एक तरह का कुन्द जो वसन्त में फूलता है।

अतिमुक्तकः (पुं०) वञ्जुल एक प्रकार का वृक्ष।

अतिरिक्त (त्रि०) (क्तः। क्ता। क्तम्) बहुत, अधिक।

अतिवक्तृ (त्रि०) क्ता। क्त्री। क्तृ) बहुत बोलनेवाला = ली।

अतिवादः (पुं०) अप्रियबचन, बहुत बोलना।

अतिविषा (स्त्री) अतीस ओषधी।

अतिवेल, अतिमात्र में देखो।

अतिशक्तिता (स्त्री) अतिपराक्रम।

अतिशय, अतिमात्र में देखो।

अतिशस्त (त्रि०) (स्तः। स्ता। स्तम्) बहुत अच्छा = च्छी।

अतिशोभन (त्रि०) (नः। ना। नम्) अत्यन्त सुन्दर।

अतिसंस्कृत (त्रि०) (तः। ता। तम्) अत्यन्त भूषित।

अतिसर्जनम् (नपुं०) अत्यन्त दान।

अतिसारकिन् (त्रि०) (की। किणी। कि) अतिसार रोगवाला = ली।

अतिसौरभ (त्रि०) (भः। भा। भम्) अत्यंत सुगन्ध युक्त।

अतीक्ष्ण (त्रि०) (क्ष्णः। क्ष्णा। क्ष्णम्) चोखा नही वा चोखी नहीं।

अतीत (त्रि०) (तः। ता। तम्) बीत गया = ई।

अतीतनौक (त्रि०) (कः। का। कम्) जो नाव को अतिक्रमण कर गया = ई।

अतीन्द्रिय (त्रि०) (यः। या। यम्) इन्द्रियों से जिसका ग्रहण न हो सके।

अतीव (अव्यय) अतिशय वा अत्यंत

अत्तिका (स्त्री) बड़ी बहिन नाट्य मे (अन्तिका)

अत्यन्तकोपन (त्रि०) (नः। ना। नम्) अत्यन्त क्रोधी।

अत्यन्तीनः (पुं०) अत्यन्त गमन करने वाला बहुत चलने वाला।

अत्ययः (पुं०) मरना, उल्लङ्घन, क्लेश, दोष, दण्ड, नाश।

अत्यर्थ, अतिमात्र में देखो।

अत्यल्प (त्रि०) (ल्पः। ल्पा। ल्पम्) बहुत थोड़ा = ड़ी।

अत्याहितम् (नपुं०) महाभय, प्राण की अपेक्षा न करके जो काम करना वा साहस।

अत्रिः (पुं०) सप्तर्षियों में अत्रिऋषि
अथ (अव्यय) मङ्गल, अनन्तर, आरम्भ, प्रश्न, सम्पूर्णता, अथवा ।
अथो, तथा ।
अदभ्र (त्रि०) (भ्रः । भ्रा । भ्रम्) बहुत, द्रव्यवाची तीनो लिङ्ग में जानना ।
अदर्शनम् (नपुं०) नहीं देख पड़ना ।
अदितिनन्दनः (पुं०) देवता ।
अदृश् (त्रि०) (क् । क् । क्) अन्धा वा अन्धी वा नेत्र रहित ।
अदृष्ट (त्रि०) (ष्टः । ष्टा । ष्टम्) (त्रि०) नहीं देखा गया = यी, हीन, (नपुं०) अग्नि जल इत्यादि से जो भय, भाग्य ।
अदृष्टि (त्रि०) (ष्टिः । ष्टिः । ष्टि) (त्रि०) दृष्टिहीन, कठोर देखना
अद्धा (अव्यय) निश्चय ।
अद्भुत (त्रि०) (तः । ता । तम्) (पुं०) अद्भुत रस (त्रि०) द्रव्य वाची ।
अद्मर (त्रि०) (रः । रा । रम्) खानेवाला = ली ।
अद्य (अव्यय) आज दिन ।
अद्रिः (पुं०) वृक्ष, पर्वत, सूर्य्य ।
अद्रिनितम्बः (पुं०) पर्वत का मध्य भाग जिसे मेखला भी कहते हैं
अद्वयवादिन् (पुं०) (दी) बुद्ध नास्तिकों के देवता ।
अधम (त्रि०) (मः । मा । मम्) न्यून, निन्दित ।
अधमर्ण (त्रि०) (र्णः । र्णा । र्णम्) ऋण का लेनेवाला = ली
अधर (त्रि०) (रः । रा । रम्) (पुं०) नीचे, नीचे का ओष्ठ, (त्रि०) हीन, नीच ।
अधरेद्युस् (अव्यय) (द्युः) हीन दिवस अथवा नहीं ऊंचा दिन वा हीन दिन ।
अधस् (अव्यय) (धः) नीचे ।
अध मार्गवः (पुं) चिचिड़ा लता ।
अधिकर्द्धि (त्रि०) (र्द्धिः । र्द्धिः । र्द्धि) बड़ा धनाढ्य वा बड़ा धनी ।
अधिकाङ्गः (पुं०) योद्धा लोक चोलन की दृढ़ता के लिये कमर में बांधते हैं अर्थात् पटुका । [अधियाङ्कः]
अधिकारः (पुं०) प्रक्रिया में देखो ।
अधिकृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) अध्यक्ष मुकर्रर किया गया = यी ।
अधिक्षिप्त (त्रि०) (प्तः । प्ता । प्तम्) डाह वा स्पर्द्धा करने वाले से सामने निन्दा किया गया

वा तिरस्कार किया गया वा धिक्कारा गया = ई ।

अधित्यका (स्त्री) पर्वत के ऊपर की भूमि ।

अधिपः (पुं०) प्रभु वा स्वामी ।

अधिभूः (पुं०) तथा ।

अधिरोहिणी (स्त्री) काठ इत्यादि की सीढ़ी ।

अधिवासनम् (नपुं०) वस्त्र वा ताम्बूल इत्यादि को गन्धद्रव्य से सुगन्धित करना वा बासना इसको 'सौरभाधान' भी कहते हैं ।

अधिविन्ना (स्त्री) कृतसापत्निका में देखो ।

अधिश्रयणी (स्त्री) चूल्हा ।

अधिष्ठानम् (नपुं०) पहिया, नगर, आक्रमण वा अमल में कर लेना ।

अधीन (त्रि०) (नः । ना । नम) परतन्त्र वा परवश ।

अधीर (त्रि०) (रः । रा । रम्) कादर ।

अधीश्वरः (पुं०) सब दिशा के राजे जिसको प्रणाम करैं ऐसा राजा ।

अधुना (अव्यय) इस घड़ी ।

अधृष्ट (त्रि०) (ष्टः । ष्टा । ष्टम्) जो ढीठा वा ढीठी नहीं अर्थात् लज्जायुक्त ।

अधोक्षजः (पुं०) विष्णु ।

अधोगन्तृ (त्रि०) (न्ता । न्त्री । न्तृ) (त्रि०) नीचे जानेवाला = ली, (पुं०) मूसा ।

अधोभुवनम् (नपुं०) पाताल ।

अधोमुख (त्रि०) (खः । खी । खम्) जिसका मुख नीचे है ।

अधोंशुकम् (नपुं०) पहिरने की धोती ।

अध्यक्ष (त्रि०) (क्षः । क्षा ।क्षम्) (त्रि०) अधिकारी, निगहबानी करनेवाला = ली (नपुं०) प्रत्यक्ष ज्ञान, (त्रि०) प्रत्यक्ष ज्ञान का विषय ।

अध्यवसायः (पुं०) उत्साह, निश्चय, उद्योग ।

अध्यात्मम् (अव्यय) आत्मा के भीतर ।

अध्यापक (त्रि०) (पकः । पिका । पकम्) पढ़ाने वाला = ली ।

अध्याहारः (पुं०) तर्क ।

अध्यूढा (स्त्री) कृतसापत्निका में देखो ।

अध्येषणा (स्त्री) गुरु इत्यादि का सेवन वा उनको प्रार्थना से कोई प्रयोजन में लगाना ।

अध्वग (पुं० । स्त्री) (गः । गा) राह चलने वाला = ली ।

अध्वन् (पुं०) (ध्वा) मार्ग वा रस्ता ।

अध्वनीन (पुं० । स्त्री) (नः । ना) अध्वग में देखो ।

अध्वन्य (पुं० । स्त्री) (न्यः । न्या) तथा ।

अध्वरः (पुं०) यज्ञ ।

अध्वर्युः (पुं०) यजुर्वेद का जानने वाला ऋत्विक् ।

अनक्षर (त्रि०) (रः । रा । रम्) निन्दा के वचन इत्यादि ।

अनङ्गः (पुं०) कामदेव ।

अनच्छ (त्रि०) (च्छः । च्छा । च्छम्) मलिन वा मैला = ली ।

अनडुह् (पुं० । स्त्री) (ड्वान् । ड्वाही-डुही) (पुं०) बैल (स्त्री) गैया ।

अनध्यक्ष (त्रि०) (क्षः । क्षा । क्षम्) इन्द्रियों से ग्राह्य ।

अनन्त (त्रि०) (न्तः । न्ता । न्तम्) (त्रि०) जिसका अन्त नहीं, (पुं०) शेषनाग, विष्णु, (स्त्री) भूमि, जवासा वा हिंगुआ, उत्पलसारिवा ओषधी, इन्द्रपुष्पी ओषधी, दूर्वा घास, (नपुं०) आकाश ।

अनन्यजः (पुं०) कामदेव ।

अनन्यवृत्ति (त्रि०) (त्तिः । त्तिः । त्ति) एकाग्र वा जिसका मन चञ्चल नहीं है ।

अनयः (पुं०) दुर्व्यसन जूआ इत्यादि, दुष्ट भाग्य, विपत्ति, अनीति

अनर्थक (त्रि०) (कः । का । कम्) व्यर्थ वचन इत्यादि ।

अनलः (पुं०) अग्नि वा आग ।

अनवधानता (स्त्री) भूल ।

अनवरत (त्रि०) (तः । ता । तम्) (नपुं०) निरन्तर (त्रि०) द्रव्यवाची ।

अनवरार्ध्य (त्रि०) (र्ध्यः । र्ध्या । र्ध्यम्) प्रधान वा मुख्य ।

अनवस्कर (त्रि०) (रः । रा । रम्) मलरहित वा निर्मल ।

अनस् (नपुं०) (नः) गाड़ी ।

अनागतार्तवा (स्त्री) जिस स्त्री को रजोधर्म नहीं भया है ।

अनातपः (पुं०) छाँह ।

अनादरः (पुं०) अनादर ।

अनामयम् (नपुं०) आरोग्य वा रोगराहित्य ।

अनामिका (स्त्री) कनिष्ठा के पास वाली अंगुली ।

अनायासकृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) परिश्रम के बिना कि-

या गया = ई ।
अनारत, अनवरत में देखो ।
अनार्यतिक्तः (पुं०) चिरायता औषध ।
अनाहः (पुं०) लम्बाई वस्त्रादिक की । [आनाहः]
अनाहत (त्रि०) (तः । ता । तम्) कोरा वा नया कपड़ा ।
अनिमिषः (पुं०) देवता, मत्स्य वा मछली ।
अनिरुद्ध (त्रि०) (द्धः । द्धा । द्धम्) (त्रि०) जो रोका नहीं है । (पुं०) कामदेव का पुत्र ।
अनिलः (पुं०) वायु (अनिलाः) यह बहुवचनान्त शब्द गणदेवतावाचक है जो कि गण नाम में ४९ हैं ।
अनिशम् (अव्यय) निरन्तर ।
अनीक (पुं० । नपुं०) (कः । कम्) सेना, संग्राम ।
अनीकस्थः (पुं०) राजा के रक्षकसमूह ।
अनीकिनी (स्त्री) सेना ।
अनु (अव्यय) पीछे तुल्यता ।
अनुक (त्रि०) (कः । का । कम्) कामदेव से व्याकुल ।
अनुकम्पा (स्त्री) दया, करुण रस ।
अनुकर्षः (पुं०) रथ के नीचे की भाग की लकड़ी ।
अनुकल्पः (पुं०) मुख्य से अधम जो विधि अर्थात् गौण विधि जैसा 'व्रीह्यभावे नीवारैर्यजेत' इसका अर्थ—धान न होय तो तिन्नी से यज्ञ करना ।
अनुकामिनः (पुं०) यथेच्छ गमन करनेवाला ।
अनुकारः (पुं०) नकल करना जैसा "खन् खन्" ऐसा पैजेव के शब्द की नकल ।
अनुक्रमः (पुं०) क्रम वा परिपाटी ।
अनुक्रोशः (पुं०) दया, करुणरस ।
अनुग (त्रि०) (गः । गा । गम्) (पुं०) नौकर (त्रि०) पीछे चलने वाला = ली (नपुं०) पीछे ।
अनुग्रहः (पुं०) अनुग्रह, कृपा, अङ्गीकार ।
अनुचर (पुं० । स्त्री) (रः । री) (पुं० । स्त्री) सहाय (स्त्री) दासी ।
अनुज (पुं० । स्त्री) (जः । जा) (पुं०) छोटा भाई (स्त्री) छोटी बहिन ।
अनुजीविन् (पुं०) (वी) नौकर ।
अनुतर्षणम् (नपुं०) मद्य का पीना ।
अनुतापः (पुं०) पछतावा ।

अनुत्तम (त्रि०) (मः । मा । मम्) प्रधान वा मुख्य ।
अनुत्तर (त्रि०) (रः । रा । रम्) श्रेष्ठ, अश्रेष्ठ ।
अनुदात्त (त्रि०) (त्तः । त्ता । त्तम्) (पुं०) एक प्रकार का स्वर, (त्रि०) प्रधान वा मुख्य ।
अनुपदम् (नपुं० । अव्यय) पीछे ।
अनुपदीना (स्त्री) एक प्रकार का जूता जो पैर भर के है ।
अनुपम (त्रि०) (मः । मा । मम्) (त्रि०) जिस वस्तु की उपमा नहीं है, (स्त्री) उपमा का न होना, कुमुदद्गिज की स्त्री ।
अनुप्लवः (पुं०) सहाय ।
अनुबन्धः (पुं०) दोष का उत्पन्न करना, प्रकृति प्रत्यय आगम आदेश इत्यादि में जिसका नाश होगया हो वह, पिता इत्यादि बड़ों का अनुसरण करनेवाला बालक, प्रारम्भ किये वस्तु का परम्परा से चलाआना ।
अनुबोधः (पुं०) पीछे से ज्ञान होना, जिसका गन्ध निकल गया हो उसका फेर प्रगट करना ।
अनुभवः (पुं०) साक्षात्कार ।
अनुभावः (पुं०) भाव का सूचक गुण क्रिया इत्यादि, प्रभाव, सज्जन के ज्ञान का निश्चय ।
अनुमतिः (स्त्री) सम्मति, वह पूर्णिमा जिसमें चन्द्र कलाहीन है ।
अनुयोगः (पुं०) प्रश्न ।
अनुरोधः (पुं०) अनुकूलता वा अनुसरण ।
अनुलापः (पुं०) बारबार बोलना ।
अनुलेपनम् (नपुं०) केसर इत्यादि सुगन्ध द्रव्य जो शरीर में लगाया जाता है ।
अनुवर्तनम् (नपुं०) अनुकूलता वा अनुसरण ।
अनुवाकः (पुं०) वेद का एक भाग ।
अनुशयः (पुं०) बड़ा वैर, पश्चात्ताप ।
अनुष्ण (त्रि०) (ष्णः । ष्णा । ष्णम्) (त्रि०) गरम नहीं (पुं०) आलसी ।
अनुहारः (पुं०) अनुकार में देखो ।
अनूकम् (नपुं०) स्वभाव, वंश ।
अनूचानः (पुं०) सांग वेद जिसने पढ़ा है ।
अनूनक (त्रि०) (कः । का । कम्) समग्र ।
अनूपम् (नपुं०) अधिक जलवाला देश ।
अनूरुः (पुं०) सूर्य्य का सारथि ।

अनृजु (त्रि०) (जुः । जुः ज्वी । जु) टेढ़ा वा टेढ़ी, टेढ़ा अन्तःकरणवाला = ली ।

अनृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) (त्रि०) मिथ्यावचनादि (नपुं०) खेती करना ।

अनेकप (पुं० । स्त्री) पः । पा) हाथी ।

अनेडमूक (त्रि०) (कः । का । कम्) अत्यन्त अन्धा और गूंगा, न अन्धा न गूंगा, धूर्त ।

अनेहस् (पुं०) (हा) काल वा समय ।

अनोकहः (पुं०) वृक्ष ।

अन्त (पुं० । नपुं०) (न्तः । न्तम्) (पुं०) मरना (पुं० । नपुं०) पिछला ।

अन्तःपुरम् (नपुं०) राजों के स्त्रियों के रहने का स्थान ।

अन्तकः (पुं०) यमराज ।

अन्तर (त्रि०) (रः । रा । रम्) (त्रि०) पहिरने के वस्त्रादि, आत्मसम्बन्धी वा अपना वस्तु, बाह्य वस्तु, अदृश्य वस्तु, (नपुं०) अवकाश, अवधि, अदृश्य होना, भेद, तादर्थ्य, छिद्र, विना, अवसर, मध्य, अन्तरात्मा ।

अन्तरा (अव्यय) मध्य ।

अन्तराभवसत्व (पुं० । नपुं०) (त्वः । त्वम्) मरण और जन्म के बीच में स्थित प्राणी ।

अन्तरायः (पुं०) विघ्न ।

अन्तरालम् (नपुं०) मध्य ।

अन्तरिक्षम् (नपुं०) आकाश । [अन्तरीक्षम्]

अन्तरीप (पुं० । नपुं०) (पः । पम्) जल के बीच का स्थान ।

अन्तरीयम् (नपुं०) उपसंव्यान में देखो ।

अंतरे (अव्यय) मध्य ।

अन्तरेण (अव्यय) मध्य, विना ।

अन्तर् (अव्यय) (न्तः) मध्य ।

अन्तर्गत (त्रि०) (तः । ता । तम्) भूल गया, भीतर गया ।

अन्तर्द्धा (स्त्री) गुप्त होना ।

अन्तर्द्धिः (पुं०) तथा ।

अन्तर्द्वारम् (नपुं०) खिड़की ।

अन्तर्मनस् (त्रि०) (नाः । नाः । नः) व्याकुल चित्तवाला = ली ।

अन्तर्वत्नी (स्त्री) गर्भवती वा गुर्विणी ।

अन्तर्वाणि (त्रि०) (णिः । णिः । णि) शास्त्र का जानने वाला = ली ।

अन्तर्वंशिकः (पुं०) अन्तःपुर का अधिकारी [अन्तर्वंशिकः]

अन्तावसायिन् (पुं०) (यी) हज्जाम ।

अन्तिक (त्रि०) (कः । का । कम्) समीप ।

अन्तिकतम (त्रि०) (मः । मा । मम्) अतिसमीप ।

अन्तिका (स्त्री) चूल्हा [अन्दिका]

अन्तेवासिन् (पुं०) (सी) शिष्य, चाण्डाल ।

अन्त्य (त्रि०) (न्त्यः । न्त्या । न्त्यम्) पिछला = ली ।

अन्त्रम् (नपुं०) पेट की अंतड़ी ।

अन्दुकः (पुं०) बेड़िया, सिकड़ ।

अन्ध (त्रि०) (न्धः । न्धा । न्धम्) (त्रि०) नेत्रहीन, (नपुं०) अन्धकार ।

अन्धकरिपुः (पुं०) शिव ।

अन्धकार (पुं० । नपुं०) (रः । रम्) अन्धकार ।

अन्धतमसम् (नपुं०) गाढ़ा अन्धकार ।

अन्धतामिस्रः (पुं०) एक प्रकार का नरक ।

अन्धस् (नपुं०) (न्धः) भात ।

अन्धुः (पुं०) कूआँ ।

अन्न (त्रि०) (न्नः । न्ना । न्नम्) (त्रि०) खाया गया = यी, (नपुं०) भात ।

अन्य (त्रि०) (न्यः । न्या । न्यत्) अन्य वा दूसरा = री ।

अन्यतम (त्रि०) (मः । मा । मम्) बहुत में से कोई एक ।

अन्यतर (त्रि०) (रः । रा । रत्) दो में से कोई एक ।

अन्यतरेद्युस् (अव्यय) (द्युः) दो में से कोई एक दिन ।

अन्यतस् (अव्यय) (तः) दूसरी ओर, दूसरे से ।

अन्यत्र (अव्यय) और जगह ।

अन्यथा (अव्यय) अन्य प्रकार से, उलटा ।

अन्येद्युस् (अव्यय) (द्युः) अन्य दिन वा दूसरे दिन ।

अन्वक् (अव्यय) पीछे ।

अन्वच (त्रि०) (चः । चा । चम्) पीछे चलने वाला = ली ।

अन्वचम् (अव्यय) पीछे ।

अन्वञ्च् (त्रि०) (न्वङ् । नूची । न्वक्) पीछे चलनेवाला = ली ।

अन्वयः (पुं०) सम्बन्ध, वंश ।

अन्ववायः (पुं०) वंश ।

अन्वाहार्यम् (नपुं०) अमावास्या तिथि का श्राद्ध ।

अन्विष्ट (त्रि०) (ष्टः । ष्टा । ष्टम्) खोजा गया = ई ।

अन्वेषणा (स्त्री) धर्म्मादि का खोजना ।

अन्वेषित (त्रि०) (तः । ता । तम्)

अन्विष्ट में देखो।

अपकारगिर् (स्त्री) (गीः) अपकार का वचन जैसा 'तू चोर है तुझे मारूंगा'।

अपक्रमः (पुं०) भागना वा भाग जाना।

अपघनः (पुं०) हस्तपादादि अङ्ग।

अपचयः (पुं०) घट जाना वा कम होजाना, छीन लेना।

अपचायित (त्रि०) (तः। ता। तम्) पूजित।

अपचित, तथा।

अपचितिः (स्त्री) पूजा, च्चय।

अपटु (त्रि०) (टुः। टुः - ट्वी। टु) रोगयुक्त, असमर्थ।

अपत्यम् (नपुं०) लड़का, लड़की।

अपत्रपा (स्त्री) दूसरे से लज्जा।

अपत्रपिष्णु (त्रि०) (ष्णुः। ष्णुः। ष्णु) लोकलज्जायुक्त।

अपथम् (नपुं०) राह नहीं वा मार्गाभाव।

अपथिन् (पुं०) (न्थाः) तथा।

अपदान्तर (त्रि०) (रः। रा। रम्) अनन्तर वा पास वा सटा हुआ = ई [अपटान्तर]

अपदिशम् (नपुं०। अव्यय) दिशों का मध्य जैसा पूर्व और उत्तर का मध्य वा पूर्व और दक्षिण का मध्य।

अपदेशः (पुं०) बहाना, निशाना वा लक्ष्य, निमित्त वा हेतु।

अपध्वस्त (त्रि०) (स्तः। स्ता। स्तम्) चूर्ण किया गया = ई। [अवध्वस्त]

अपभ्रंशः (पुं०) अपभ्रष्ट शब्द अर्थात् संस्कृत से बिगड़ा शब्द जैसा संस्कृत दधि और भाषा दही।

अपयानम् (नपुं०) भाग जाना।

अपरपक्षः (पुं०) महीने का कृष्ण पक्ष।

अपरस्पर (त्रिः) (रः। रा। रम्) क्रिया के नैरन्तर्य में ऐसा प्रयोग होता है जैसा "अपरस्पराः सार्थां गच्छन्ति" अपर और पर झुण्ड निरन्तर गमन करते हैं इत्यादि।

अपराजिता (स्त्री) विष्णुक्रान्ता एक लतापुष्प, पटशण एक लता।

अपराद्धपृषत्कः (पुं०) लक्ष्य से जिसका बाण च्युत होगया है।

अपराधः (पुं०) अपराध वा कसूर।

अपराह्णः (पुं०) दोपहर के अनन्तर का काल अर्थात् तृतीय

प्रहरादि ।

अपरेद्युस् (अव्यय) (द्युः) दूसरे दिन ।

अपर्णा (स्त्री) पार्वती ।

अपलापः (पुं०) छिपाना जैसा ऋणी कहै कि हमने ऋण नहीं लिया ।

अपवर्गः (पुं०) मोक्ष ।

अपवर्जनम् (नपुं०) दान ।

अपवादः (पुं०) निन्दा, आज्ञा । [अववादः]

अपवारणम् (नपुं०) गुप्त होना ।

अपशब्दः (पुं०) अपभ्रंश में देखो ।

अपष्ठु (त्रि०) (ष्ठुः । ष्ठुः । ष्ठु) उलटा वा विपरीत ।

अपसदः (पुं०) नीच ।

अपसर्पः (पुं०) हलकारा ।

अपसव्य (त्रि०) (व्यः । व्या । व्यम्) (त्रि०) विपरीत वा उलटा (नपुं०) दहिना अङ्ग ।

अपस्करः (पुं०) रथ का अङ्ग ।

अपस्नात (त्रि०) (तः । ता । तम्) मृतक का उद्देश करके जिसने नहाया है ।

अपस्नानम् (नपुं०) मृतक का उद्देश करके नहाना ।

अपहारः (पुं०) छीन लेना ।

अपाङ्ग (त्रि०) (ङ्गः । ङ्गी । ङ्गम्) (पुं०) नेत्रों के कोने (त्रि०) अङ्गहीन, (पुं०) तिलक ।

अपान (पुं० । नपुं०) (नः । नम्) (पुं०) विष्ठाद्वार का वायु, (नपुं०) विष्ठाद्वार ।

अपामार्गः (पुं०) चिचिटा वृक्ष-विशेष ।

अपाम्पतिः (पुं०) समुद्र ।

अपावृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) खुलाहुवा = ई, स्वतन्त्र ।

अपासनम् (नपुं०) मारडालना ।

अपि (अव्यय) निन्दा, समुच्चय, प्रश्न, शङ्का, सम्भावना ।

अपिधानम् (नपुं०) गुप्त होना वा छिप जाना, ढांपना, ढपना ।

अपिनद्ध (त्रि०) (द्धः । द्धा । द्धम्) (त्रि०) ढाँपा गया = ई (पुं०) जिस योद्धा ने कवच पहिना है वह ।

अपूपः (पुं०) पूप में देखो ।

अपोगण्ड (त्रि०) (ण्डः । ण्डा । ण्डम्) विकलाङ्ग में देखो ।

अप्पतिः (पुं०) वरुण ।

अप्पित्तम् (नपुं०) अग्नि ।

अप्रगुण (त्रि०) (णः । णा । णम्) व्याकुल ।

अप्रत्यक्ष (त्रि०) (क्षः । क्षा । क्षम्) इन्द्रियों से ग्रहण करने

के अयोग्य।
अप्रधानम् (नपुं०) अप्रधान वा अमुख्य अर्थात् मुख्य नहीं।
अप्रहत (त्रि०) (तः। ता। तम्) बिना जोती भूमि वा स्थल।
अप्राग्र (त्रि०) (ग्रः। ग्रा। ग्रम्) "अप्रधान" में देखो।
अप्सरस् (स्त्री) (राः) एक प्रकार को देवता।
अप्सरस, बहुवचनान्त, (स्त्री) (सः) स्वर्ग की वेश्या (उर्वशी इत्यादि)।
अफल (त्रि०) (लः। ला। लम्) बिना फल के वृक्ष इत्यादि।
अबद्ध (त्रि०) (द्धः। द्धा। द्धम्) नहीं बाँधा हुआ = ई, समुदाय के अर्थ से शून्य वचन इत्यादि।
अबद्धमुख (त्रि०) (खः। खा—खी। खम्) जो बात सँभार के नहीं बोलता = ती।
अबन्ध्य, "अवन्ध्य" में देखो।
अबला (स्त्री) स्त्री।
अबाध (त्रि०) (धः। धा। धम्) अनर्गल वा स्वतन्त्र।
अब्ज (पुं०। नपुं०) (ब्जः। ब्जम्) (पुं०) शङ्ख, चन्द्र, धन्वन्तरि वैद्य, (नपुं०) कमल।
अब्जयोनिः (पुं०) ब्रह्मा।
अब्जिनीपतिः (पुं०) सूर्य्य।
अब्दः (पुं०) वर्ष, मेघ।
अब्धिः (पुं०) समुद्र।
अब्धिकफः (पुं०) समुद्रफेन।
अब्रह्मण्यम् (नपुं०) "वध के योग्य नहीं है" ऐसा बोलना (नाट्य में)।
अभय (त्रि०) (यः। या। यम्) भयरहित, (स्त्री) हर्रे, (नपुं०) खस।
अभाषण (त्रि०) (णः। णा। णम्) चुप रहनेवाला = ली, (नपुं०) चुप रहना।
अभिक (त्रि०) (कः। का। कम्) काम की इच्छा करनेवाला = ली। [अभीक]
अभिक्रमः (पुं०) निडर की शत्रु पर चढ़ाई।
अभिख्या (स्त्री) नाम, शोभा।
अभिग्रहः (पुं०) कलह में वा कलह के लिये ललकारना।
अभिग्रहणम् (नपुं०) चोराना।
अभिघातिन् (पुं०) (ती) शत्रु। [अभियाती] [अभियातिः]
अभिचरः (पुं०) सहाय।
अभिचारः (पुं०) जिसका फल हिंसा है ऐसा कर्म (जलाना मारना इत्यादि)।

अभिजनः (पुं०) कुल में मुख्य, जन्मभूमि, वंश ।

अभिजात (त्रि०) (तः । ता । तम्) कुलीन, पण्डित ।

अभिज्ञ (त्रि०) (ज्ञः । ज्ञा । ज्ञम्) निपुण ।

अभितस् (अव्यय) (तः) समीप, दोनों तरफ, जल्दी, सम्पूर्णरूप से ।

अभिधेय (त्रि०) (यः । या । यम्) बोलने के योग्य वा वाच्य ।

अभिधा (स्त्री) नाम ।

अभिधानम् (नपुं०) नाम ।

अभिध्या (स्त्री) दूसरे की वस्तु को चोरी इत्यादि से ले लेने की चाह ।

अभिनयः (पुं०) मन के भाव का प्रकाश करनेवाली अङ्ग की चेष्टा (नाट्य में) ।

अभिनव (त्रि०) (वः । वा । वम्) नया = ई ।

अभिनवोद्भिद् (पुं०) (त् — द्) बीज का अङ्कुर ।

अभिनिर्मुक्तः (पुं०) जिस के सूतने में सूर्य्य अस्त हो जाय ।

अभिनिर्याणम् (नपुं०) यात्रा ।

अभिनीत (त्रि०) (तः । ता । तम्) न्याय से च्युत नहीं जो द्रव्य इत्यादि, अत्यन्त प्रशस्त, भूषित वा अलङ्कृत, सहनेवाला = ली ।

अभिपन्न (त्रि०) (न्नः । न्ना । न्नम्) अपराधी, जीता गया = ई, विपत्ति को प्राप्त भया = ई ।

अभिप्रायः (पुं०) अभिप्राय ।

अभिभूत (त्रि०) (तः । ता । तम्) जिसका अहङ्कार नष्ट होगया है वा जीता गया = ई ।

अभिमानः (पुं०) धन इत्यादि से उत्पन्न भया जो अहङ्कार, ज्ञान, प्रेम, हिंसा ।

अभियोगः (पुं०) ललकारना, अद्भुत प्रश्न ।

अभिरूप (त्रि०) (पः । पा — पी । पम्) पण्डित, मनोहर ।

अभिलावः (पुं०) धान्य इत्यादि का काटना ।

अभिलाषः (पुं०) अभिलाष ।

अभिलाषुक (त्रि०) (कः । का । कम्) अभिलाष करनेवाला = ली ।

अभिवादक (त्रि०) दकः । दिका । दकम्) नाम और गोत्र का उच्चारण करके नमस्कार करने का जिस्का स्वभाव है ।

अभिवादनम (नपुं०) नाम और गोत्र का उच्चारण करके नमस्कार करना ।

अभिव्याप्तिः (स्त्री) चारो ओर से भर जाना ।

अभिशस्त (त्रि०) (स्तः । स्ता । स्तम्) लोकापवाद से दूषित ।

अभिशस्तिः (स्त्री) माँगना । [अभिषस्तिः]

अभिशापः (पुं०) झूठा दोष लगाना जैसा 'तूने मद्य पीया है' इत्यादि, गाली देना ।

अभिषङ्गः (पुं०) शाप, गाली देना, पराजय वा हार, तिरस्कार वा दुरदुराना । [अभीषङ्गः]

अभिषवः (पुं०) मद्य का चुआना, "सुत्या" में देखो ।

अभिषेणनम् (नपुं०) सेना लेकर शत्रु पर चढ़ाई करना ।

अभिष्टुत (त्रि०) (तः । ता । तम्) स्तुति किया गया पदार्थ ।

अभिसम्पातः (पुं०) सङ्ग्राम ।

अभिसरः (पुं०) सहाय ।

अभिसारिका (स्त्री) पति के लिये जो सङ्केत स्थान में जाय वह स्त्री ।

अभिहारः (पुं०) चोराना, कवच इत्यादि का धारण, नालिश इत्यादि शत्रु के नाश का उपाय। [अभ्याहारः]

अभिहित (त्रि०) (तः । ता । तम्) कहा गया = हुं ।

अभीक, "अभिक" में देखो ।

अभीक्ष्णम् (अव्यय । नपुं०) निरन्तर, बारम्बार ।

अभीप्सित (त्रि०) (तः । ता । तम्) अभीष्ट वा जो बहुत चाहा जाता है ।

अभीरु (त्रि०) (रुः । रुः । रु) (त्रि०) निडर, (स्त्री) सतावर ओषधी ।

अभीरुपत्री (स्त्री) सतावर ओषधी ।

अभीषङ्गः (पुं०) "अभिषङ्ग" में देखो।

अभीषुः (पुं०) किरण, डोरी, पगहा लगाम इत्यादि ।

अभीष्ट (त्रि०) (ष्टः । ष्टा । ष्टम्) "अभीप्सित" में देखो ।

अभ्यग्र (त्रि०) (ग्रः । ग्रा । ग्रम्) समीपवाला = ली ।

अभ्यञ्जनम् (नपुं०) तेल, उबटन, उबटना ।

अभ्यन्तरम् (नपुं०) मध्य ।

अभ्यमित (त्रि०) (तः । ता । तम्) बीमार वा रोगी ।

अभ्यमित्रीणः (पुं०) जो शत्रुओं के साथ सामर्थ्य से युद्ध करने को सम्मुख जाता है ।

अभ्यमित्रीयः (पुं०) तथा ।

अभ्यमित्र्यः (पुं०) तथा ।

अभ्यर्ण (त्रि०) (र्णः । र्णा । र्णम्) समीप में विद्यमान ।

अभ्यर्हित (त्रि०) (तः । ता । तम्) पूजित ।

अभ्यवकर्षणम् (नपुं०) धँसे हुए काँटा इत्यादि का निकालना ।

अभ्यवस्कन्दनम् (नपुं०) डाँका डालना ।

अभ्यवहृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) खायागया = ई ।

अभ्याख्यानम् (नपुं०) मिथ्या विवाद ।

अभ्यागमः (पुं०) सङ्ग्राम ।

अभ्यागारिक (त्रि०) (कः । का । कम्) कुटुम्बपोषण में तत्पर ।

अभ्यादानम् (नपुं०) आरम्भ ।

अभ्यान्त (त्रि०) (न्तः । न्ता । न्तम्) रोगी ।

अभ्यामर्दः (पुं०) सङ्ग्राम । [अभिमर्दः]

अभ्याश (त्रि०) (शः । शा । शम्) पासवाला = ली, (पुं०) पास । [अभ्यास]

अभ्यासादनम् (नपुं०) डाँका डालना ।

अभ्युत्थानम् (नपुं०) उत्थानपूर्वक सत्कार ।

अभ्युदितः (पुं०) जिस पुरुष के सूतने में सूर्योदय होय ।

अभ्युपगमः (पुं०) अङ्गीकार ।

अभ्युपपत्तिः (स्त्री) तथा ।

अभ्यूषः (पुं०) "पौलि" में देखो ।

अभ्रम् (नपुं०) मेघ, आकाश ।

अभ्रकम् (नपुं०) अभ्रक अर्थात् जिसका बुक्का बनता है ।

अभ्रपुष्पः (पुं०) बेंत ।

अभ्रमातङ्गः (पुं०) इन्द्र का हाथी ऐरावत ।

अभ्रमुः (स्त्री) ऐरावत की स्त्री ।

अभ्रमुवल्लभः (पुं०) अभ्रमु का पति वा ऐरावत ।

अभ्रिः (स्त्री) नाव साफ करने की काठ की कुदारी ।

अभ्रिय (त्रि०) (यः । या । यम्) मेघ से उत्पन्न जलादिक ।

अमर्षः (पुं०) न्याय वा नीति ।

अमत्रम् (नपुं०) पात्र ।

अमरः (पुं०) देवता ।

अमरावती (स्त्री) इन्द्र की पुरी ।

अमर्त्यः (पुं०) देवता ।

अमर्षः (पुं०) कोप वा न सहना ।

अमर्षण (त्रि०) (णः । णा । णम्) क्रोधी वा न सहनेवाला = ली ।

अमल (त्रि०) (लः । ला । लम्)

निर्मल, (स्त्री) भूमि का अँवरा वा "भूम्यामलकी" ।
अमा (स्त्री । अव्यय) (स्त्री) अमावस तिथि, (अव्यय) साथ, समीप ।
अमात्यः (पुं०) राजा का मन्त्री ।
अमावस्या (स्त्री) अमावस तिथि ।
अमावास्या (स्त्री) तथा [अमावसी] [अमावासी]
अमांस (त्रि०) (सः । सा । सम्) निर्बल ।
अमित्रः (पुं०) शत्रु ।
अमुत्र (अव्यय) दूसरा जन्म, परलोक ।
अमृणालम् (नपुं०) खस वा गाँडर की जड़ ।
अमृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) (त्रि०) जो नहीं मरा = री, (स्त्री) अँवरा, हरैं, गुरुच, (नपुं०) अमृत, जल, घीव, यज्ञ का शेष, मोक्ष, बिना माँगी भीख ।
अमृतान्धस् (पुं०) (धाः) देवता ।
अमोघ (त्रि०) (घः । घा । घम्) निष्फल नहीं, (स्त्री) पाँड़र, बाभीरङ्ग ।
अम्बरम् (नपुं०) आकाश, वस्त्र ।
अम्बरीष (पुं० नपुं०) (षः । षम्) (पुं०) एक राजा, (नपुं०) भाड़ वा भरसाँई ।
अम्बष्ठ (पुं० । स्त्री) (ष्ठः । ष्ठा) ब्राह्मण से वैश्या स्त्री में उत्पन्न, (स्त्री) सोनापाढ़ा, जूही, लोनियाँ ।
अम्बा (स्त्री) माता (नाट्य में)।
अम्बिका (स्त्री) पार्वती ।
अम्बु (नपुं०) जल ।
अम्बुकणाः (पुं०) 'शीकर' में देखो।
अम्बुज (पुं० । नपुं) (जः । जम्) (पुं०) स्थल का बेंत, समुद्र का फल, (नपुं) कमल ।
अम्बुभृत्, वाह, (पुं०) मेघ ।
अम्बुवेतसः (पुं०) पानी का बेंत ।
अम्बुसरणम् (नपुं०) आप से जल का बहना अर्थात् सोता ।
अम्बूकृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) खखार निकलने के साथ वचन का बोलना ।
अम्भस् (नपुं०) (म्भः) जल ।
अम्भोरुहम् (नपुं०) कमल ।
अम्मय (त्रि०) (यः । यी । यम्) जल का विकार वा जल से उत्पन्न
अम्ल (त्रि०) (म्लः । म्ली म्लम्) खट्टारसवाला = ली, (पुं०) खट्टा रस, (स्त्री) अमिली वृक्ष ।
अम्ललोणिका (स्त्री) लोनियाँ

साग। [अम्ललोलिका]
अम्लान (त्रि०) (नः। ना। नम) जो नहीं कुम्हिलाना = नी, (पुं०) कठसरैया पुष्पवृक्ष ।
अम्लिका (स्त्री) अमिली वृक्ष। [अम्लीका]
अंशः (पुं०) बाँटा, टुकड़ा, हिस्सा।
अंशुः (पुं०) किरण।
अंशुकम (नपुं) वस्त्र वा कपड़ा।
अंशुमत् (त्रि०) (मान्। मती। मत्) किरणवाला = ली, (पुं०) सूर्य्य, (स्त्री) सरिवन ओषधी।
अंशुमत्फला (स्त्री) केला।
अंशुमालिन् (पुं०) (ली) सूर्य।
अंसः (पुं०) कांधा।
अंसलः (पुं०) बलवान्।
अंहतिः (स्त्री) दान।
अंहस् (नपुं०) (हः) पाप।
अयः (पुं०) शुभकारक भाग्य।
अयनम् (नपुं०) तीन ऋतु, मार्ग।
अयस् (नपुं०) (यः) लोहा।
अयःप्रतिमा (स्त्री) लोहे की मूर्ति।
अयि (अव्यय) कोमल सम्बोधन, विनती वा मनावना।
अयोग्रम् (नपुं०) मुसल वा मूसर।
अर (त्रि०) (रः। रा। रम्) शीघ्र द्रव्यवाची, (नपुं०) शीघ्रता।
अरणि (पुं०। स्त्री) (णिः। णिः-णी) जिस लकड़ी को मथ के अग्नि निकालते हैं।
अरण्यम् (नपुं०) वन।
अरण्यानी (स्त्री) महावन।
अरत्निः (पुं०) हाथ की चार अँगुलियां बन्द रहैं और एक कनिष्ठा खुली रहै उसके अग्र से केहुनी तक हाथ।
अररम् (नपुं०) केवाड़ी।
अररि (पुं०। स्त्री) (रिः। री) तथा।
अरलुः (पुं०) सोनापाठा।
अरविन्दम् (नपुं०) कमल।
अरातिः (पुं०) शत्रु।
अराल (त्रि०) (लः। ला। लम्) टेढ़ा = ढ़ी।
अरिः (पुं०) शत्रु।
अरित्रम् (नपुं०) नाव की पतवार।
अरिमेदः (पुं०) दुर्गन्धिखैर वा गुहागर।
अरिष्ट (पुं०। नपुं०) (ष्टः। ष्टम्) (पुं०) कौवा, लहसुन, नीव, रीठी, (नपुं०) दण्ड से मथा गोरस, मङ्गल, अमङ्गल, सौरी का घर।
अरिष्टदुष्टधी (त्रि०) (धीः। धीः। धि) मरने के पास पास जिस के बुद्धि को भ्रम हो जाता है।

अरुण (त्रि०) (णः। णा। णम्) लाल काला मिश्रित रङ्गवाली वस्तु, (पुं०) लाल काला मिश्रित रङ्ग (जैसा सन्ध्या का होता है), सूर्य, सूर्य का सारथि, (स्त्री) अतीस।

अरुन्तुद (त्रि०) (दः। दा। दम्) मर्म का छेदन करनेवाला = ली।

अरुष् (नपुं०) (रुः) "व्रण" में देखो।

अरुष्कर (त्रि०) (रः। री। रम्) घाव करनेवाला = ली, (पुं०) भेलावाँ।

अरोक (त्रि०) (कः। का। कम्) दीप्तिहीन, छिद्रहीन।

अर्कः (पुं०) सूर्य्य, स्फटिक, मन्दार वृक्ष।

अर्कपर्णः (पुं०) मन्दार वृक्ष।

अर्कबन्धुः (पुं०) शाक्य नामक बौद्धों के आचार्य्य।

अर्काह्वः (पुं०) मन्दार वृक्ष।

अर्गल (त्रि०) (लः। ला। लम्) केवाड़ी का बेंवड़ा।

अर्गली (स्त्री) केवाड़ी की अगरी।

अर्घः (पुं०) मूल्य वा दाम, पूजाविधि।

अर्घ्य (त्रि०) (र्घ्यः। र्घ्या। र्घ्यम्) जो वस्तु पूजा के लिये है जैसे जल इत्यादि।

अर्चा (स्त्री) पूजा, प्रतिमा।

अर्चित (त्रि०) (तः। ता। तम्) पूजित।

अर्चिष् (स्त्री। नपुं०) (र्चिः। र्चिः) (स्त्री) ज्वाला, (स्त्री। नपुं०) प्रकाश।

अर्जकः (पुं०) श्वेतपर्णास वृक्ष।

अर्जुन (त्रि०) (नः। ना। नम्) (त्रि०) श्वेत रङ्गवाला पदार्थ, (पुं०) अर्जुन पाण्डव, अर्जुन वृक्ष, श्वेत रङ्ग, (नपुं०) कौपातकनामा घास।

अर्जुनी (स्त्री) गैया।

अर्णवः (पुं०) समुद्र।

अर्णस् (नपुं०) (र्णः) जल।

अर्तगलः (पुं०) नीली कठसरैया। [आर्तगलः]

अर्तनम् (नपुं०) घिन करना, निन्दा करना।

अर्तिः (स्त्री) पीड़ा, धनुष् का टोंका।

अर्थः (पुं०) शब्द का अर्थ, धन, ठीक वा यथार्थ, निवृत्ति, प्रयोजन।

अर्थना (स्त्री) माँगना।

अर्थप्रयोगः (पुं०) व्याज वा सूद।

अर्थशास्त्रम् (नपुं०) भूमि इत्यादि के ज्ञान का शास्त्र।

अर्थिन् (पुं०) (र्थी) याचक, सेवक।
अर्थ्य (त्रि०) (र्थ्यः । र्थ्या । र्थ्यम्) (त्रि०) अर्थ से च्युत वा दूर न भया = ई, बुद्धिमान् = मती, (नपुं०) शिलाजीत ।
अर्दना (स्त्री) माँगना ।
अर्दित (त्रि०) (तः । ता । तम्) माँगागया = ई ।
अर्द्ध (पुं० । नपुं०) (र्द्धः । र्द्धम्) (पुं० । नपुं०) टुकड़ा, (नपुं०) आधा ।
अर्द्धचन्द्रा (स्त्री) श्यामनिधारा सेंहुँड़ ।
अर्द्धनावम् (नपुं०) नाव का आधा ।
अर्द्धरात्रः (पुं०) आधीरात ।
अर्द्धर्चः (पुं०) ऋचा का आधा ।
अर्द्धहारः (पुं०) बारह लड़ का हार ।
अर्द्धोरुकस् (नपुं०) लहँगा ।
अर्बुदः (पुं०) दस करोड़ ।
अर्भकः (पुं०) बालक ।
अर्मम् (नपुं०) नेत्र का कोई रोग।
अर्य (पुं० । स्त्री) (र्यः । र्या) (पुं०) वैश्य, स्वामी, (स्त्री) वैश्य जाति वाली स्त्री, स्वामिनी ।
अर्यमन् (पुं०) (मा) सूर्य ।
अर्याणी (स्त्री) वैश्य जातिवाली स्त्री, स्वामिनी ।

अर्यी (स्त्री) स्वामी की स्त्री, वैश्य की स्त्री ।
अर्वन् (पुं०) (र्वा) घोड़ा, अधम वा नीच ।
अर्वाक् (अव्यय) अवर वा ऐहवर ।
अर्शस् (नपुं०) बवासीर रोग ।
अर्शस (त्रि०) (सः । सा । सम्) जिसको बवासीर है ।
अर्शस् (नपुं०) (र्शः) बवासीर ।
अर्शोघ्नः (पुं०) सूरण तरकारी ।
अर्शोरोगयुक्त (त्रि०) (क्तः । क्ता । क्तम्) बवासीर रोग जिस को भया है ।
अर्हणा (स्त्री) पूजा । [अर्हणम्]
अर्हित (त्रि०) (तः । ता । तम्) पूजित ।
अलकः (पुं०) टेढ़े २ केश, चोटी।
अलका (स्त्री) कुबेर की पुरी ।
अलक्तः (पुं०) महावर रङ्ग ।
अलक्ष्मीः (स्त्री) लक्ष्मी से विरुद्ध वा दारिद्र्य ।
अलगर्दः (पुं०) जल का सर्प, एक प्रकार की जोंक ।
अलङ्करिष्णु (त्रि०) (ष्णुः । ष्णुः । ष्णु) भूषण करनेवाला वा सिंगारिया, जिसका भूषण करने का स्वभाव है ।
अलङ्कर्तृ (त्रि०) (र्ता । र्त्री । र्तृ)

भूषण करनेवाला = ली ।
अलङ्कर्मीण (त्रि०) (णः । णा । णम्) काम करने में समर्थ।
अलङ्कारः (पुं०) भूषण वा गहना।
अलङ्कृतः (त्रि०) (तः । ता । तम्) सिंगारा हुआ = ई ।
अलङ्क्रिया (स्त्री) सिँगारना।
अलञ्जरः (पुं०) बडा घडा वा माठ [अलिञ्जरः]।
अलम् (अव्यय । नपुं०) (अव्यय) मना करना, भूषण, पर्याप्ति वा बस वा 'बहुत है' ऐसा बोलने में (नपुं०) हरताल।
अलर्कः (पुं०) बौराना कुत्ता, श्वेत मंदार।
अलवालम् (नपुं०) आलवाल में देखो।
अलस (त्रि०) (सः । सा । सम्) आलसी।
अलातम् (नपुं०) लुकाठा वा बुती लकड़ी जिसमें आग लगी हो।
अलाबूः (स्त्री) तुम्बा का कद्दू। [अलावुः] [आलाबुः] [आलाबूः]
अलिः (पुं०) भंवरा, बिच्छी।
अलिकम् (नपुं०) ललाट, अप्रिय, झूठ [अलीकम्]
अलिञ्जरः (पुं०) अलञ्जर में देखो।
अलिन् (पुं०) (ली) भंवरा।
अलिन्दः (पुं०) चौखट के बाहर की जगह।
अलीकम् (नपुं०) अलिक में देखो।
अल्प (त्रि०) (ल्पः । ल्पा । ल्पम्) सूक्ष्म, छोटा = टी, थोड़ा = ड़ी
अल्पतनु (त्रि०) (नुः । नुः । नु) अल्प वा छोटे शरीरवाला = ली
अल्पमारिषः (पुं०) चौराईभाजी।
अल्पसरस् (नपुं०) (रः) छोटा सरोवर।
अल्पिष्ठ (त्रि०) (ष्ठः । ष्ठा । ष्ठम्) अति सूक्ष्म वा बहुत छोटा = टी।
अल्पीयस् (त्रि०) (यान् । यसी । यः) तथा।
अवकरः (पुं०) कतवार।
अवकीर्णिन् (पुं०) (र्णी) जिसका व्रत वा नियम नष्ट हो गया है।
अवकृष्ट (त्रि०) (ष्टः । ष्टा । ष्टम्) खींच के निकाला हुवा = ई जैसे काँटा इत्यादि।
अवकेशिन् (त्रि०) (शी । शिनी । शि) निष्फल वा बंझा वा वन्ध्या
अवक्रयः (पुं०) मूल्य वा दाम।
अवगणित (त्रि०) (तः । ता ।

तम्) जिसकी निन्दा की गई ।
अवगत (त्रि०) (तः । ता । तम्) जाना गया = ई ।
अवगीत (त्रि०) (तः । ता । तम्) (नपुं०) लोकापवाद (त्रि०) जिसकी निन्दा की गई ।
अवग्रहः (पुं०) वृष्टि का नाश वा सूखा पड़ना ।
अवग्राहः (पुं०) तथा ।
अवचूर्णित (त्रि०) (तः । ता । तम्) चूर्ण किया गया = ई ।
अवज्ञा (स्त्री) अनादर ।
अवज्ञात (त्रि०) (तः । ता । तम्) जिसका अनादर किया गया ।
अवटः (पुं०) गड्हा ।
अवटीट (त्रि०) (टः । टा । टम्) चिपटी नाकवाला = ली ।
अवटुः (स्त्री) गले की घाँटी ।
अवतमसम् (नपुं०) जो अन्धकार थोड़ा हो गया वा क्षीण हो गया ।
अवतंसः (पुं०) कर्णफूल वा कर्ण भूषण, सिरपेंच ।
अवतोका (स्त्री) वतोका में देखो
अवदंशः (पुं०) मद्यपान के रुचि के लिये भूंजा चना इत्यादि का खाना ।
अवदात (त्रि०) (तः । ता । तम्) (त्रि०) शुद्ध वा साफ पदार्थ, श्वेत पदार्थ, पीला पदार्थ (पुं०) श्वेत रङ्ग, पीला रङ्ग, ।
अवदानम् (नपुं०) पूर्व में हो गया जो चरित ।
अवदारणम् (नपुं०) कुदारी ।
अवदाहम् (नपुं०) खस ।
अवदीर्ण (त्रि०) (र्णः । र्णा । र्णम्) फट गया, टेघल गया ।
अवद्य (त्रि०) (द्यः । द्या । द्यम्) अधम वा नीच ।
अवधानम् (नपुं०) समाधान वा सावधानी ।
अवधारणम् (नपुं०) निश्चय ।
अवधिः (पुं०) सीमा वा हद्द, गड्हा, काल वा समय ।
अवध्वस्त (त्रि०) (स्तः । स्ता । स्तम्) अपध्वस्त में देखो ।
अवनत (त्रि०) (तः । ता । तम्) जिसका मुख नीचे है ।
अवनम् (नपुं०) रक्षा करना, तृप्ति ।
अवनाट (त्रि०) (टः । टा । टम्) चिपटी नाकवाला = ली ।
अवनायः (पुं०) नीचे लेजाना, ओनावना ।
अवनिः (स्त्री) भूमि ।
अवन्तिसोमम् (नपुं०) काँजी ।

अवन्ध्य (त्रि०) (न्ध्यः । न्ध्या । न्ध्यम्) समय पर फल ग्रहण करनेवाला वृक्ष इत्यादि ।

अवभृयः (पुं०) यज्ञ में दीक्षा का समापक जो इष्टिपूर्वक एक प्रकार का स्नान ।

अवभ्रट (त्रि०) (टः । टा । टम्) चिपटी नाक वाला = ली ।

अवम (त्रि०) (मः । मा । मम्) अधम वा नीच ।

अवमत (त्रि०) (तः । ता । तम्) अपमान किया गया = ई ।

अवमर्दः (पुं०) देश इत्यादि को उपद्रव देना ।

अवमर्षः, नाट्य में (पुं०) चौथी सन्धि ।

अवमानना (स्त्री) अनादर ।

अवमानित (त्रि०) (तः । ता । तम्) अपमान किया गया = ई

अवयवः (पुं०) हाथ पैर इत्यादि अङ्ग ।

अवर (त्रि०) (रः । रा । रम्) (त्रि०) पिछला = ली, (नपुं०) हाथियों के पीछे का जङ्घादि अङ्ग ।

अवरज (पुं० । स्त्री) (जः । जा) (पुं०) छोटा भाई, (स्त्री) छोटी बहिन ।

अवरतिः (स्त्री) उपरति में देखो

अवरवर्णः (पुं०) शूद्र ।

अवरीण (त्रि०) (णः । णा । णम्) धिक्कृत वा धिक्कारा गया = ई ।

अवरोधः (पुं०) राजों का जनानखाना ।

अवरोधनम् (नपुं०) तथा ।

अवरोहः (पुं०) ऊंचे से उतरना, बरोह गुरुच इत्यादि जो वृक्ष से लपटी रहती हैं ।

अवर्णः (पुं०) निन्दा ।

अवलक्ष (त्रि०) (क्षः । क्षा । क्षम्) वलक्ष में देखो

अवलग्नम् (नपुं०) कमर ।

अवलम्बनम् (नपुं०) थाँभना ।

अवलम्बित (त्रि०) (तः । ता । तम्) (नपुं०) थाँभना, (त्रि०) थांभा गया = ई वा पकड़ा गया = ई ।

अवलेपः (पुं०) घमण्ड वा अहङ्कार ।

अवल्गुजः (पुं०) बकुची औषधी ।

अववादः (पुं०) निन्दा, आज्ञा [अपवादः]

अवश्यम्, क्रिया विशेषण (अव्यय । नपुं०) निश्चय ।

अवश्यायः (पुं०) पाला वा बरफ ।

अवष्टब्ध (त्रि०) (ब्धः । ब्धा ।

ब्धम्) आश्रित, पासवाला = ली, बंधा हुआ = ई ।

अवष्टम्भः (पुं०) अवलेप में देखो ।

अवसरः (पुं०) अवसर, प्रसङ्ग ।

अवसानम् (नपुं०) अन्त वा अखीर, समाप्ति ।

अवसित (त्रि०) (तः । ता । तम्) समाप्त हुवा = ई, जानागया = ई ।

अवस्करः (पुं०) विष्ठा, स्त्री वा पुरुष का मूत्रेन्द्रिय ।

अवस्था (स्त्री) अवस्था ।

अवहारः (पुं०) ग्राह जलजन्तु ।

अवहित्था (स्त्री) शोकादि से उत्पन्न भया जो मुखमालिन्यादि उसको छिपाना ।

अवहेलनम् (नपुं०) अनादर । [अवहेला] [अवहेलम्]

अवाक्पुष्पी (स्त्री) सौंफ ।

अवाग्भव (त्रि०) (वः । वा । वम्) दक्षिण दिशा में उत्पन्न भया, नीचे उत्पन्न भया ।

अवाग्र (त्रि०) (ग्रः । ग्रा । ग्रम्) अधोमुख वा नीचे मुखवाला = ली ।

अवाचीन (त्रि०) (नः । ना । नम्) अवाग्भव में देखो ।

अवाच् (अव्यय) (क्) (त्रि०) (ङ् । ची । क्) (त्रि०) गूंगा = गी, अधोमुख वा नीचे मुखवाला = ली, (अव्यय) दक्षिण दिशा, दक्षिण देश, (स्त्री) दक्षिण दिशा ।

अवाच्य (त्रि०) (च्यः । च्या । च्यम्) निन्दा के वचन इत्यादि ।

अवारम् (नपुं०) नदी इत्यादि का पूर्व तीर ।

अवासस् (त्रि०) (साः । साः । सः) नङ्गा वा नङ्गी ।

अवि (पुं० । स्त्री) (विः । विः) (पुं०) भेंड़ा, पर्वत, सूर्य्य । (स्त्री) रजस्वला स्त्री ।

अविग्नः (पुं०) करौंदा ।

अवित (त्रि०) (तः । ता । तम्) रक्षित वा रक्षा कियागया = ई

अविद्या (स्त्री) अहङ्कार, अज्ञान ।

अविद्धकर्णी (स्त्री) सोनापाढ़ा ।

अविनीत (त्रि०) (तः । ता । तम्) अशिक्षित वा अहङ्कारी, दुष्ट ।

अविरल (त्रि०) (तः । ता । तम्) (त्रि०) निरन्तर द्रव्यवाची (नपुं०) अद्रव्यवाची ।

अविलम्बित (त्रि०) (तः । ता । तम्) (त्रि०) तथा (नपुं०) शीघ्र वा जल्दी ।

अविस्पष्ट (त्रि०) (ष्टः । ष्टा । ष्टम्)

अप्रकट बोलना ।
अवी (स्त्री) रजस्वला स्त्री ।
अवीचि (त्रि०) (चिः । चिः । चि) (पुं०) एक प्रकार का नरक, (त्रि०) तरङ्गरहित जलाशय इत्यादि ।
अवीरा (स्त्री) पतिपुत्ररहित स्त्री
अवेचा (स्त्री) निगहमानी ।
अव्यक्त (त्रि०) (क्तः । क्ता । क्तम्) (त्रि०) अप्रकट वा अस्फुट (पुं०) आत्मा, विष्णु, शिव, (नपुं०) महदादि सांख्यशास्त्रोक्त तत्व ।
अव्यक्तराग (त्रि०) (गः । गा । गम्) (त्रि०) काला लाल मिश्रित रङ्ग जैसा सन्ध्या का (त्रि०) उसी रङ्ग वाला पदार्थ।
अव्यण्डा (स्त्री) केवाँच ।
अव्यथा (स्त्री) हरैं, माक ।
अव्यवहित (त्रि०) (तः । ता । तम्) पासवाला = ली वा सटा = टी ।
अशनाया (स्त्री) भूख वा खाने की इच्छा ।
अशनायित (त्रि०) (तः । ता । तम्) भूखा = खी ।
अशनि (पुं० । स्त्री) (निः । निः- नी) वज्र ।
अशित (त्रि०) (तः । ता । तम्) खाया गया = ई ।
अशिश्वी (स्त्री) जिस को लड़का नहीं है ऐसी स्त्री ।
अशुभम् (नपुं०) अमङ्गल ।
अशेष (त्रि०) (षः । षा । षम्) सम्पूर्ण वा सब ।
अशोक (त्रि०) (कः । का । कम्) (पुं०) अशोकवृक्ष (स्त्री) कुटकी (त्रि०) शोकरहित ।
अशोकरोहिणी (स्त्री) कुटकी ।
अश्मगर्भः (पुं०) पन्ना ।
अश्मजम् (नपुं०) सिलाजीत ।
अश्मन् (पुं०) (श्मा) पत्थर ।
अश्मन्तम् (नपुं०) चूल्हा ।
अश्मपुष्पम् (नपुं०) सिलाजीत ।
अश्मरी (स्त्री) पथरी रोग जिसके होने से मूत्र की राह से पत्थर के सदृश वीर्य्य बहता है
अश्मसारः (पुं०) लोहा ।
अश्रान्त (त्रि०) (न्तः । न्ता । न्तम्) अविरत में देखो ।
अश्रिः (स्त्री) कोना, तरवार इत्यादि का टोंका [अश्री]
अश्रु (नपुं०) आँसू [अस्रु] [अस्रम्] [अश्रम्]
अश्लील (त्रि०) (लः । ला । लम्) भाँड़ इत्यादि का बोलना अर्थात् अनुचित बोलना ।

अश्वः (पुं०) घोड़ा ।

अश्वकर्णकः (पुं०) सखुआ वृक्ष ।

अश्वत्थ (पुं० । नपुं०) (त्थः । त्थम) (पुं०) पीपर का वृक्ष (नपुं०) पीपर का फल ।

अश्वयुज् (स्त्री) (क्-ग्) अश्विनीतारा ।

अश्ववडव (पुं० । नपुं०) पुंलिङ्ग में द्विवचनान्त और बहुवचनान्त है (वौ । वाः) नपुंसक केवल एक वचनान्त है (वम्) घोड़ा और घोड़ी, घोड़े और घोड़ियां ।

अश्वा (स्त्री) घोड़ी ।

अश्वाभरणम् (नपुं०) घोड़ों का गहना ।

अश्वारोहः (पुं०) घोड़सवार ।

अश्विनी (स्त्री) अश्विनीतारा

अश्विनीसुतौ, अदन्त द्विवचन (पुं०) अश्विनीकुमार ।

अश्विनौ, नान्त द्विवचन (पुं०) तथा ।

अश्वीयम् (नपुं०) घोड़ों का झुण्ड

अषडक्षीण (त्रि०) (णः । णा । णम्) जिस मन्त्र वा सलाह इत्यादि को दोही जन जानैं अर्थात् ६ कान में न जाने पावै वह ।

अष्टमूर्तिः (पुं०) महादेव ।

अष्टापद (पुं० । नपुं०) (दः । दम् । (पुं० । नपुं०) सुवर्ण वा सोना, (नपुं०) चौपड़ इत्यादि खेलने में गोटी रखने के लिये कपड़ा इत्यादि से जो घर बना रहता है वह ।

अष्ठीवत् (पुं० । नपुं०) (वान् । वत्) पैर का घुटना ।

असकृत्, क्रिया विशेषण (अव्यय) बारम्बार ।

असतीसुत (पुं०) कुलटा का वा वेश्या का पुत्र ।

असत् (त्रि०) (न् । ती । त्) (त्रि०) झूठा = ठी, दुष्ट, (स्त्री) कुलटा वा खानगी स्त्री ।

असनः (पुं०) विजयसार [आसनः]

असनपर्णी (स्त्री) पटसण [आसनपर्णी]

असमीक्ष्यकारिन् (त्रि०) (री । रिणी । रि) बिना समझे बूझे काम करने वाला = ली ।

असवः, उदन्त बहुवचन (पुं०) प्राण वायु ।

असार (त्रि०) (रः । रा रम्) निर्बल वा बलरहित ।

असिः (पुं०) तरवार ।

असिक्नी (स्त्री स्त्री वृद्ध ओन)

हो और कोई काम के लिये भेजी गई हो और जनाने में रहे

असित (त्रि०) (तः। ता। तम्) (त्रि०) काला रङ्ग वाला (पुं०) काला रङ्ग।

असिधावकः (पुं०) खड्गादिक का साफ करनेवाला।

असिधेनुका (स्त्री) छूरी।

असिपत्रवनम् (नपुं०) एक प्रकार के नरक का नाम।

असिपुत्री (स्त्री) छूरी।

असिहेतिः (पुं०) खड्गधारी।

असुधारणम् (नपुं०) प्राण का धारण करना।

असुरः (पुं०) दैत्य।

असूक्षणम् (नपुं०) अनादर। [असूर्क्षणम्]

असूया (स्त्री) गुण में दोष लगाना।

असृग्धरा (स्त्री) खाल का चमड़ा [असृग्धारा] [असृग्वरा]

असृज् (नपुं०) (क्—ग्) लोहू

असौम्यस्वर (त्रि०) (रः। रा। रम्) कौवा इत्यादि की नाईं जिसका दुष्ट स्वर वा शब्द है

असंहत (त्रि०) (तः। ता। तम्) (त्रि०) जो सटा वा मिला नहीं (पुं०) सेना का व्यूह वा रचना जो पृथक् स्थित है।

अस्त (त्रि०) (स्तः। स्ता। स्तम्) (त्रि०) प्रेरित वा आक्षिप्त वा हुकुम दिया गया वा चलाया गया जैसा बाण इत्यादि, (पुं०) अस्ताचल पर्वत,

अस्तम् (अव्यय) नहीं देख पड़ना,

अस्ति (अव्यय) है।

अस्तु (अव्यय) ईर्ष्यापूर्वक अङ्गीकार।

अस्त्रम् (नपुं०) आग्नेयादि अस्त्र।

अस्त्रिन् (पुं०) (स्त्री) धनुर्द्धर।

अस्थि (नपुं०) हड्डी।

अस्थिर (त्रि०) (रः। रा। रम्) चञ्चल प्रकृति वाला = ली।

अस्फुटवाच् (पुं०) (क्—ग्) स्पष्ट नहीं बोलने वाला = ली

अस्र (पुं०। नपुं०) (स्रः। स्रम्) (पुं०) कोण, कोना, (नपुं०) आंसू, लोहू।

अस्रपः (पुं०) राक्षस।

अस्रु (नपुं०) आंसू।

अस्वच्छन्द (त्रि०) (न्दः। न्दा। न्दम्) परतन्त्र।

अस्वप्नः (पुं०) देवता।

अस्वर (त्रि०) (रः। रा। रम्) कौवा इत्यादि की तरह दुष्ट स्वरयुक्त।

अस्वाध्यायः (पुं०) अपने शाखा के वेद के अध्ययन से हीन ।

अहङ्कारः (पुं०) अहङ्कार वा अभिमान ।

अहङ्कारवत् (पुं०) (वान्) अभिमानी ।

अहन् (नपुं०) (हः) दिन वा दिवस ।

अहमहमिका (स्त्री) कार्य में "मैं काम करसकताहूं" ऐसा बोलना

अहम्पूर्विका (स्त्री) कार्य में 'मैं पहले मैं पहिले' ऐसा बोलना

अहम्मतिः (स्त्री) अहङ्कार ।

अहर्पतिः (पुं०) सूर्य ।

अहर्मुखम् (नपुं०) प्रातःकाल ।

अहस्करः (पुं०) सूर्य ।

अहह (अव्यय) अद्भुत, खेद ।

अहार्यः (पुं०) पर्वत ।

अहिः (पुं०) सर्प, वृत्रनामा दैत्य ।

अहितः (पुं०) शत्रु ।

अहितुण्डिकः (पुं०) सर्प का पकड़नेवाला ।

अहिभयम् (नपुं०) सर्प से भय, राजों को अपने सहाय से भय।

अहिभुज् (पुं०) (क्-ग्) मयूर वा मोर, गरुड़ ।

अहिर्बुध्न्यः (पुं०) महादेव ।

अहेरुः (स्त्री) सतावर ओषधी ।

अहो (अव्यय) विस्मय वा आश्चर्य ।

अहोरात्रः (पुं०) दिन रात्रि वा तीस मुहूर्त ।

अहंयुः (पुं०) अहङ्कारी ।

अह्नाय (अव्यय) जल्दी वा झटपट ।

(आ)

आ (अव्यय) स्मरण में, वाक्य का एक देश पूरा करने में ।

आ (त्रि०) (आः । आः । अम्) (पुं०) ब्रह्मा, । (स्त्री) पूजा (त्रि०) मङ्गल कार्म ।

आः (अव्यय) कोप में, पीड़ा में ।

आकम्पित (त्रि०) (तः । ता । तम्) थोड़ा कंपा ।

आकरः (पुं०) खान ।

आकर्षः (पुं०) जूआ, गोटियों के रखने के लिये वस्त्रादि से बना घर, पासा ।

आकल्पः (पुं०) अलङ्कार की रचना इत्यादि से की गई शोभा ।

आकारः (पुं०) अभिप्राय के सदृश चेष्टा, आकृति।

आकारगुप्तिः (स्त्री) शोक इत्यादि से उत्पन्न जो मुखमालिन्यादि उसका छिपाना।

आकारणा (स्त्री) पुकारना।

आकाश (पुं०। नपुं०) (शः। शम्) आकाश।

आकीर्ण (त्रि०) (र्णः। र्णा। र्णम्) जनादिकों से अत्यन्त भरा स्थानादि, नानाजातियों से मिलित।

आकुल (त्रि०) (लः। ला। लम्) घबड़ाया हुवा=ई।

आकृतिः (स्त्री) स्वरूप।

आक्रन्दः (पुं०) आर्तशब्द, रक्षक, भयङ्कर युद्ध।

आक्रीडः (पुं०) अक्रीड में देखो।

आक्रोशः (पुं०) दया, चिल्लाना, गालीदेना।

आक्रोशनम् (नपुं०) गालीदेना।

आक्षारणा (स्त्री) मैथुन के विषय में स्त्री का पुरुष को वा पुरुष का स्त्री को तोहमत लगाना। [आक्षारणम्]

आक्षारित (त्रि०) (तः। ता। तम्) लोकापवाद से दूषित।

आक्षेपः (पुं०) निन्दा, अद्भुत प्रश्न

आखण्डलः (पुं०) इन्द्र।

आखुः (पुं०) मूसा।

आखुभुज् (पुं०) (क्-ग्) बिलार, सर्प।

आखेटः (पुं०) शिकार वा अहेर करना।

आख्या (स्त्री) नाम।

आख्यात (त्रि०) (तः। ता। तम्) कहागया=ई।

आख्यायिका (स्त्री) सत्यतापूर्वक जिसका अर्थ मालुम है ऐसी कथा।

आगन्तुः (पुं०) कोई कार्यवश से आगया पहुना इत्यादि।

आगस् (नपुं०) (गः) अपराध, पाप।

आगारम् (नपुं०) घर।

आगुर् (स्त्री) (गूः) अपराध।

आग्नीध्रः (पुं०) एक प्रकार का ऋत्विक्।

आग्नेयीपतिः (पुं०) अग्नि।

आग्रहायणिकः (पुं०) अगहन महीना।

आग्रहायणी (स्त्री) अगहन की पूर्णमासी।

आङ्, यह ङित् है (अव्यय) (आ) थोड़ा, अभिव्याप्ति जैसा,—'आ सत्यलोकात्'=सत्यलोकपर्यंत,

सीमा, क्रिया के योग में उत्पन्न भया जो अर्थ उसमें ।

आङ्गिक, नाट्य में (त्रि०) (कः । की । कम्) अङ्ग से सिद्ध चेष्टा जैसा—भौँ का मरोरना ।

आङ्गिरसः (पुं०) बृहस्पति ।

आचमनम् (नपुं०) आचमन ।

आचामः (पुं०) भात का माँड़ ।

आचार्य (पुं० । स्त्री) (र्यः । र्या) (पुं०) वेद की व्याख्या करनेवाला, (स्त्री) आपही जो वेद के मन्त्रोँ की व्याख्या करै वह स्त्री ।

आचार्यानी (स्त्री) आचार्य की स्त्री ।

आचितः (पुं०) दस भार अथवा वह भार जो कि छकड़ा से ढोने के योग्य है ।

आच्छादनम् (नपुं०) ढाँपना, छिपाना, वस्त्र इत्यादि से वेष्टन, वस्त्र, गुप्त होना ।

आच्छुरितकम् (नपुं०) जोर से अथवा जिससे दूसरे को क्रोध उत्पन्न हो ऐसा हंसना ।

आच्छोदनम् (नपुं०) शिकार करना ।

आजकम् (नपुं०) बकरों और बकरियोँ का झुण्ड ।

आजानेयः (पुं०) कुलीन घोड़ा ।

आजिः (स्त्री) समान भूमि, युद्ध ।

आजीवः (पुं०) जीविका ।

आजुर (स्त्री) (जूः) बिना दाम, कर्म करना, हठ से नरक में डालना, मूंड़ना ।

आजूः, ऊदन्त (स्त्री) तथा ।

आज्ञा (स्त्री) आज्ञा ।

आज्यम् (नपुं०) घीव ।

आडम्बरः (पुं०) तैयारी, बाजा का शब्द, बड़े हाथियोँ का शब्द ।

आडिः (स्त्री) आड़ी पक्षी । [आड़ी] [आटिः] [आटी]

आढक (त्रि०) (कः । की । कम्) (पुं०) एक हाथ लम्बा चौड़ा और ऊंचा नपुवा जिस को दक्षिण में पाइली कहते हैं (त्रि०) उससे नपा हुआ अन्न ।

आढकिक (त्रि०) (कः । की । कम्) आढक भर अन्न बोने लायक खेत ।

आढकी (स्त्री) रहर ।

आढ्य (त्रि०) (ढ्यः । ढ्या । ढ्यम्) धनवान् ।

आणवीनम् (नपुं०) छोटे अन्न का खेत जिसमें मोथी कोदो इत्यादि बोये जाते हैं ।

आतङ्कः (पुं॰) भय, सन्ताप, रोग।
आतञ्चनम् (नपुं॰) वेग, दुःख करना, दूध में मंठा डालना।
आततायिन् (पुं॰) (यी) मारने की इच्छा करके जो सन्नद्ध वा तैयार हो, दुर्घट कर्म में प्रवृत्त होनेवाला, गुण्डा वा बदमाश
आतपः (पुं॰) घाम।
आतपत्रम् (नपुं॰) छत्र वा छाता
आतरः (पुं॰) पार उतराई का द्रव्य।
आतापिन् (पुं॰) (पी) चील्ह पक्षी। [आतायी]
आतिथेय (त्रि॰) (यः। यी। यम्) अतिथियों में साधु वा उनकी सेवा करनेवाला = ली।
आतिथ्य (त्रि॰) (थ्यः। थ्या। थ्यम्) जो वस्तु कि अतिथि के लिये है।
आतुर (त्रि॰) (रः। रा। रम्) रोगी।
आतोद्यम् (नपुं॰) बाजा।
आत्तगर्व (त्रि॰) (र्वः। र्वा। र्वम्) जिसका अहङ्कार नष्ट करदिया गया है।
आत्मगुप्ता (स्त्री) केवाँच।
आत्मघोषः (पुं॰) कौवा।
आत्मज (पुं॰। स्त्री) (पुं॰) पुत्र, (स्त्री) पुत्री।
आत्मन् (पुं॰) (त्मा) आत्मा, देह, स्वभाव, बुद्धि, ब्रह्म, उपाय, धीरता वा धैर्य्य।
आत्मभूः (पुं॰) ब्रह्मा, कामदेव
आत्मम्भरि (त्रि॰) (रिः। रिः। रि) अपना पेट भरनेवाला = ली।
आत्रेयी (स्त्री) अत्रि के गोत्र में उत्पन्न स्त्री, रजस्वला स्त्री।
आथर्वणम् (नपुं॰) अथर्व का समूह।
आदर्शः (पुं॰) दर्पण।
आदिः (पुं॰) पहिला = ली।
आदिकविः (पुं॰) वाल्मीकि।
आदिकारणम् (नपुं॰) मुख्य कारण।
आदितेयः (पुं॰) देवता, यह शब्द बहुवचनान्त वायुवाचक है जो कि ४९ हैं।
आदित्यः (पुं॰) सूर्य्य, देवता, यह शब्द बहुवचनान्त गणदेवतावाची है जो कि १२ हैं।
आदीनवः (पुं॰) दोष, क्लेश।
आदृत (त्रि॰) (तः। ता। तम्) आदर किया गया = ई।
आद्य (त्रि॰) (द्यः। द्या। द्यम्) पहिला = ली।
आद्यून (त्रि॰) (नः। ना। नम्)

जो जीतने की इच्छा वा बड़ाई की इच्छा नहीं करता = ती अर्थात् अत्यन्त भूखा = स्त्री ।

आद्योतः (पुं०) प्रकाश ।

आधारः (पुं०) आधार, पानी का बाँध ।

आधिः (पुं०) बन्धक वा गीरों, विपत्ति, मन की पीड़ा, बैठना ।

आधूत (त्रि०) (तः । ता । तम्) थोड़ा कंपा वा कंपाया गया ।

आधोरणः (पुं०) हाथीवान् ।

आध्यानम् (नपुं०) स्मरण ।

आनकः (पुं०) एक प्रकार का नगाड़ा जिसको भेरी वा पटह कहते हैं ।

आनकदुन्दुभिः (पुं०) वसुदेव ।

आनत (त्रि०) (तः । ता । तम्) जिसने मुख नीचे किया है ।

आनद्धम् (नपुं०) मृदङ्ग ढोलक इत्यादि चमड़े से मढ़ा बाजा

आननम् (नपुं०) मुख ।

आनन्दः (पुं०) सुख ।

आनन्दथुः (पुं०) तथा ।

आनन्दनम् (नपुं०) कुशलप्रश्नादि से किया गया आनन्द ।

आनर्तः (पुं०) आनर्त देश, संग्राम, नृत्य का स्थान ।

आनायः (पुं०) जाल ।

आनाय्यः (पुं०) एक प्रकार का यज्ञ का अग्नि जो गार्हपत्य से ल्याय करके दक्षिणाग्नि बनाया जाता है ।

आनाहः (पुं०) मल मूत्र का रोध वा रोकावट ।

आनुपूर्वम् (नपुं०) क्रम वा परम्परा

आनुपूर्वी (स्त्री) तथा ।

आनुपूर्व्यम् (नपुं०) तथा ।

आन्त्रम् (नपुं०) पेट की अंतड़ी ।

आन्त्री (स्त्री) पेट की अंतड़ी, वृन्दारक नाम एक वृक्ष ।

आन्धसिकः (पुं०) रसोईदार ।

आन्वीक्षिकी (स्त्री) तर्कविद्या ।

आपः, बहुवचनान्त, इसका मूल शब्द "अप्" है, (स्त्री) जल ।

आपक्कम् (नपुं०) पौलि में देखो ।

आपगा (स्त्री) नदी ।

आपणः (पुं०) बजार ।

आपणिकः (पुं०) बनिया ।

आपत्प्राप्त (त्रि०) (प्तः । प्ता । प्तम्) जो विपत्ति को प्राप्त है ।

आपद् (स्त्री) (त् द्) विपत्ति ।

आपन्न (त्रि०) (न्नः । न्ना । न्नम्) जो विपत्ति को प्राप्त है ।

आपन्नसत्वा (स्त्री) गर्भवती स्त्री ।

आपमित्यकम् (नपुं०) बदल कर

ली हुई चीज़ जैसा—एक चीज़ देकर दूसरी चीज़ लिई ।

आपानम् (नपुं०) मद्यपान के लिये सभा ।

आपीड़ः (पुं०) शिखा में बाँधने की माला ।

आपीनम् (नपुं०) गैया के स्तन का ओहा ।

आपूपिकः (पुं०) तैलपक्व इत्यादि भक्ष्य पदार्थ का बनानेवाला ।

आपूपिकम् (नपुं०) रोटियों का राशि ।

आप्त (त्रि०) (प्तः । प्ता । प्तम्) विश्वस्त अर्थात् जिसके ऊपर विश्वास होता है ।

आप्य (त्रि०) (प्यः । प्या । प्यम्) जल का विकार वा जल से बनी वस्तु ।

आप्यायनम् (नपुं०) तृप्त करना ।

आप्रच्छनम् (नपुं०) कुशलप्रश्नादि से किया गया अनुमोदन वा आनन्द, अपने जाने के लिये पूछना ।

आप्रपदम् (नपुं०) पाद के अग्रभाग तक ।

आप्रपदीन (त्रि०) (नः । ना । नम्) जो वस्त्र इत्यादि पैर तक लम्बा होय ।

आप्लवः (पुं०) स्नान । [आप्लावः]

आप्लवव्रतिन् (पुं०) (ती) स्नातक में देखो ।

आप्लुतव्रतिन् (पुं०) (ती) तथा ।

आबन्धः (पुं०) योक्त्र में देखो ।

आभरणम् (नपुं०) भूषण वा गहना ।

आभाषणम् (नपुं०) बातचीत करना ।

आभास्वराः, बहुवचनान्त (पुं०) ६४ गणदेवता ।

आभीरः (पुं०) ग्वाल वा अहिर [अभीरः]

आभीरपल्ली (स्त्री) गोपका गाँव वा घर [आभीरपल्लिः]

आभीरी (स्त्री) अहिर जातिवाली स्त्री वा अहिर की स्त्री ।

आभील (त्रि०) (लः । ला । लम्) (नपुं०) शरीर की पीड़ा, (त्रि०) पीड़ायुक्तशरीरवाला = ली ।

आभोगः (पुं०) परिपूर्णता ।

आमगन्धि (त्रि०) (न्धिः । न्धिः —न्धी । न्धि) (नपुं०) कच्चे माँस इत्यादि का गन्ध (त्रि०) कच्चे मांस का गन्धवाला = ली

आमनस्यम् (नपुं०) मन की पीड़ा ।

आमयः (पुं०) रोग ।

आमयाविन् (त्रि०) (वी। विनी। वि) रोगी।
आमलक (त्रि०) (कः। की। कम्) अंवरा।
आमिक्षा (स्त्री) पक्के और उष्ण दूध में दही डालने से जो वस्तु बनजाता है अर्थात् छेना।
आमिषम् (नपुं०) माँस, दूध।
आमिशाशिन् (त्रि०) (शी। शिनी शि) मत्स्य माँस का खानेवा-ला = ली।
आमुक्त (त्रि०) (क्तः। क्ता। क्तम्) (त्रि०) पहिना गया हार इत्यादि, (पुं०) जिस योद्धा ने कवच पहिना है।
आमोदः (पुं०) हर्ष, अत्यन्त मनोहर गन्ध।
आमोदिन् (त्रि०) (दी। दिनी। दि) मुख को सुगन्ध देनेवाला बीड़ा इत्यादि, गन्धयुक्त, हर्षयुक्त।
आम् (अव्यय) हाँ वा इसी प्रकार से [आँ]
आम्नायः (पुं०) वेद, गुरुपरम्परा से चला आया अच्छा उपदेश।
आम्रः (पुं०। नपुं०) (म्रः। म्रम्) (पुं०) आम वृक्ष, (नपुं०) आम फल।
आम्रातकः (पुं०) अमड़ा, [अम्रातकः]
आम्रेडित (त्रि०) (तः। ता। तम्) जो दो वा तीन बार कहा गया जैसा—सांप सांप।
आम्लिका (स्त्री) इमिली [आम्लीका]
आयत (त्रि०) (तः। ता। तम्) लम्बा = म्बी।
आयतनम् (नपुं०) घर, यज्ञस्थान, नाम रक्खा हुआ वृक्ष।
आयतिः (स्त्री) आनेवाला समय, प्रभाव, लम्बाई।
आयत्त (त्रि०) (त्तः। त्ता। त्तम्) अधीन वा परतन्त्र।
आयामः (पुं०) लम्बाई।
आयुधम् (नपुं०) शस्त्र खड्ग इत्यादि।
आयुधिकः (पुं०) शस्त्रजीविका वाला।
आयुधीयः (पुं०) तथा।
आयुष् (नपुं०) (युः) जीवनकाल।
आयुष्मत् (त्रि०) (ष्मान्। ष्मती। ष्मत्) प्रशस्त वा बड़े आयुर्बल वाला = ली।
आयोधनम् (नपुं०) सङ्ग्राम।
आरकूट (पुं०। नपुं०) (टः।

टम्) पीतर ।
आरग्वधः (पुं०) अमिलतास [आर्ग्वधः] [अरग्वधः] [अर्ग्वधः]
आरतिः (स्त्री) बड़ी प्रीति, उपरति में देखो ।
आरनालकम् (नपुं०) काँजी ।
आरम्भः (पुं०) प्रारम्भ, उत्पत्ति ।
आरवः (पुं०) शब्द ।
आरा (स्त्री) लकड़ी चीरने का आरा ।
आरात् (अव्यय) दूर, समीप ।
आराधनम् (नपुं०) सन्तुष्ट करना, सिद्ध करना, लाभ ।
आरामः (पुं०) घर का उपवन वा बगीचा ।
आरालिकः (पुं०) रसोईंदार ।
आरावः (पुं०) शब्द ।
आरेवतः (पुं०) अमिलतास ।
आरोग्यम् (नपुं०) आरोग्य वा रोग का न रहना ।
आरोहः (पुं०) चढ़ना, श्रेष्ठ स्त्री का कटिभाग, वृक्ष इत्यादि की ऊंचाई ।
आरोहणम् (नपुं०) चढ़ना, पत्थर इत्यादि की सीढ़ी ।
आर्तगलः (पुं०) नीली कठसरैया [अन्तर्गलः]
आर्तवम् (नपुं०) महीने भर पर स्त्री को जो रुधिर जाता है
आर्द्र (त्रि०) (र्द्रः । र्द्रा । र्द्रम्) भोदा = दी ।
आर्द्रकम् (नपुं०) आदी नाम एक प्रकार का तीता कन्द ।
आर्य (त्रि०) (र्यः । र्या । र्यम्) (त्रि०) श्रेष्ठ वा कुलीन (स्त्री) सास ।
आर्यावर्तः (पुं०) विन्ध्य और हिमालय के बीच का देश ।
आर्षभ्यः (पुं०) साँड़ होने के योग्य बैल ।
आर्हकः (पुं०) स्याद्वादिक में देखो
आलबालम् (नपुं०) वृक्षों का थाला [आलवालम्]
आलम् (नपुं०) हरताल ।
आलम्भः (पुं०) मार डालना, स्पर्श वा आलिङ्गन करना ।
आलयः (पुं०) घर ।
आलवालम् (नपुं०) वृक्षों का थाला ।
आलस्य (त्रि०) (स्यः । स्या । स्यम्) (त्रि०) आलसी (नपुं०) आलस्य वा सुस्ती ।
आलानम् (नपुं०) हाथी के बाँधने का खूंटा ।
आलापः (पुं०) बात चीत करना
आलिः (स्त्री) सखी, पंक्ति, बिच्छी,

सेतु वा पुल [आली]

आलिङ्ग्य (त्रि०) (ङ्ग्यः । ङ्ग्या । ङ्ग्यम्) (त्रि०) आलिङ्गन करने के योग्य, (पुं०) गोपुच्छ के सदृश मृदङ्ग ।

आलीढम् (नपुं०) बाण चलाने के समय में वीर की स्थिति विशेष अर्थात् जिस में दहिनी जङ्घा फैली रहती है और बायीं जङ्घा सङ्कुचित रहती है

आलुः (स्त्री) चावल इत्यादि के धोने का पात्र करवेती वा कठवत [आलूः]

आलोकः (पुं०) प्रकाश, देखना ।

आलोकनम् (नपुं०) देखना ।

आवपनम् (नपुं०) पात्र ।

आवर्तः (पुं०) जल का घूमना जिस को नाँद कहते हैं, एक प्रकार का राजा इत्यादि कों का घर ।

आवलिः (स्त्री) पंक्ति ।

आवसित (त्रि०) (तः । ता । तम्) साफ करके ढेरी किया हुआ अन्न [अवसितम्]

आवापः (पुं०) वृक्षों का थाला ।

आवापकः (पुं०) प्रकोष्ठ का गहना कड़ा वा पहुंची ।

आवालम् (नपुं०) वृक्षों का थाला

आविग्नः (पुं०) करौंदा वृक्ष ।

आविद्ध (त्रि०) (द्धः । द्धा । द्धम्) टेढ़ा = ढ़ी, प्रेरित वा चलाया गया = ई ।

आविधः (पुं०) बढ़ई का बरमा जिस से काठ छेदते हैं ।

आविर् (अव्यय) (विः) प्रगट अर्थ में ।

आविल (त्रि०) (लः । ला । लम्) मलिन ।

आवुकः, नाट्य में (पुं०) पिता ।

आवुत्तः, नाट्य मे (पुं०) बहनोई [आवूत्तः]

आवृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) लपेटा वा घेरा हुआ = ई ।

आवृत् (स्त्री) क्रम वा परिपाटी ।

आवेगी (स्त्री) वृद्धदारक ओषधी ।

आवेशनम् (नपुं०) कारीगर का घर ।

आवेशिकः (पुं०) घरपर जो आवे अर्थात् अतिथि वा पहुना ।

आशयः (पुं०) अभिप्राय ।

आशरः (पुं०) राक्षस ।

आशा (स्त्री) बड़ी तृष्णा, दिशा

आशित (त्रि०) (तः । ता । तम्) जहाँ गैया इत्यादि को पहिले खिलाया गया वह स्थान, खायामया = ई ।

आशितङ्गवीन (त्रि०) (नः । ना । नम्) जहां गौयां इत्यादि को पहिले खिलायागया वह स्थान
आशिष् (स्त्री) (शीः) आशीर्वाद, सर्प का विषदन्त ।
आशीविषः (पुं०) सर्प ।
आशु (अव्यय) जल्दी ।
आशु (त्रि०) (शुः । शुः । शु) (त्रि०) जल्दीबाज (पुं०) धान ।
आशुगः (पुं०) बाण, वायु ।
आशुव्रीहिः (पुं०) धान ।
आशुशुक्षणिः (पुं०) अग्नि ।
आशंसितृ (त्रि०) (ता । त्री । तृ) वाञ्छा करने वाला = ली
आशंसु (त्रि०) (सुः । सुः । सु) तथा ।
आश्चर्य (त्रि०) (र्यः । र्या । र्यम्) (नपुं०) आश्चर्य्य, अद्भुत रस, (त्रि०) आश्चर्यवाला = ली, अद्भुतरसवाला = ली ।
आश्रम (पुं० । नपुं०) (मः । मम्) ब्रह्मचर्य, गार्हपत्य, वानप्रस्थ, सन्यास-इन में प्रत्येक का यह नाम है ।
आश्रयः (पुं०) आश्रय वा अवलम्ब [आशयः]
आश्रयाशः (पुं०) अग्नि ।
आश्रव (त्रि०) (वः । वा । वम्) (पुं०) अङ्गीकार, (त्रि०) कहना माननेवाला = ली ।
आश्रुत (त्रि०) (तः । ता । तम्) अङ्गीकार किया गया = ई ।
आश्लिष्ट (त्रि०) (ष्टः । ष्टा । ष्टम्) अप्रकट बोलना ।
आश्वम् (नपुं०) घोड़ों का समूह ।
आश्वत्थम् (नपुं०) पीपर का फल ।
आश्वयुजः (पुं०) कुआर महीना ।
आश्विनः (पुं०) तथा ।
आश्विनेयौ, द्विवचनान्त (पुं०) अश्विनीकुमार ।
आश्वीनम् (नपुं०) जो रस्ता घोड़ा एक दिन में जा सकता है ।
आषाढः (पुं०) असाढ़ महीना, ब्रह्मचर्य में पलाश का दण्ड ।
आसक्त (त्रि०) (क्तः । क्ता । क्तम्) आसक्त वा तत्पर ।
आसन (पुं० । नपुं०) (नः । नम्) (पुं०) बिजयसार (नपुं०) पीढ़ा इत्यादि आसन, हाथियों का काँधा, बैठना ।
आसना (स्त्री) बैठना ।
आसन्दी (स्त्री) एक प्रकार का मञ्च ।
आसनपर्णी (स्त्री) पटसण ।
आसन्न (त्रि०) (न्नः । न्ना । न्नम्) समीपवाला = ली ।
आसवः (पुं०) मैरेय मद्य ।

आसादित (त्रि०) (तः । ता । तम्) प्राप्त कियागया वा पाया गया = ई ।

आसारः (पुं०) वृष्टि, चारो ओर सेना का फैलना ।

आसित (त्रि०) (तः । ता । तम्) बैठने का स्थान, जहां गैयां इत्यादि को पहिले खिलाया गया वह स्थान ।

आसुरी (स्त्री) राई ।

आसेचनक (त्रि०) (नकः । निका । नकम्) जिसके देखने से नेत्र और मन को तृप्ति न हो वा तृप्ति का अन्त न हो ।

आस्कन्दनम् (नपुं०) युद्ध ।

आस्कन्दित (त्रि०) (तः । ता । तम्) (त्रि०) दबायागया वा जीता गया = ई, एक प्रकार की घोड़े की गति जिसमें कि घोड़ा न देखता है न सुनता है ।

आस्तरणम् (नपुं०) बिछौना, हाथी का झूल ।

आस्था (स्त्री) सभा, प्रयत्न वा उपाय ।

आस्थानम् (नपुं०) सभा ।

आस्थानी (स्त्री) तथा ।

आस्पदम् (नपुं०) प्रतिष्ठा, कार्य ।

आस्फोट (पुं० । स्त्री) (टः । टा) (पुं०) मंदार [आस्फोतः] (स्त्री) वन में उत्पन्न भई बेला का फूल, विष्णुक्रान्ता वा कौवा-ठोंठी फूल, [आस्फोता]

आस्फोटनी (स्त्री) मोती इत्यादि के बेधने की सूई [लास्फोटनी]

आस्यम् (नपुं०) मुख ।

आस्या (स्त्री) बैठना ।

आस्रवः (पुं०) क्लेश ।

आहत (त्रि०) गुणित—जैसे,—पांच से गुणित चार बीस होता है, मिथ्यार्थक—जैसा,—"वन्ध्या का पुत्र जाता है", ताड़ित ।

आहतलक्षणः (पुं०) शौर्यादि गुणों से प्रसिद्ध [आहितलक्षणः]

आहवः (पुं०) युद्ध ।

आहवनीय (त्रि०) (यः । या । यम्) होम करने के योग्य पदार्थ, (पुं०) यज्ञ में एक प्रकार का अग्नि ।

आहारः (पुं०) भोजन ।

आहार्य (त्रि०) (र्यः । र्या । र्यम्) (त्रि०) बुद्धि से आरोप करने के योग्य, भोजन करने के योग्य, (पुं०) पर्वत ।

आहावः (पुं०) कूप के समीप में रचित जलाधार वा हौद ।

आहितुण्डिकः (पुं०) सर्प का पकड़नेवाला वा सर्प से खेलनेवाला।
आहेय (त्रि०) (यः । यी । यम्) सर्पसम्बन्धी हड्डी विष इत्यादि वस्तु ।
आहो (अव्यय) विकल्प अर्थ में ।
आहोपुरुषिका (स्त्री) अपने में शक्ति का प्रकाश करना ।
आह्वयः (पुं०) नाम ।
आह्वा (स्त्री) तथा ।
आह्वानम् (नपुं०) पुकारना ।

—०*०—

(इ)

इ (पुं० । अव्यय) (इः । इ) (पुं०) कामदेव, (अव्यय) विस्मय वा आश्चर्य ।
इक्षुः (पुं०) ऊख ।
इक्षुगन्धा (स्त्री) क्यौड़ी वृक्ष, काश एक प्रकार का तृण, गोखरू ओषधी, तालमखाना, सपेद भूमिकोंहड़ा ।
इक्षुरः (पुं०) तालमखाना ।
इक्षुरसोदः (पुं०) एक प्रकार का समुद्र जो ऊख के रस से भरा है
इक्षूरस्यः (पुं०) एक तरह का ऊख ।
इक्ष्वाकुः (पुं०) सूर्यवंशी एक राजा, कड़ुवा तुम्बा ।
इङ्ग (त्रि०) (ङ्गः । ङ्गा । ङ्गम्) (त्रि०) गमनस्वभाववाला (पुं०) अभिप्राय के अनुरूप चेष्टा ।
इङ्गितम् (नपुं०) अभिप्राय के अनुसार चेष्टा ।
इङ्गुदी (स्त्री) इंगुआ एक वृक्ष वा जीयापूता ।
इच्छा (स्त्री) चाह ।
इच्छावत् (त्रि०) (वान् । वती । वत्) धन इत्यादि की इच्छा करनेवाला = ली ।
इज्जलः (पुं०) स्थल का बेंत, समुद्र का फल ।
इज्या (स्त्री) यज्ञ वा याग ।
इज्याशीलः (पुं०) यज्ञ करनेका जिसका स्वभाव है ।
इट्चरः (पुं०) साँड़ [इट्वरः]
इडा (स्त्री) एक प्रकार की नाड़ी, गैया, पृथ्वी, वाणी, [इला]
इतर (त्रि०) (रः । रा । रत्) अन्य, नीच ।
इतरेद्युस् (अव्यय) (द्युः) इतर वा अन्य दिवस ।

इति (अव्यय) समाप्ति, हेतु, प्रकरण, प्रकाश, इस प्रकार से।

इतिह (अव्यय) ऐतिह्य में देखो

इतिहासः (पुं०) भारत इत्यादि कथा ।

इत्वरः (पुं०) साँड़ ।

इत्वरी (स्त्री) कुलटा वा खानगी स्त्री ।

इदानीम् (अव्यय) इसवड़ी ।

इध्मम् (नपुं०) इन्धन वा लकड़ी।

इनः (पुं०) प्रभु वा स्वामी, सूर्य।

इन्दिरा (स्त्री) लक्ष्मी।

इन्दीवरम् (नपुं०) नील कमल ।

इन्दीवरी (स्त्री) सतावर ओषधी

इन्दुः (पुं०) चन्द्रमा ।

इन्द्रः (पुं०) इन्द्र ।

इन्द्रद्रुः (पुं०) अर्जुन वृक्ष वा कौपातक ।

इन्द्रयव (पुं० । नपुं०) (वः । वम्) इन्द्रजव ओषधी ।

इन्द्रलुप्तकः (पुं०) केशघ्न एक प्रकार का रोग है जिससे मोछ दाढ़ी वा सिर के बाल झड़ जाते हैं।

इन्द्रवारुणी (स्त्री) इन्द्रायनवृक्ष।

इन्द्रसुरसः (पुं०) स्योंड़ी वृक्ष ।

इन्द्रसुरिसः (पुं०) तथा ।

इन्द्राणिका (स्त्री) तथा ।

इन्द्राणी (स्त्री) इन्द्र की स्त्री ।

इन्द्रायुधम् (नपुं०) इन्द्र का धनुष् जो प्रायः वर्षाकाल में आकाश में देख पड़ता है।

इन्द्रारिः (पुं०) असुर वा दैत्य ।

इन्द्रावरजः (पुं०) वामनावतार विष्णु, दैत्य ।

इन्द्रियम् (नपुं०) चक्षुरादि इन्द्रिय, वीर्य ।

इन्द्रियार्थः (पुं०) रूप रस गन्ध स्पर्श और शब्द ये इन्द्रियार्थ कहलाते हैं।

इन्धनम् (नपुं०) आग जलाने को लकड़ी।

इभ (पुं० । स्त्री) (भः । भी) (पुं०) हाथी, (स्त्री) हथिनी।

इभ्य (त्रि०) (भ्यः । भ्या । भ्यम्) धनवान् ।

इरणम् (नपुं०) सूनसान वा वीरान स्थान, ऊसर, [इरिणम्] [ईरणम्] [ईरिणम्]

इरम्मदः (पुं०) परस्पर टक्कर लगने से जो तेज मेघ से निकल कर वृक्षादि पर गिरता है अर्थात् मेघज्योति ।

इरा (स्त्री) मद्य, भूमि, वाणी, जल ।

इर्वारुः (स्त्री) ककड़ी फल ।

[इर्वालुः] [ईर्वालुः]
इला (स्त्री) बुध की पत्नी, इडा में देखो ।
इल्वलाः, बहुवचन (स्त्री) मृगशिरा नक्षत्र के मस्तक देश में रहने वाले पाँच छोटे तारा ।
इव (अव्यय) तुल्यता अर्थ में ।
इषः (पुं०) कुआर महीना ।
इषिका (स्त्री) हाथियों का नेत्र-गोलक, [ईषिका] [इषीका] [ईषीका]
इषु (पुं० । स्त्री) (षुः । षुः) बाण वा तीर ।
इषुधि (पुं० । स्त्री) (धिः । धिः—धी) बाण का घर वा तरकस ।
इष्ट (त्रि०) (ष्टः । ष्टा । ष्टम्) (त्रि०) इष्ट वा चाही हुई वस्तु, (नपुं०) यज्ञ, दान ।
इष्टकापथम् (नपुं०) खस वा एक प्रकार की सुगन्धयुक्त घास ।
इष्टगन्धः (पुं०) मनोहर गन्ध ।
इष्टार्थोद्युक्त (त्रि०) (क्तः । क्ता । क्तम्) इष्ट वा चाहे हुये अर्थ में उद्योग करनेवाला = ली ।
इष्टिः (स्त्री) यज्ञ, इच्छा ।
इष्वासः (पुं०) धनुष् ।
इह (अव्यय) इस स्थान पर ।

......o......

(ई)

ईः (स्त्री) लक्ष्मी ।
ईक्षणम् (नपुं०) नेत्र, देखना ।
ईक्षणिका (स्त्री) विप्रश्निका में देखो ।
ईडित (त्रि०) (तः । ता । तम्) स्तुति कियागया = ई, [ईलित]
ईतिः (स्त्री) ईति सात प्रकार की होती है—अतिवृष्टि, सूखा पड़ना, खेतों में मूसा का लगना, टिड्डियों का उपद्रव, सुग्गों से हानि, और राजाओं से वैर, इन प्रत्येक को 'ईति' कहते हैं, प्रवास वा परदेश में वास ।
ईरित (तः । ता । तम्) फेंकागया = ई वा चलायागया = ई वा प्रेरित हुआ = ई ।
ईर्म्मम् (नपुं०) व्रण वा घाव ।
ईर्ष्या (स्त्री) दूसरे की उन्नति को न सहना ।
ईलित (त्रि०) (तः । ता । तम्) ईडित में देखो ।
ईली (स्त्री) एक प्रकार की तलवार जिसको खाँड़ा वा गुप्ती कहते हैं [ईलिः] [इली]
ईशः (पुं०) स्वामी, शिव ।
ईशानः (पुं०) शिव ।

ईशानी (स्त्री) पार्वती ।
ईशित्ट (त्रि०) (ता । त्री । त्ट) प्रभु वा स्वामी ।
ईशित्वम् (नपुं०) प्रभुता ।
ईश्वरः (पुं०) स्वामी, शिव ।
ईश्वरी (स्त्री) पार्वती ।
ईषत् (अव्यय) थोड़ा ।
ईषा (स्त्री) हल का दण्ड, [ईशा]
ईषिका (स्त्री) सींक, तूलिका में देखो [इषिका] [इषीका]
ईहा (स्त्री) इच्छा ।
ईहामृगः (पुं०) हुंडार वा वृक नामक वनजन्तु ।

———000———

(उ)

उ (पुं० । अव्यय) (उः । उ) (पुं०) शिव, (अव्यय) वितर्क अर्थ में, क्रोध से बोलने में ।
उक्त (त्रि०) (क्तः । क्ता । क्तम्) (नपुं०) बोलना, (त्रि०) कहागया = ई ।
उक्तिः (स्त्री) बोलना ।
उक्थम् (नपुं०) सामभेद ।
उक्षन् (पुं०) (क्षा) बैल ।
उखा (स्त्री) बटलोही इत्यादि अर्थात् दाल भात इत्यादि चुराने का बरतन [उषा]
उख्य (त्रि०) (ख्यः । ख्या । ख्यम्) जो बटलोही में पकाया गया = ई ।
उग्र (त्रि०) (ग्रः । ग्रा । ग्रम्) (पुं०) शिव, क्षत्रिय से शूद्रा स्त्री में उत्पन्न, (नपुं०) रौद्ररस, (त्रि०) रौद्ररसवाला = ली ।
उग्रगन्धा (स्त्री) बच ओषधी, अजवाइन ओषधी ।
उच्च (त्रि०) (च्चः । च्चा । च्चम्) ऊंचा = ची ।
उच्चटा (स्त्री) मोथा वा एक प्रकार की घास ।
उच्चण्ड (त्रि०) (ण्डः । ण्डा । ण्डम्) (नपुं०) जलदी, (त्रि०) जलदीबाज वा जल्दी करने वाला = ली ।
उच्चारः (पुं०) विष्ठा ।
उच्चावच (त्रि०) (चः । चा । चम्) बहुत प्रकार का वस्तु, ऊंचा नीचा ।
उच्चैर्घुष्टम् (नपुं०) ऊंचा शब्द ।
उच्चैश्श्रवस् (पुं०) (वाः) इन्द्र का

घोड़ा ।

उच्चैस् (अव्यय) (च्चैः) बड़ा, बड़ाई ।

उच्छ्रयः (पुं०) ऊंचाई ।

उच्छ्रायः (पुं०) तथा ।

उच्छ्रित (त्रि०) (तः । ता । तम्) ऊंचा = ची, उत्पन्न, अहङ्कार-युक्त, अत्यन्त बड़ा = ड़ी ।

उज्जासनम् (नपुं०) मारडालना

उज्ज्वल (त्रि०) (लः । ला । लम्) (पुं०) श्वेत रङ्ग, शृङ्गार रस, (त्रि०) निर्मल, सफेद वा श्वेत, शृङ्गाररसवाला = ली ।

उञ्छः (पुं०) लवने के समय खेत मे गिरे हुये अन्न का एक एक दाना करके बीनना ।

उटज (पुं० । नपुं०) (जः । जम्) पत्तों से छाया घर वा मुनियों की कुटी ।

उडु (स्त्री । नपुं०) (डुः । डु) अश्विन्यादि तारा ।

उडुपम् (नपुं०) तृण इत्यादि से बना हुवा पार उतरने का साधन जैसा—घरनई इत्यादि ।

उड्डीनम् (नपुं०) पक्षी का ऊपर चलना वा उड़ना ।

उत (अव्यय) विकल्प जैसा—यह वा वह, 'भी' इस अर्थ में वा 'अपि' इस अर्थ में ।

उत (त्रि०) (तः । ता । तम्) पोयागया = ई वा सीयागया = ई । [ऊत]

उताहो (अव्यय) विकल्प जैसा—यह वा वह ।

उत् (अव्यय) ऊपर ।

उत्क (त्रि०) (त्कः । त्का । त्कम्) उत्कण्ठतचित्तवाला = ली वा अत्यन्त लालसायुक्त ।

उत्कट (त्रि०) (टः । टा । टम्) तेज वा तीखा = खी, मतवाला = ली ।

उत्कण्ठा (स्त्री) बड़ी इच्छा ।

उत्करः (पुं०) राशि वा ढेरी ।

उत्कर्षः (पुं०) प्रकर्ष वा प्रकृष्टता वा बड़ाई ।

उत्कलिका (स्त्री) उत्कण्ठा वा बड़ी इच्छा, कल्लोल वा खेलना ।

उत्कारः (पुं०) धान्यादि के साफ करने के लिये वा ओसावने के लिये पात्र दौरी इत्यादि ।

उत्क्रोशः (पुं०) कुररी एक पक्षी ।

उत्त (त्रि०) (त्तः । त्ता । त्तम्) भोदा = दी, गीला = ली ।

उत्तप्तम् (नपुं०) सूखा माँस ।

उत्तम (त्रि०) (मः । मा । मम्)

प्रधान वा श्रेष्ठ ।

उत्तमर्णः (पुं०) ऋणदेनेवाला ।

उत्तमाङ्गम् (नपुं०) मस्तक ।

उत्तर (त्रि०) (रः । रा । रम्) (त्रि०) उत्तर देश में उत्पन्न भया = ई, श्रेष्ठ वा मुख्य, (पुं० । स्त्री) उत्तर दिशा, (पुं०)विराट का पुत्र, ऊपर (स्त्री) विराट की पुत्री, (नपुं०) उत्तर वा जवाब ।

उत्तरायणम् (नपुं०) सूर्य की उत्तर दिशा में गति ।

उत्तरासङ्गः (पुं०) दुपट्टा इत्यादि वस्त्र जो काँधे पर रक्खा जाता है ।

उत्तरीयम् (नपुं०) तथा ।

उत्तरेद्युस् (अव्यय) (द्युः) अगाड़ी आनेवाला दिन ।

उत्तान (त्रि०) (नः । ना । नम्) छिछिला, उताना = नी ।

उत्तानशय (त्रि०) (यः । या । यम्) (स्त्री) छोटी लड़की, (त्रि०) उताना सूतनेवाला = ली

उत्तंसः (पुं०) कर्णफूल नाम कान का गहना, सिरपेंच ।

उत्थानम् (नपुं०) उठना वा खड़ा होना, उद्योग, कुटुम्बकार्य, सिद्धान्त, उत्तम औषध ।

उत्थित (त्रि०) (तः । ता । तम्) (त्रि०) उत्पन्न, उठा वा खड़ा हुआ = ई, वृद्धि – मान् = मती, तैयार वा उद्यत हुआ = ई ।

उत्पतिष्ट (पुं०) (ता) उड़नेवाला ।

उत्पलिष्णुः (पुं०) तथा ।

उत्पत्तिः (स्त्री) जन्म ।

उत्पन्न (त्री) (न्नः । न्ना । न्नम्) पैदा हुवा = ई ।

उत्पलम् (नपुं०) कमल, कोई फूल, कुट्ट ओषधी ।

उत्पलशारिवा (स्त्री) सरिवन ओषधी ।

उत्पातः (पुं०) उपद्रव वा उत्पात ।

उत्फुल्ल (त्रि०) (ल्लः । ल्ला । ल्लम्) फूला हुआ वृक्ष इत्यादि

उत्सः (पुं०) पानी का झरना जो पर्वत इत्यादि से निकलता है

उत्सर्जनम् (नपुं०) दान ।

उत्सवः (पुं०) उत्सव वा मङ्गल कार्य, औद्धत्य वा गर्व वा बड़ाई, कोप, इच्छा का वेग,आनन्द का समय ।

उत्सादनम् (नपुं०) नाश करना वा उखाड़ देना, उबटना जैसा तैल इत्यादि से शरीर में लेप करना ।

उत्साहः (पुं०) मन की वेग से प्रवृत्ति वा लगना ।

उत्साहनम् (नपुं०) उभाड़ना ।

उत्साहवर्द्धन (त्रि०) (नः । नी । नम्) उत्साह को बढ़ानेवाला =ली ।

उत्सुक (त्रि०) (कः । का । कम्) इष्ट अर्थ में उद्योग करनेवाला =ली ।

उत्सृष्ट (त्रि०) (ष्टः । ष्टा । ष्टम्) त्याग किया गया = ई ।

उत्सेधः (पुं०) उंचाई, शरीर ।

उदकम् (नपुं०) जल ।

उदक् (अव्यय) उत्तर दिशा वा उत्तर देश ।

उदक्या (स्त्री) रजस्वला वा रजोधर्मवती स्त्री ।

उदग्भव (त्रि०) (वः । वा । वम्) उत्तर दिशा में उत्पन्न भया = ई

उदग्र (त्रि०) (ग्रः । ग्रा । ग्रम्) उन्नत, ऊंचा = ची ।

उदजः (पुं०) पशु अर्थात् गैया इत्यादि का हाँकना ।

उदधिः (पुं०) समुद्र ।

उदन्तः (पुं०) वृत्तान्त वा समाचार ।

उदन्या (स्त्री) पिपासा वा पियास

उदन्वत् (पुं०) (न्वान्) समुद्र ।

उदपान (पुं० । नपुं०) (नः । नम्) कूप वा कूँआँ ।

उदयः (पुं०) उदय होना, वृद्धि, उदयाचल पर्वत ।

उदरम् (नपुं०) पेट ।

उदर्कः (पुं०) अगाड़ी होनेवाला फल ।

उदवसितम् (नपुं०) घर ।

उदश्वित् (नपुं०) आधा जल मिलाकर मथेहुए दही का मंठा ।

उदात्तः (पुं०) बड़ा, उदात्तस्वर ।

उदानः (पुं०) कण्ठ का वायु ।

उदारः (पुं०) दाता, बड़ा, सरल वा सूधा ।

उदासीनः (पुं०) जो न किसी का शत्रु न किसी का मित्र है ।

उदाहारः (पुं०) जिसका वर्णन करना है ऐसे उपयोगी वा उपकारक अर्थ का वर्णन वा प्रकृत वा प्रसंगोपात्त का साधक दृष्टान्तादि वा उदाहरण ।

उदित (त्रि०) (तः । ता । तम्) कहागया = ई, बाँधा हुवा = ई

उदीची (स्त्री) उत्तर दिशा ।

उदीचीन (त्रि०) (नः । ना । नम्) उत्तर दिशा में उत्पन्न भया = ई ।

उदीचीपतिः (पुं०) कुवेर ।

उदीच्य (त्रि०) (च्यः । च्या । च्यम्) उत्तर दिशा सें वा देश में उत्पन्न भई वस्तु (पुं०) श-रावती नदी से पश्चिम उत्तर का देश, (नपुं०) नेत्रवाला ओषधी ।

उदुम्बर (पुं० । नपुं०) (रः । रम्) (पुं०) गुल्लर का वृक्ष, (नपुं०) गुल्लर का फूल, ताँ-बा धातु ।

उदुम्बरपर्णी (स्त्री) वज्रदन्ती ओषधीवृक्ष । [उडुम्बरपर्णी] [ऊदुम्बरपर्णी]

उदूखलम् (नपुं०) कूटने के लिये ऊखल वा ओखरी, गुगुल का वृक्ष ।

उद्गत (त्रि०) (तः । ता । तम्) उ-त्पन्न भया = ई निकला = ली, वमन किया गया अन्नादि ।

उद्गमनीयम् (नपुं०) धोये हुए कपड़ों का जोड़ा ।

उद्गाढ (त्रि०) (ढः । ढा । ढम्) (नपुं०) अतिशय, (त्रि०) अतिशयवाला = ली ।

उद्गातृ (पुं०) (ता) यज्ञ में सामवेद का जाननेवाला ऋत्विक् ।

उद्गारः (पुं०) वमन करना ।

उद्गीथः (पुं०) सामभेद ।

उद्गूर्ण (त्रि०) (र्णः । र्णा । र्णम्) मारने के लिये उठाया खड्गादि ।

उद्ग्राहः (पुं०) टेकारना ।

उद्घः (पुं०) प्रशस्त वा प्रशंसा के योग्य ।

उद्घनः (पुं०) जिस काठ पर काठ रख के काटते हैं ।

उद्घाटनम् (नपुं०) खोलना, रहट वा एक प्रकार का पानी खींचने का यन्त्र ।

उद्घातः (पुं०) प्रारम्भ, ठोकर।

उद्दानम् (नपुं०) बन्धन ।

उद्दालः (पुं०) लिसोड़ा वृक्ष, एक ऋषि ।

उद्दालकः (पुं०) तथा ।

उद्दित (त्रि०) (तः । ता । तम्) बाँधाहुआ = ई । [उदित]

उद्द्रावः (पुं०) भागना ।

उद्धर्षः (पुं०) उत्सव ।

उद्धवः (पुं०) कृष्ण का मन्त्री, उत्सव ।

उद्धानम् (नपुं०) चूल्हा, [उ-द्ध्मानम्] [उद्धारम्]

उद्धान्त (त्रि०) (न्तः । न्ता । न्तम्) वमन कियागया अन्नादिक [उ-द्वान्त] [उद्वात]

उद्धारः (पुं०) ऋण, खींच के निकालना ।

उद्धृत (त्रि०) (तः। ता। तम्) खींच के निकाला हुआ = हुई।
उद्भवः (पुं०) जन्म वा उत्पत्ति।
उद्भिज्ज (त्रि०) (ज्जः। ज्जा। ज्जम्) पृथ्वी को फोड़ के उत्पन्न होनेवाले वृक्ष लता इत्यादि।
उद्भिदम् (नपुं०) तथा।
उद्भिद् (त्रि०) (त्-द्। त्-द्। त्-द्) तथा।
उद्भ्रमः (पुं०) उद्वेग वा घबराहट।
उद्यत (त्रि०) (तः। ता। तम्) तैयार, मारने के लिये उठाया खड्गादि।
उद्यमः (पुं०) बोझा इत्यादि का उठाना।
उद्यानम् (नपुं०) बगीचा, निकालना, प्रयोजन।
उद्योगः (पुं०) उत्साह।
उद्रः (पुं०) एक प्रकार का जलजन्तु।
उद्रवः (पुं०) तथा।
उद्वर्त्तनम् (नपुं०) उबटना वा तैलादि से मल दूर करने के लिये देह का मर्द्दन करना।
उद्वान्त (त्रि०) (न्तः। न्ता। न्तम्) विमन किया हुआ अन्नादि, (पुं०) जिस हाथी का मद निकल गया है।
उद्वासनम् (नपुं०) मारडालना।
उद्वाहः (पुं०) विवाह।
उद्वेग (पुं०। नपुं०) (गः। गम्) (पुं०) घबराहट, सुपारी का वृक्ष (नपुं०) सुपारी का फल।
उन्दुरः (पुं०) मूसा, [उन्दुरुः]
उन्न (त्रि०) (न्नः। न्ना। न्नम्) भीगा = गी।
उन्नत (त्रि०) (तः। ता। तम्) ऊंचा = ची।
उन्नद्ध (त्रि०) (द्धः। द्धा। द्धम्) गर्वित, उठाय करके बांधा गया = ई।
उन्नयः (पुं०) ऊपर लेजाना, तर्क करना।
उन्नायः (पुं०) तथा।
उन्मत्त (त्रि०) (त्तः। त्ता। त्तम्) पागल, (पुं०) धतूरा वृक्ष।
उन्मदिष्णु (त्रि०) (ष्णुः। ष्णुः। ष्णु) उन्मत्त वा सनकी।
उन्मनस् (त्रि०) (नाः। नाः। नः) उत्कण्ठित वा लालसायुक्त चित्तवाला = ली।
उन्माथः (पुं०) मृग और पक्षियों के बझाने के लिये जाल इत्यादि, मारडालना, [उन्मथः]
उन्मादः (पुं०) चित्त का बिगड़ जाना वा ठिकाने पर न रहना

उन्मादवत् (त्रि०) (वान् । वती । वत्) पागल ।
उपकण्ठः (पुं०) समीप ।
उपकारिका (स्त्री) राजा का घर ।
उपकार्या (स्त्री) तथा ।
उपकुञ्चिका (स्त्री) छोटी लाइची, कालीजीरी ओषधी ।
उपकुल्या (स्त्री) पीपर वृक्ष ।
उपक्रमः (पुं०) प्रारम्भ, प्रथम प्रारम्भ, उपायपूर्वक प्रारम्भ, मन्त्री के स्वभाव की परीक्षा का उपाय, चिकित्सा वा दवाई करना ।
उपक्रोशः (पुं०) निन्दा ।
उपगत (त्रि०) (तः । ता । तम्) अङ्गीकार किया गया = ई ।
उपगूहनम् (नपुं०) आलिङ्गन ।
उपग्रहः (पुं०) कैदी जो चोर इत्यादि को होती है ।
उपग्राह्य (त्रि०) (ह्यः । ह्या । ह्यम्) भेंट वा नजर जो राजा इत्यादि को दी जाती है ।
उपघ्नः (पुं०) समीप का आश्रय वा अवलम्ब ।
उपचरित (त्रि०) (तः । ता । तम्) जिसकी सेवा की गई ।
उपचाय्यः (पुं०) यज्ञ में एक प्रकार का अग्नि का स्थान, उस स्थान का अग्नि ।
उपचित (त्रि०) (तः । ता । तम्) वृद्धि को प्राप्त भया = ई, बढाया गया = ई, निदिग्ध में देखो ।
उपचित्रा (स्त्री) मूसाकर्णी ओषधी, एक प्रकार के छन्द का नाम ।
उपजापः (पुं०) फोड़फाड़ करना वा मिले हुवों को जुदा करना (इस शब्द को राज्यकार्य में लेना चाहिये)
उपज्ञा (स्त्री) प्रथम ज्ञान जैसा— व्याकरण पाणिनि की उपज्ञा ।
उपतप्त (त्रि०) (प्तः । प्ता । प्तम्) गरम हुवा = ई, दुःखित हुवा = ई ।
उपतप्तृ (पुं०) (प्ता) उपताप नाम रोग ।
उपतापः (पुं०) रोग ।
उपत्यका (स्त्री) पर्वत की समीप की भूमि ।
उपदा (स्त्री) उपग्राह्य में देखो ।
उपधा (स्त्री) धर्म अर्थ काम और भय से मन्त्री इत्यादिकों की परीक्षा करना ।
उपधानम् (नपुं०) सिर के नीचे रखने की तकिया ।
उपधिः (पुं०) कपट ।

उपनाहः (पुं०) जहाँ वीणा का तार बाँधा जाता है उसके ऊपर की जगह ।

उपनिधिः (पुं०) धरोहर ।

उपनिषद् (स्त्री) (त्—द्) धर्म, एकान्त, वेदान्त ।

उपनिष्करम् (नपुं०) पुर से निकलने का मार्ग ।

उपन्यासः (पुं०) वचन का प्रारम्भ ।

उपपतिः (पुं०) स्त्री का जार वा यार ।

उपबर्हः (पुं०) माथे के नीचे रखने को तकिया ।

उपभृत् (स्त्री) एक प्रकार का स्रुवा जिससे अग्नि में घृत डालते हैं ।

उपभोगः (पुं०) सुखादि का उपभोग ।

उपम (त्रि०) (मः । मा । मम्) सदृश वा तुल्य—इसका विशेष अर्थ प्रतीकाश में देखो ।

उपमा (स्त्री) सादृश्य वा तुल्यता

उपमातृ (स्त्री) (ता) धाय ।

उपमानम् (नपुं०) जिससे उपमा दी जाती है वह पदार्थ ।

उपयमः (पुं०) विवाह ।

उपयामः (पुं०) तथा ।

उपरक्त (त्रि०) (क्तः । क्ता । क्तम्) (त्रि०) क्लेश से पीड़ित, प्रतिबिम्बित वा जिसका प्रतिबिम्ब पड़ा है (पुं०) राहुग्रस्त चन्द्र वा सूर्य ।

उपरक्षणम् (नपुं०) पहरा देना ।

उपरतिः (स्त्री) रुक जाना, समीप में क्रीड़ा ।

उपरमः (पुं०) रोक देना, रुक जाना, समीप में क्रीड़ा ।

उपरागः (पुं०) सूर्य चन्द्र का ग्रहण, प्रतिबिम्ब जैसा—दर्पण में मुख का वा पानी इत्यादि में मुख इत्यादि का, प्रतिबिम्ब पड़ना ।

उपरामः (पुं०) उपरम में देखो ।

उपरि (अव्यय) ऊपर ।

उपल (पुं० । स्त्री) (लः । ला) (पुं०) पत्थर, रत्न, (स्त्री) सिकटी ।

उपलब्धार्था (स्त्री) आख्यायिका में देखो ।

उपलब्धिः (पुं०) लाभ, बुद्धि ।

उपलम्भः (पुं०) साक्षात्कार वा प्रत्यक्ष ।

उपला (स्त्री) चीनी, बालू ।

उपवनम् (नपुं०) लगाये हुये वृक्षों का बगीचा ।

उपवर्तनम् (नपुं०) देश, स्थान ।

उपवासः (पुं०) उपवास वा भोजनाभाव वा भूखा रहना ।

उपविषा (स्त्री) अतीस ओषधी ।

उपवीतम् (नपुं०) जनेऊ ।

उपशल्यम् (नपुं०) ग्राम इत्यादि का समीप देश ।

उपशायः (पुं०) पहरूदार इत्यादि का पारी से सूतना ।

उपश्रुत (त्रि०) (तः । ता । तम्) अङ्गीकार कियागया = ई ।

उपसम्पन्न (त्रि०) (न्नः । न्ना । न्नम्) रसादि करके वा पाक करके संस्कृत व्यञ्जनादिक, प्रमीत में देखो ।

उपसरः (पुं०) प्रथम गर्भग्रहण ।

उपसर्गः (पुं०) उत्पात वा उपद्रव, प्र परा इत्यादि जो धातु के पूर्व में बोले जाते हैं ।

उपसर्जनम् (नपुं०) अप्रधान वा असुख्य ।

उपसर्या (स्त्री) वह गैया जो बरदाने के योग्य है ।

उपसूर्यकम् (नपुं०) चन्द्र और सूर्य के चारो ओर जो मण्डल पड़ता है ।

उपसंव्यानम् (नपुं०) अधोवस्त्र धोती इत्यादि ।

उपस्करः (पुं०) वेसवार में देखो

उपस्थः (पुं०) स्त्री वा पुरुष का मूत्रद्वार ।

उपस्पर्शः (पुं०) जलादि का आचमन ।

उपहारः (पुं०) उपग्राह्य में देखो ।

उपह्वरम् (नपुं०) एकान्त पास ।

उपाकरणम् (नपुं०) वेद के पाठ के आरम्भ का एक प्रकार का विधि अर्थात् उपनयनसंस्कारपूर्वक वेद का ग्रहण ।

उपाकृतः (पुं०) जो पशु वेदमन्त्र से अभिमन्त्रित करके मारा गया ।

उपात्ययः (पुं०) क्रम का उल्लङ्घन ।

उपादानम् (नपुं०) ग्रहण करना, इन्द्रियों का आकर्षण ।

उपाधिः (पुं०) उपनाम वा खिताब, पदार्थ का धर्म, कुटुम्ब पालन में तत्पर ।

उपाध्यायः (पुं०) पढ़ानेवाला ।

उपाध्याया (स्त्री) पढ़ानेवाली स्त्री

उपाध्यायानी (स्त्री) पढ़ानेवाले की स्त्री ।

उपाध्यायी (स्त्री) पढ़ानेवाली स्त्री, पढ़ाने वाले की स्त्री ।

उपानह् (स्त्री) (त्-द्) पैर का जूता ।

उपायः (पुं०) साम दान भेद और दण्ड ये चार उपाय हैं कहीं कहीं तीन और उसमें मिलाते हैं जैसा,—माया उपेक्षा और इन्द्रजाल ये मिल कर सात उपाय कहलाते हैं।

उपायनम् (नपुं०) उपग्राह्य में देखो।

उपालम्भः (पुं०) धिक्कारना (वह दो प्रकार का है, १ स्तुतिपूर्वक, २ निन्दापूर्वक, पहिला जैसा—महाकुलीन जो तुम हो सो तुमको यह उचित है? दूसरा जैसा,—कुलटा पुत्र जो तू है सो तुझे यह उचितही है)

उपावृत्तः (पुं०) श्रम के दूर होने के लिए भूमि पर लोटा हुआ घोड़ा।

उपासङ्गः (पुं०) बाण का घर वा तरकस।

उपासनम् (नपुं०) सम्मुख बैठना वा शुश्रूषा करना, बाण चलाने का अभ्यास।

उपासना (स्त्री) तथा।

उपासित (त्रि०) (तः। ता। तम्) जिसको उपासना वा शुश्रूषा वा सेवा की गई।

उपाहित (त्रि०) (तः। ता। तम्) (पुं०) आकाशादिक में अग्निविकार (त्रि०) संयोजित में देखो।

उपांशु (अव्यय) मौन, एकान्त।

उपेन्द्रः (पुं०) वामनावतार विष्णु।

उपोदिका (स्त्री) पोय की साग [उपादिका]

उपोद्घातः (पुं०) ग्रन्थ के प्रारम्भ में जो कुछ ग्रन्थ के विषय में लिखते हैं जिसको ग्रन्थ की भूमिका भी कहते हैं, उदाहरण।

उपोषणम् (नपुं०) उपवास वा भोजन न करना।

उपोषित (त्रि०) (तः। ता। तम्) जिसने उपवास किया है (नपुं०) उपवास।

उप्तकृष्ट (त्रि०) (ष्टः। ष्टा। ष्टम्) पहिले बोया गया पीछे जोता गया खेत इत्यादि।

उभ, द्विवचनान्त (त्रि०) (भौ। भे। भे) दो।

उभय (पुं०। नपुं) पुल्लिङ्ग में इस शब्द का द्विवचन किसी के मत में नहीं होता और किसी के मत में होता है (यः। यम्) दो अवयव वाला वा दोनों, ('दोनों'–यह अर्थ प्रायः नपुं-

सक में होता है)
उभयद्युस् (अव्यय) (द्युः) दो दिन
उभयेद्युस् (अव्यय) (द्युः) तथा ।
उमा (स्त्री) पार्वती, तीसी वृक्ष वा फल वा दाना ।
उमापतिः (पुं०) शिव ।
उम् (अव्यय) प्रश्न में । [ऊम्]
उम्यम् (नपुं०) तीसो का खेत ।
उरगः (पुं०) सर्प [उरङ्गः]
उरणः (पुं०) बकरा ।
उरणाक्षः (पुं०) चकवड़ वा पुआड़ वृक्ष ।
उरणाख्यः (पुं०) तथा ।
उरभ्रः (पुं०) बकरा ।
उररी (अव्यय) अङ्गीकार, विस्तार।
उररीकृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) अङ्गीकार कियागया = ई ।
उरश्छदः (पुं०) कवच ।
उरस् (नपुं०) (रः) छाती वा वक्षःस्थल ।
उरसिल (त्रि०) (लः । ला । लम्) बड़ी छाती वाला = ली ।
उरस्य (पुं० । स्त्री) (स्यः । स्या) विवाहिता सवर्णा स्त्री में उत्पन्न लड़का वा लड़की ।
उरस्वत् (त्रि०) (स्वान् । स्वती । स्वत्) बड़ी छाती वाला = ली
उरस्सूत्रिका (स्त्री) मोतियों की बनी ललंतिका वा एक प्रकार का हार ।
उरीकृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) अङ्गीकार कियागया = ई ।
उरु (त्रि०) (रुः । रुः--र्वी । रु) विस्तीर्ण वा बड़ा = ड़ी ।
उरुवुकः (पुं०) रेंड़ [उरुवूकः]
उर्वरा (स्त्री) सब धान्य से युक्त भूमि ।
उर्वशी (स्त्री) एक स्वर्ग की वेश्या।
उर्वारुः (स्त्री) ककड़ी ।
उर्वी (स्त्री) पृथिवी ।
उलपः (पुं०) शाखा पत्रादिकों का जिस में समूह है ऐसी लता, बगई वृक्ष ।
उलूकः (पुं०) उल्लू पक्षी ।
उलूखलम् (नपुं०) ऊखल वा ओखरी जिस में धान इत्यादि कूटा जाता है ।
उलूखलकम् (नपुं०) गुग्गुल वृक्ष ।
उलूपिन् (पुं०) (पी) सुइंस मत्स्य
उल्का (स्त्री) तेज का समूह वा लुक ।
उल्मुकम् (नपुं०) जलता वा बुता आगका लुकेठा ।
उल्लाघ (त्रि०) (घः । घा । घम्) निरोग वा बीमारी से अच्छा हुआ = ई ।

उल्लोचः (पुं०) कपड़ा इत्यादि से बना चंदवा ।
उल्लोलः (पुं०) जलका बड़ा तरङ्ग
उल्बम् (नपुं०) जरायु में देखो, (कोई कहते हैं कि यह वीर्य और रुधिर के समूह का वा उनके मेल का नाम है)
उल्बण (त्रि०) (णः। णा। णम्) स्पष्ट वा प्रकाश ।
उशनस् (पुं०) (ना) शुक्र वा दैत्यगुरु ।
उशीर (पुं०।नपुं०) (रः। रम्) खस वा गाँडर की जड़ ।
उषणा (स्त्री) पीपर एक प्रकार की तीती ओषधी । [ऊषणा]
उषर्बुधः (पुं०) अग्नि ।
उषस् (नपुं०) (षः) प्रातःकाल।
उषा (स्त्री । अव्यय) (षा।षा) (स्त्री) बटलोही वा दाल भात इत्यादि पकाने का बर्तन (अव्यय) रात्रि की समाप्ति ।
उषापतिः (पुं०) अनिरुद्ध वा कामदेव का पुत्र ।
उषित (त्रि०) (तः। ता। तम्) वास किया गया = ई, वा टिकागया = ई, जलायागया = ई ।
उष्ट्रः (पुं०) ऊंट ।
उष्ण (त्रि०) (ष्णः। ष्णा। ष्णम्) गरम, चतुर, (पुं०) जेठ और असाढ़ महीने का ऋतु ।
उष्णरश्मिः (पुं०) सूर्य ।
उष्णिका (स्त्री) लपसी ।
उष्णीषः (पुं०) पगड़ी, किरीट ।
उष्णोपगमः (पुं०) जेठ और असाढ़ का ऋतु ।
उष्मकः (पुं०) तथा ।
उस्रः (पुं०) किरण ।
उस्रा (स्त्री) गैया ।

—०※०—

(ऊ)

ऊः (पुं०) लक्षण, रक्षण, ब्रह्म ।
ऊत (त्रि०) (तः। ता। तम्) पोया वा सीयागया = ई ।
ऊधस् (नपुं०) (धः) गैया के स्तन का आधार वा ओहा ।
ऊनः (पुं०) थोड़ा, कम ।
ऊम् (अव्यय) प्रश्न में ।
ऊररी (अव्यय) अङ्गीकार, विस्तार
ऊरव्यः (पुं०) वैश्य ।
ऊरी (अव्यय) अङ्गीकार, विस्तार
ऊरीकृत (त्रि०) (तः। ता। तम्)

अङ्गीकार कियागया = ई ।

ऊरुः (पुं०) घुटने के ऊपर का भाग अर्थात् जङ्घा ।

ऊरुजः (पुं०) वैश्य ।

ऊरुपर्वन् (नपुं०) (र्व) पैर का घुटना ।

ऊर्जः (पुं०) कार्तिक महीना ।

ऊर्जस्वलः (पुं०) अत्यन्त पराक्रम-वाला ।

ऊर्जस्विन् (पुं०) (स्वी) तथा ।

ऊर्णनाभः (पुं०) मकड़ी ।

ऊर्णा (स्त्री) भेंड़ी का बार, दोनो भौँ के बीच की बार की भौँरी ।

ऊर्णायुः (पुं०) कम्बल, बकरा ।

ऊर्व्वकः (पुं०) यव के सदृश जिसका मध्य है ऐसा मृदङ्ग ।

ऊर्ध्वजानु (त्रि०) (नुः । नुः । नु) ऊंची जङ्घा वाला = ली ।

ऊर्ध्वज्ञ (त्रि०) (ज्ञः । ज्ञा । ज्ञम्) तथा ।

ऊर्ध्वज्ञु (त्रि०) (ज्ञुः । ज्ञुः । ज्ञु) तथा ।

ऊर्म्मि (पुं० । स्त्री) (र्म्मिः । र्म्मि—र्म्मी) पानी की लहर वा तरङ्ग ।

ऊर्म्मिका (स्त्री) हाथ की अंगूठी ।

ऊर्म्मिमत् (त्रि०) (मान् । मती । मत्) लहरयुक्त, वक्र वा टेढ़ा = ढ़ी ।

ऊर्वी (स्त्री) भूमि ।

ऊषः (पुं०) खारी मट्टी ।

ऊषणम् (नपुं०) मिरिच [उषणम्]

ऊषर (त्रि०) (रः । रा । रम्) ऊसर अर्थात् जिस खेत इत्यादि में अन्न न उत्पन्न हो ।

ऊषवत् (त्रि०) (वान् । वती । वत्) तथा ।

ऊषा (स्त्री) अनिरुद्ध की स्त्री ।

ऊष्मकः (पुं०) जेठ और असाढ़ का ऋतु ।

ऊष्मागमः (पुं०) तथा ।

ऊहः (पुं०) तर्क ।

—***—

(ऋ)

ऋ (स्त्री) (आ—री) देवों की माता ।

ऋक्थम् (नपुं०) धन ।

ऋक्ष (पुं० । नपुं०) (क्षः । क्षम्) (पुं०) भालू, सोनापाढ़ा, (नपुं०) अश्विन्यादि तारा ।

ऋचगन्धा (स्त्री) वृद्धदारक औषधी ।

ऋचगन्धिका (स्त्री) काला भुंई-कोंहड़ा ।

ऋच् (स्त्री (क्-ग्) वेद की ऋचा, ऋग्वेद ।

ऋजीषम् (नपुं०) तावा वा कड़ाही अथवा रोटी वा तरकारी बनाने का बर्तन [ऋचीषम्]

ऋजु (त्रि०) (जुः । जुःज्वी । जु) सूधा = धी ।

ऋणम् (नपुं०) ऋण वा कर्ज़ ।

ऋत (त्रि०) (तः । ता । तम्) सच्चा बोलने वाला = ली(नपुं०) सच्चा वचन इत्यादि, उञ्छशिल-वृत्ति अर्थात् पूर्वकाल में ऋषि लोगों की एक प्रकार की जीविका ।

ऋतीया (स्त्री) घिन करना, निन्दा करना, दया करना ।

ऋतुः (पुं०) वसन्तादि ६ ऋतु, माघ फागुन का महीना, स्त्री का रज ।

ऋतुमती (स्त्री) रजस्वला स्त्री ।

ऋते (अव्यय) विना ।

ऋत्विज् (पुं०) (क्-ग्) याजक में देखो ।

ऋद्ध (त्रि०) (द्धः । द्धा । द्धम्) समृद्ध वा धनदौलतवाला वा सम्पत्तिवाला = ली (नपुं०) तृण इत्यादि के दूर करने से साफ किया हुआ अन्न ।

ऋद्धिः (स्त्री) समृद्धि वा सम्पत्ति, सिद्धिनामक वा वृद्धिनामक औषध ।

ऋभुः (पुं०) देवता ।

ऋभुक्षिन् (पुं०) (क्षाः) इन्द्र ।

ऋषभः (पुं०) बैल, ऋषभनामक स्वरविशेष जिस स्वर से गाय बोलती है, ऋषभनामक औषध, पुङ्गव में देखो (पुङ्गव शब्द की नाईं इस शब्द का भी प्रयोग होता है)

ऋषिः (पुं०) ऋषि ।

ऋष्टिः (स्त्री) एक प्रकार की तरवार ।

ऋष्यः (पुं०) एक प्रकार का मृग जो बहुत जल्दी दौड़ता है । [ऋश्यः]

ऋष्यकेतुः (पुं०) कामदेव, अनिरुद्ध । [ऋश्यकेतुः]

ऋष्यगन्धा (स्त्री) वृद्धदारक औषधी ।

ऋष्यप्रोक्ता (स्त्री) केवाँच, सतावर ।

—*—

(ॠ)

ॠ (अव्यय) वाक्यारम्भ में,

ॠः (स्त्री) दानवों की माता अर्थात् दनु, देवों की माता अर्थात् अदिति ।

—⁂—

(ऌ)

ऌ (अव्यय) पृथिवी, पर्वत ।

ऌ (स्त्री) (आ) देवजातियों की माता ।

—⁂—

(ॡ)

ॡ (अव्यय) देवाङ्गना ।

ॡः (स्त्री) माता वा जननी ।

—⁂—

(ए)

एः (पुं०) विष्णु ।

एक (त्रि०) (कः । का । कम्) एक, मुख्य वा प्रधान, दूसरा = री, अकेला = ली ।

एकक (त्रि०) (ककः । किका । ककम्) अकेला = ली ।

एकतान (त्रि०) (नः । ना । नम्) एकाग्र वा तत्पर ।

एकतालः (पुं०) नृत्य गीत और वाद्य इनकी समता ।

एकदन्तः (पुं०) गणेश ।

एकदा (अव्यय) एक समय में ।

एकदृष्टिः (पुं०) कौवा पक्षी ।

एकधुर (त्रि०) (रः । रा । रम्) एक बोझा का ढोनेवाला = ली

एकधुरावह (त्रि०) (हः । हा । हम्) तथा ।

एकधुरीण (त्रि०) (णः । णा । णम्) तथा ।

एकपदी (स्त्री) रस्ता वा पगडंडी

एकपिङ्गः (पुं०) कुवेर ।

एकसर्ग (त्रि०) (र्गः । र्गा । र्गम्) एकाग्र वा तत्पर ।

एकहायनी (स्त्री) एक बरस की गैया इत्यादि ।

एकाकिन् (त्रि०) (की । किनी । कि) अकेला = ली ।

एकाग्र (त्रि०) (ग्रः । ग्रा । ग्रम्) एकाग्र वा तत्पर, स्वस्थचित्त ।

एकाग्र्य (त्रि०) (ग्र्यः । ग्र्या । ग्र्यम्) तथा ।

एकान्त (त्रि०) (न्तः । न्ता । न्तम्) अतिशय वा अत्यन्त (इस लिङ्ग में यह शब्द द्रव्यवाची है) (नपुं०) अतिशय वा अत्यन्त (इस लिङ्ग में अद्रव्यवाची है) (त्रि०) एकान्त वा अकेला गृह इत्यादि ।

एकाब्दा (स्त्री) एक बरस की ।

एकायन (त्रि०) (नः । ना । नम्) एकाग्र वा तत्पर ।

एकायनगत (त्रि०) (तः । ता । तम्) तथा ।

एकावली (स्त्री) एक लड़ का हार ।

एकाष्ठीलः (पुं०) गुम्मा भाजी ।

एकाष्ठीला (स्त्री) सोनापाढ़ा ।

एड (त्रि०) (डः । डा । डम्) बहिरा = री ।

एडक (पुं० । नपुं०) (कः । कम्) (पुं०) भेंड़ा, (नपुं०) झाड़ इत्यादि की भीत ।

एडगजः (पुं०) पुआड़ वा चकवड़ वृक्ष ।

एडमूक (त्रि०) (कः । का । कम्) बोलने और सुनने में अशिक्षित वा मूर्ख, बहिरा = री गूंगा = गी ।

एडुकम् (नपुं०) झाड़ इत्यादि की भीत ।

एडूकम् (नपुं०)तथा । [एडोकम्]

एण (पुं० । स्त्री) (णः । णी । (पुं०) वह मृग जिसके आँख की कवि लोग उपमा देते हैं (स्त्री) मृगी ।

एत (त्रि०) (तः । ता । तम्) (पुं०) चितकबरा रङ्ग, (त्रि०) चितकबरा रङ्गवाला = ली ।

एतर्हि (अव्यय) इस घड़ी ।

एधः (पुं०) आग जलाने के लिए तृण काष्ठ इत्यादि ।

एधस् (नपुं०) (धः) तथा ।

एधा (स्त्री) उपचय वा वृद्धि ।

एधित (त्रि०) (तः । ता । तम्) वृद्धि को प्राप्त भया = ई ।

एनस् (नपुं०) (नः) पाप ।

एरण्डः (पुं०) रेंड वृक्ष ।

एर्वारुः (स्त्री) ककड़ी फल ।

एलगजः (पुं०) पुआड़ वा चकवड़ वृक्ष ।

एला (स्त्री) बड़ी लाइची ।

एलापर्णी (स्त्री) एलापर्णी लता-

विशेष ।

एलाबालुकम् (नपुं०) बालुका-नाम गन्धद्रव्य ।

एव (अव्यय) अवधारण वा निश्चय-पूर्वक ज्ञान ।

एवम् (अव्यय) तुल्यता, इस प्रकार से, अङ्गीकार, अवधारण ।

एषणिका (स्त्री) तौलने का काँटा

—०००—

(ऐ)

ऐः (पुं०) शिव ।

ऐकागारिकः (पुं०) चोर ।

ऐङ्गुदम् (नपुं०) इङ्गुदी वृक्ष का फल ।

ऐण (त्रि०) (णः । णी । णम्) मृग का चमड़ा हाड़ मास इत्यादि ।

ऐणेय (त्रि०) (यः । यी । यम्) मृगी का चमड़ा हाड़ मास इत्यादि ।

ऐतिह्यम् (नपुं०) परम्परा से जो सुन पड़ता चला आता है ।

ऐन्द्रियक (त्रि०) (कः । का । कम्) इन्द्रिय से ग्रहण करने के योग्य ।

ऐन्द्री (स्त्री) पूर्वदिशा, इन्द्रश-क्तिदेवता ।

ऐरावणः (पुं०) इन्द्र का हाथी ।

ऐरावतः (पुं०) इन्द्र का हाथी, नारङ्गी फल ।

ऐरावती (स्त्री) बिजुली ।

ऐलविलः (पुं०) कुवेर ।

ऐलेयम् (नपुं०) बालुकानामक गन्धद्रव्य ।

ऐशानीपतिः (पुं०) शिव ।

ऐश्वर्यम् (नपुं०) अणिमादि आठ प्रकार की सिद्धि ।

ऐषमस् (अव्यय) (मः) वर्तमान वर्ष ।

—***—

(ओ)

ओ (पुं०) (औः) ब्रह्मा ।

ओकस् (पुं० । नपुं) (काः । कः) (पुं०) आश्रय वा अवलम्ब, (नपुं०) घर ।

ओघः (पुं०) समूह, जल का त-

रखा, द्रुत (चलता अर्थात् शी-घ्रतायुक्ततालवाला) नृत्य वाद्य गीत ।

ओङ्कारः (पुं०) ओङ्कार, ब्रह्मा, शेषनाग ।

ओजस् (नपुं०) (जः) बल, प्रकाश ।

ओड्रपुष्पम् (नपुं०) उड़हुल का फूल

ओतुः (पुं०) बिलार वा बिल्ली ।

ओदन (पुं० । नपुं०) (नः । नम्) भात ।

ओम् (अव्यय) अङ्गीकार अर्थ में ।

ओषः (पुं०) दाह ।

ओषधी (स्त्री) फल पकने पर जिस वृक्ष का नाश होजाय वह वृक्ष जैसा,—जव गेंहूं इत्यादि अन्न, ओषधी वा दवाई ।

ओषधीशः (पुं०) चन्द्रमा ।

ओष्ठः (पुं०) ओंठ वा मुख का एक अंग ।

—***—

(औ)

औः (पुं०) आश्चर्य, सर्प ।

औक्षकम् (नपुं०) बैलों का झुंड ।

औचिती (स्त्री) योग्यता ।

औचित्यम् (नपुं०) तथा ।

औत्तानपादिः (पुं०) उत्तानपाद-नामक एक राजा का पुत्र जिस का नाम ध्रुव है ।

औत्सुक्यम् (नपुं०) उत्कण्ठा ।

औदनिकः (पुं०) रसोंईदार ।

औदरिक (त्रि०) (कः । का । कम्) "आद्यून" में देखो ।

औदुम्बरम् (नपुं०) गुल्लर वृक्ष का फल, ताँबा धातु ।

औपगवकम् (नपुं०) गैया के रक्षकों के सन्तति का समूह ।

औपयिक (त्रि०) (कः । की । कम्) न्याय से च्युत नहीं वा न्याय के सदृश ।

औपवस्तम् (नपुं०) उपवास ।

औरभ्रकम् (नपुं०) भेड़ों का झुंड ।

औरस (पुं० । स्त्री) (सः । सी) विवाहिता जो सवर्णा स्त्री उससे उत्पन्न बेटा =टी ।

औरस्य (पुं० । स्त्री) (स्यः । स्या) तथा ।

और्द्ध्वदेहिक (त्रि०) (कः । की । कम्) मरण दिन से ले दस दिन पर्य्यन्त जो मृत के निमित्त पिण्डादि का दान [औ-

ई दैहिक]
और्वः (पुं०) समुद्र का बड़वाग्नि।
औलूक्यः (पुं०) वैशेषिक में देखो।
औशीर (पुं० । नपुं०) (रः । रम्) (पुं०) चंवर का दण्ड (नपुं०) शयन और आसन, (किसी के मत में यह शब्द पृथक् २ शयन और आसन का वाचक है)
औषधम् (नपुं०) औषध वा दवाई।
औष्ट्रकम् (नपुं०) ऊंटों का झुंड।

—※※—

(क)

क (पुं० । नपुं०) (कः । कम्) (पुं०) कौन, वायु, ब्रह्मा, सूर्य (नपुं०) कौन, सिर, जल, सुख
ककुद (पुं० । नपुं०) (दः । दम्) राजचिन्ह अर्थात् राजा का छत्र चमर इत्यादि, बैल के पीठ पर जो पिंड के सदृश रहता है वह वा बैल का डील, प्रधानता।
ककुद्मती (स्त्री) कमर।
ककुभः (पुं०) वीणा का तुम्बा, अर्जुन वृक्ष।
ककुभ् (स्त्री) (प्-ब्) पूर्वादि दिशा।
कक्कोलकम् (नपुं०) गहुला फल वा कंकोल।
कक्षः (पुं०) काँख वा बगल, तृण वा घास, लता।
कक्ष्या (स्त्री) 'दूष्या' में देखो, राजा की डेवढ़ी, स्त्रियों के कमर का गहना जिसका नाम 'काञ्ची' 'मेखला' और 'क्षुद्रघंटिका' भी है, हाथियों के मध्यशरीर का बन्धन उसको 'वरत्रा' भी कहते हैं।
कङ्कः (पुं०) कंकहड़ा पक्षी जिसका पर तीर में लगाते हैं, (इसी लिये बाण 'कङ्कपत्र' कहा जाता है)
कङ्कटकः (पुं०) योद्धों के पहिनने का कवच।
कङ्कणम् (नपुं०) हाथ का गहना जिसको 'कङ्गन' कहते हैं।
कङ्कणी (स्त्री) घुंघुरू, [किङ्किणिः] [किङ्किणी]
कङ्कतिका (स्त्री) बाल साफ करने की कंगही।
कङ्कालः (पुं०) शरीर के हड्डी का ठाट।
कङ्कोलकम् (नपुं०) गहुला फल।

कङ्गुः (स्त्री) ककुनी अन्न जिसको टंगुनी वा कांक भी कहते हैं।

कचः (पुं०) केश वा बाल, वृहस्पति का पुत्र।

कचपाशः (पुं०) केशों का समूह ।

कच्चर (त्रि०) (रः । रा । रम्) मलिन ।

कच्चित् (अव्यय) प्रश्न वा पूछने अर्थ में ।

कच्छः (पुं०) अधिक जलयुक्त देश, तुन्न वृक्ष, काछा ।

कच्छपः (पुं०) कछुवा जलजन्तु, एक प्रकार का निधि ।

कच्छपी (स्त्री) कछुई, सरस्वती की वीणा ।

कच्छुर (त्रि०) (रः । रा । रम्) जिसको ओदो खजुली का रोग है ।

कच्छुरा (स्त्री) जवासा वा हिंगुवा नाम एक कांटा का वृक्ष ।

कच्छूः (स्त्री) ओदी खजुली ।

कञ्चुकः (पुं०) सांप की केंचुली, योद्धा लोगों का युद्ध के समय पहिरने का चोलना ।

कञ्चुकिन् (पुं०) (की) राजों किहां के डेवढ़ीदार "सौविद" में देखो, सर्प।

कटः (पुं०) हाथी का गण्डस्थल, ग्मर, कमर के दोनों बगल, डिबिया, हाथी का गाल ।

कटक (पुं० । नपुं०) (कः । कम्) "आवापक" में देखो, पर्वत का मध्य भाग, पर्वत का पीछा, कड़ा नाम हाथ का भूषण, चक्र ।

कटभी (स्त्री) मालकंगुनी ।

कटम्बरा (स्त्री) कुब्जप्रसारिणी वृक्ष, कटुकी वृक्ष ।

कटम्भरा (स्त्री) तथा ।

कटाक्षः (पुं०) नेत्रों के कोने, नेत्रों के कोनों से देखना ।

कटाहः (पुं०) कड़ाहा, खप्पड़, खपड़ा, कछुवा की पीठ, दाल, पंड़वा वा भैंस का बच्चा।

कटिः (स्त्री) कमर, [कटी] "प्रोथ" में देखो ।

कटिप्रोथौ, द्विवचन (पुं०) 'प्रोथ' में देखो ।

कटु (त्रि०) (टुः । टुः-ट्वी । टु) तीखा वा तेज़, कड़ुई वस्तु, (पुं०) कड़ुआ रस, (नपुं०) करने के अयोग्य कार्य, (स्त्री) ईर्ष्या वा डाह (स्त्री) कुटकी ।

कटुतुम्बी (स्त्री) कड़ुआ तुम्बा ।

कटुरोहिणी (स्त्री) कुटकी ।

कट्फलः (पुं०) कायफल नाम एक वृक्ष का फल ।

कट्वङ्गः (पुं०) सोनापाढ़ा ।
कठिञ्जरः (पुं०) कठसरैया पुष्पवृक्ष ।
कठिन (त्रि०) (नः । ना । नम्) कठोर वा कड़ा = ड़ी ।
कठिल्लकः (पुं०) करैला तरकारी [कटिल्लकः]
कठोर (त्रि०) (रः । रा । रम्) कठोर वा कड़ा = ड़ी ।
कडङ्गरः (पुं०) भूसा [कडङ्करः]
कडम्बः (पुं०) भाजी का डंठा ।
कडार (त्रि०) (रः । रा । रम्) (पुं०) कपिल रङ्ग जैसा तृण के अग्नि का होता है, (त्रि०) कपिलरङ्गवाला = ली ।
कडुरा (स्त्री) केवाँच वृक्ष ।
कणः (पुं०) अत्यन्त सूक्ष्म, धान्य का टुकड़ा जैसा तण्डुलकण ।
कणा (स्त्री) जीरा, पीपर ।
कणिका (स्त्री) जयपर्णी वा अरणी अर्थात् अगेथू ।
कणिशम् (नपुं०) जव इत्यादि की वाल ।
कण्टक (पुं० । नपुं०) (कः । कम्) सूई का अग्र, रोमाञ्च, काँटा, छोटा शत्रु ।
कण्टकफलः (पुं०) कटहर [कण्टकिफलः]
कण्टकारिका (स्त्री) भटकटैया एक कंटैली लता, भटकटैया का फल ।
कण्ठः (पुं०) कण्ठ वा गला ।
कण्ठभूषा (स्त्री) कण्ठा नाम गले का गहना ।
कण्ठीरवः (पुं०) सिंह ।
कण्डूः (स्त्री) सूखी खजुली रोग । [कण्डुः]
कण्डूया (स्त्री) तथा ।
कण्डूरा (स्त्री) केवाँच वृक्ष [कण्डुरा]
कण्डोलः (पुं०) झाँपी ।
कण्डोलवीणा (स्त्री) किंगरी बाजा [कण्डोली]
कण्वः (पुं० । नपुं०) (ण्वः । ण्वम्) (पुं०) एक ऋषि, (नपुं०) तण्डुलादि द्रव्य से बना मद्य का बीज [किण्वम्]
कत्तृणम् (नपुं०) रोहिस एक प्रकार का घास ।
कथा (स्त्री) कादम्बरी इत्यादि कथा वा कहानी ।
कदध्वन् (पुं०) (ध्वा) खराब रास्ता ।
कदम्ब (पुं० । नपुं०) (म्बः । म्बम्) (पुं०) कदम्ब वृक्ष,

(नपुं०) समूह वा झुण्ड ।
कदम्बक (पुं० । नपुं०) (कः । कम्) (पुं०) सरसों, (नपुं०) समूह वा झुण्ड ।
कदम्बिनी (स्त्री) मेघों की पंक्ति ।
कदरः (पुं०) सपेद खैर ।
कदर्य (त्रि०) (र्यः । र्या । र्यम्) सूम ।
कदलम् (नपुं०) केला का फल ।
कदली (स्त्री) केला का वृक्ष एक प्रकार का हरिण जिस के खाल का मृगचर्म बनता है ।
कदाचित् (अव्यय) कदाचित् वा कभी ।
कदुष्ण (त्रि०) (ष्णः । ष्णा । ष्णम्) थोड़ा गरम वस्तु, (नपुं०) थोड़ा गरम ।
कद्रु (त्रि०) (द्रुः । द्रुः । द्रु) जिस वस्तु का सोना के सदृश रङ्ग है, (पुं०) सोना के सदृश रङ्ग, (स्त्री) नागों की माता ।
कद्वद (त्रि०) (दः । दा । दम्) निन्दित बोलनेवाला = ली ।
कनक (पुं० । नपुं०) (कः । कम्) (पुं०) धतूरा वृक्ष, (नपुं०) सुवर्ण वा सोना ।
कनकालुका (स्त्री) पानी की झारी ।
कनकाह्वयः (पुं०) धतूरा वृक्ष ।
कनिष्ठ (त्रि०) (ष्ठः । ष्ठा । ष्ठम्) अत्यन्त छोटा, अत्यन्त जवान, (पुं०) छोटा भाई, (स्त्री) हाथ के अंगुलियों में से सब से छोटी अंगुली ।
कनीनिका (स्त्री) आँख की पुतली ।
कनीयस् (त्रि०) (यान् । यसी । यः) अत्यन्त जवान, अत्यन्त छोटा (पुं०) छोटा भाई, ।
कन्था (स्त्री) कथरी ।
कन्दः (पुं०) कमल का कन्द, सूरन तरकारी, गुद्दादार वृक्ष की जड़ ।
कन्दर (पुं० । स्त्री) (रः । रा) पर्वत की कन्दरा वा गुहा ।
कन्दरालः (पुं०) अखरोट मेवा, गेठी वृक्ष ।
कन्दर्पः (पुं०) कामदेव ।
कन्दली (स्त्री) एक प्रकार का मृग जिसके खाल का मृगचर्म बनता है ।
कन्दु (त्रि०) (न्दुः । न्दुः । न्दु) मद्य बनाने का पात्र ।
कन्दुकः (पुं०) गेंदा ।
कन्धरा (स्त्री) गरदन ।
कन्या (स्त्री) प्रथम वय वाली

स्त्री वा अविवाहिता स्त्री वा लड़की, राशिविशेष अर्थात् कन्या राशि।
कपट (पुं०। नपुं०) छल।
कपर्द्दः (पुं०) शिव के जटा का जूड़ा।
कपर्दिन् (पुं०) (र्दी) शिव।
कपाट (त्रि०) (टः। टी। टम्) केवाड़ा [कवाट]
कपाल (पुं०। नपुं०) (लः। लम्) सिर की खोपड़ी, घट का अवयव खपड़ा वा खप्पर।
कपालभृत् (पुं०) शिव।
कपिः (पुं०) वानर।
कपिकच्छुः (स्त्री) केवाँच। [कपिकच्छूः]
कपिञ्जलः (पुं०) एक प्रकार का पत्ती।
कपित्थः (पुं०) कइत वृक्ष।
कपिल (त्रि०) (लः। ला। लम्) कपिल रङ्गवाला=ली, (पुं०) कपिल रङ्ग, कपिलमुनि।
कपिला (स्त्री) पुण्डरीक दिग्गज की स्त्री, रेणुकबीज नाम एक गन्धद्रव्य 'भस्मगर्भा' में देखो।
कपिवल्ली (स्त्री) गजपीपर ओषधी।
कपिश (त्रि०) (शः। शा। शम्) वानर के रोम के समान काला पीला मिश्रित रङ्गवाला=ली, (पुं०) काला पीला मिश्रित रंग जैसा वानर के रोम का होता है।
कपीतनः (पुं०) अमड़ा वृक्ष, गेठी वृक्ष, सिरसा वृक्ष।
कपोतः (पुं०) कबूतर।
कपोतपालिका (स्त्री) कबूतर इत्यादि पक्षियों के पालने के लिये गृहों के ऊपर जो स्थान बना रहता है छतरी इत्यादि।
कपोताङ्घ्रिः (स्त्री) मालकंगुनी ओषधी।
कपोलः (पुं०) गाल।
कफः (पुं०) कफ।
कफिन् (त्रि०) (फी। फिनी। फि) कफवाला=ली, (पुं०) एक प्रकार का हाथी।
कफोणि (पुं०। स्त्री) (णिः। णिः—णी) हाथ की केहुनी।
कबन्ध (पुं०। नपुं०) (न्धः। न्धम्) (पुं०) बिना सिर का धड़, (नपुं०) जल।
कबरी (स्त्री) झार करके बाँधा केश अर्थात् चोटी जूड़ा।
कमठः (पुं०) कछुवा जलजन्तु।
कमठी (स्त्री) कछुई।

कमण्डलु (पुं० । नपुं०) (लुः । लु) व्रतियों का जलपात्र वा कमण्डल ।

कमन (त्रि०) (नः । ना । नम) (पुं०) कामी पुरुष, (स्त्री) कामिनी स्त्री, (नपुं०) कामी कुल इत्यादि ।

कमल (पुं० । नपुं०) (लः । लम्) जल, कमल (पुं०) मृग ।

कमला (स्त्री) लक्ष्मी ।

कमलासनः (पुं०) ब्रह्मा ।

कमलोत्तरम् (नपुं०) कुसुम का फूल ।

कमलोद्भवः (पुं०) ब्रह्मा ।

कमिता (त्रि०) (ता । त्री । तृ) कामी वा कामिनी ।

कम्पः (पुं०) कम्प वा काँपना ।

कम्पन (त्रि०) (नः । ना । नम्) जिसका काँपने का स्वभाव है, (नपुं०) काँपना ।

कम्प्र (त्रि०) (म्प्रः । म्प्रा । म्प्रम्) जिसका काँपने का स्वभाव है ।

कम्बलः (पुं०) कम्बल, दुपट्टा, ऊन का वस्त्र ।

कम्बिः (स्त्री) करछुल अर्थात् रसोंई में का एक बरतन [कम्बी]

कम्बु (पुं० । नपुं०) (म्बुः । म्बु) शङ्ख, (पुं०) कङ्कण वा कङ्गन ।

कम्बुग्रीवा (स्त्री) तीन रेखा से युक्त गला वा गरदन ।

कम्भारी (स्त्री) खंभारी वृक्ष ।

कम्र (त्रि०) (म्रः । म्रा । म्रम्) कामी वा कामिनी ।

करः (पुं०) हाथ, हाथी का सूंड़, किरण, मासूल वा कर ।

करक (पुं० । स्त्री) (कः । का । बनौरी जो कभी २ पानी के सङ्ग बरसती है, अनार फल, करवा वा कमण्डलु ।

करज (पुं० । नपुं०) (जः । जम्) (पुं०) नख, करंज वृक्ष, (नपुं०) व्याघ्रनखनामक गन्धद्रव्य ।

करञ्जक (पुं० । नपुं०) (कः । कम्) (पुं०) करंज वृक्ष, (नपुं०) व्याघ्रनखनामक गन्धद्रव्य ।

करटः (पुं०) कौवा, हाथी का गण्डस्थल ।

करण (पुं० । नपुं०) (णः । णम्) (नपुं०) क्रिया के सिद्ध में अत्यन्त उपकारक जैसा मारने में तरवार, खेत, शरीर, इन्द्रिय अर्थात् चक्षु इत्यादि, (पुं०) वैश्य से शूद्रा स्त्री में उत्पन्न ।

करतोया (स्त्री) नदीविशेष अर्थात् (पार्वती के विवाह में कन्यादान के जल से उत्पन्न भई)

करपत्रम् (नपुं०) आरा ।
करभः (पुं०) गट्टे से लेकर कनिष्ठा के शिखा तक हाथ का बाह्य भाग, ऊंट का बच्चा ।
करभूषणम् (नपुं०) कङ्कण ।
करमर्दकः (पुं०) करौंदा वृक्ष ।
करम्भः (पुं०) दही मिला सतुवा [करम्बः] (यह शब्द कहीं नपुंसक भी मिलता है)
कररुहः (पुं०) नख ।
करवालः (पुं०) तरवार [करपालः]
करवालिका (स्त्री) खाँड़ा वा गुप्ती ।
करवीरः (पुं०) कंदइल पुष्पवृक्ष ।
करशाखा (स्त्री) अंगुली ।
करशीकरः (पुं०) हाथी के सूंड़ का पानी ।
करहाटः (पुं०) कमल का कन्द ।
करहाटकः (पुं०) मैनफल का वृक्ष ।
कराल (त्रि०) (लः । ला । लम्) भयङ्कर, ऊंचे दाँतवाला = ली, ऊंचा = ची ।
करिणी (स्त्री) हथिनी ।
करिन् (पुं०) (री) हाथी ।
करिपिप्पली (स्त्री) गजपीपर ओषधी ।
करिशावकः (पुं०) हाथी का बच्चा ।
करीर (पुं० । नपुं०) (रः । रम्) बाँस का कड़का (पुं०) करील वा टेंटी वृक्ष, एक प्रकार का काटेंदार वृक्ष, घटना वा मेल ।
करीष (पुं० । नपुं०) (षः । षम्) सूखा गोबर वा गोहरी ।
करुणः (पुं०) करुण रस ।
करुणा (स्त्री) करुणा वा दया ।
करेटुः (पुं०) 'कर्करेटु' में देखो, [करटुः]
करेणु (पुं० । स्त्री) (णुः । णुः) (पुं०) हाथी (स्त्री) हथिनी ।
करोटिः (स्त्री) सिर की खोपड़ी ।
कर्कः (पुं०) श्वेत घोड़ा, राशिविशेष वा कर्क राशि ।
कर्कटकः (पुं०) केकड़ा जलजन्तु, एक प्रकार का ऊख ।
कर्कटी (स्त्री) केकड़ा की स्त्री, ककड़ी फल ।
कर्कन्धु (पुं० । स्त्री) (न्धुः । न्धुः) बदर फल ।
कर्करी (स्त्री) 'आलु' में देखो ।
कर्करेटुः (पुं०) कर्कलवा एक प्रकार का अशुभ बोलनेवाला पक्षी । [कर्कराटुः] [करटुः] [करेटुः]

कर्कश (त्रि०) (शः । शा । शम्) कठोर, दुःस्पर्श, साहसी वा विवेकहीन, (स्त्री) झगड़ालू स्त्री, (पुं०) कबीला ओषधी।

कर्कारुः (स्त्री) ककड़ी फल।

कर्चूरः (पुं०) आँबाहरदी [कर्बूरः] [कर्बुरः]

कर्चूरकः (पुं०) कचूर [कर्बूरकः]

कर्णः (पुं०) कान, एक राजा।

कर्णजलौकस् (स्त्री) (काः) गोजर जन्तु।

कर्णधारः (पुं०) नाव का पतवार पकड़नेवाला मल्लाह।

कर्णपूरः (पुं०) कर्णफूल वा कान का गहना।

कर्णवेष्टनम् (नपुं) कुण्डल नाम कान का गहना।

कर्णिका (स्त्री) तरकी नाम कान का भूषण, हाथी के सूंड़ का अग्र भाग, कमल का छाता जिसके छिद्र में कमलगट्टा रहता है, मध्यम अंगुली।

कर्णिकारः (पुं०) कठचम्पा पुष्प वृक्ष, झुमका पुष्प।

कर्णीरथः (पुं०) "प्रवहण" में देखो।

कर्णेजपः (पुं०) चुगलखोर।

कर्तरी (स्त्री) कैंची [कर्तनी]

कर्दमः (पुं०) चहला वा कीचड़।

कर्पटः (पुं०) चिरकुट वा लत्ता।

कर्परः (पुं०) कपाल, खपड़ा।

कर्परालः (पुं०) अखरोट मेवा।

कर्परी (स्त्री) तुतिया ओषधी।

कर्पासी (स्त्री) कपास वा रूई। [कार्पासी]

कर्पूर (पुं० । नपुं) (रः । रम्) कपूर।

कर्बुर (त्रि०) (रः । रा । रम्) चितकबरा रङ्गवाला = स्त्री, (पुं०) राक्षस, चितकबरा रंग (नपुं०) सुवर्ण वा सोना।

कर्बूर (त्रि०) (रः । रा । रम्) तथा।

कर्मकरः (पुं०) जो मजूरी ले के काम करता है अर्थात् मजूर।

कर्मकरी (स्त्री) मजूरिन वा दासी।

कर्मकारः (पुं०) कारीगर, बिना मजूरी काम करनेवाला जैसा घर का आदमी।

कर्मक्षमः (पुं०) काम करने में समर्थ।

कर्मठः (पुं०) प्रयत्न से आरम्भ किए हुए काम को जो समाप्त करता है।

कर्मण्यभुज् (पुं०) (क्—ग्) मजूरी लेकर काम करनेवाला।

कर्मण्या (स्त्री) मजूरी वा तलब ।
कर्मन् (नपुं०) (र्म) क्रिया वा काम ।
कर्मन्दिन् (पुं०) (न्दी) सन्यासी ।
कर्ममोटी (स्त्री) शक्तिदेवता ।
कर्मशीलः (पुं०) नित्य जो कार्यों में लगा रहता है ।
कर्मशूरः (पुं०) आरम्भ किए हुए कार्यों को जो प्रयत्न से समाप्त करता है ।
कर्मसचिवः (पुं०) कर्मों का उपयोगी मन्त्री ।
कर्मसाक्षिन् (पुं०) (क्षी) सूर्य्य ।
कर्मारः (पुं०) बाँस ।
कर्मेन्द्रियम् (नपुं०) वाणी, हस्त, पाद, मलेन्द्रिय और मूत्रेन्द्रिय ये सब 'कर्मेन्द्रिय' कहलाते हैं ।
कर्षः (पुं०) एक प्रकार की तौल वा बटखरा जो सोलह मासे का होता है ।
कर्षकः (पुं०) खेतिहर [कार्षकः]
कर्षफलः (पुं०) बहेरा फल ।
कर्षूः (पुं० । स्त्री) (र्षूः । र्षूः) (पुं०) पासा, एक प्रकार की तौल, पहिया, बहेरा फल, व्यवहार, करसी की आग, (स्त्री) जीविका, नदी ।
कल (त्रि०) (लः । ला । लम्) अस्पष्ट मधुर ध्वनि ।
कलकलः (पुं०) कोलाहल वा मनुष्यों का मिलकर बोलना ।
कलङ्कः (पुं०) चिह्न, लाञ्छन, अपवाद ।
कलत्रम् (नपुं०) भार्य्या वा पत्नी, कमर का पीछा वा चूतड़ ।
कलधौतम् (नपुं०) सोना, रुपया ।
कलभः (पुं०) हाथी का बच्चा, [करभः]
कलमः (पुं०) जड़हन धान ।
कलम्बः (पुं०) भाजी इत्यादि का डंठा, बाण ।
कलम्बी (स्त्री) करेमू साग ।
कलरवः (पुं०) परेवा वा एक प्रकार का कबूतर पक्षी ।
कललः (पुं०) वीर्य और रुधिर का सम्पात वा मेल वा समूह ।
कलविङ्कः (पुं०) गौरा पक्षी ।
कलशः (पुं०) घड़ा [कलसः]
कलशिः (स्त्री) छोटा घड़ा, पिठवन औषधी [कलशी]
कलहः (पुं०) झगड़ा वा कलह वा युद्ध ।
कलहंसः (पुं०) बत्तक पक्षी ।
कला (स्त्री) तीस काष्ठा एकसमय, कारीगरी, मूल धन, वृद्धि, टुकड़ा, चन्द्रका सोलहवाँ हिस्सा

सोलहवाँ हिस्सा ।

कलादः (पुं०) सोनार ।

कलानिधिः (पुं०) चन्द्र ।

कलापः (पुं०) समूह, मोर की पोंछ, स्त्री के कमर की पचीस लड़ की करधनी, भूषण वा गहना, तरकस ।

कलायः (पुं०) मटर ।

कलिः (पुं०) चौथा युग वा कलियुग, युद्ध वा कलह ।

कलिका (स्त्री) पुष्प इत्यादि की कली, हिया की टेम ।

कलिकारकः (पुं०) कंटैला करञ्ज ।

कलिङ्ग (त्रि०) (ङ्गः । ङ्गा । ङ्गम्) इन्द्रजव, (पुं०) तरबूज फल, कलिङ्ग देश जिस को तैलङ्ग देश कहते हैं, मस्तकचूड़ पक्षी (इसको कोई फेचुहार भी कहते हैं)

कलिद्रुमः (पुं०) बहेड़ा ।

कलिमारकः (पुं०) कंटैला करंज ।

दर (पुं० । नपुं०) (रः । रम्) भय, गड़हा, (नपुं०) थोड़ा वा सूक्ष्म ।

दरत् (स्त्री) म्लेच्छ जाति, हृदय, नदी इत्यादि का तीर ।
दरम् (अव्यय) थोड़ा वा सूक्ष्म ।
दरिद्र (त्रि०) (द्रः । द्रा । द्रम्) दरिद्र वा गरीब वा निर्धन ।
दरी (स्त्री) पर्वत की कन्दरा ।
दर्दुरः (पुं०) मेंढ़क वा मेंढुका, एक पर्वत ।
दर्पः (पुं०) अभिमान ।
दर्पकः (पुं०) कामदेव, घमण्ड करने वाला ।
दर्पणः (पुं०) दर्पण वा ऐना ।
दर्भः (पुं०) कुश, ग्रन्थ ।
दर्विः (स्त्री) कलछुल । [दर्वी]
दर्विका (स्त्री) गोभी तरकारी ।
दर्वीकरः (पुं०) सर्प ।
दर्शः (पुं०) अमावास्या तिथि, अमावास्या का यज्ञ ।
दर्शकः (पुं०) देखने वाला, देखलाने वाला, द्वारपालक ।
दर्शनम् (नपुं०) देखना, देखलाना, शास्त्र ।
दलम् (नपुं०) पत्ता, टुकड़ा ।
दवः (पुं०) बन, बन की आग ।
दविष्ठ (त्रि०) (ष्ठः । ष्ठा । ष्ठम्) अत्यन्त दूरवाला = ली ।
दवीयस् (त्रि०) (यान् । यसी । यः) तथा ।
दशनः (पुं०) दाँत ।
दशनवासस् (नपुं०) (सः) ओंठ ।
दशपुरम् (नपुं०) मोथा घास । [दशपूरम्] [दाशपुरम्] [दाशपूरम्]
दशबलः (पुं०) बुद्ध अर्थात् विष्णु का नवाँ अवतार ।
दशम (त्रि०) (मः । मी । मम्) दसवाँ = वीं, (स्त्री) दशमी एक तिथि ।
दशमिन् (त्रि०) (मी । मिनी । मि) अतिवृद्ध ।
दशमीस्थ (त्रि०) (स्थः । स्था । स्थम्) अतिवृद्ध, जिस की प्रीति नष्ट हो गई है ।
दशा (स्त्री) अवस्था (लड़कई जवानी इत्यादि) ।
दशाः, बहुवचनान्त (स्त्री) वस्त्र का दोनों अन्त वा अंचला ।
दस्युः (पुं०) चोर, शत्रु ।
दस्रौ, द्विवचन, (पुं०) अश्विनीकुमार ।
दहनः (पुं०) अग्नि ।
दाक्षायणी (स्त्री) पार्वती ।
दाक्षायण्यः, बहुवचन, (स्त्री) अश्विनी इत्यादि २७ नक्षत्र ।
दाक्षाय्यः (पुं०) गिद्ध पक्षी ।
दाडिमः (त्रि०) (मः । मी । मम्)

अनार। [दालिम]

दाडिमपुष्पकः (पुं०) रोहित वृक्ष।

दाडिम्बः (पुं०) अनार।

दाण्डपाता (स्त्री) फागुन की पौर्णमासी (होली)।

दात (त्रि०) (तः। ता। तम्) खण्डित वा काटा हुआ = ई।

दात्यूहः (पुं०) जलकौवा। [दात्यौहः]

दात्रम् (नपुं०) अन्न लवने का हंसुवा

दानम् (नपुं०) दान, हाथियों का मदजल।

दानवः (पुं०) असुर।

दानवारिः (पुं०) देवता।

दानशौण्ड (त्रि०) (ण्डः। ण्डा। ण्डम्) दान देने में शूर।

दान्त (त्रि०) (न्तः। न्ता। न्तम्) जितेन्द्रिय, तपस्यादि क्लेश से न घबराने वाला = ली, दबाया हुवा = ई, दाँत से बनी वस्तु (चूड़ा ककही इत्यादि)।

दान्तिः (स्त्री) इन्द्रियों को वश में लाना, दबाना।

दापित (त्रि०) (तः। ता। तम्) जिस से धन इत्यादि दिलवाया गया वह, दिलवाया गया = ई, धन इत्यादि दिलाने वाला = ली।

दामनी (स्त्री) डोरी, "पशुरज्जू" में देखो।

दामन् (नपुं०) (म) डोरी।

दामा (स्त्री) तथा।

दामोदरः (पुं०) विष्णु।

दाम्भिकः (पुं०) लोगों के प्रसन्न करने के लिये धर्मकार्य्य करने वाला, मायावी।

दायादः (पुं०) पुत्र, ज्ञाति वा बिरादरी।

दायित (त्रि०) (तः। ता। तम्) जिस से धन इत्यादि दिलवाया गया वह, दिलवाई गई वस्तु।

दारक (त्रि०) (रकः। रिका। रकम्) फाड़नेवाला = ली, (पुं०) लड़का, (स्त्री) लड़की।

दारदः (पुं०) दरद देश का विष।

दारा (स्त्री) विवाहिता स्त्री।

दाराः, बहुवचन, (पुं०) तथा।

दारित (त्रि०) (तः। ता। तम्) फाड़ा गया = ई।

दारु (पुं०। नपुं०) (रुः। रु) लकड़ी, (नपुं०) देवदारु।

दारुकः (पुं०) कृष्ण का सारथि।

दारुण (त्रि०) (णः। णा। णम्) भयानक वा जिस से भय उत्पन्न हो, कठोर, (नपुं०) भयानक रस।

दारुहरिद्रा (स्त्री) दारुहरदी ।
दारुहस्तकः (पुं०) डब्बू (भात परोसने का एक पात्र) ।
दार्वाघाटः (पुं०) कठफोड़वा पक्षी ।
दार्विका (स्त्री) "तार्क्ष्यशैल" में देखो, गोभी तरकारी ।
दार्वी (स्त्री) दारुहरदी ।
दावः (पुं०) वन, वनाग्नि ।
दाविक (त्रि०) (कः । का—की । कम्) देविका नदी से उत्पन्न वस्तु ।
दाशः (पुं०) दास वा नौकर, मल्लाह ।
दाशपूरम् (नपुं०) मोथा घास ।
दासः (पुं०) दास वा नौकर, मल्लाह ।
दासी (स्त्री) लौंड़ी, नीले फूल-वाली कठसरैया ।
दासीसभम् (नपुं०) दासियों का समूह, दासियों की शाला ।
दासेयः (पुं०) दास वा नौकर ।
दासेरः (पुं०) तथा ।
दासेरकः (पुं०) ऊंट ।
दासेरयुवन् (पुं०) (वा) तथा ।
दिगम्बरः (पुं०) नङ्गा ।
दिग्गजः (पुं०) दिशा का हाथी (ऐरावत, पुण्डरीक, वामन, कुमुद, अञ्जन, पुष्पदन्त, सार्व-भौम, सुप्रतीक—ये क्रम से पूर्वादि ८ दिशाओं के ८ दिग्गज हैं ।
दिग्ध (त्रि०) (ग्धः । ग्धा । ग्धम्) लेपित (धूली इत्यादि से), (पुं०) जहर में बुताया हुवा बाण ।
दित (त्रि०) (तः । ता । तम्) खण्डित वा काटा = टी ।
दितिः (स्त्री) असुरों की माता ।
दितिसुतः (पुं०) असुर ।
दिधिषुः (पुं०) दिधिषू का पति । [दिधिषूः]
दिधिषूः (स्त्री) वह स्त्री जो कि पहिले एक की स्त्री होकर फेर दूसरे की स्त्री हो । [दिधषुः]
दिनम् (नपुं०) दिन वा दिवस ।
दिनमणिः (पुं०) सूर्य्य ।
दिव (पुं० । नपुं०) (वः । वम्) (पुं०) चास पक्षी, (नपुं०) स्वर्ग
दिवस (पुं० । नपुं०) (सः । सम्) दिन ।
दिवस्पतिः (पुं०) इन्द्र ।
दिवस्पृथिव्यौ, द्विवचनान्त (स्त्री) आकाश और पृथिवी ।
दिवा (अव्यय) दिन ।
दिवाकरः (पुं०) सूर्य्य ।
दिवाकीर्तिः (पुं०) चण्डाल वा डोम, हज्जाम ।

दिवान्धः (पुं०) उल्लू पक्षी ।
दिवाभीतः (पुं०) तथा ।
दिविषद् (पुं०) (त्—द्) देवता ।
दिवौकस् (पुं०) (काः) तथा, पक्षी।
दिव् (स्त्री) (द्यौः) आकाश, स्वर्ग ।
दिव्योपपादुक (त्रि०) (कः । की । कम्) अकस्मात् जो स्वर्ग में उत्पन्न भया अर्थात् देवता ।
दिश् (स्त्री) (क्—ग्) दिशा ।
दिश्य (त्रि०) (श्यः । श्या । श्यम्) दिशा में उत्पन्न हुई वस्तु ।
दिष्ट (पुं० । नपुं०) (ष्टः । ष्टम्) (पुं०) काल वा समय, (नपुं०) भाग्य वा पूर्वजन्मकृत शुभ वा अशुभ कर्म ।
दिष्टान्तः (पुं०) मरण ।
दिष्ट्या (अव्यय) आनन्द ।
दीक्षित (त्रि०) (तः । ता । तम्) यागादि क्रिया में जिस ने दीक्षा वा नियम लिया है ।
दीदिविः (पुं०) भात ।
दीधितिः (स्त्री) किरण ।
दीन (त्रि०) (नः । ना । नम्) दरिद्र ।
दीनारः (पुं०) एक तरह की मोहर ।
दीपः (पुं०) दीया ।
दीपकः (पुं०) तथा, अजमोदा ओषधी, मोर की चोटी । [दीप्यकः] [दीप्यः]
दीप्तिः (स्त्री) प्रकाश ।
दीप्यः (पुं०) मोर की चोटी, दीया, अजमोदा ओषधी ।
दीर्घ (त्रि०) (र्घः । र्घा । र्घम्) लम्बा = म्बी ।
दीर्घकोशिका (स्त्री) एक प्रकार का जलजन्तु ।
दीर्घदर्शिन् (त्रि०) (र्शी । र्शिनी । र्शि) बहुत दिन जीने वाला = ली, पण्डित, (पुं०) गिद्ध पक्षी ।
दीर्घपृष्ठः (पुं०) सर्प ।
दीर्घवृन्तः (पुं०) सोनापाढ़ा लकड़ी।
दीर्घसूत्र (त्रि०) (त्रः । त्रा । त्रम्) थोड़े समय में करने के योग्य जो काम है उस में बहुत देर लगानेवाला = ली ।
दीर्घिका (स्त्री) बावली एक जलाशय ।
दुकूलम् (नपुं०) रेशम का कपड़ा।
दुग्ध (त्रि०) (ग्धः । ग्धा । ग्धम्) दूहा गया = ई, (नपुं०) दूध ।
दुग्धिका (स्त्री) दुधिया घास ।
दुद्रुमः (पुं०) हरा प्याज ।
दुन्दुभि (पुं० । स्त्री) (भिः । भिः -भी) (पुं०) नगाड़ा, (स्त्री) लड़कों का एक प्रकार का खेलौना ।

दुरध्वः (पुं०) खराब रस्ता ।
दुरालभा (स्त्री) जवासा वा हिंगुवा एक काँटेदार वृक्ष ।
दुरितम् (नपुं०) पाप ।
दुरेषणा (स्त्री) शाप ।
दुरोदर (पुं० । नपुं०) (रः । रम्) (पुं०) जुआरी, दाँव (जूआ में जो द्रव्य लगाया जाताहै), (नपुं०) जूआ ।
दुःखम् (नपुं०) दुःख ।
दुर्गम् (नपुं०) किला ।
दुर्गत (त्रि०) (तः । ता । तम्) दरिद्र वा निर्धन वा ग़रीब ।
दुर्गतिः (स्त्री) नरक ।
दुर्गन्ध (त्रि०) (न्धः । न्धा । न्धम्) खराब गन्ध वाला = ली ।
दुर्गसञ्चरः (पुं०) कठिन रास्ता, किला इत्यादि दुर्गम स्थान में प्रवेश करना ।
दुर्गसञ्चारः (पुं०) तथा ।
दुर्गा (स्त्री) पार्वती ।
दुर्जनः (पुं०) दुष्ट जन ।
दुर्दिनम् (नपुं०) मेघों के घटा से छाया हुवा दिन ।
दुर्नामकम् (नपुं०) बवासीर रोग।
दुर्नामन् (पुं०) (मा) एक जलजन्तु ।
दुर्बल (त्रि०) (लः । ला । लम्) बलरहित वा दुबला = ली ।
दुर्मनस् (त्रि०) (नाः । नाः । नः) जिस का चित्त व्याकुल वा घबड़ाया है ।
दुर्मुख (त्रि०) (खः । खा । खम्) बोलने में आगे पीछे का विचार न करनेवाला = ली ।
दुर्वर्णम् (नपुं०) चाँदी धातु, निन्दा
दुर्विध (त्रि०) (धः । धा । धम्) दरिद्र
दुर्हृद् (त्रि०) (त्—द् । त्—द् । त्—द्) दुष्ट हृदय वाला = ली, (पुं०) शत्रु ।
दुलिः (स्त्री) ककुई जलजन्तु ।
दुश्च्यवनः (पुं०) इन्द्र ।
दुष्कृतम् (नपुं०) पाप ।
दुष्ठु (अव्यय) निन्दा अर्थ में ।
दुष्पचः (पुं०) चोर नामक गन्धद्रव्य ।
दुष्प्रधर्षिणी (स्त्री) बनैला भण्टा ।
दुष्षमम् (नपुं० । अव्यय) निन्द्य
दुस्पर्श (त्रि०) (र्शः । र्शा । र्शम्) दुःख से छूने के योग्य, (पुं०) जवासा वा हिंगुआ एक काँटेदार वृक्ष, (स्त्री) भटकटैया ।
दुहितृ (स्त्री) (ता) लड़की ।
दूतः (पुं०) दूत वा हलकारा ।
दूति (स्त्री) (तिः—ती) खबर पहुंचाने वाली ।

दूत्यम् (नपुं०) दूतपन ।

दून (त्रि०) (नः । ना । नम्) सन्तापित वा पीडित वा दुःखित

दूर (त्रि०) (रः । रा । रम्) दूरवाला = ली ।

दूरदर्शिन् (त्रि०) (र्शी । र्शिनी । र्शि) पण्डित, वृद्ध, दूर तक दृष्टि फैलानेवाला = ली, (पुं०) गिद्ध पक्षी ।

दूर्वा (स्त्री) दूब एक घास ।

दूषिका (स्त्री) नेत्र का मल वा कीचड़ ।

दूष्यम् (नपुं०) कपड़े का घर वा तम्बू । [दूष्यम्]

दूष्या (स्त्री) हाथियों के शरीर के बीच में बाँधने के लिये चमड़े की डोरी ।

दृढ (त्रि०) (ढः । ढा । ढम्) कठोर, बलवान्, मोटा = टी, (नपुं०) अत्यन्त ।

दृढसन्धि (त्रि०)(न्धिः । न्धिः । न्धि) जिस का सन्धान वा उद्योग दृढ है ।

दृतिः (स्त्री) मसक ।

दृब्ध (त्रि०) (ब्धः । ब्धा । ब्धम्) गूथा हुआ = ई ।

दृग् (त्रि०) (क्—ग् । क्—ग् । क्—ग्) जाननेवाला = ली, (स्त्री) नेत्र, दृष्टि ।

दृषद् (स्त्री) (त्—द्) पत्थर ।

दृष्ट (त्रि०)(ष्टः । ष्टा । ष्टम्) देखा गया = ई, (नपुं०) अपनी और शत्रु की सेना से उत्पन्न हुआ भय ।

दृष्टरजस् (स्त्री) (जाः) पहिले पहिल कपड़े से भई स्त्री ।

दृष्टान्त (त्रि०) (न्तः । न्ता । न्तम्) जिस का अन्त देखा गया वह, (पुं०) शास्त्र, उदाहरण ।

दृष्टिः (स्त्री) नेत्र, देखना, ज्ञान

देवः (पुं०) देवता, राजा (नाट्य में), मेघ ।

देवकीनन्दनः (पुं०) कृष्ण भगवान्

देवकुसुमम् (नपुं०) लवंग (एक वृक्ष) ।

देवखातम् (नपुं०) बिना बनाया पर्वत का बिल ।

देवखातकः (पुं०) बिना बनाया जलाशय (झील इत्यादि) ।

देवच्छन्दः (पुं०) सौरह लड़ का मोती का हार ।

देवजग्धकः (पुं०) रोहिसनामक घास ।

देवता (स्त्री) देवता ।

देवताडः (पुं०) बन्दाल एक ओषधीवृक्ष ।

देवदारु (नपुं०) देवदार वृक्ष ।
देवत्वम् (नपुं०) देव का धर्म अर्थात् 'सिफ़त'। [देवभूयम्] [देवसायुज्यम्]
देवद्र्यच् (त्रि०) द्र्यङ् । द्रीची । द्र्यक्—ग) देवतों की पूजा करने वाला = ली वा देवतों को प्राप्त करने वाला = ली ।
देवनः (पुं०) जूवा खेलने वाला, पासा ।
देवनम् (नपुं०) क्रीड़ा, व्यवहार, जीतने की इच्छा ।
देवन् (पुं०) (वा) देवर (स्त्री के पति का भाई) ।
देवभूयम् (नपुं०) देव का धर्म ।
देवमातृकः (पुं०) वह देश जिस में मेघ की वृष्टि से अन्न उत्पन्न होता है ।
देवयज्ञः (पुं०) होम ।
देवरः (पुं०) देवर (स्त्री के पति का भाई) ।
देवलः (पुं०) देवपूजा से अपनी जीविका करने वाला, एक देवर्षि का नाम ।
देववल्लभः (पुं०) पुन्नाग वृक्ष, देवतों का प्रिय, मूर्ख ।
देवशिल्पिन् (पुं०) (ल्पी) विश्वकर्मा ।
देवाजीवः (पुं०) देवपूजा से अपनी जीविका करने वाला । [देवाजीविन्—(वी)]
देवी (स्त्री) देवता की स्त्री, (नाट्य में) पटरानी, अस्यरक ओषधी, मुरहारा वा मुरा एक लतावृक्ष ।
देवृ (पुं०) (वा) देवर (स्त्री के पति का भाई) ।
देशः (पुं०) देश, स्थान ।
देशरूपम् (नपुं०) न्याय वा नीति वा व्यवस्था वा आईन ।
देशिकः (पुं०) देशवासी, गुरु ।
देह (पुं० । नपुं०) (हः । हम्) देह वा शरीर ।
देहलि (स्त्री) (लिः—ली) डेहरी ।
दैतेयः (पुं०) असुर ।
दैत्यः (पुं०) तथा ।
दैत्यगुरुः (पुं०) शुक्र ।
दैत्या (स्त्री) मुरा नाम गन्धद्रव्य ।
दैत्यारिः (पुं०) विष्णु ।
दैन्यम् (नपुं०) दीनता ।
दैर्घ्यम् (नपुं०) लम्बाई ।
दैवम् (नपुं०) भाग्य वा पूर्व जन्म में किये अच्छे बुरे कर्म, देवतों का समूह, अंगुलियों के अग्रभाग में का तीर्थ ।
दैवज्ञः (पुं०) ज्योतिषी ।
दैवज्ञा (स्त्री) 'विप्रश्निका' में देखो

दैवत (पुं० । नपुं०) (तः । तम्) देवता ।
दोला (स्त्री) हिंडोला, नील, डोली । [दोली]
दोषज्ञः (पुं०) पण्डित ।
दोषा (स्त्री अव्यय) (स्त्री) बाँह वा भुजा, (अव्यय) रात्रि।
दोषैकदृश् (पुं०) (क्—ग्) गुण को छोड़ केवल दोष का देखने वाला ।
दोष् (पुं० । नपुं०) (दोः । दोः) बाँह वा भुजा ।
दोहदम् (नपुं०) इच्छा, गर्भ, गर्भवती स्त्री की इच्छा ।
दोहदवती (स्त्री) गर्भवती स्त्री, "श्रद्धालु" का अर्थ स्त्रीलिङ्ग में देखो ।
दौत्यम् (नपुं०) दूतपन ।
दंशः (पुं०) डंस (एक बन की माछी), काटना ।
दंशनम् (नपुं०) काटना, कवच ।
दंशित (त्रि०) (तः । ता । तम्) काटा गया = ई, कटवाया गया = ई, (पुं०) कवचधारी ।
दंशिन् (त्रि०) (शी । शिनी । शि) काटने वाला = ली ।
दंशी (स्त्री) छोटा डंस वा छोटी एक बन की माछी ।
दंष्ट्रिन् (पुं०) (ष्ट्री) सूअर पशु।
द्यावापृथिव्यौ, द्विवचन, (स्त्री) आकाश और भूमि ।
द्यावाभूमी, द्विवचन, (स्त्री) तथा ।
द्युतिः (स्त्री) शोभा, प्रभा ।
द्युमणिः (पुं०) सूर्य्य ।
द्युम्नम् (नपुं०) धन ।
द्यूत (पुं० । नपुं०) (तः । तम्) जूआ ।
द्यूतकारः (पुं०) जुआरी "सभिक" में देखो ।
द्यूतकारकः (पुं०) तथा ।
द्यूतकृत् (पुं०) जुआरी ।
द्यो (स्त्री) (द्यौः) आकाश, स्वर्ग ।
द्योतः (पुं०) प्रकाश, सूर्य्य का घाम ।
द्रप्स (पुं० । नपुं०) (प्सः । प्सम्) पतला दही ।
द्रप्स्य (पुं० । नपुं०) (प्स्य । प्स्यम्) तथा ।
द्रवः (पुं०) पतला वस्तु, (जैसा पानी इत्यादि), भागना, क्रीडा ।
द्रवत् (त्रि०) (न् । न्ती । त्) पतली वस्तु, (स्त्री) नदी, मूसाकर्णी ओषधी ।
द्रविणम् (नपुं०) धन, सामर्थ्य ।
द्रव्यम् (नपुं०) धन, भव्य अर्थात् सुन्दर और स्थिर, पृथ्वी जल

इत्यादि ९ द्रव्य जो न्याय शास्त्र में कहे हैं, लिङ्ग सङ्ख्या और कारक के साथ जिस का सम्बन्ध हो वह (जैसा व्याकरण में लिखा है)।

द्राक् (अव्यय) जल्दी ।

द्राक्षा (स्त्री) दाख वा मुनक्का मेवा

द्राघिष्ठ (त्रि०) (ष्ठः । ष्ठा । ष्ठम्) अत्यन्त लम्बा = म्बी ।

द्राविडकः (पुं०) कचूर ।

द्रुः (पुं०) वृक्ष ।

द्रुकिलिमम् (नपुं०) देवदार वृक्ष।

द्रुघणः (पुं०) मुद्गर ।

द्रुणः (पुं०) बिच्छी एक जन्तु ।

द्रुणी (स्त्री) गोजर, कछुई, डोंगी।

द्रुत (त्रि०) (तः । ता । तम्) जल्दीबाज, पघिलाया गया = ई (घृत इत्यादि), पिघल गया = ई (घृत इत्यादि), (नपुं०) चलता नृत्य वाद्य और गीत, जल्दी ।

द्रुमः (पुं०) वृक्ष ।

द्रुमामयः (पुं०) मह्नावर रङ्ग ।

द्रुमोत्पलः (पुं०) कठचम्पा पुष्पवृक्ष ।

द्रुवयम् (नपुं०) मान वा माप (सेर छटङ्की पौवा इत्यादि) ।

द्रुहिणः (पुं०) ब्रह्मा ।

द्रोणः (पुं०) दोना, तौल में आधा मन, बिच्छी जन्तु, कौवा, अश्वत्थामा के पिता का नाम ।

द्रोणकाकः (पुं०) डोमकौवा ।

द्रोणक्षीरा (स्त्री) आध मन दूध देनेवाली गैया ।

द्रोणदुग्धा (स्त्री) तथा ।

द्रोणी (स्त्री) काठ की नाव, झील

द्रोहचिन्तनम् (नपुं०) वैर करना।

द्रौणिक (त्रि०) (कः । की । कम्) आध मन अन्न बोने के योग्य (खेत इत्यादि)।

द्वन्द्वम् (नपुं०) स्त्री पुरुष का जोड़ा, कलह, दो विरोधियों का जोड़ा (जैसा ठण्ढा और गरम, सुख और दुःख इत्यादि)।

द्वयातिगः (पुं०) सत्वगुणप्रधान वा रजोगुण और तमोगुण से रहित (जैसे व्यास इत्यादि)।

द्वादशाङ्गुलः (पुं०) नाप में एक बित्ता वा बिलस्त ।

द्वादशात्मन् (पुं०) (त्मा) सूर्य्य ।

द्वापरः (पुं०) संशय वा सन्देह, 'द्वापर' युग ।

द्वारम् (नपुं०) द्वार वा दरवाज़ा ।

द्वारपालः (पुं०) डेवढ़ीदार ।

द्वार् (स्त्री) (द्वाः) द्वार वा दरवाज़ा ।

द्वास्थः (पुं०) ड्योढ़ीदार ।
द्वास्थितः (पुं०) तथा ।
द्विगुणाकृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) दो बेर जोता गया = ई (खेत इत्यादि) ।
द्विजः (पुं०) ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, पक्षी, दाँत ।
द्विजराजः (पुं०) चन्द्रमा ।
द्विजा (स्त्री) रेणुकबीज एक सुगन्धद्रव्य ।
द्विजातिः (पुं०) ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य ।
द्विजिह्वः (पुं०) सर्प, चुगलखोर।
द्वितीय (त्रि०) (यः । या । यम्) दूसरा = री, (स्त्री) विवाहिता स्त्री, द्वितीया तिथि ।
द्वितीयाकृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) दो बेर जोता गया = ई (खेत इत्यादि) ।
द्विपः (पुं०) हाथी ।
द्विपाद्यः (पुं०) अपराधी को शास्त्र में लिखे हुए दण्ड से दूना दण्ड ।
द्विरदः (पुं०) हाथी ।
द्विरसनः (पुं०) सर्प ।
द्विरेफः (पुं०) भंवरा ।
द्विष् (पुं०) (ट्—ड्) शत्रु ।
द्विषत् (पुं०) (न्) शत्रु ।
द्विष्ट (त्रि०) (ष्टः । ष्टा । ष्टम्) द्वेष वा वैर किया गया = ई, (नपुं०) ताँबा धातु ।
द्विसीत्य (त्रि०) (त्यः । त्या । त्यम्) दो बेर जोता गया = ई (खेत इत्यादि) ।
द्विहल्य (त्रि०) (ल्यः। ल्या। ल्यम्) तथा ।
द्विहायनी (स्त्री) दो बरस की गैया ।
द्वीप (पुं० । नपुं०) (पः । पम्) टापू।
द्वीपवती (स्त्री) नदी ।
द्वीपिन् (पुं०) (पी) व्याघ्र वा बाघ।
द्वेषणः (पुं०) शत्रु वा वैर करने वाला ।
द्वेष्य (त्रि०) (ष्यः । ष्या । ष्यम्) वैर करने के योग्य ।
द्वैधम् (नपुं०) दुबधा ।
द्वैपः (पुं०) बाघ के चमड़े से घेरा हुवा रथ ।
द्वैपायनः (पुं०) व्यास ऋषि ।
द्वैमातुरः (पुं०) गणेश ।
द्व्यष्टम् (नपुं०) ताँबा धातु ।

—❊❊❊—

(ध)

ध (पुं० । नपुं०) (धः । धम्) (पुं०) धनी, ब्रह्मा, मनु, (नपुं०) धन ।

धटः (पुं०) तराजू, शपथ ।

धटी (स्त्री) कपड़े का टुकड़ा ।

धत्तूरः (पुं०) धतूरा वृक्ष। [धुस्तूरः] [धुस्तुरः] [धूस्तूरः] [धुत्तूरः]

धनम् (नपुं०) धन ।

धनञ्जयः (पुं०) अग्नि, अर्जुन एक पाण्डव ।

धनद (त्रि०) (दः । दा । दम्) धन देनेवाला = ली, (पुं०) कुवेर ।

धनहरी (स्त्री) चोरा नाम गन्धद्रव्य ।

धनाधिपः (पुं०) कुवेर, धन का स्वामी ।

धनिन् (त्रि०) (नी । निनी । नी) धनवाला = ली ।

धनिष्ठा (स्त्री) एक नक्षत्र ।

धनीयकम् (नपुं०) धनियाँ लता-वृक्ष ।

धनुः (पुं०) धनुष, मेष इत्यादि १२ राशियों में की एक राशि (धन), प्यारमेवा ।

धनुष् (नपुं०) (नुः) तथा ।

धनुर्द्धरः (पुं०) धनुष् का धारण करने वाला ।

धनुःपटः (पुं०) प्यारमेवा ।

धनुर्यासः (पुं०) जवासा वा हिंगुवा ।

धनुष्मत् (पुं०) (ष्मान्) धनुष् का धारण करने वाला ।

धन्य (त्रि०) (न्यः । न्या । न्यम्) पूज्य, भाग्यवान्, (नपुं०) धनियाँ ।

धन्याकम् (नपुं०) धनियाँ ।

धन्वम् (नपुं०) धनुष् ।

धन्वन् (पुं० । नपुं०) (न्वा । न्व) (पुं०) निर्जल देश वा मारवाड़ देश, (नपुं०) धनुष् ।

धन्वयासः (पुं०) जवासा वा हिंगुवा ।

धन्विन् (पुं०) (न्वी) "धनुष्मत्" में देखो

धमनः (पुं०) पानी इत्यादि का नल, आग सुलगाने वाला ।

धमनिः (स्त्री) शरीर की नाड़ी वा नस ।

धमनी (स्त्री) तथा, मालकंगुनी ।

धम्मिल्लः (पुं०) मोतियों के माला से बंधा हुवा केशों का समूह ।

धरः (पुं०) पर्वत ।

धरणिः (स्त्री) भूमि ।

धरा (स्त्री) तथा ।
धरित्री (स्त्री) तथा ।
धर्म (पुं० । नपुं०) (र्मः । र्मम्) पुण्य, न्याय वा नीति, आचार, (पुं०) यमराज, स्वभाव, सोमलता के रस का पीने वाला ।
धर्मध्वजिन् (पुं०) (जी) झूठे धर्म का दिखाने वाला अर्थात् जीविका के लिये जटा इत्यादि धारण करने वाला ।
धर्मपत्तनम् (नपुं०) धर्म के लिये वा धर्मयुक्त नगर, मिरिच ।
धर्मराजः (पुं०) यमराज, बुद्ध अर्थात् विष्णु का नवाँ अवतार ।
धर्मसंहिता (स्त्री) धर्मशास्त्र ।
धर्षिणी (स्त्री) कुलटा वा खानगी स्त्री । [धर्षणी]
धवः (पुं०) स्त्री का पति, एक वृक्ष, पुरुष ।
धवल (त्रि०) (लः । ला । लम्) सफेद वस्तु, (पुं०) सफेद रङ्ग ।
धवला (स्त्री) श्वेत गैया । [धवली]
धवित्रम् (नपुं०) आग सुलगाने के लिये मृगचर्म से बना हुआ पंखा । [धुवित्रम्]
धातकी (स्त्री) धव वृक्ष ।
धातुः (पुं०) कफ वात पित्त, पेट में अन्न जाय कर के जो रस बन जाता है वह और रक्त इत्यादि, पञ्च महाभूत (पृथ्वी जल इत्यादि), पाँचो महाभूत के गुण (रूप रस गन्ध इत्यादि), इन्द्रिय, पत्थर का विकार (सिलाजीत इत्यादि), वर्णात्मक शब्द का कारण ("भू" सत्तायाम् इत्यादि) ।
धातुपुष्पिका (स्त्री) धव वृक्ष ।
धातृ (पुं०) (ता) ब्रह्मा ।
धातृपुष्पिका (स्त्री) धव वृक्ष ।
धात्री (स्त्री) माता, अंवरा, पृथ्वी, उपमाता अर्थात् दूध पिलाने वाली धाय ।
धाना (स्त्री) भूंजा जव वा बहुरी ।
धानुष्कः (पुं०) धनुष् का धारण करने वाला ।
धान्यम् (नपुं०) जव इत्यादि अन्न, धान ।
धान्यकम् (नपुं०) धनियाँ ।
धान्याकम् (नपुं०) तथा ।
धान्याम्लम् (नपुं०) काँजी ।
धामनिधिः (पुं०) सूर्य्य ।
धामन् (नपुं०) (म) घर, देह, प्रभा वा प्रकाश, प्रभाव ।
धामार्गवः (पुं०) रामतरोई तरकारी, चिचिड़ा तरकारी ।
धाय्या (स्त्री) 'सामिधेनी' में देखो ।

धारणा (स्त्री) मर्यादा, पकड़ना ।
धारा (स्त्री) जल का प्रवाह, तरवार की धार, 'आस्कन्दित' 'धौरितक' 'रेचित' 'वल्गित' और 'प्लुत' इन पाँच प्रकार की घोड़ों की चालों को 'धारा' कहते हैं ।
धाराधरः (पुं०) मेघ ।
धारासम्पातः (पुं०) महावृष्टि ।
धार्तराष्ट्रः (पुं०) धृतराष्ट्र राजा के पुत्र (दुर्य्योधन इत्यादि), बत्तक पक्षी ।
धावनि (स्त्री) (निः—नी) पिठवन ओषधी ।
धिक् (अव्यय) ग्लानि देना वा धिक्कारना, निन्दा ।
धिक्कृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) धिक्कार दिया गया = ई ।
धिषणः (पुं०) बृहस्पति ।
धिषणा (स्त्री) बुद्धि ।
धिष्ण्यम् (नपुं०) स्थान, गृह, नक्षत्र, अग्नि ।
धीः (स्त्री) बुद्धि ।
धीन्द्रियम् (नपुं०) मन इत्यादि ६ ज्ञानेन्द्रिय ।
धीमत् (त्रि०) (मान् । मती । मत्) बुद्धिमान्, पण्डित ।
धीर (त्रि०) (रः । रा । रम्) धीर वा धैर्यवान्, (पुं०) पण्डित, (नपुं०) केसर ।
धीवरः (पुं०) मल्लाह ।
धीशक्तिः (स्त्री) बुद्धि का सामर्थ्य ।
धीसचिवः (पुं०) राजा का मन्त्री ।
धुनी (स्त्री) नदी ।
धुरन्धरः (पुं०) बोझा ढोने वाला ।
धुरीणः (पुं०) तथा ।
धुर् (स्त्री) (धूः) रथ की धुरी, बोझा ।
धुर्य्यः (पुं०) बोझा ढोने वाला, घोड़ा ।
धूत (त्रि०) (तः । ता । तम्) त्याग किया गया = ई, कंपाया गया = ई ।
धूपायित (त्रि०) (तः । ता । तम्) सन्ताप दिया गया = ई, धूप दिया गया = ई ।
धूपित (त्रि०) (तः । ता । तम्) तथा ।
धूमकेतुः (पुं०) एक उत्पातग्रह, अग्नि ।
धूमयोनिः (पुं०) मेघ, अग्नि ।
धूमल (त्रि०) (लः । ला । लम्) काला मिश्रित लाल रङ्ग वाला = ली, (पुं०) काला मिश्रित लाल रङ्ग ।
धूम्या (स्त्री) धूंओं का समूह ।

धूम्याटः (पुं०) मस्तकचूड़ पक्षी।
धूम्र (त्रि०) (म्रः। म्रा। म्रम्) "धूमल" में देखो।
धूर्जटिः (पुं०) शिव।
धूर्तः (पुं०) धूर्त वा ठगने वाला [धार्तः], धतूरा वृक्ष, जुआरी।
धूर्वह (त्रि०) (हः। हा। हम्) बोझा ढोने वाला=ली।
धूलि (स्त्री) (लिः—ली) धूर।
धूसर (त्रि०) (रः। रा। रम्) थोड़ा पाण्डु रङ्ग वाली वस्तु, मटमैला=ली, (पुं०) थोड़ा पाण्डु (अधिक सपेदी लिये पीला) रङ्ग।
धृतिः (स्त्री) धीरता, पकड़ना।
धृष्ट (त्रि०) (ष्टः। ष्टा। ष्टम्) ढीठा=ठी।
धृष्णज् (त्रि०) (क्—ग्। क्—ग्। क्—ग्) तथा।
धृष्णु (त्रि०) (ष्णुः। ष्णुः। ष्णु) तथा।
धेनुः (स्त्री) नये बियान वाली गैया
धेनुका (स्त्री) तथा, हथिनी।
धेनुष्या (स्त्री) गीरों रक्खी हुई गैया।
धैनुकम् (नपुं०) धेनुओं का समूह।
धैवतः (पुं०) एक स्वर (जैसा घोड़ा बोलता है)।

धोरणम् (नपुं०) वाहन वा सवारी।
धौरितम् (नपुं०) घोड़ों की तुर्की चाल।
धौरितकम् (नपुं०) तथा।
धौरेयः (पुं०) घोड़ा, बोझा ढोने वाला।
ध्यामम् (नपुं०) रोहिस घास।
ध्रुव (त्रि०) (वः। वा। वम्) निश्चल वा स्थिर, (पुं०) ध्रुव एक तारा, ठूंठा वृक्ष, एक स्रुवा जिस से होम किया जाता है, (स्त्री) शालपर्णी ओषधी, (नपुं०) निश्चय (क्रियाविशेषण)।
ध्वज (त्रि०) (जः। जा। जम्) ध्वजा वा पताका।
ध्वजिनी (स्त्री) सेना।
ध्वनिः (पुं०) शब्द।
ध्वनितम् (नपुं०) मेघ का गर्जना, शब्द।
ध्वस्त (त्रि०) (स्तः। स्ता। स्तम्) च्युत हो गया वा गिर गया।
ध्वाङ्क्षः (पुं०) कौवा, मत्स्य का पकड़नेवाला पक्षी (बकुला इत्यादि)।
ध्वानः (पुं०) शब्द।
ध्वान्तम् (नपुं०) अन्धकार।

—***—

(न)

न (अव्यय) नहीं ।

नः (पुं०) नेता वा रक्षक, नाव, सुगत वा एक नास्तिकों की देवता, बुद्धि, स्तुति, वृक्ष, स्वागतप्रश्न, बन्धु वा नातेदार, सूर्य्य ।

नकुलः (पुं०) नेउर जन्तु ।

नकुलेष्टा (स्त्री) रासन वृक्ष ।

नक्तः (पुं०) करञ्ज वृक्ष ।

नक्तम् (नपुं० । अव्यय) रात्रि ।

नक्तकः (पुं०) पुराने वस्त्र का टुकड़ा वा चिथड़ा ।

नक्तमालः (पुं०) करञ्ज वृक्ष ।

नक्रः (पुं०) नाक (जलजन्तु) ।

नक्षत्रम् (नपुं०) नक्षत्र वा तारा ।

नक्षत्रमाला (स्त्री) नक्षत्र वा तारों की पङ्क्ति, सत्ताइस मोतियों से बनी हुई एक लड़ की माला ।

नक्षत्रेशः (पुं०) चन्द्रमा ।

नख (पुं० । नपुं०)(खः । खम्) हाथ का नख, (नपुं०) नख नामक एक सुगन्धद्रव्य ।

नखर (पुं० । नपुं०) (रः । रम्) हाथ का नख ।

नखिन् (पुं०) (खी) बड़े २ नख वाले हिंसक जन्तु (व्याघ्र इत्यादि), नख नाम गन्धद्रव्य ।

नगः (पुं०) पर्वत, वृक्ष ।

नगरम् (नपुं०) नगर, राजधानी।

नगरी (स्त्री) तथा ।

नगौकस् (पुं०) (काः) पक्षी ।

नग्न (त्रि०) (ग्नः । ग्ना । ग्नम्) नङ्गा = ङ्गी ।

नग्नहूः (पुं०) "किण्व" में देखो ।

नग्निका (स्त्री) रजोधर्मरहित स्त्री

नटः (पुं०) नट वा नाचनेवाला, सोनापाठा एक लकड़ी ।

नटनम् (नपुं०) नाचना ।

नटी (स्त्री) नट की स्त्री, नाचनेवाली, मालकंगुनी ओषधी ।

नडः (पुं०) नरकट एक वृक्ष । [नलः]

नड्या (स्त्री) नरकट का समूह ।

नड्वत् (त्रि०) (ड्वान् । ड्वती । ड्वत्) जिस स्थान में नरकट बहुत हों।

नड्वल (त्रि०) (लः । ला । लम्) तथा।

नत (त्रि०) (तः । ता । तम्) झुका = की, टेढ़ा = ढ़ी, नीचा = ची ।

नतनासिक (त्रि०) (कः । का । कम्) चिपटी नाक वाला = ली।

नदः (पुं०) नद (शोणभद्र इत्यादि)

नदी (स्त्री) नदी ।
नदीमातृक (त्रि०) (कः । का । कम्) वह देश जिस में नदी के पानी से अन्न उत्पन्न होते हैं ।
नदीसर्जः (पुं०) अर्जुन वृक्ष ।
नद्ध्री (स्त्री) चमड़े की डोरी ।
ननन्दृ (स्त्री) (न्दा) स्त्री के पति की बहिन वा ननंद ।
ननान्दृ (स्त्री) (न्दा) तथा ।
ननु (अव्यय) प्रश्न, निश्चय, बिनती, विरोध, सम्बोधन ।
नन्दकः (पुं०) विष्णु का खड्ग ।
नन्दनम् (नपुं०) इन्द्र का बगीचा।
नन्दिकः (पुं०) शिव का एक गण।
नन्दिकेश्वरः (पुं०) तथा ।
नन्दिन् (पुं०) (न्दी) तथा, राजा इत्यादि अमीरों का एक प्रकार का घर ।
नन्दिवृक्षः (पुं०) तूणी वृक्ष ।
नन्दीवर्तः (पुं०) एक मछली ।
नन्द्यावर्तः (पुं०) राजा इत्यादि अमीरों का एक प्रकार का घर।
नपुंसकः (पुं०) नपुंसक वा नामर्द।
नप्त्री (स्त्री) पुत्र वा पुत्री की लड़की ।
नप्तृ (पुं०) (प्ता) पुत्र वा पुत्री का लड़का ।
नभस् (पुं० । नपुं०) (भाः । भः) (पुं०) श्रावण महीना, (नपुं०) आकाश ।
नभसङ्गमः (पुं०) पक्षी ।
नभस्यः (पुं०) भादों महीना ।
नभस्वत्(पुं०) (स्वान्) जवान, वायु।
नमसित (त्रि०) (तः । ता । तम्) पूजित ।
नमस् (अव्यय) (मः) नमस्कार, नम्रता ।
नमस्कारिन् (पुं०) (री) नमस्कार करनेवाला, लजालू वृक्ष।
नमस्या (स्त्री) नमस्कार, पूजा।
नमस्यित (त्रि०) (तः । ता । तम्) पूजित ।
नमुचिसूदनः (पुं०) इन्द्र ।
नयः (पुं०) नीति वा व्यवस्था, ले जाना वा पहुंचाना ।
नयनम् (नपुं०) आँख, लेजाना वा पहुंचाना ।
नरः (पुं०) मनुष्य, खूंटा ।
नरकः (पुं०) नरक, दुर्गति ।
नरकान्तकः (पुं०) विष्णु ।
नरवाहनः (पुं०) कुबेर ।
नर्तक (त्रि०) (कः । की । कम्) नाचनेवाला = ली ।
नर्तनम् (नपुं०) नाचना ।
नर्मदा (स्त्री) रेवा नदी ।
नर्मन् (नपुं०) (र्म) क्रीड़ा वा

विहार ।

नलकूबरः (पुं०) कुबेर का पुत्र ।

नलदम् (नपुं०) खस (एक घास)

नलमीनः (पुं०) नरकट के बन की मछली ।

नलिनम् (नपुं०) कमल ।

नलिनी (स्त्री) कमलिनी ।

नली (स्त्री) मालकंगुनी ।

नल्वः (पुं०) ४०० हाथ, ४०० बित्ता

नव (त्रि०) (वः । वा । वम्) नया = ई ।

नवनीतम् (नपुं०) मक्खन ।

नवमालिका (स्त्री) नेवारी वृक्ष ।

नवसूतिका (स्त्री) नई बियानी गैया ।

नवीन (त्रि०) (नः । ना । नम्) नया = ई ।

नवोद्धृतम् (नपुं०) मक्खन ।

नव्य (त्रि०) (व्यः । व्या व्यम्) नया = ई ।

नश्वर (त्रि०) (रः । री । रम्) नाश होने वाला = ली ।

नष्ट (त्रि०) (ष्टः । ष्टा । ष्टम्) नष्ट हो गया = ई, अदृश्य वा गुप्त हो गया = ई ।

नष्टचेष्टता (स्त्री) मूर्छा ।

नष्टाग्निः (पुं०) जिस के अग्नि-होत्र का अग्नि बुत गया वह।

नस्तितः (पुं०) नाथागया (बैल इत्यादि) ।

नस्योतः (पुं०) तथा । [नस्तोतः]

नहि (अव्यय) नहीं ।

नाकः (पुं०) आकाश, स्वर्ग ।

नाकुः (पुं०) बिम्बौट अर्थात् चिउंटी इत्यादि कों की बनाई हुई मट्टी की ढेर ।

नाकुली (स्त्री) रासन वृक्ष ।

नाग (पुं० । नपुं०) (गः । गम्) (पुं०) हाथी, एक प्रकार का सर्प, नागकेसर, बीड़ा का पान, हस्तिनापुर, मोथा घास, श्रेष्ठ, (नपुं०) सीसा धातु ।

नागकेसरः (पुं०) नागकेसर वा नागचम्पा पुष्पवृक्ष ।

नागजिह्विका (स्त्री) मैनसिल धातु ।

नागबला (स्त्री) ककही वृक्ष ।

नागर (त्रि०) (रः । री । रम्) चतुर, नगरवासी, (नपुं०) सोंठ, नागरमोथा ।

नागरङ्गः (पुं०) नारङ्गी वृक्ष ।

नागलोकः (पुं०) पाताल ।

नागवल्ली (स्त्री) बीड़ा का पान।

नागसम्भवम् (नपुं०) सेंदुर ।

नागान्तकः (पुं०) गरुड़ पक्षी ।

नाट्यम् (नपुं०) नाचना, ना-

चना गाना बजाना (यह शब्द मिले हुये इन तीनों का वाचक है)।
नाडिकेरः (पुं०) नरियर वृक्ष।
नाडिन्धमः (पुं०) सोनार।
नाडी (स्त्री) नाड़ी अर्थात् वात पित्त कफ इत्यादि के विकार को जनाने वाली नस, ६ क्षण, जव इत्यादि वृक्ष को डार।
नाडीव्रणः (पुं०) नासूर अर्थात् जो घाव सदा बहा करता है।
नाथवत् (त्रि०) (वान्। वती। वत्) पराधीन।
नादः (पुं०) शब्द।
नादेय (त्रि०) (यः। यी। यम्) नदी से उत्पन्न (जल इत्यादि), (स्त्री) अरणी वा जाही वा टेकार, 'भूमिजम्बू' एक कन्द।
नाना (अव्यय) अनेक, दोनों, मना करना।
नान्दी (स्त्री) एक स्तुतिवचनरूप मंगलाचरण (जिसको नाटक के प्रारम्भ में नट वा सूत्रधार पढ़ते हैं)।
नान्दीकरः (पुं०) नान्दी पढ़ने वाला।
नान्दीवादिन् (पुं०) (दी) तथा।
नापितः (पुं०) हज्जाम।
नाभि (पुं०। स्त्री) (भिः। भिः) नाभि अर्थात् ढोंढ़ी, (पुं०) क्षत्रिय, मुख्य राजा, रथ के चक्र का मध्य, (स्त्री) कस्तूरी।
नाभिजन्मन् (पुं०) (न्मा) ब्रह्मा।
नाम (अव्यय) प्रसिद्धि, कोई प्रकार से, क्रोध, द्वेष के सहित अङ्गीकार, निन्दा।
नामधेयम् (नपुं०) नाम।
नामन् (नपुं०) (म) तथा।
नायः (पुं०) नीति।
नायकः (पुं०) स्वामी, अध्यक्ष, माला के मध्य का मणि वा सुमेरु।
नारकः (पुं०) नरक में पड़ा प्राणी, नरक।
नारदः (पुं०) नारद ऋषि।
नाराचः (पुं०) लोहे का बाण।
नाराची (स्त्री) तौलने का काँटा।
नारायणः (पुं०) विष्णु।
नारायणी (स्त्री) महालक्ष्मी, सतावर ओषधी।
नारिकेलः (पुं०) नरियर वृक्ष। [नारिकेरः] [नालिकेरः] [नारीकेलः] [नारिकेलिः (स्त्री)] [नारीकेली (स्त्री)]
नारी (स्त्री) स्त्री।
नाल (पुं०। नपुं०) (लः। लम्) क-

मल इत्यादि का उपठा, (नपुं०) जव इत्यादि की डार ।

नाविकः (पुं०) नाव चलाने वाला वा पतवार पकड़ने वाला ।

नाव्य (त्रि०) (व्यः । व्या । व्यम्) नाव से पार उतरने के योग्य (नदी इत्यादि) ।

नाशः (पुं०) नाश ।

नासत्यौ, द्विवचन, (पुं०) अश्विनीकुमार ।

नासा (स्त्री) नाक । [नसा] [नस्या]

नासादारु (नपुं०) द्वार के ऊपर भीत का आधारकाष्ठ ।

नासिका (स्त्री) नाक ।

नास्तिकः (पुं०) नास्तिक ।

नास्तिकता (स्त्री) परलोक को न मानना ।

निकट (त्रि०) (टः । टा । टम्) पास की वस्तु ।

निकरः (पुं०) समूह ।

निकर्षणः (पुं०) पुर इत्यादि में गृह इत्यादि के लिये नापा हुवा स्थान ।

निकषः (पुं०) कसौटी ।

निकषा (अव्यय) समीप ।

निकषात्मजः (पुं०) राक्षस ।

निकामम् (नपुं० । अव्यय) यथेष्ट वा यथेप्सित वा इच्छा के सदृश, अत्यन्त ।

निकायः (पुं०) समूह ।

निकाय्यः (पुं०) घर ।

निकारः (पुं०) अपकार वा बुराई, "उत्कार" में देखो ।

निकारणम् (नपुं०) मार डालना।

निकुञ्चकः (पुं०) एक नपुवा जो कुडव के $\frac{1}{4}$ के तुल्य है वा मूठ।

निकुञ्ज (पुं० । नपुं०) (ञ्जः । ञ्जम्) लता का घर ।

निकुम्भः (पुं०) वज्रदन्ती वृक्ष, एक राक्षस का नाम ।

निकुरम्बम् (नपुं०) समूह ।

निकृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) बहुत धिक्कारा गया = ई, कुटिल हृदय वाला = ली ।

निकृतिः (स्त्री) धूर्तता ।

निकृष्ट (त्रि०) (ष्टः । ष्टा । ष्टम्) अधम वा नीच ।

निकेतनम् (नपुं०) घर ।

निकोचकः (पुं०) ढेरा वृक्ष ।

निकोठकः (पुं०) तथा ।

निक्कणः (पुं०) भूषण का शब्द ।

निक्काणः (पुं०) तथा ।

निखिल (त्रि०) (लः । ला । लम्) सम्पूर्ण वा सब ।

निगड (पुं० । नपुं०) (डः डम) बेड़ी जो अपराधी के पैर में डाली जाती है।

निगदः (पुं०) कथन।

निगमः (पुं०) वेद, नगर, राजधानी, बनियाँ, वाणिज्य वा बनियई।

निगादः (पुं०) कथन।

निगारः (पुं०) निगलना।

निगालः (पुं०) घोड़ों के हंसुली (अङ्ग) और गले के बीच का भाग अर्थात् घण्टा जहाँ बाँधा जाता है उसके समीप का स्थान।

निग्रहः (पुं०) दण्ड।

निघः (पुं०) सब तरफ से समान अर्थात् बराबर चढ़ाव उतार (वृक्षादि), वृत्त, गेंद।

निघसः (पुं०) भोजन।

निघासः (पुं०) तथा।

निघ्न (त्रि०) (घ्नः। घ्ना। घ्नम्) अधीन वा परतन्त्र।

निचुलः (पुं०) स्थल का बेंत, समुद्रफल।

निचोलः (पुं०) "प्रच्छदपट" में देखो। [निचुलः]

निज (त्रि०) (जः। जा। जम्) स्वकीय वा अपना = नी, नित्य (कोई वस्तु)।

नितम्बः (पुं०) स्त्री के कमर का पिछला हिस्सा वा चूतड़, पर्वत का मध्यभाग।

नितम्बिनी (स्त्री) सुन्दर "नितम्ब" वाली स्त्री।

नितान्त (त्रि०) (न्तः। न्ता। न्तम्) अतिशयित वस्तु, (नपुं०) अतिशय।

नित्य (त्रि०) (त्यः। त्या। त्यम्) नित्यपदार्थ (जैसा सन्ध्योपासनादि), (नपुं०) निरन्तर वा हरदम।

निदाघः (पुं०) जेठ और असाढ़ का ऋतु (ग्रीष्म), पसीना, पसीना का कारण गरमी वा ताप

निदानम् (नपुं०) मुख्य कारण वा हेतु।

निदिग्ध (त्रि०) (ग्धः। ग्धा। ग्धम्) समृद्ध वा सम्पन्न वा आढ्य वा धनी।

निदिग्धिका (स्त्री) भटकटैया लता

निर्देशः (पुं०) आज्ञा वा हुक्म।

निद्रा (स्त्री) नींद वा सूतना।

निद्राण (त्रि०) (णः। णा। णम्) सूत गया = ई।

निद्रालु (त्रि०) (लुः। लुः। लु) जिस का सूतने का स्वभाव है।

निद्रित (त्रि०) (तः। ता। तम्)

सूतगया = ई ।
निधन (पुं० । नपुं०) (नः । नम) नाश, (पुं०) ब्रह्मा, (नपुं०) कुल ।
निधिः (पुं०) निधि वा खज़ाना।
निधुवनम् (नपुं०) स्त्री पुरुष का संयोग वा मैथुन ।
निध्यानम् (नपुं०) देखना, सोचना ।
निध्रम् (नपुं०) खपड़ा वा छान्हो की ओरी । [नीध्रम्]
निनदः (पुं०) शब्द ।
निनादः (पुं०) तथा ।
निन्दा (स्त्री) निन्दा ।
निप (पुं० । नपुं०) (पः । पम्) पानी का घड़ा ।
निपठः (पुं०) पढ़ना ।
निपाठः (पुं०) तथा ।
निपातनम् (नपुं०) गिरा देना ।
निपानम् (नपुं०) कूवाँ के पास का हौद ।
निपुण (त्रि०) (णः । णा । णम्) चतुर ।
निबन्धः (पुं०) एक प्रकार का रोग जिस से मल और मूत्र का रोध होता है ।
निबन्धनम् (नपुं०) कारण वा हेतु, वीणा में जहाँ तार बाँधा जाता है उसके ऊपर का भाग।
निबर्हणम् (नपुं०) मार डालना।
निभ (त्रि०) (भः । भा । भम्) "प्रतीकाश" में देखो ।
निभृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) छिपा हुवा = ई, नम्रतायुक्त।
निमयः (पुं०) किसी वस्तु से किसी वस्तु का अदल बदल करना ।
निमित्तम् (नपुं०) हेतु, चिह्न ।
निमेषः (पुं०) पलक भाँजना ।
निम्न (त्रि०) (म्नः । म्ना । म्नम्) गहिरा वा नीचा ।
निम्नगा (स्त्री) नदी ।
निम्बः (पुं०) नीम वृक्ष ।
निम्बतरुः (पुं०) बकाइन वृक्ष, नीम वृक्ष ।
नियतिः (स्त्री) नियम, भाग्य ।
नियन्तृ (पुं०) (न्ता) सारथी, अध्यक्ष वा स्वामी ।
नियमः (पुं०) जो कर्म वा क्रिया शरीर के बाह्य वस्तु से साध्य हो (यह पाँच प्रकार का है,— शौच वा सफाई, सन्तोष, तपस्या, स्वाध्याय, ईश्वरप्रणिधान [ईश्वर में चित्त लगाना]), अङ्गीकार, व्रत ।
नियामकः (पुं०) बड़ी नाव का चलाने वाला, अध्यक्ष वा सरदार

नियुतम् (नपुं०) एक लाख ।
नियुद्धम् (नपुं०) बाहुयुद्ध अर्थात् कुस्ती ।
नियोज्य (त्रि०) (ज्यः । ज्या । ज्यम्) दास वा नौकर ।
निरन्तर (त्रि०) (रः । रा । रम्) निरन्तर वा गझिन वस्तु, नित्य वा हरदम (क्रियाविशेषण में) ।
निरयः (पुं०) नरक वा दुर्गति ।
निरर्गल (त्रि०) (लः । ला । लम्) बन्धनरहित ।
निरर्थक (त्रि०) (कः । का । कम्) व्यर्थ वा निष्प्रयोजन ।
निरवग्रह (त्रि०) (हः । हा । हम्) स्वतन्त्र ।
निरसनम् (नपुं०) निराकरण करना वा नकारना वा अङ्गीकार न करना, थूकना ।
निरस्त (त्रि०) (स्तः स्ता । स्तम्) "प्रत्यादिष्ट" में देखो, चलाया गया वा फेंका गया = ई (बाण इत्यादि), थूका गया = ई, (नपुं०) जल्दी बोलना ।
निराकरिष्णु (त्रि०) (ष्णुः । ष्णुः । ष्णु) निषेध वा मना करने वाला = ली वा नकारने वाला = ली ।
निराकृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) "प्रत्यादिष्ट" में देखो ।
निराकृतिः (पुं० । स्त्री) (तिः । तिः) (पुं०) अपने शाखा के वेद के अध्ययन से रहित, (स्त्री) निराकरण करना वा नकारना वा अङ्गीकार न करना ।
निरामय (त्रि०) (यः । या । यम्) रोगरहित ।
निरीशम (नपुं०) फार अर्थात् हल के नीचे का काठ जिसमें लोहा लगा रहता है । [निरीषम्]
निरुक्तम् (नपुं०) एक वेदाङ्ग, व्याख्या वा टीका ।
निरोधः (पुं०) दण्ड ।
निर् (अव्यय) निश्चय, निषेध ।
निर्ऋतिः (पुं०। स्त्री) (तिः । तिः) (पुं०) नैर्ऋत्य कोण का स्वामी (दिक्पाल), (स्त्री) दारिद्र्य ।
निर्गुण्डी (स्त्री म्यौड़ी वृक्ष, नेवारी पुष्पवृक्ष । [निर्गुण्टी]
निर्ग्रन्थनम् (नपुं०) बध अर्थात् मार डालना ।
निर्घोषः (पुं०) शब्द ।
निर्जरः (पुं०) देवता ।
निर्झरः (पुं०) झरना, प्रवाह ।
निर्झरिणी (स्त्री) नदी ।
निर्णयः (पुं०) निश्चय ।

निर्णिक्त (त्रि०) (क्तः । क्ता । क्तम्) धोया गया वा मलरहित किया गया = ई ।
निर्णेजकः (पुं०) धोबी ।
निर्देशः (पुं०) आज्ञा वा हुक्म । [निदेशः]
निर्भर (त्रि०) (रः । रा । रम्) अतिशयित वा उत्कृष्ट वा श्रेष्ठ, (नपुं०) अतिशय ।
निर्मद (त्रि०) (दः । दा । दम्) अहङ्काररहित, (पुं०) वह हाथी जिस का मदजल निकल गया है ।
निर्मुक्त (त्रि०) (क्तः । क्ता । क्तम्) बन्धन से छूट गया = ई, (पुं०) वह सर्प जिस ने केंचुल छोड़ दी है ।
निर्मोकः (पुं०) सर्पादिक की केंचुल।
निर्याणम् (नपुं०) निकल जाना, हाथी के आँखों के कोने ।
निर्यातनम् (नपुं०) वैर का बदला लेना, दान, जिसकी धरोहर हो उसको वह दे देना ।
निर्यासः (पुं०) काढ़ा, गोंद ।
निर्वपणम् (नपुं०) दान ।
निर्वर्णनम् (नपुं०) देखना वा निगाह करना ।
निर्वहणम् (नपुं०) नाट्य में मुखादि ५ सन्धियों में का पाँचवाँ सन्धि, निर्वाह का होना वा करना
निर्वाण (पुं० । नपुं०) (णः । णम्) (पुं०) निर्मुक्त भया (मुनि), ठण्ढा भया (अग्नि), पानी में डूबा (हाथी), (नपुं०) मोक्ष ।
निर्वात (त्रि०) (तः । ता । तम्) वायुरहित स्थल, (पुं०) वह वायु जो निकल गया है ।
निर्वादः (पुं०) निन्दा, निश्चित वाद ।
निर्वापणम् (नपुं०) मार डालना।
निर्वार्य (त्रि०) (र्यः । र्या । र्यम्) सत्वसम्पत्ति से युक्त हो कर कार्य करनेवाला (सत्व—दुःख में भी मन का न डगना) । [निर्वीर्य]
निर्वासनम् (नपुं०) निकाल देना, मार डालना ।
निर्वृत्त (त्रि०) (त्तः । त्ता । त्तम्) सिद्ध भया = ई वा पूरा हुवा = ई ।
निर्वेशः (पुं०) उपभोग, मजदूरी ।
निर्व्यथनम् (नपुं०) छिद्र, अत्यन्त पीड़ा ।
निर्व्यूहः (पुं०) खूंटी, शिरोवेष्टन (पगड़ी सिरपेंच इत्यादि),

द्वार, काटा ।
निर्झरः (पुं०) धंसे हुये बाण इत्यादि का निकालना ।
निर्ह्वारिन् (पुं०) (री) दूर तक जाने वाला गन्ध ।
निह्रादः (पुं०) शब्द ।
निलयः (पुं०) घर ।
निवहः (पुं०) समूह ।
निवात (त्रि०) (तः । ता । तम्) वायुरहित स्थान, (पुं०) निवास, शस्त्रों से अभेद्य कवच ।
निवापः (पुं०) सपिण्डदान के बाद पितृ के उद्देश से दान ।
निवीत (त्रि०) (तः । ता । तम्) वस्त्र से लपेटा = टी. (नपुं०) माला की नाईं पहिरी हुई जनेऊ ।
निवृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) चारो ओर से घेरा = रो ।
निवेशः (पुं०) आगन्तुक सैन्य के रहने का स्थान, टिकान ।
निशा (स्त्री) रात्रि, हरदी ।
निशाख्या (स्त्री) तथा ।
निशाटनः (पुं०) उल्लू पक्षी, राक्षस ।
निशात (त्रि०) (तः । ता । तम्) सान रक्खा हुआ = ई (छूरी इत्यादि शस्त्र) । [निशित]
निशान्तम् (नपुं०) घर ।
निशापतिः (पुं०) चन्द्रमा ।
निशारणम् (नपुं०) मार डालना ।
निशाह्वा (स्त्री) हरदी ।
निशित (त्रि०) (तः । ता । तम्) "निशात" में देखो ।
निशीथः (पुं०) आधीरात ।
निशीथिनी (स्त्री) रात्रि ।
निश्चयः (पुं०) निश्चय ।
निःशलाक (त्रि०) (कः । का । कम्) एकान्त स्थान ।
निःशेष (त्रि०) (षः । षा । षम्) समग्र वा सम्पूर्ण ।
निःशोध्य (त्रि०) (ध्यः । ध्या । ध्यम्) मलरहित करने के योग्य, मलरहित किई वस्तु ।
निःश्रेणिः (स्त्री) काष्ठ इत्यादि की सीढ़ी । [निःश्रेणिका]
निःश्रेयसम् (नपुं०) मोक्ष वा मुक्ति ।
निषङ्गः (पुं०) तरकस अर्थात् बाण का घर ।
निषङ्गिन् (पुं०) (ङ्गी) तरकस वाला वा धनुर्द्धर ।
निषद्या (स्त्री) हाट वा बाजार ।
निषद्वरः (पुं०) चहला वा कीचड़ ।
निषधः (पुं०) एक पर्वत, एक देश ।
निषादः (पुं०) सात स्वरों में से

एक स्वर (जैसा हाथी बोलता है), चण्डाल के सदृश एक नीच जाति ।

निषादिन् (पुं०) (दी) हाथीवान् ।

निषूदन (त्रि०) (नः । नी । नम्) मारने वाला = ली. (नपुं०) मार डालना । [निसूदन]

निष्कः (पुं०) सोना, गले का एक प्रकार का गहना, पल भर सोना, एक प्रकार का रुपया (जो कि १६ चवन्नी भर होता है और पूर्व काल में चलता था), १०८ कर्ष भर सोना (८० घुंघुची का एक कर्ष और ४ कर्ष का एक पल होता है)।

निष्कला (स्त्री) वह स्त्री जिस का रजोधर्म्म नष्ट हो गया है। [निष्कली]

निष्कासित (त्रि०) (तः । ता । तम्) निकाला गया = ई ।

निष्कुटः (पुं०) घर का उपवन अर्थात् नजरबाग ।

निष्कुटि (स्त्री) (टिः—टी) इलायची ।

निष्कुहः (पुं०) "कोटर" में देखो

निष्क्रमः (पुं०) बुद्धि का सामर्थ्य, निकलना ।

निष्क्रामित (त्रि०) (तः । ता । तम्) निकाला गया = ई ।

निष्ठा (स्त्री) नाट्य का पञ्चम सन्धि. सिद्धि, अदर्शन वा न देख पड़ना, प्रध्वंस वा नाश, स्थिति ।

निष्ठानम् (नपुं०) कढ़ी, खखारना वा ठनकना ।

निष्ठीवनम् (नपुं०) थूकना ।

निष्ठुर (त्रि०) (रः । रा । रम्) कठोर ।

निष्ठेवः (पुं०) थूकना ।

निष्ठेवनम् (नपुं०) तथा ।

निष्ठ्यूत (त्रि०) (तः । ता । तम्) थूक दिया गया = ई, प्रेरित, फेंक दिया गया = ई ।

निष्ठ्यूतिः (स्त्री) थूकना, प्रेरणा, फेंकना ।

निष्णात (त्रि०) (तः । ता । तम्) निपुण वा कुशल वा चतुर ।

निष्पक्व (त्रि०) (क्वः । क्वा । क्वम्) अच्छी तरह से पकाया गया (काढ़ा इत्यादि) ।

निष्पन्न (त्रि०) (न्नः । न्ना । न्नम्) सिद्ध भया = ई ।

निष्पावः (पुं०) धान इत्यादि अन्नों को पछोड़ने इत्यादि से साफ करना ।

निष्प्रभ (त्रि०) (भः । भा । भम्) प्रकाशहीन ।

निष्प्रवाणि (त्रि०) (णिः । णिः । णि) कोरा कपड़ा ।

निष्षमम (नपुं०) निन्द्य (क्रियाविशेषण में) ।

निसर्गः (पुं०) स्वभाव ।

निसृष्ट (त्रि०) (ष्टः । ष्टा । ष्टम्) त्याग किया गया = ई, फेंका गया = ई ।

निस्तर्हणम् (नपुं०) मार डालना ।

निस्तल (त्रि०) (लः । ला । लम्) गोल वस्तु ।

निस्त्रिंशः (पुं०) तलवार ।

निस्रावः (पुं०) भात का माँड़ ।

निस्वनः (पुं०) शब्द ।

निस्वानः (पुं०) तथा ।

निस्सरणम् (नपुं०) निकलने पैठने का मार्ग, निकलना ।

निस्स्व (त्रि०) (स्स्वः । स्स्वा । स्स्वम्) दरिद्र ।

निहननम् (नपुं०) मार डालना ।

निहाका (स्त्री) गोह जन्तु ।

निहिंसनम् (नपुं०) मार डालना ।

निहीन (त्रि०) (नः । ना । नम्) नीच वा अधम ।

निह्नवः (पुं०) अविश्वास, झूठ बोलना, धूर्तपन ।

नीकाशः (पुं०) "प्रतीकाश" में देखो ।

नीच (त्रि०) (चः । चा । चम्) नीच वा अधम, नीचा स्थान, नाटा = टी ।

नीचैस् (अव्यय) (चैः) थोड़ा, धीरे, निचाई नीचा ।

नीड (पुं० । नपुं०) (डः । डम) खोंता वा पक्षियों का घर ।

नीडोद्भवः (पुं०) पक्षी ।

नीध्रम (नपुं०) "निध्र" में देखो ।

नीपः (पुं०) कदम वृक्ष ।

नीरम् (नपुं०) जल ।

नील (त्रि०) (लः । ला । लम्) काले रङ्ग की वस्तु, (पुं०) काला रङ्ग, एक निधि ।

नीलकण्ठः (पुं०) शिव, एक पक्षी, मोर पक्षी ।

नीलङ्गुः (पुं०) "कृमि" में देखो ।

नीललोहितः (पुं०) शिव ।

नीला (स्त्री) मक्खी ।

नीलाम्बर (त्रि०) (रः । रा । रम) काले कपड़े वाला = ली, (पुं०) बलदेव (कृष्ण के भाई), (नपुं०) काला कपड़ा ।

नीलाम्बुजन्मन् (नपुं०) (न्म) नील कमल ।

नीलिका (स्त्री) नेवारी पुष्पवृक्ष ।

नीलिनी (स्त्री) नील ।

नीली (स्त्री) तथा, काली गैया ।

नीवाकः (पुं०) धन धान्य इत्यादि वस्तुओं में आदर की अधिकाई ।

नीवारः (पुं०) तिन्नी का चावल ।

नीवि (स्त्री) (विः—वी) स्त्रियों की फुफती अर्थात् वस्त्र का आगे का बन्धन जो नाभी के पास बंधा रहता है, मूनधन ।

नीवृत् (पुं०) जनों के रहने का स्थान वा देश ।

नीशारः (पुं०) ओढ़ने की रजाई ।

नीहारः (पुं०) हिम वा पाला, कुहिरा वा कुहेसा ।

नु (अव्यय) प्रश्न, विकल्प ।

नुतिः (स्त्री) स्तुति ।

नुत्त (त्रि०) (त्तः । त्ता । त्तम्) प्रेरित ।

नुन्न (त्रि०) (न्नः । न्ना । न्नम्) तथा

नूतन (त्रि०) (नः । ना । नम्) नया = ई ।

नूत्न (त्रि०) (त्नः । त्ना । त्नम्) तथा ।

नूदः (पुं०) तूत वृक्ष ।

नूनम् (अव्यय) तर्क, किसी बात का निश्चय ।

नूपुर (पुं० । नपुं०) (रः । रम्) "मञ्जीर" में देखो ।

नृ (पुं०) (ना) मनुष्यजाति में पुरुष वा जातिमात्र में पुरुष ।

नृत्यम् (नपुं०) नाच, नाचना गाना बजाना (यह शब्द मिले हुए इन तीनों का वाचक है)

नृपः (पुं०) राजा ।

नृपलक्ष्मन् (नपुं०) (क्ष्म) राजा का छत्र ।

नृपसभम् (नपुं०) राजा की सभा।

नृशंस (त्रि०) (सः । सा । सम्) घातकरने वाला = ली, क्रूर वा दुष्ट, परद्रोह करने वाला = ली

नृसैनम् (नपुं०) मनुष्यों की सेना [नृसेना]

नेतृ (पुं०) (ता) पहुंचाने वाला, प्रभु वा स्वामी ।

नेत्रम् (नपुं०) आँख, चीन का कपड़ा, जटा ।

नेत्राम्बु (नपुं०) आँसू ।

नेदिष्ठ (त्रि०) (ष्ठः । ष्ठा । ष्ठम्) अत्यन्त पास वाला = ली ।

नेपथ्यम् (नपुं०) "आकल्प" में देखो, नाटक में सवाँगों के बनने का स्थान जो पर्दा से ढंका रहता है ।

नेमि (पुं० । स्त्री) (मिः । मिः—मी) गराड़ी, रथ के पहिए का वह भाग जो कि भूमि को छूता है, बखुल एक प्रकार का वृक्ष ।

नैकभेद (त्रि०) (दः । दा । दम्)

बहुत प्रकार की वस्तु ।
नैगम (त्रि०) (मः । मी । मम्) वेदसम्बन्धि वस्तु, नगर का रहने वाला = ली, (पुं०) बनियाँ, उपनिषत् ।
नैचिकी (स्त्री) उत्तम गैया । [निचिकी]
नैपाली (स्त्री) नैपाल की मैनसिल
नैमेयः (पुं०) किसी वस्तु का अदला बदला ।
नैयग्रोधम् (नपुं०) बड़ वृक्ष का फल ।
नैयायिकः (पुं०) न्यायशास्त्र का जानने वाला ।
नैर्ऋतः (पुं०) राक्षस, नैर्ऋत्य कोण का स्वामी (दिक्पाल) ।
नैर्ऋतीपतिः (पुं०) नैर्ऋत्य कोण का स्वामी (दिक्पाल) ।
नैष्किकः (पुं०) चाँदी का अध्यक्ष वा स्वामी ।
नैस्त्रिंशिकः (पुं०) खड्गधारी ।
नो (अव्यय) नहीं ।
नौः (स्त्री) नाव ।
नौकादण्डः (पुं०) नाव खेवने का डाँड़ा ।
न्यक् (अव्यय) धिक्कार, ह्रस्व वा नाटा ।
न्यक्ष (त्रि०) (क्षः । क्षा । क्षम्) निकृष्ट वा नीच, (नपुं०) असम्पूर्णता ।
न्यग्रोधः (पुं०) बड़ वृक्ष, अंकवार ।
न्यग्रोधी (स्त्री) मूसाकर्णी ओषधी ।
न्यङ्कुः (पुं०) एक प्रकार का मृग ।
न्यञ्च् (त्रि०) (न्यङ् । नीची । न्यक्) ह्रस्व वा नाटा = टी, अधोमुख, (नपुं०) यज्ञ में एक पात्र ।
न्यस्त (त्रि०) (स्तः । स्ता । स्तम्) त्याग किया गया = ई, फेंका गया = ई ।
न्यादः (पुं०) भोजन ।
न्यायः (पुं०) नीति वा न्याय ।
न्याय्य (त्रि०) (य्यः । य्या । य्यम्) न्याय के सदृश वा न्याय के अनुसार ।
न्यासः (पुं०) धरोहर रखना, स्थापन करना ।
न्युब्ज (त्रि०) (ब्जः । ब्जा । ब्जम्) वह प्राणी जिसकी कमर रोग से लचक गई और उसी कारण मुह नीचे हो गया हो ।
न्यूङ्खः (पुं०) अच्छे प्रकार से, मनोहर, सामवेद के ६ प्रकार के ओङ्कार । [न्युङ्खः]
न्यून (त्रि०) (नः । ना । नम्) थोड़ा = ड़ी, निन्दनीय ।

—***—

(प)

पः (पुं०) कुबेर, पश्चिम, वायु, पीना, पीनेवाला ।

पक्कण (पुं० । नपुं०) (णः । णम्) भिल्लों का गाँव ।

पक्क (त्रि०) (क्कः । क्का । क्कम्) पका हुआ (फल इत्यादि), पकाया गया = ई, वह वस्तु जो कि नाश होने पर है ।

पक्षः (पुं०) पक्षियों का पङ्ख, आधा महीना, सहाय, शरीर की अलग बगल की पंसुली, घर, साध्य वा साधने के योग्य वस्तु, विरोध वा वैर, बल, मित्र, चूल्हा का छेद, बड़ा हाथी, निकट, (यह शब्द जब केश शब्द के आगे रहता है तब इसका अर्थ समूह होता है, जैसे,—केशपक्षः—बालों का समूह) ।

पक्षक (पुं० । नपुं०) (कः । कम्) खिड़की, शरीर के दोनों पाँजर।

पक्षतिः (स्त्री) पड़िवा तिथि, पङ्ख की जड़ अर्थात् जहाँ पङ्ख लगा रहता है ।

पक्षद्वारम् (नपुं०) खिड़की ।

पक्षभागः (पुं०) हाथियों के पाँजर ।

पक्षान्तः (पुं०) पौर्णिमा वा अमावास्या तिथि, पक्ष का अन्त ।

पक्षिणी (स्त्री) पक्षी की स्त्री, वर्तमान और आने वाले दिन से संयुक्त रात्रि ।

पक्षिन् (पुं०) (क्षी) चिड़िया ।

पक्ष्मन् (नपुं०) (क्ष्म) आँख की पपनी, केसर, सूत इत्यादि का अत्यन्त सूक्ष्म भाग ।

पङ्क (पुं० । नपुं०) (ङ्कः । ङ्कम्) चहला वा कीचड़, पाप ।

पङ्किल (त्रि०) (लः । ला । लम्) चहला वा कीचड़ से भरा हुआ स्थान ।

पङ्केरुहम् (नपुं०) कमल ।

पङ्क्तिः (स्त्री) पाँती, समूह दस (सङ्ख्या), दस अक्षर के पाद का छन्द ।

पङ्गु (त्रि०) (ङ्गुः । ङ्गुः । ङ्गु) पङ्गुल वा लङ्गरहित ।

पचम्पचा (स्त्री) दारुहरदी ।

पचम्बचा (स्त्री) तथा ।

पचा (स्त्री) पकावना ।

पञ्चजनः (पुं०) पुरुष (मनुष्य जाति में) ।

पञ्चता (स्त्री) मरण ।

पञ्चत्वम् (नपुं०) तथा ।

पञ्चनखः (पुं०) सिंह ।

पञ्चन्, बहुवचन (त्रि०) (ञ्च । ञ्च । ञ्च) पाँच (कोई वस्तु), (नपुं०) पाँच (सङ्ख्या) ।

पञ्चम (त्रि०)(मः । मी । मम्) पाँचवाँ=वीँ, (पुं०) पञ्चम स्वर (जैसा वसन्त में कोकिल बोलता है), (स्त्री) पञ्चमी तिथि

पञ्चशरः (पुं०) कामदेव ।

पञ्चशाखः (पुं०) हाथ ।

पञ्चाङ्गुलः (पुं०) रेंड़ वृक्ष ।

पञ्चास्यः (पुं०) सिंह (एक वनपशु)

पञ्जिका (स्त्री) सम्पूर्ण पदों की व्याख्या ।

पट (पुं० । नपुं०) (टः । टम्) वस्त्र, (पुं०) प्यारमेवा वा चिरौँजी का वृक्ष ।

पटकुटी (स्त्री) वस्त्र का घर वा तम्बू ।

पटच्चरम् (नपुं०) जीर्ण वा पुराना वस्त्र ।

पटल (स्त्री । नपुं०) (ली । लम्) समूह, (नपुं०) खपड़ा वा छान्ही, एक नेत्ररोग ।

पटलप्रान्तम् (नपुं०) खपड़ा वा छान्ही की ओरी ।

पटवासकः (पुं०) बुक्का ।

पटह (पुं० । नपुं०) (हः । हम्) युद्ध का नगाड़ा ।

पटु (त्रि०) (टुः । ट्वी—टुः । टु) समर्थ, चतुर, आलस्यरहित वा फुरतीला, बुद्धिमान्, नीरोग, (पुं०) परवर तरकारी ।

पटुपर्णी (स्त्री) मकोय वृक्ष ।

पटोलः (पुं०) परवर तरकारी ।

पटोलिका (स्त्री) चिचिड़ा तरकारी ।

पट्टः (पुं०) पीढ़ा, चौमोहानी, पट्टी, सील, राजशासनविशेष ।

पट्टिकाख्यः (पुं०) लाल लोध ।

पट्टिन् (पुं०) (ट्टी) तथा ।

पट्टिशः (पुं०) पटा (एक हथियार) ।

पणः (पुं०) कर्ष भर ताँबा अर्थात् पैसा, मजूरी वा तलब, जूआ, दाँव (जो कि जूआ में लगाया जाता है), मूल्य वा दाम ।

पणव (पुं० । स्त्री) (वः । वा) ढोलक बाजा ।

पणायित (त्रि०) (तः । ता । तम्) व्यवहार में लगाया गया=ई, कहा गया=ई वा स्तुति किया गया=ई । [पनायित]

पणित (त्रि०) (तः । ता । तम्) तथा । [पनित]

पणितव्य (त्रि०) (व्यः । व्या । व्यम्) बेचने के योग्य ।

पण्डः (पुं०) नपुंसक वा हिंजड़ा ।
पण्डा (स्त्री) भले बुरे का विचार करने वाली बुद्धि ।
पण्डितः (पुं०) पण्डित ।
पण्डितम्मन्य (त्रि०) (न्यः । न्या । न्यम्) अपने को पण्डित समझने वाला = लो ।
पण्य (त्रि०) (ण्यः । ण्या । ण्यम्) बेंचने के योग्य ।
पण्यवीथिका (स्त्री) बाज़ार की रस्ता ।
पण्या (स्त्री) मालकंगुनी श्रोषधी ।
पण्याजीवः (पुं०) बनियाँ ।
पतगः (पुं०) पक्षी ।
पतङ्गः (पुं०) पखियारी (एक प्रकार के कीड़े जो उड़कर दीया में गिरते हैं), पक्षी, सूर्य्य ।
पतङ्गिका (स्त्री) एक प्रकार की छोटी मधुमक्खी ।
पतत् (त्रि०) (तन् । न्ती । त्) गिरता हुआ, (पुं०) पक्षी ।
पतत्रम् (नपुं०) पक्षियों का पङ्ख ।
पतत्रिः (पुं०) पक्षी ।
पतत्रिन् (पुं०) (त्री) पक्षी, बाण ।
पतद्ग्रहः (पुं०) पिकदानी ।
पतयालु (त्रि०) (लुः । लुः । लु) जिसका गिरने का स्वभाव है ।
पताका (स्त्री) पताका वा ध्वजा ।
पताकिन् (पुं०) (की) पताका वाला ।
पतिः (पुं०) स्वामी ।
पतिवत्नी (स्त्री) जिसका पति जीता है ऐसी स्त्री ।
पतिव्रता (स्त्री) पतिव्रता स्त्री ।
पतिंवरा (स्त्री) वह कन्या जो अपनी इच्छा से पति को बरै ।
पत्तनम् (नपुं०) नगर वा पुर ।
पत्तिः (पुं० । स्त्री) (त्तिः । त्तिः) (पुं०) पैदल, (स्त्री) गमन वा चलना, वह सेना जिसमें १ हाथी १ रथ ३ घोड़े और ५ पैदल रहते हैं ।
पत्नी (स्त्री) विवाहिता स्त्री ।
पत्रम् (नपुं०) पत्ता, पङ्ख, सवारी (घोड़ा हाथी इत्यादि) ।
पत्रपरशुः (पुं०) "व्रश्चन" में देखो ।
पत्रपाश्या (स्त्री) बन्दी बेना इत्यादि ललाट का भूषण ।
पत्ररथः (पुं०) पक्षी ।
पत्रलेखा (स्त्री) स्त्रियों के स्तन पर वा गाल पर कस्तूरी चन्दन इत्यादि से की हुई चित्रकारी ।
पत्राङ्गम् (नपुं०) रक्त चन्दन, रक्तसार (रक्त चन्दन के सदृश एक लकड़ी) ।

पत्राङ्गुलिः (स्त्री) "पत्रलेखा" में देखो।
पत्रिन् (पुं०) (त्री) पक्षी, बाज पक्षी, बाण।
पत्रोर्ण (पुं०। नपुं०) (र्णः। र्णम्) धोये रेसम का कपड़ा, (पुं०) सोनापाढ़ा।
पथिकः (पुं०) राह चलने वाला।
पथिन् (पुं०) (न्थाः) मार्ग वा रास्ता।
पथ्या (स्त्री) हर्रें।
पदः (पुं०) पैर, पहिला दाँत।
पदम् (नपुं०) व्यवसाय, रक्षा, स्थान, चिह्न, चरण, वस्तु।
पदगः (पुं०) पैदल।
पदवी (स्त्री) रस्ता।
पदाजिः (पुं०) पैदल।
पदातः (पुं०) तथा।
पदातिः (पुं०) तथा।
पदातिकः (पुं०) तथा।
पदिकः (पुं०) तथा।
पद् (पुं०) (त्—द्) पैर वा चरण, पहिला दाँत।
पद्गः (पुं०) पैदल।
पद्धतिः (स्त्री) पगडण्डी।
पद्म (पुं०। नपुं०) (द्मः। द्मम्) कमल, (पुं०) एक निधि।
पद्मकम् (नपुं०) हाथियों के देह पर के लाल २ बिन्दु जो कि जवानी में उत्पन्न होते हैं।
पद्मचारिणी (स्त्री) माक अन्न।
पद्मनाभः (पुं०) विष्णु।
पद्मपत्रम् (नपुं०) पुष्करमूल वा कमल की जड़।
पद्मरागः (पुं०) लाल (एक मणि)।
पद्मवर्णम् (नपुं०) पुष्करमूल वा कमल की जड़।
पद्मा (स्त्री) लक्ष्मी, ब्रह्मदण्डी ओषधी, माक अन्न।
पद्माकरः (पुं०) वह जलाशय जिस में कमल लगे हैं।
पद्माक्षः (पुं०) सूर्य्य।
पद्माटः (पुं०) चकवड़ ओषधी।
पद्मालया (स्त्री) लक्ष्मी।
पद्मिनी (स्त्री) कमलिनी, पद्मिनी (स्त्रीविशेष)।
पद्मिन् (पुं०) (द्मी) हाथी।
पद्यम् (नपुं०) श्लोक।
पद्या (स्त्री) मार्ग वा रस्ता।
पनसः (पुं०) कटहर तरकारी। [पणसः]
पनायित (त्रि०) (तः। ता। तम्) "पणायित" में देखो।
पनित (त्रि०) (तः। ता। तम्) तथा।
पन्न (त्रि०) (न्नः। न्ना। न्नम्)

च्युत वा गिर पड़ा=ड़ी ।
पन्नगः (पुं०) सर्प ।
पन्नगाशनः (पुं०) गरुड़ पक्षी ।
पयस् (नपुं०) (यः) पानी, दूध ।
पयस्य (त्रि०) (स्यः । स्या । स्यम्) दूध से बनी वस्तु (घी दही इत्यादि) ।
पयोधरः (पुं०) स्तन, मेघ ।
पर (त्रि०) (रः । रा । रम्) पराया=यी (वस्तु), अन्य वा दूसरा=री, दूर, उत्तम वा श्रेष्ठ, (पुं०) शत्रु, (नपुं०) केवल, अनन्तर ।
परजात (त्रि०) (तः । ता । तम्) अन्य से वा शत्रु से पैदा भया =ई ।
परतन्त्र (त्रि०) (न्त्रः । न्त्रा । न्त्रम्) पराधीन ।
परपिण्डाद (त्रि०) (दः । दा । दम्) दूसरे के अन्न से जीने वाला=ली ।
परभृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) अन्य वा दूसरे से पाला गया, =ई (पुं० । स्त्री) कोकिल पक्षी ।
परभृत् (पुं०) कोकिल पक्षी, अन्य वा दूसरे का पालने वाला ।
परम (त्रि०) (मः । मा । मम्) उत्कृष्ट वा उत्तम, (नपुं०) अङ्गीकार वा हामी भरना ।
परमम् (अव्यय) अङ्गीकार वा हामी भरना ।
परमान्नम् (नपुं०) खीर वा जाउर ।
परमेष्ठिन् (पुं०) (ष्ठी) ब्रह्मा ।
परम्पराकम् (नपुं०) यज्ञ के पशु को मारना ।
परवत् (त्रि०) (वान् । वती । वत्) पराधीन वा परवश वा परतन्त्र ।
परशुः (पुं०) कुल्हाड़ी ।
परश्वधः (पुं०) तथा । [परस्वधः]
परश्वस् (अव्यय) (श्वः) परसों (आने वाला) ।
परश्शत, बहुवचन (त्रि०) (तः । ता । तम्) जिन की सङ्ख्या १०० से अधिक है ।
परस्परपराहत (त्रि०) (तः । ता । तम्) विरुद्ध बोलना (जैसे,— 'मेरी माता वन्ध्या' इत्यादि) ।
परस्सहस्र (त्रि०) (स्राः । स्राः । स्राणि) जिन की संख्या १००० से अधिक है ।
पराक्रमः (पुं०) पराक्रम वा शूरता, उद्योग ।
परागः (पुं०) धूल, पुष्पधूली, बाल का मसाला ।
पराङ्मुख (त्रि०) (खः । खी । खम्)

जिस ने पीछे मुख फेर लिया है

पराचित (त्रि०) (तः। ता। तम्) दूसरे से बढ़ाया वा पाला गया =ई।

पराचीन (त्रि०) (नः। ना। नम्) जिस ने पीछे मुख फेर लिया है

पराजयः (पुं०) पराजय वा हार।

पराजित (त्रि०) (तः। ता। तम्) जीता गया=ई वा हराया गया=ई, दूसरे से बढ़ाया गया=ई।

पराधीन (त्रि०) (नः। ना। नम्) पराधीन वा परवश वा परतन्त्र।

परान्न (त्रि०) (न्नः। न्ना। न्नम्) दूसरे के अन्न से जीने वाला=ली

पराभूत (त्रि०) (तः। ता। तम्) जीता गया=ई।

परायण (त्रि०) (णः। णा। णम्) तत्पर वा आसक्त, (नपुं०) तत्परता वा आसक्ति।

परारि (अव्यय) वर्तमान वर्ष के पूर्व का तृतीय वर्ष जिस को 'परियार' कहते हैं।

परार्द्ध्य (त्रि०) (र्द्ध्यः। र्द्ध्या। र्द्ध्यम्) अति श्रेष्ठ वा अति उत्तम, प्रधान वा मुख्य, (नपुं०) सङ्ख्या अर्थात् अन्तिम सङ्ख्या। (१००००००००००००००००००)

परासनम् (नपुं०) मार डालना।

परासु (त्रि०) (सुः। सुः। सु) मर गया=ई।

परास्कन्दिन् (पुं०) (न्दी) चोर।

परि, उपसर्ग (अव्यय) चारो ओर से (इस का प्रयोग धातु के सङ्ग मे होता है)।

परिकरः (पुं०) समूह, विवेक, आरम्भ, कमरबन्ध, खटिया, परिवार वा कुटुम्ब।

परिकर्मन् (नपुं०) (र्म) केसर इत्यादि से शरीर का संस्कार वा उबटना।

परिक्रमः (पुं०) प्रदक्षिणा करना, पैर से चलना।

परिक्रिया (स्त्री) परिजनादिकों से घेरा जाना।

परिक्षिप्त (त्रि०) (प्तः। प्ता। प्तम्) घेरा हुवा=ई।

परिखा (स्त्री) किला के चारो ओर की खांई।

परिग्रहः (पुं०) पत्नी, परिवार, अङ्गीकार, वृक्षादि की जड़, शाप।

परिघः (पुं०) बेंवड़ा, चारो ओर से मारना, एक प्रकार का योग, लोहांगी।

परिघातनः (पुं०) लोहांगी।

परिचयः (पुं०) परिचय वा जानपहिचान ।

परिचरः (पुं०) "परिधिस्थ" में देखो ।

परिचर्या (स्त्री) उपासना वा सेवा ।

परिचाय्यः (पुं०) यज्ञ में अग्नि का कोई एक स्थानविशेष, उस स्थान पर का अग्नि ।

परिचारकः (पुं०) दास वा टहलुवा ।

परिजनः (पुं०) नौकर चाकर इत्यादि आत्मसम्बन्धी जन ।

परिझङ्कारः (पुं०) चारो ओर से 'झन्' 'झन्' ऐसा शब्द का होना ।

परिणत (त्रि०) (तः । ता । तम्) पक गया = ई ।

परिणयः (पुं०) विवाह ।

परिणामः (पुं०) किसी वस्तु का बदल कर दूसरा हो जाना (जैसा दूध वा दही का परिणाम मक्खन) ।

परिणायः (पुं०) गोटियों का इधर उधर चलाना ।

परिणाहः (पुं०) विशालता वा बड़ाई, वस्त्र इत्यादि का पनहाँ ।

परितस् (अव्यय) (तः) चारो ओर

परित्राणम् (नपुं०) रक्षा ।

परिदानम् (नपुं०) कोई वस्तु का अदल बदल करना ।

परिदेवनम् (नपुं०) पछतावा का बोलना वा कलपना ।

परिधानम् (नपुं०) धोती इत्यादि नाभी के नीचे पहिरने का वस्त्र ।

परिधिः (पुं०) वृत्त की परिधि वा गोलाई, सूर्य्य वा चन्द्र के चारो ओर का मण्डल, पलाश इत्यादि यज्ञ के वृक्षों की शाखा

परिधिस्थः (पुं०) सेनारक्षक के चारो ओर घूमने वाला ।

परिपणः (पुं०) मूल धन ।

परिपन्थिन् (पुं०) (न्थी) शत्रु ।

परिपाटी (स्त्री) क्रम ।

परिपूर्णता (स्त्री) परिपूर्णता ।

परिपेलवम् (नपुं०) मोथा घास ।

परिप्लुव (त्रि०) (वः । वा । वम्) चञ्चल वा अस्थिर ।

रथकारः (पुं०) रथ बनाने वाला, बढ़ई, "माहिष्य" जातिवाले मनुष्य से "करणी" जातिवाली स्त्री में उत्पन्न लड़का ।

रथगुप्तिः (स्त्री) रथ के ऊपर का कलसा ("वरूथ" में देखो) ।

रथद्रुः (पुं०) वञ्जुल (एक प्रकार का वृक्ष) ।

रथाङ्ग (पुं० । नपुं०) (ङ्गः । ङ्गम्) (पुं०) चकवा पक्षी, (नपुं०) रथ की पहिया ।

रथाङ्गनामन् (पुं० । स्त्री) (मा । म्नी) चकवा पक्षी ।

रथाङ्गाह्वयः (पुं०) चकवा पक्षी।

रथिकः (पुं०) रथ का स्वामी ।

रथिनः (पुं०) तथा ।

रथिन् (पुं०) (थी) तथा, रथ पर चढ़ कर युद्ध करनेवाला ।

रथिरः (पुं०) रथ का स्वामी ।

रथ्यः (पुं०) रथ का खींचने वाला घोड़ा ।

रथ्या (स्त्री) गली, रथों का समूह।

रदः (पुं०) दांत ।

रदनः (पुं०) तथा ।

रदनच्छदः (पुं०) ओष्ठ वा ओंठ ।

रन्ध्रम् (नपुं०) छेद वा बिल ।

रभसः (पुं०) हर्ष, वेग ।

रमणा (स्त्री) क्रीड़ा करानेवाली वा रमावने वाली स्त्री ।

रमणी (स्त्री) तथा ।

रमा (स्त्री) लक्ष्मी ।

रम्भा (स्त्री) केला वृक्ष, एक स्वर्ग की वेश्या का नाम ।

रयः (पुं०) वेग से चलना ।

रल्लकः(पुं०) कम्बल वा कमरा ।

रवः (पुं०) शब्द ।

रवण (त्रि०)(णः । णा । णम्) जिस का शब्द करने का स्वभाव है ।

रविः (पुं०) सूर्य्य ।

रशना (स्त्री) जीभ, सोरह लड़ का स्त्री के कमर का गहना (करधनी इत्यादि) ।

रश्मिः (पुं०) किरण वा प्रकाश, घोड़ा इत्यादि की बागडोर वा लगाम ।

रसः (पुं०) खट्टा मीठा इत्यादि ६ रस, पारा धातु, गन्धरस, शृङ्गार वीर करुण इत्यादि साहित्य के रस, वीर्य वा धातु, प्रीति वा प्रेम, जहर, स्वाद, पतली वस्तु (जैसा पानी, सरबत इत्यादि) ।

रसगन्धः (पुं०) गन्धरस वा बोर।
रसगर्भम् (नपुं०) "तार्क्ष्यशैल" में देखो ।
रसज्ञ (त्रि०) (ज्ञः । ज्ञा । ज्ञम्) रस को जानने वाला = ली ।
रसज्ञा (स्त्री) जीभ ।
रसना (स्त्री) "रशना" में देखो ।
रसवती (स्त्री) रसोंई का स्थान ।
रसा (स्त्री) पृथ्वी वा भूमि, सलई (एक लकड़ी), सोनापाढ़ा (एक औषधीकाष्ठ)।
रसाञ्जनम् (नपुं०) "तार्क्ष्यशैल" में देखो ।
रसातलम् (नपुं०) पाताल ।
रसाल (पुं० । नपुं०) (लः । लम्) (पुं०) आम वृक्ष, ऊख, (नपुं०) आम फल ।
रसाला (स्त्री) श्रीखण्ड वा सिखरन (एक खाने का पदार्थ, जो कि—
बासी दही—७॥ छटांक,
उत्तम चीनी—१० छटांक १ तोला,
घी—२ तोला ८ मासे,
सहद—२ तोला ८ मासे,
मिरिच—१ तोला ४ मासे,
सोंठ—१ तोला ४ मासे,

अथवा

घी इत्यादि चारो वस्तु प्रत्येक १ तोला ४ मासे,
इन सब पदार्थों को मिला कर मल्हीन कपड़े में छान कर कपूर से सुगन्धित पात्र में रखने से बनता है)।
रसितम् (नपुं०) मेघ का गर्जन-शब्द ।
रसोनम् (नपुं०) लहसुन (एक कन्द)।
रसोनकः (पुं०) तथा ।
रहस् (अव्यय) (हः) एकान्त ।
रहस् (नपुं०) (हः) तथा, परस्पर।
रहस्य (त्रि०) (स्यः । स्या । स्यम्) एकान्त में हुआ = ई, गोप्य वा छिपाने के योग्य।
राका (स्त्री) वह पुनवाँसी की रात्रि जिसमें चन्द्र पूर्ण रहते हैं।
राक्षसः (पुं०) राक्षस (एक देवयोनि)।
राक्षसी (स्त्री) चोर नामक एक गन्धवस्तु, राक्षस की स्त्री ।
राक्षा (स्त्री) महावर वा लाही का रङ्ग ।
राङ्कव (त्रि०) (वः । वी । वम्) मृग के रोम से बना हुआ (वस्त्र इत्यादि)।

राजकम् (नपुं०) राजों का समूह।
राजकशेरु (नपुं०) नागरमोथा।
राजन् (पुं०) (जा) राजा, चन्द्रमा, क्षत्रिय, यक्ष।
राजन्यः (पुं०) क्षत्रिय।
राजन्यकम् (नपुं०) क्षत्रियों का समूह।
राजन्वत् (त्रि०) (न्वान्। न्वती। न्वत्) वह देश वा नगर वा भूमि जिस में अच्छा राजा है।
राजबला (स्त्री) 'कुब्जप्रसारणी' ओषधी।
राजबीजिन् (त्रि०) (जी। जिनी। जि) राजा के वंश में उत्पन्न वा पैदा हुआ=ई।
राजराजः (पुं०) कुबेर।
राजवत् (त्रि०) (वान्। वती। वत्) वह देश वा भूमि वा नगर जिस में राजा हो।
राजवृक्षः (पुं०) अमिलतास।
राजवंश्य (त्रि०) (श्यः। श्या। श्यम्) राजा के वंश में उत्पन्न वा पैदा हुआ=ई।
राजसदनम् (नपुं०) सब से ऊंचा घर, राजा का घर।
राजसूयम् (नपुं०) एक यज्ञ का नाम।
राजहंसः (पुं०) वह हंस पक्षी जिस का रङ्ग श्वेत हो और चोंच और पैर लाल २ हों।
राजातनः (पुं०) प्यारमेवा वृक्ष।
राजादन (पुं०। नपुं०) (नः। नम्) तथा, खिरनी वृक्ष।
राजार्ह (त्रि०) (र्हः। र्हा र्हम) राजा के योग्य वस्तु, (नपुं०) अगुरुचन्दन।
राजि (स्त्री) (जिः—जी) पङ्क्ति वा पाँती वा कतार।
राजिका (स्त्री) राई।
राजिलः (पुं०) वह दुमुहाँ सर्प जिस में विष नहीं रहता।
राजीव (पुं०। नपुं०) (वः। वम्) (पुं०) एक बड़ी मछली, (नपुं०) कमल।
राज् (पुं०) (ट्—ड्) राजा।
राज्याङ्गानि, बहुवचन, (नपुं०) १ राजा, २ मन्त्री, ३ राजा का मित्र, ४ खजाना, ५ देश की भूमि, ६ दुर्गम स्थान अर्थात् पर्वत किला इत्यादि, ७ सेना, ८ पुरवासियों का समूह ये आठ "राज्याङ्ग" कहलाते हैं।
रात्रि (स्त्री) (त्रिः—त्री) रात।
रात्रिंचरः (पुं०) राक्षस।
रात्रिचरः (पुं०) तथा।
राद्धान्तः (पुं०) सिद्धान्त वा निर्णय।

राधः (पुं०) वैशाख महीना ।

राधा (स्त्री) विशाखा नक्षत्र, एक गोपी का नाम ।

राम (त्रि०) (मः । मा । मम्) सुन्दर वा मनोहर, नीली वस्तु, श्वेत वस्तु, (पुं०) रामचन्द्र, परशुराम, बलदेव, एक प्रकार का सुन्दर मृग, नीला रङ्ग, श्वेत रङ्ग ।

रामठम् (नपुं०) हींग ।

रामा (स्त्री) स्त्री ।

राम्भः (पुं०) बाँस का दण्ड जो ब्रह्मचर्य में धारण कियाजाता है ।

रालः (पुं०) राल वा धूप ।

रावः (पुं०) शब्द ।

राशिः (पुं०) ढेर, मेष वृष मिथुन इत्यादि १२ राशि, गणित शास्त्र की सङ्ख्या ।

राष्ट्र (पुं० । नपुं०) (ष्ट्रः । ष्ट्रम्) देश, उपद्रव ।

राष्ट्रिका (स्त्री) भटकटैया (एक कंटीला वृक्ष) ।

राष्ट्रियः (पुं०) राजा का साला (नाट्य में) ।

रासः (पुं०) मेघ का शब्द, ग्वालों की एक प्रकार की क्रीड़ा वा खेल

रासभः (पुं०) गदहा (पशु) ।

रास्ना (स्त्री) रासन (एक वृक्ष), एलापर्णी ओषधी ।

राहुः (पुं०) एक ग्रह ।

रिक्त (त्रि०) (क्तः । क्ता । क्तम्) शून्य वा खाली ।

रिक्तक (त्रि०) (कः । का । कम्) तथा

रिक्थम् (नपुं०) धन वा दौलत ।

रिङ्गणम् (नपुं०) रेंगना, अपने धर्मादि से बिचल जाना, बालक इत्यादि के हाथ पैर, बिछलाय कर गिरना । [रिङ्खणम्]

रिटिः (पुं०) शिव के एक गण का नाम ।

रिपुः (पुं०) शत्रु ।

रिष्टम् (नपुं०) मङ्गल वा कल्याण, अमङ्गल वा अकल्याण, अमङ्गल का नाश ।

रिष्टिः (पुं०) तलवार ।

रीढा (स्त्री) अनादर वा अपमान।

रीण (त्रि०) (णः । णा । णम्) बहा = हो (जैसा गैया के थन इत्यादि से दूध इत्यादि) ।

रीति (स्त्री) (तिः—ती) रीति वा लोकाचार, पीतर एक धातु, बहना, लोहा की मैल ।

रीतिपुष्पम् (नपुं०) "कुसुमाञ्जन" में देखो ।

रुक्मम् (नपुं०) सुवर्ण वा सोना।

रुक्मकारकः (पुं०) सोनार ।

रुक्ष (त्रि०) (क्षः । क्षा । क्षम्) रूखा = खी, (पुं०) अप्रेम वा अप्रीति वा प्रेम का नाश ।

रुग्ण (त्रि०) (ग्णः । ग्णा । ग्णम्) व्यथित वा पीड़ित वा रोगी, टूटा हुआ = ई ।

रुचक (पुं० । नपुं०) (कः । कम्) बिजौरा नीबू, रेंड़ वृक्ष, राजा इत्यादि धनपात्रों का एक प्रकार का घर, (पुं०) एक प्रकार का गहना, (नपुं०) सोचरनोन, सोचरखार ।

रुचिः (स्त्री) चाह वा इच्छा, प्रभा वा प्रकाश, आलिङ्गन वा गले से लगाना, अत्यन्त आसक्ति सूर्यादिक की किरण, शोभा वा सुन्दरता ।

रुचिर (त्रि०) (रः । रा । रम्) सुन्दर ।

रुच् (स्त्री) (क्—ग्) रोग वा पीड़ा ।

रुच्य (त्रि०) (च्यः । च्या । च्यम्) प्यारा = री, सुन्दर ।

रुजा (स्त्री) रोग वा पीड़ा ।

रुज् (स्त्री) (क्—ग्) तथा ।

रुतम् (नपुं०) अस्पष्ट शब्द ।

रुदितम् (नपुं०) रोना ।

रुद्ध (त्रि०) (द्धः । द्धा । द्धम्) रोका हुआ = ई, बन्द किया हुआ = ई, बाँधा हुआ = ई ।

रुद्रः (पुं०) शिव ।

रुद्राः, बहुवचन, (पुं०) रुद्र नामक गणदेवता जो गिनती में ११ हैं ।

रुद्राणी (स्त्री) पार्वती ।

रुधिर (पुं० । नपुं०) (रः । रम्) (पुं०) मङ्गल ग्रह, (नपुं०) केसर, लोहू ।

रुमा (स्त्री) खारा समुद्र, सुग्रीव की स्त्री का नाम ।

रुरुः (पुं०) एक प्रकार का मृग वा बनपशु ।

रुवूकः (पुं०) रेंड़ वृक्ष । [रुबुकः] [रूवूकः]

रुशत् (त्रि०) (शत् । शती—शन्ती । शत्) अमङ्गल बोलना ।

रुष् (स्त्री) (ट्—ड्) क्रोध ।

रुहा (स्त्री) दूर्वा घास ।

रूपम् (नपुं०) रूप वा आकार, सफेद नीला पीला इत्यादि रङ्ग, चाँदी ।

रूपाजीवा (स्त्री) वेश्या ।

रूप्य (त्रि०) (प्यः । प्या । प्यम्) रमणीय वा सुन्दर, (नपुं०) रूपा वा चाँदी, छापा हुआ चाँदी वा सोना अर्थात् चाँदी वा सोने का रुपया ।

रूप्याध्यक्षः (पुं०) रूपा का अध्यक्ष वा अधिकारी वा खज़ानची ।

रूषित (त्रि०) (तः । ता । तम्) धूलि इत्यादि से लपेटा हुआ वा रूखा किया हुआ = ई ।

रेचन (त्रि०) (नः । नी । नम्) पतला दस्त लाने वाली वस्तु, (स्त्री) कबीला ओषधी, (नपुं०) जुलाब लेना ।

रेचित (त्रि०) (तः । ता । तम्) दस्त की राह से गिराया गया = ई, त्याग किया गया = ई, (नपुं०) घोड़े की एक प्रकार की चाल ।

रेणु (पुं० । स्त्री) (णुः । णुः) धूली वा धूर ।

रेणुकः (पुं०) मटर (एक अन्न) ।

रेणुका (स्त्री) रेणुकबीज नामक एक गन्धवस्तु, परशुराम की माता का नाम ।

रेतस् (नपुं०) (तः) वीर्य वा धातु ।

रेफ (त्रि०) (फः । फा । फम्) अधम वा नीच [रेप], (पुं०) रेफ वा हल् रकार एक वर्ण ।

रेवती (स्त्री) एक तारा, बलदेव की स्त्री ।

रेवतीरमणः (पुं०) बलदेव ।

रेवा (स्त्री) नर्मदा नदी ।

रै (पुं०) (राः) धन, सुवर्ण वा सोना ।

रोकम् (नपुं०) छिद्र वा बिल ।

रोगः (पुं०) बीमारी ।

रोगहारिन् (पुं०) (री) वैद्य ।

रोचनः (पुं०) काला सेमर वृक्ष ।

रोचनी (स्त्री) श्वेत निशोथ ओषधी, कबीला ओषधी । [रेचनी]

रोचिष् (नपुं०) (चिः) प्रभा ।

रोचिष्णु (त्रि०) (ष्णुः । ष्णुः । ष्णु) अत्यन्त शोभा को प्राप्त होताहुआ = ई ।

रोदनम् (नपुं०) रोना, रोलाना, आंसू ।

रोदनी (स्त्री) जवासा वा हिंगुआ (एक कटैला वृक्ष) ।

रोदसी, द्विवचनान्त, (स्त्री) (स्यौ) भूमि और आकाश ।

रोदस्, द्विवचनान्त, (नपुं०) (सी) तथा ।

रोधः (पुं०) नदी इत्यादि का तीर

रोधस् (नपुं०) (धः) तथा ।

रोधोवक्रा (स्त्री) नदी ।

रोपः (पुं०) बाण ।

रोमन् (नपुं०) (म) रोआँ ।

रोमन्थः (पुं०) पगुरी ।

रोमहर्षणम् (नपुं०) रोआँ का

खड़ा होना।
रोमाञ्चः (पुं०) तथा।
रोषः (पुं०) क्रोध।
रोहिणी (स्त्री) कुटकी ओषधी, एक तारा जिस को चन्द्र की प्यारी स्त्री कहते हैं।
रोहित (त्रि०) (तः। ता। तम्) लाल रङ्ग की वस्तु, (पुं०) रोहू मछली, एक लाल रङ्ग का मृग, (नपुं०) सूधा इन्द्र का धनुष् (पुं०। नपुं०) लाल रङ्ग।
रोहितकः (पुं०) रोहित घास, रोहू मछली, लाल मृग।
रोहिताश्वः (पुं०) अग्नि वा आग।
रोहिन् (पुं०) (ही) रोहित घास, रोही मृग।
रौद्र (त्रि०) (द्रः। द्री। द्रम्) भयङ्कर वा जिस के देखने से डर लगे, (पुं०) रौद्र रस।
रौमकम् (नपुं०) साँभर नोन।
रौरवः (पुं०) एक नरक।
रौहिणेयः (पुं०) बलदेव, बुध ग्रह।
रौहिषम् (नपुं०) रोहिस घास।
रंहस् (नपुं०) (हः) वेग, बल।

—***—

(ल)

लः (पुं०) प्रकाश, भूमि, भय, आनन्द, वायु, नोन, दान, श्लेष वा अनेकार्थ शब्द का प्रयोग, अभिप्राय वा तात्पर्य वा मतलब, प्रलय, साधन, मन, वरुण, आश्वासन करना वा तसल्ली देना
लकुच (पुं०। नपुं०) (चः। चम्) (पुं०) बड़हर वृक्ष, (नपुं०) बड़हर फल। [निकुच]
लक्तकः (पुं०) चिथड़ा वा लत्ता।
लक्षम् (नपुं) लाख (१०००००) सङ्ख्या, निशाना।
लक्षणम् (नपुं०) चिह्न।
लक्षणा (स्त्री) हंसी, सारस पक्षी की स्त्री, एक लता।
लक्ष्मण (त्रि०) (णः। णा। णम्) लक्ष्मीयुक्त, (पुं०) रामचन्द्र के एक भाई का नाम, (स्त्री) सारस पक्षी की स्त्री, एक लता। [लक्षणा]
लक्ष्मन् (नपुं०) (क्ष्म) चिह्न, प्रधान वा मुख्य।
लक्ष्मीः (स्त्री) लक्ष्मी, सम्पत्ति वा धन, अधिकाई, "ऋद्धि" औषधी
लक्ष्मीवत् (त्रि०) (वान्। वती। वत्) लक्ष्मीयुक्त।

लक्ष्य (त्रि०) (क्ष्यः । क्ष्या । क्ष्यम्) निशाना, (नपुं०) स्वरूप का ढाँपना वा छिपाना ।

लगुडः (पुं०) लकड़ी वा डण्डा।

लग्न (त्रि०) (ग्नः । ग्ना । ग्नम्) लगाहुआ = ई, (नपुं०) राशियों का उदय ।

लग्नकः (पुं०) मध्यस्थ वा बिचवई वा जामिनदार ।

लघिमन् (पुं०) (मा) छोटाई।

लघु (त्रि०) (घुः । घुः—ध्वी । घु) जल्दीबाज, छोटा = टी, इष्ट वा चाहाहुआ = ई, (पुं०) अस्यरक ओषधी, (नपुं०) शीघ्र वा जल्दी ।

लघुलयम् (नपुं०) खस वा गाँडर की जड़ ।

लङ्का (स्त्री) समुद्र में का एक टापू, लाल मिरचा ।

लङ्कोपिका (स्त्री) अस्यरक ओषधी

लज्जा (स्त्री) लाज ।

लज्जित (त्रि०) (तः । ता । तम्) लजायगया = ई ।

लट्वा (स्त्री) गाँव की गौरैया, एक प्रकार का करञ्जफल, बाजा

लता (स्त्री) लता वा बेल, वृक्ष की शाखा, गोंदी वृक्ष, वसन्त में फूलने वाला कुन्द, अस्यरक ओषधी, मालकंगुनी ओषधी ।

लतार्कः (पुं०) हरा प्याज ।

लपनम् (नपुं०) मुख, बोलना ।

लपित (त्रि०) (तः । ता । तम्) कहागया = ई, (नपुं०) बोलना

लब्ध (त्रि०) (ब्धः । ब्धा । ब्धम्) प्राप्त हुआ = ई वा मिला = ली ।

लब्धवर्णः (पुं०) पण्डित ।

लभ्य (त्रि०) (भ्यः । भ्या । भ्यम्) पाने के योग्य, न्याय के अनुसार ।

लम्बनम् (नपुं०) लटकना, एक कण्ठ का गहना जो कण्ठा की अपेक्षा कुछ अधिक लटकता रहता है ।

लम्बोदरः (पुं०) गणेश, लम्बे पेट वाला ।

लयः (पुं०) लीन होना वा मिल जाना वा उसी का रूप हो जाना, नाच में गीत बाजा और पैर रखने की क्रिया और ताल—इन के काल की समता वा बराबरी ।

ललना (स्त्री) विलासयुक्त स्त्री ।

ललन्तिका (स्त्री) एक कण्ठ का गहना जो कण्ठा की अपेक्षा कुछ अधिक लटकता रहता है ।

ललाटम् (नपुं०) भाल वा लिलार।

ललाटिका (स्त्री) "पत्त्रपाश्या" में देखो ।
ललाम (पुं० । नपुं०) (मः । मम्) पोंछ, घोड़े के माथे का एक चिह्न, घोड़ा, घोड़े का गहना, प्रधान वा मुख्य, ध्वजा, मनोहर, प्रभाव, पुरुष, भूषण, सूंड़, सींग, चिह्न, अश्वलिङ्गी, संदूक इत्यादि का खाना ।
ललामकम् (नपुं०) कपाल तक लटकती हुई माला ।
ललामन् (नपुं०) (म) "ललाम" में देखो ।
ललितम् (नपुं०) सुरत वा मैथुन में स्त्रियों की चेष्टा ।
लवः (पुं०) सूक्ष्म वा थोड़ा, काटना, टुकड़ा ।
लवङ्ग (पुं० । नपुं०) (ङ्गः । ङ्गम्) (पुं०) लवङ्ग वृक्ष, (नपुं०) लवङ्ग फूल ।
लवण (त्रि०) (णः । णा । णम्) खारा = री, (स्त्री) सुन्दरता, (नपुं०) नोन वा खारा रस ।
लवणाकरः (पुं०) खारा समुद्र ।
लवणोदः (पुं०) खारे पानी का समुद्र ।
लवनम् (नपुं०) काटना ।
लवित्रम् (नपुं०) हंसुवा एक काटने का हथियार ।
लशुनम् (नपुं०) लहसुन ।
लशूनम् (नपुं०) तथा ।
लस्तकः (पुं०) धनुष् का मध्य-भाग ।
लाक्षा (स्त्री) लाही वा महावर ।
लाक्षाप्रसादनः (पुं०) लाल लोध ।
लाङ्गलम् (नपुं०) हल (जिस से खेत जोता जाता है) ।
लाङ्गलिकः (पुं०) हल चलानेवाला।
लाङ्गलिकी (स्त्री) करियारी ।
लाङ्गलिन् (पुं०) (ली) जलपीपर, नरियर, बलदेव ।
लाङ्गूलम् (नपुं०) पोंछ । [लाङ्गुलम्]
लाजाः, बहुवचन, (पुं०) लावा (धान इत्यादि अन्न का) ।
लाञ्छनम् (नपुं०) चिह्न, कलङ्क ।
लाबूः (स्त्री) तुम्बा । [लाबुः]
लाभः (पुं०) फल वा नफा, पाना ।
लामज्जकम् (नपुं०) खस वा गाँडर की जड़ ।
लालसा (स्त्री) प्रार्थना, उत्कण्ठा वा बड़ी चाह ।
लाला (स्त्री) मुंह का लार ।
लालाटिकः (पुं०) वह नौकर जो कि कामों में असमर्थ हो कर अपने स्वामी के क्रोध वा प्रसन्नता की परीक्षा के लिये उस

का मुख देखता है ।

लावः (पुं०) लावा पक्षी, खेत का लवना वा काटना ।

लासिका (स्त्री) नाचनेवाली स्त्री ।

लास्यम (नपुं०) नाचना ।

लिकुचः (पुं०) बड़हर वृक्ष ।

लिक्षा (स्त्री) जूआ का अण्डा ।

लिखित (त्रि०) (तः । ता । तम्) लिखाहुआ वा लिखागया = है, (नपुं०) लिखना ।

लिङ्गवृत्तिः (पुं०) अपने पेट भरने के लिये जटा इत्यादि बढ़ानेवाला ।

लिपि (स्त्री) (पिः—पी) लिखावट वा लिखना ।

लिपिकरः (पुं०) लिखनेवाला वा लेखक ।

लिप्त (त्रि०) (प्तः । प्ता । प्तम्) लीपा गया = है, खायागया = है ।

लिप्तकः (पुं०) विष में बुताया-हुआ बाण ।

लिप्सा (स्त्री) पाने की इच्छा ।

लिबि (स्त्री) (बिः—बी) "लिपि" में देखो ।

लिबिकरः (पुं०) लेखक ।

लिबिकारः (पुं०) तथा ।

लिवि (स्त्री) (विः—वी) "लिपि" में देखो ।

लिविकरः (पुं०) लेखक ।

लिविकारः (पुं०) तथा ।

लीढ (त्रि०) (ढः । ढा । ढम्) चाटागया = है, चीखागया = है, खायागया = है ।

लीला (स्त्री) विलास वा क्रीड़ा, क्रिया, एक प्रकार का हाव (स्त्री का बोलने में पहिरावा में और चेष्टा में अपने प्यारे पति की नकल करना) ।

लुठित (त्रि०) (तः । ता । तम्) लोट गया = है, श्रम दूर करने के लिये भूमि पर लोटाहुआ घोड़ा ।

लुण्ठित (त्रि०) (तः । ता । तम्) लूट लियागया वा डाँका मार कर छीन लियागया = है ।

लुब्ध (त्रि०) (ब्धः । ब्धा । ब्धम्) लोभी वा लालची ।

लुब्धकः (पुं०) व्याध वा शिकारी, व्याघ्र वा बाघ ।

लुलापः (पुं०) भैंसा (एक पशु) ।

लुलायः (पुं०) तथा ।

लूता (स्त्री) मकड़ी (एक जन्तु, जो जाला लगाती है) ।

लून (त्रि०) (नः । ना । नम्) काटागया = है, खण्डित ।

लूमम् (नपुं०) पोंछ ।

लेखः (पुं०) देवता ।
लेखकः (पुं०) लिखनेवाला ।
लेखर्षभः (पुं०) इन्द्र ।
लेखा (स्त्री) रेखा वा पङ्क्ति वा पाँती ।
लेपः (पुं०) शरीर में चन्दन इत्यादि का वा औषधादि का लेप, भोजन वा खाना ।
लेपकः (पुं०) लीपनेवाला वा लेप करनेवाला ।
लेलिहानः (पुं०) सर्प ।
लेशः (पुं०) थोड़ा वा सूक्ष्म वा किञ्चित् वा ज़रासा ।
लेष्टुः (पुं०) ढेला ।
लेहः (पुं०) चाटना वा चीखना ।
लोकः (पुं०) स्वर्ग इत्यादि लोक, लोग वा जन ।
लोकजननी (स्त्री) लक्ष्मी ।
लोकजित् (पुं०) बुद्ध (एक नास्तिकों की देवता) ।
लोकबन्धुः (पुं०) सूर्य्य ।
लोकबान्धवः (पुं०) तथा ।
लोकमातृ (स्त्री) (ता) लक्ष्मी ।
लोकायतम् (नपुं०) चार्वाक (एक नास्तिक) का शास्त्र ।
लोकायतिकः (पुं०) महानास्तिक ("चार्वाक" में देखो) । [लौकायतिकः]
लोकालोकः (पुं०) लोकालोकाचल एक पर्वत ।
लोकेशः (पुं०) ब्रह्मा ।
लोचनम् (नपुं०) नेत्र वा आँख ।
लोचमर्कटः (पुं०) एक औषध जिस को "मयूरशिखा" भी कहते हैं ।
लोचमस्तकः (पुं०) तथा, अजमोदा औषधी ।
लोत (पुं० । नपुं०) (तः । तम्) चोरी का धन ।
लोत्रम् (नपुं०) तथा ।
लोध्र (पुं० । नपुं०) (ध्रः । ध्रम्) (पुं०) लोध वृक्ष, (नपुं०) लोध औषधी ।
लोपामुद्रा (स्त्री) अगस्त्य ऋषि की स्त्री ।
लोप्त्रम् (नपुं०) चोरी का धन ।
लोभः (पुं०) लालच ।
लोमन् (नपुं०) (म) रोम वा रोआँ ।
लोमश (त्रि०) (शः । शा । शम्) बहुत रोमयुक्त, (पुं०) एक ऋषि का नाम, (स्त्री) जटामासी औषधी ।
लोल (त्रि०) (लः । ला । लम्) चञ्चल, लालची ।
लोलुप (त्रि०) (पः । पा । पम्)

अत्यन्त लालची ।

लोलुभ (त्रि०) (भः । भा । भम्) तथा ।

लोष्ट (पुं० । नपुं०) (ष्टः । ष्टम्) ढेला वा कङ्कड़ ।

लोष्टभेदन (पुं० । नपुं०) (नः । नम्) ढेला फोड़ने का मोंगरा ।

लोह (पुं० । नपुं०) (हः । हम) लोहा (धातु), (नपुं०) अगुरुचन्दन, सुवर्ण इत्यादि आठों धातु इस शब्द से कहे जाते हैं (१ सोना २ चाँदी ३ ताँबा ४ पीतल ५ काँसा ६ राँगा ७ सीसा ८ लोहा)।

लोहकारकः (पुं०) लोहार ।

लोहपृष्ठः (पुं०) "कङ्क" में देखो ।

लोहल (त्रि०) (लः । ला । लम्) अस्पष्ट वा गड़बड़ बोलनेवाला = ली ।

लोहाभिसारः (पुं०) अस्त्रधारी राजाओं का महानवमी वा विजयदशमी के दिन युद्धयात्रा के पहिले अस्त्र वाहन इत्यादि के पूजन की विधि, योद्धा लोगों को अस्त्र देना ।

लोहाभिहारः (पुं०) तथा ।

लोहित (त्रि०) (तः । ता । तम) लाल रङ्ग की वस्तु, (नपुं०) रुधिर वा लोहू ।

लोहितकः (पुं०) लाल मणि ।

लोहितचन्दनम् (नपुं०) केसर, रक्तचन्दन ।

लोहिताङ्गः (पुं०) मङ्गल ग्रह ।

लौकायतिकः (पुं०) "लोकायतिक" में देखो ।

लौहम् (नपुं०) लोहा, सुवर्ण इत्यादि आठो धातु इस नाम से कहे जाते हैं ("लोह" में देखो)

—***—

(व)

व (अव्यय) तुल्यता अर्थ में (इव) ।

वः (पुं०) वायु, वरुण, आश्वासन वा तसल्ली देना ।

वक्तव्य (त्रि०) (व्यः । व्या । व्यम्) बोलने के योग्य, निन्दा करने के योग्य, हीन अर्थात् किसी वस्तु से रहित, अधीन वा परतन्त्र ।

वक्तृ (त्रि०) (क्ता । क्त्री । क्तृ) बोलनेवाला = ली ।

वक्त्रम् (नपुं०) मुख ।

वक्र (त्रि०) (क्रः । क्रा । क्रम्)

टेढ़ा = ढ़ी, (नपुं०) नाद वा जल का भंवर अर्थात् जल के घूमने से जो उस में गड़हा सा पड़ जाता है ।
वक्षस (नपुं०) (क्ष:) छाती ।
वङ्क्षणः (पुं०) जङ्घाओं का जोड़।
वचनम् (नपुं०) बात, बोलना ।
वचस् (नपुं०) (चः) वचन ।
वचा (स्त्री) बच ओषधी ।
वज्र (पुं० । नपुं०) (ज्रः । ज्रम्) इन्द्र का वज्र, (पुं०) सेंहुड़ वृक्ष, (नपुं०) हीरा ।
वज्रद्रुः (पुं०) सेंहुड़ वृक्ष ।
वज्रनिर्घोषः (पुं०) बिजुली का कड़कना ।
वज्रपुष्पम् (नपुं०) तिल का फूल।
वज्रिन् (पुं०) (ज्री) इन्द्र ।
वञ्चक (त्रि०) (ञ्चकः । ञ्चिका । ञ्चकम्) ठगनेवाला = ली, (पुं०) सियार (पशु) ।
वञ्चित (त्रि०) (तः । ता । तम्) ठगागया = ई ।
वञ्चुकः (पुं०) सियार (पशु) ।
वञ्जुलः (पुं०) बेंत वृक्ष, अशोक वृक्ष।
वट (त्रि०) (टः । टी । टम्) डोरी वा रस्सी, (पुं०) बड़ का वृक्ष ।
वटकः (पुं०) बड़ा (एक खाद्य वस्तु)
वटाकरः (पुं०) डोरी वा रस्सी।
वटी (स्त्री) तथा, गोली, कौड़ी।
वड्र (त्रि०) (ड्रः । ड्रा । ड्रम्) विस्तीर्ण वा फैलावटयुक्त [वड]
वणिक्पथः (पुं०) बाज़ार ।
वणिज् (पुं०) (क्—ग्) बनियाँ।
वणिज्यम् (नपुं०) बनियाँ का रोज़गार ।
वणिज्या (स्त्री) तथा ।
वण्टकः (पुं०) बाँटनेवाला, बाँटा ।
वत (अव्यय) खेद वा दुःख, दया, सन्तोष, आश्चर्य, "जैसी इच्छा हो वैसा करो" ऐसी आज्ञा देना।
वतोका (स्त्री) वह गैया जिसका गर्भ अकस्मात् गिर गया हो।
वत्स (पुं० । नपुं०) (त्सः । त्सम्) (पुं०) बछवा, बच्चा वा लड़का, (नपुं०) छाती, वर्ष वा बरिस।
वत्सकः (पुं०) कोरैया एक पुष्पवृक्ष।
वत्सतरः (पुं०) छोटा बछवा।
वत्सनाभः (पुं०) बचनाग (एक विष) ।
वत्सरः (पुं०) वर्ष वा बरिस वा साल ।
वत्सल (त्रि०) (लः । ला । लम्) दयालु ।
वत्सादनी (स्त्री) गुरुच (एक ओषधीलता) ।
वद (त्रि०) (दः । दा । दम्) बोल-

नेवाला = ली ।
वदनम् (नपुं०) मुख ।
वदान्य (त्रि०) (न्यः । न्या । न्यम्) दाता वा देनेवाला = ली, मीठा बोलनेवाला = ली ।
वदावद (त्रि०) (दः । दा । दम्) बोलनेवाला = ली ।
वधः (पु०) मार डालना ।
वधूः (स्त्री) स्त्री, विवाहिता स्त्री, पतोहू, असयरक ओषधी ।
वध्य (त्रि०) (ध्यः । ध्या । ध्यम्) मारडालने के योग्य ।
वनम् (नपुं०) जङ्गल, पानी, बगीचा
वनतिक्तिका (स्त्री) सोनापाढ़ा ओषधी ।
वनप्रियः (पु०) कोकिल पक्षी ।
वनमक्षिका (स्त्री) जङ्गली मक्खी वा डाँस ।
वनमालिन् (पु०) (ली) विष्णु ।
वनमुद्गः (पु०) मोट नामक अन्न ।
वनशृङ्गाटः (पु०) गोखरू ओषधी।
वनस्पतिः (पु०) वह वृक्ष जो बिना फूले फलता है ।
वनायुः (पु०) हरिण वा मृग, एक देश का नाम ।
वनायुजः (पु०) वनायु देश का घोड़ा
वनिता (स्त्री) स्त्री, अत्यन्त प्यारी स्त्री ।
वनीपकः (पुं०) याचक वा भिखमङ्गा ।
वनीयकः (पु०) तथा ।
वनौकस् (पु०) (काः) बन्दर पशु ।
वन्दनम् (नपु०) नमस्कार करना।
वन्दा (स्त्री) अकासबंवर (एक लता)
वन्दारु (त्रि०) (रुः । रुः । रु) वन्दना वा नमस्कार करनेवाला = ली ।
वन्दि (स्त्री) (न्दिः—न्दी) कैदी वा जो कैद कियागया है ।
वन्दिन् (पु०) (न्दी) राजा की स्तुति करनेवाला वा भाट ।
वन्ध्य (त्रि०) (न्ध्यः । न्ध्या । न्ध्यम्) बाँझ वा फलरहित (वृक्ष इत्यादि) ।
वन्या (स्त्री) वन का समूह वा बड़ा बन ।
वपनम् (नपुं०) मुण्डन वा मूड़ना।
वपा (स्त्री) बिल वा छिद्र, चरबी।
वपुष् (नपुं०) (पुः) देह वा शरीर।
वप्र (पु० । नपु०) (प्रः । प्रम्) धूस वा क़िला के अगल बगल जो मट्टी गाँज देते हैं जिस से शत्रु के तोप का गोला क़िले में असर न करै, घेरा, (पुं०) खेत, (नपु०) सीसा धातु ।
वमः (पु०) छाँट वा उलटी करना।

वमथुः (पुं०) तथा, हाथियों के सूंड़ का पानी।

वमि (स्त्री) (मिः—मी) तथा।

वयस् (नपुं०) (यः) पक्षी, अवस्था वा उमर, जवानी।

वयस्थ (त्रि०) (स्थः। स्था। स्थम्) जवान वा तरुण, (स्त्री) अंवरा वृक्ष, ब्राह्मी एक लता, ककोड़ी वृक्ष (ओषधी)।

वयस्य (त्रि०) (स्यः। स्या। स्यम्) मित्र, जवान, (स्त्री) सखी।

वर (त्रि०) (रः। रा। रम्) श्रेष्ठ वा प्रधान वा मुख्य, (पुं०) देवता ने प्रसन्न हो कर जो दिया, दुलहा वा वर, (नपुं०) केसर, (क्रियाविशेषण) थोड़े अङ्गीकार अर्थ वा थोड़े प्रिय अर्थ में।

वरट (पुं०। स्त्री) (टः। टा) गंधेली माछी, (स्त्री) हंस की स्त्री।

वरण (पुं०। नपुं०) (णः। णम्) (पुं०) शहरपनाह, वरुण वृक्ष, (नपुं०) नेवता देना वा वरण करना।

वरण्डः (पुं०) एक प्रकार का मुख का रोग।

वरत्रा (स्त्री) हाथियों के शरीर के बीच में बाँधने के लिये चमड़े की डोरी, चमड़े की डोरी।

वरद (त्रि०) (दः। दा। दम्) वर देनेवाला = ली।

वरवर्णिनी (स्त्री) अच्छे रङ्गवाली स्त्री, हरदी।

वराङ्गम् (नपुं०) माथा, स्त्री का मूत्रद्वार।

वराङ्गकम् (नपुं०) तज एक प्रकार की ओषधी।

वराटक (त्रि०) (टकः। टिका। टकम्) (पुं०। नपुं०) डोरी वा रस्सी, (पुं०) कमलगट्टे का छाता, (पुं०। स्त्री) कौड़ी।

वरारोहा (स्त्री) अच्छे चूतड़वाली स्त्री।

वराशिः (पुं०) मोटा कपड़ा।

वरासिः (पुं०) तथा।

वराहः (पुं०) सूअर।

वरिवसित (त्रि०) (तः। ता। तम्) शुश्रूषा वा सेवा कियागया = ई, (नपुं०) शुश्रूषा वा सेवा।

वरिवस्या (स्त्री) सेवा वा खुशामद।

वरिवस्यित (त्रि०) (तः। ता। तम्) "वरिवसित" में देखो।

वरिष्ठ (त्रि०) (ष्ठः। ष्ठा। ष्ठम्) अत्यन्त बड़ा, अत्यन्त श्रेष्ठ, (नपुं०) ताँबा धातु।

वरी (स्त्री) सतावर ओषधी।

वरीयस् (त्रि०) (यान् । यसी । यः) अत्यन्त बड़ा, अत्यन्त श्रेष्ठ ।

वरुणः (पुं०) एक देवता का नाम, एक वृक्ष ।

वरुणात्मजा (स्त्री) मद्य ।

वरूथः (पुं०) शस्त्र इत्यादि से रथ के बचाने के लिये लोहा इत्यादि से बना हुआ आवरण वा कलसा ।

वरूथिनी (स्त्री) सेना ।

वरेण्य (त्रि०) (ण्यः । ण्या । ण्यम्) वर्णन करने के योग्य, प्रधान वा मुख्य वा श्रेष्ठ ।

वर्करः (पुं०) बकरा पशु, जवान पशु ।

वर्गः (पुं०) समानों वा तुल्यों का समूह वा झुण्ड ।

वर्चस् (नपुं०) (र्चः) तेज वा प्रकाश वा चमक, विष्ठा ।

वर्चस्क (पुं० । नपुं०) (स्कः । स्कम) विष्ठा ।

वर्ण (पुं० । नपुं०) (र्णः । र्णम्) अक्षर, (पुं०) ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य और शूद्र, श्वेत पीला काला इत्यादि रङ्ग, हाथी पर का बिछौना, स्तुति वा प्रशंसा ।

वर्णक (त्रि०) (र्णकः । र्णिका । र्णकम्) चन्दन, शरीर में लेपन के योग्य पीसा वा घसा हुआ सुगन्धद्रव्य, (पुं०) कत्थक, (पुं० । स्त्री) नीला पीला इत्यादि रङ्ग (स्त्री) सुवर्ण की उत्तमता ।

वर्णित (त्रि०) (तः । ता । तम्) वर्णन कियागया = ई ।

वर्णिन् (पुं०) (र्णी) ब्रह्मचारी ।

वर्तकः (पुं०) बटेर एक पक्षी, घोड़े का खुर ।

वर्तन (त्रि०) (नः । ना । नम्) रहने का जिस का स्वभाव है, वृत्ति वा जीविका करने का जिस का स्वभाव है, (नपुं०) जीविका वा जीवनोपाय, रहना।

वर्तनी (स्त्री) मार्ग वा रस्ता ।

वर्त्तिः (स्त्री) बत्ती, शरीर में लेपन के योग्य पीसा वा घसा हुआ सुगन्धद्रव्य ।

वर्त्तिका (स्त्री) बटेर पक्षी, बत्ती ।

वर्त्तिष्णु (त्रि०) (ष्णुः । ष्णुः । ष्णु) रहने का जिस्का स्वभाव है, वृत्ति वा जीविका करने का जिस का स्वभाव है ।

वर्त्तुल (त्रि०) (लः । ला । लम्) गोल ।

वर्त्मन् (पुं० । नपुं०) (र्त्मा । र्त्म) मार्ग वा रस्ता, आँख की पलक।

वर्त्मनी (स्त्री) तथा। [वर्त्मनिः]
वर्द्धम् (नपुं०) सीसा धातु ।
वर्द्धकः (पुं०) ब्रह्मदण्डी ओषधी।
वर्द्धकिः (पुं०) बढ़ई वा काठ का काम बनाने वाला ।
वर्द्धन (त्रि०) (नः । नी । नम्) बढ़ने का जिस का स्वभाव है, बढ़ाने का जिस का स्वभाव है, काटने का जिसका स्वभाव है, (स्त्री) कूंची वा झाड़ू, (नपुं०) छेदना, काटना, बढ़ना, बढ़ाना
वर्द्धमानः (पुं०) राजा इत्यादि धनपात्रों का घर, रेंड़ वृक्ष ।
वर्द्धमानकः (पुं०) "शराव" में देखो ।
वर्द्धिष्णु (त्रि०) (ष्णुः । ष्णुः । ष्णु) जिस का बढ़ने का स्वभाव है।
वर्ध्री (स्त्री) चमड़े की डोरी ।
वर्मन् (नपुं०) (र्म) योद्धालोगों का कवच ।
वर्मितः (पुं०) जिस योद्धा ने कवच पहिना है ।
वर्य्य (त्रि०) (र्य्यः। र्य्या। र्य्यम्) मुख्य वा प्रधान वा श्रेष्ठ, (स्त्री) अपनी इच्छा से पति को बरने वाली कन्या ।
वर्वणा (स्त्री) माछी वा मक्खी।
वर्वरः (पुं०) ब्रह्मदण्डी ओषधी, एक देश का नाम, नीच, बाल।
वर्वरा (स्त्री) एक प्रकार की तरकारी ।
वर्वरी (स्त्री) तथा ।
वर्ष (पुं० । नपुं०) (र्षः । र्षम्) बरस वा देवतों का एक दिन, वृष्टि वा वर्षा, जम्बूद्वीप, स्थान।
वर्षवरः (पुं०) नपुंसक ।
वर्षाः, बहुवचन, (स्त्री) वर्षाकाल वा बरसात ।
वर्षाभूः (पुं०) मेंढ़क (जलजन्तु) ।
वर्षाभ्वी (स्त्री) मेंडुकी ।
वर्षिष्ठ (त्रि०) (ष्ठः । ष्ठा । ष्ठम्) बहुत पुराना = नी, बहुत बुड्ढा = ड्ढी ।
वर्षीयस् (त्रि०) (यान् । यसी । यः) तथा ।
वर्षोपलः (पुं०) बनौरी ।
वर्ष्मन् (नपुं०) (र्ष्म) शरीर वा देह, प्रमाण वा नाप ।
वलक्ष (त्रि०) (क्षः । क्षा। क्षम्) श्वेत पदार्थ, (पुं०) श्वेत रङ्ग।
वलभी (स्त्री) घर में सब से ऊपर की कोठरी वा बंगला ।
वलिर (त्रि०) (रः । रा । रम्) बाँड़ा = ड़ी, टेरा = री वा ऐंचाताना = नी, काना = नी ।
वलीक (पुं० । नपुं०) (कः । कम्)

खपड़ा वा छान्ही की ओरी ।

वल्क (पुं० । नपुं०)(ल्कः । ल्कम्) वृक्ष इत्यादि की छाल वा बोकला ।

वल्कल (पुं० । नपुं०) (लः । लम्) तथा ।

वल्गितम् (नपुं०) घोड़े की एक प्रकार की चाल अर्थात् ऊंची नीची जगह में आगे के देह को ऊंचा कर के और मुंह को सिकोर कर चलना ।

वल्गु (त्रि०) (ल्गुः । ल्गुः । ल्गु) मनोहर ।

वल्मीक (पुं० । नपुं०) (कः । कम्) बिम्बौट वा चिउंटियों की खनी हुई मट्टी की ढेर ।

वल्लकी (स्त्री) वीणा (एक बाजा)

वल्लभ (त्रि०) (भः । भा । भम्) प्यारा = री, (पुं०) स्त्री का पति, अध्यक्ष वा अधिकारी वा मालिक, कुलीन घोड़ा ।

वल्लरी (स्त्री) तुलसी इत्यादि का नया अङ्कुर वा मञ्जरी ।

वल्ली (स्त्री) लता ।

वल्लूर (त्रि०) (रः । रा । रम्) सूखा मांस । [वल्लुर]

वल्वजाः, बहुवचन, (पुं०) बगई एक घास ।

वशः (पुं०) इच्छा, अधिकार ।

वशा (स्त्री) स्त्री, बाँझ गाय, हथिनी, बेटी ।

वशिक (त्रि०) (कः । का । कम्) खाली ।

वशिर (पुं० । नपुं०) (रः । रम्) (पुं०) गजपीपर ओषधी, (नपुं०) समुद्र का नोन । [वसिर]

वश्य (त्रि०) (श्यः । श्या । श्यम्) जो अपने वश में है ।

वषट् (अव्यय) यज्ञों में देवता को घृतादि हवि देने में यह शब्द बोला जाता है ।

वषट्कृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) वषट् मन्त्र से अग्नि में डाला गया घृत इत्यादि होमद्रव्य ।

वष्कयणी (स्त्री) बकेन गाय ।

वसतिः (स्त्री) घर, रात्रि वा रात।

वसनम् (नपुं०) वस्त्र वा कपड़ा।

वसन्तः (पुं०) चैत और वैसाख महीने का ऋतु ।

वसवः, अदन्त, बहुवचन, (पुं०) वसु नामक गणदेवता जो गिनती में ८ हैं ।

वसा (स्त्री) मांस के भीतर की चरबी ।

वसु (पुं० । नपुं०) (सुः । सु) (पुं०) किरण वा प्रकाश, अग्नि वा आग, कुबेर, गुम्मा भाजी,

(नपुं०) पानी, धन, मणि।
वसुक (पुं०। नपुं०) (कः। कम्) (पुं०) मंदारवृक्ष, [वसूकः], (नपुं०) साँभरनोन [वसूकम्]।
वसुदेवः (पुं०) कृष्ण के पिता।
वसुधा (स्त्री) पृथ्वी वा भूमि।
वसुन्धरा (स्त्री) तथा।
वसुमती (स्त्री) तथा।
वस्तः (पुं०) बकरा पशु।
वस्ति (पुं०। स्त्री) (स्तिः। स्तिः) पेंडू (देह में नाभी के नीचे मूत्र रहने का स्थान)।
वस्तु (नपुं०) पदार्थ।
वस्त्रम् (नपुं०) कपड़ा।
वस्नः (पुं०) दाम वा मोल।
वस्नसा (स्त्री) वह नाड़ी वा नस जिस से अङ्ग प्रत्यङ्ग के जोड़ बंधे रहते हैं।
वहः (पुं०) बैल का काँधा।
वहिस् (अव्यय) (हिः) बाहर।
वह्निः (पुं०) अग्नि वा आग।
वह्निशिखम् (नपुं०) कुसुम (एक पुष्पवृक्ष)।
वह्निसंज्ञकः (पुं०) चीता नामक एक ओषधीकाष्ठ।
वा (अव्यय) अथवा, तुल्यता, उपमा, अवधारण वा निश्चय।
वाक्पति (त्रि०) (तिः। तिः। ति) सुन्दर उत्कृष्ट बोलनेवाला = ली, (पुं०) बृहस्पति।
वाक्यम् (नपुं०) पदों का समूह।
वागीश (त्रि०) (शः। शा। शम्) "वाक्पति" में देखो।
वागुजी (स्त्री) बकुची ओषधी।
वागुरा (स्त्री) मृग बझाने की डोरी वा जाल।
वागुरिकः (पुं०) मृग बझानेवाला अर्थात् व्याध।
वाग्मिन् (त्रि०)(ग्मी। ग्मिनी। ग्मि) अच्छा बोलनेवाला = ली, (पुं०) नैयायिक वा न्यायशास्त्र का जाननेवाला।
वाङ्मयम् (नपुं०) शास्त्र।
वाङ्मुखम् (नपुं०) बोलने का प्रारम्भ।
वाचक (त्रि०) (चकः। चिका। चकम्) बोलनेवाला = ली, बाँचनेवाला = ली, (पुं०) अभिधेय अर्थ का बोध करानेवाला शब्द।
वाचस्पतिः (पुं०) बृहस्पति।
वाचाट (त्रि०) (टः। टा। टम्) व्यर्थ बड़ बड़ करनेवाला = ली।
वाचाल (त्रि०) (लः। ला। लम्) तथा।
वाचिक (त्रि०) (कः। की। कम्)

सन्देशवचन वा सन्देसा ।

वाचोयुक्ति (त्रि०) (क्तिः । क्तिः । क्ति) "वाग्मिन्" में देखो ।

वाचंयमः (पुं०) मौनव्रती वा चुपचाप रहना जिस का व्रत है ।

वाच् (स्त्री) (क्—ग्) वाणी, सरस्वती देवी ।

वाजः (पुं०) कङ्क इत्यादि पक्षियों का पङ्ख जो बाण में लगा रहता है ।

वाजपेयम् (नपुं०) एक यज्ञ ।

वाजिदन्तकः (पुं०) अरुस वृक्ष ।

वजिन् (पुं०) (जी) घोड़ा, पक्षी, बाण ।

वाजिशाला (स्त्री) घोड़सार वा घोड़ों के बाँधने का स्थान ।

वाञ्छा (स्त्री) इच्छा ।

वाट (त्रि०) (टः । टी । टम्) (पुं०) मार्ग, आच्छादन, (स्त्री) घर, नज़रबाग, कमर, (नपुं०) एक प्रकार का मुख का रोग, शरीर, प्रकार ।

वाटरम् (नपुं०) सहद ।

वाट्यालका (स्त्री) "धाट्यालका" में देखो ।

वाडव (पुं० । नपुं०) (वः । वम्) (पुं०) ब्राह्मण, बड़वानल, (नपुं०) घोड़ियों का झुण्ड ।

वाडव्यम् (नपुं०) ब्राह्मणों का समूह ।

वाणि (स्त्री) (णिः—णी) कपड़ा इत्यादि का बीनना ।

वाणिजः (पुं०) बनियाँ ।

वाणिज्यम् (नपुं०) बनियों का व्यापार अर्थात् खरीदना वा बेंचना । [वणिज्यम्]

वाणिनी (स्त्री) नाचनेवाली स्त्री, दूती वा कुटनी ।

वाणी (स्त्री) सरस्वती देवी, बोली ।

वातः (पुं०) वायु वा हवा ।

वातकः (पुं०) पटशण एक वृक्ष ।

वातकिन् (त्रि०) (की । किनी । कि) जिस को वात वा बाई का रोग है ।

वातपोथः (पुं०) पलाश वृक्ष ।

वातप्रमीः (पुं०) हुंडार वा भेड़िया ।

वातमृगः (पुं०) तथा ।

वातरोगिन् (त्रि०) (गी । गिणी । गि) जिस को बाई का रोग है ।

वातायनम् (नपुं०) खिड़की वा झरोखा ।

वातायुः (पुं०) हरिण वा मृग ।

वातूल (त्रि०) (लः । ला । लम्) बावला = ली, (पुं०) बवण्डर वा घूमताहुआ हवा । [वातुल]

वात्या (स्त्री) बवण्डर ।

वात्सकम् (नपुं०) बछवों का झुण्ड।
वादित्रम् (नपुं०) बाजा (वीणा, सितार इत्यादि) ।
वाद्यम् (नपुं०) तथा ।
वाट्यालका (स्त्री) बरियार वा बरियरा ओषधी । [वाट्यालका]
वान (त्रि०) (नः । ना—नी । नम्) सूखाहुआ फल ।
वानप्रस्थः (पुं०) ब्रह्मचर्यादि आश्रमों में का तृतीय आश्रम [वानप्रस्थ्यः], तृतीय आश्रमवाला (जिस आश्रम में स्त्री के सहित वा अकेले जाकर जङ्गल में रहते हैं), महुवा वृक्ष ।
वानरः (पुं०) बन्दर पशु ।
वानस्पत्यः (पुं०) वह वृक्ष जिस में फूल से फल उत्पन्न हो ।
वानायुः (पुं०) हरिण वा मृग ।
वानीरः (पुं०) बेंत का वृक्ष ।
वानेयम् (नपुं०) मोथा घास ।
वापः (पुं०) बीज वा बीया का बोना वा खेत में रोपना, खेत।
वापी (स्त्री) बावली ।
वाप्यम् (नपुं०) कुट्ट एक ओषधी।
वाम (त्रि०) (मः । मा । मम्) बाँया = ई, टेढ़ा = ढ़ी, सुन्दर, (पुं०) कामदेव, स्त्री का स्तन, शिव, शत्रु, (स्त्री) स्त्री ।

वामदेवः (पुं०) शिव ।
वामन (त्रि०) (नः । ना । नम्) बवना वा अत्यन्त नाटा = टी, (पुं०) विष्णु का पांचवां अवतार, दक्षिण दिशा का दिग्गज
वामलूरः (पुं०) बिम्बौट ("वल्मीक" में देखो) ।
वामलोचना (स्त्री) वह स्त्री जिस की आँखें सुन्दर हैं ।
वामा (स्त्री) स्त्री ।
वामी (स्त्री) घोड़ी, गदही, हथिनी, सियारिन, खच्चरी ।
वायदण्डः (पुं०) कपड़ा बीनने का दण्ड ।
वायवीपतिः (पुं०) वायु वा हवा।
वायसः (पुं०) कौआ पक्षी ।
वायसारातिः (पुं०) कौआ का शत्रु अर्थात् उल्लू पक्षी ।
वायसी (स्त्री) कौआ पक्षी की स्त्री, काकजङ्घा वा काकमिंचा ओषधी ।
वायसोली (स्त्री) ककोड़ी एक ओषधीवृक्ष ।
वायुः (पुं०) हवा ।
वायुसखः (पुं०) अग्नि वा आग ।
वारः (पुं०) सोम मङ्गल बुध इत्यादि ७वार, अवसर, समूह ।
वारणः (पुं०) हाथी ।

वारणबुषा (स्त्री) केला वृक्ष ।
वारणबुसा (स्त्री) तथा ।
वारमुख्या (स्त्री) वेश्या ।
वारबाण (पुं० । नपुं०) (णः । णम्) घोड़ों के पहिनने का कवच ।
वारस्त्री (स्त्री) वेश्या ।
वाराही (स्त्री) वराहशक्ति देवता, वाराहीकन्द ओषधी ।
वारि (नपुं०) पानी ।
वारिदः (पुं०) मेघ ।
वारिपर्णी (स्त्री) जलकुम्भी (जल में की एक प्रकार की घास) ।
वारिवाहः (पुं०) मेघ ।
वारी (स्त्री) हाथियों के बांधने का स्थान, गगरी ।
वारुणी (स्त्री) मद्य, वरुण की दिशा अर्थात् पश्चिम दिशा ।
वार् (नपुं०) (वाः) पानी ।
वार्त्त (त्रि०) (र्त्तः । र्त्ता । र्त्तम्) रोगरहित वा नीरोग, (स्त्री) समाचार, जीविका वा जीवनोपाय, (नपुं०) कुशल, थोड़ा, निस्सार वा बेदम ।
वार्त्ताकि (स्त्री) (किः—की) जङ्गली भण्टा ।
वार्त्ताकिन् (पुं०) (की) तथा ।
वार्त्तावहः (पुं०) कांधे से कांवर ढोनेवाला, हलकारा वा दूत ।
वार्द्धकम् (नपुं०) बुढ़ाई, बूढ़ों वा बुड्ढों का समूह ।
वार्द्धक्यम् (नपुं०) तथा ।
वार्द्धुषिः (पुं०) ब्याज वा सूद खानेवाला ।
वार्द्धुषिकः (पुं०) तथा ।
वार्मणम् (नपुं०) कवचों का समूह ।
वार्षिक (त्रि०) (कः । की । कम्) बरसाती, (नपुं०) "त्रायमाणा" ओषधी ।
वालुकम् (नपुं०) वालुका नामक गन्धद्रव्य ।
वालुका (स्त्री) तथा, बालू ।
वाल्कम् (नपुं०) वृक्ष के छाल से बना वस्त्र ।
वाल्मीकिः (पुं०) एक ऋषि का नाम । [वल्मिकिः] [वल्मीकः]
वावदूक (त्रि०) (कः । का । कम्) बहुत बोलनेवाला = ली ।
वाशिका (स्त्री) अडूस एक वृक्ष । [वासिका]
वाशितम् (नपुं०) सियार इत्यादि वनपशुओं का बोलना ।
वाष्पम् (नपुं०) भाफ अर्थात् गरम वस्तु पर पानी डालने से धूंआं के सदृश ऊपर उठती हुई

वस्तु, आँसू, गरमी। [बाष्पः]

वासः (पुं०) रहना वा ठिकाना, घर।

वासकः (पुं०) अडूस एक वृक्ष।

वासगृहम् (नपुं०) रहने का घर, घर का मध्यभाग वा पिछला हिस्सा।

वासन्ती (स्त्री) एक तरह का कुन्द जो वसन्त में फूलता है।

वासयोगः (पुं०) सुगन्धचूर्ण (मसाला इत्यादि, जिस के डालने वा लगाने से सुगन्ध हो)।

वासर (पुं०। नपुं०) (रः। रम्) दिवस वा दिन।

वासवः (पुं०) इन्द्र।

वासस् (नपुं०) (सः) वस्त्र वा कपड़ा।

वासित (त्रि०) (तः। ता। तम्) फूल इत्यादि से बासा हुआ = हुं (कपड़ा इत्यादि), (स्त्री) हथिनी।

वासुकिः (पुं०) एक सर्पों का राजा।

वासुदेवः (पुं०) कृष्ण।

वासूः (स्त्री) बाला स्त्री अर्थात् कुमारी (नाट्य में)।

वास्तु (पुं० नपुं०) (स्तुः। स्तु) घर की भूमि, घर।

वास्तुकम् (नपुं०) बथुवा भाजी।

वास्तूकम् (नपुं०) तथा।

वास्तोष्पतिः (पुं०) इन्द्र।

वास्त्र (त्रि०) (स्त्रः। स्त्रा। स्त्रम्) वस्त्र वा कपड़े से घेरा हुआ (रथ इत्यादि)।

वाहः (पुं०) घोड़ा, भारहमनी तौल वा बटखरा।

वाहद्विषत् (पुं०) (न्) भैंसा पशु।

वाहनम् (नपुं०) सवारी।

वाहसः (पुं०) अजगर सर्प।

वाहित्थम् (नपुं०) हाथियों के कुम्भ के नीचे का स्थान, हाथियों के ललाट के नीचे का स्थान।

वाहिनी (स्त्री) वह सेना जिस में ८१ हाथी ८१ रथ २४३ घोड़े और ४०५ पैदल रहते हैं (यह तीन गण की वाहिनी कहलाती है), सेना, नदी।

वाहिनीपतिः (पुं०) समुद्र, सेनापति।

विः (पुं०) पक्षी।

विकङ्कतः (पुं०) कंठेर वृक्ष।

विकच (त्रि०) (चः। चा। चम्) फूला हुआ (वृक्ष इत्यादि)।

विकट (त्रि०) (टः। टा। टम्) भयङ्कर वा जिस को देखने से डर लगे।

विकर्तनः (पुं०) सूर्य्य ।

विकल (त्रि०) (लः । ला । लम्) व्याकुल वा घबरायाहुआ = ई, शून्य वा खाली वा रहित ।

विकलाङ्ग (त्रि०) (ङ्गः । ङ्गी । ङ्गम्) किसी अङ्ग से हीन वा रहित वा किसी अङ्ग से अधिक (जैसे किसी को आधा हाथ नहीं रहता और किसी को ६ अंगुलियां रहती हैं) ।

विकषा (स्त्री) मजीठ (एक रङ्ग की लकड़ी) ।

विकसा (स्त्री) तथा ।

विकसित (त्रि०) (तः । ता । तम्) फूला हुआ (वृक्ष इत्यादि) ।

विकस्वर (त्रि०) (रः । रा । रम्) जिस का फूलने का स्वभाव है, प्रकाश वा प्रकट होनेवाला वा फैलने वाला = ली (शब्द इत्यादि) ।

विकारः (पुं०) "परिणाम" में देखो ।

विकाशिन् (त्रि०) (शी । शिनी । शि) फूलनेवाला (वृक्ष इत्यादि), फूलाने वाला वा विकास करने वाला ।

विकासिन् (त्रि०) (सी । सिनी । सि) तथा ।

विकिरः (पुं०) पक्षी ।

विकिरणः (पुं०) मंदार वृक्ष ।

विकीरणः (पुं०) तथा ।

विकुर्वाण (त्रि०) (णः । णा । णम्) प्रसन्नचित्तवाला वा खुशदिल ।

विकृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) बिगड़ाहुआ = ई, घिनौना अर्थात् जिस को देखने से घिन उत्पन्न हो, रोगी वा बीमार, (नपुं०) बीभत्स रस ।

विकृतिः (स्त्री) "विकार" में देखो, विरुद्ध क्रिया वा नियम से विपरीत करना ।

विक्रमः (पुं०) पराक्रम, चलना वा पैर उठा कर रखना ।

विक्रयः (पुं०) बेंचना ।

विक्रयिकः (पुं०) बेंचनेवाला ।

विक्रान्तः (पुं०) शूर वा पराक्रमवाला वा सामर्थ्यवाला ।

विक्रिया (स्त्री) "विकृति" में देखो।

विक्रेतृ (पुं०) (ता) बेंचनेवाला ।

विक्रेय (त्रि०) (यः । या । यम) बेंचने के योग्य वस्तु ।

विक्लव (त्रि०) (वः । वा । वम्) शोक से जिस का अङ्ग भङ्ग हो गया है ।

विक्षावः (पुं०) छींक ।

विख्य (त्रि०) (ख्यः । ख्या । ख्यम्)

रोग इत्यादि से जिसकी नाक कट गई हो अर्थात् नकटा = टी।
विख (त्रि०) (खः । खा । खम्) तथा
विखु (त्रि०) (खुः । खुः । खु) तथा ।
विगत (त्रि०) (तः । ता । तम्) प्रकाशरहित, नष्ट वा जिसका नाश हुआ है ।
विग्र (त्रि०) (ग्रः । ग्रा । ग्रम्) नकटा = टी ।
विग्रहः (पुं०) देह वा शरीर, कलह वा झगड़ा वा युद्ध, विस्तार ।
विघसः (पुं०) देव पितृ अतिथि गुरु इत्यादि के भोजन का शेष वा जो भोजन से बचगया, भोजन ।
विघ्नः (पुं०) विघ्न वा रोकावट ।
विघ्नराजः (पुं०) गणेश ।
विचक्षण (त्रि०) (णः । णा । णम्) चतुर ।
विचयनम् (नपुं०) तात्पर्य से वस्तु का खोजना वा परखना ।
विचर्चिका (स्त्री) मोटी खजुली (रोग)।
विचारणा (स्त्री) विचार ।
विचारित (त्रि०) (तः । ता । तम्) विचारागया = ई ।
विचिकित्सा (स्त्री) संशय वा संदेह।
विच्छन्दकः (पुं०) राजा का एक प्रकार का घर । [विच्छर्दकः]
विच्छाय (त्रि०) (यः । या । यम्) छायारहित स्थान, (नपुं०) पक्षियों की छाया ।
विच्छित्तिः (स्त्री) स्त्रियों का एक प्रकार का हाव जिस में कि स्त्री लोग अपने रूप के घमण्ड से गहना वा आभूषण का अनादर करती हैं ।
विजन (त्रि०) (नः । ना । नम्) एकान्त वा जनरहित स्थान ।
विजयः (पुं०) जीत ।
विजिल (त्रि०) (लः । ला । लम्) चिकना वा बिछलहल का स्थान अर्थात् जिस पर मनुष्य बिछलाय कर गिरें ।
विज्जन (त्रि०) (नः । ना । नम्) तथा ।
विज्जल (त्रि०) (लः । ला । लम्) तथा ।
विज्ञ (त्रि०) (ज्ञः । ज्ञा । ज्ञम्) निपुण वा चतुर वा पण्डित ।
विज्ञात (त्रि०) (तः । ता । तम्) प्रसिद्ध वा जानाहुआ = ई ।
विज्ञानम् (नपुं०) कारीगरी, शास्त्र का ज्ञान, लोक में चतुरई ।

विटः (पुं०) स्त्री का उपपति वा यार वा दोस्त, पर्वत, मोम, मूसा, खैर ।

विटङ्क (पुं० । नपुं०) (ङ्कः । ङ्कम्) घर के किनारे पर बनाया हुआ पक्षियों के रहने का स्थान ।

विटप (पुं० । नपुं०) (पः । पम्) पत्ता, शाखा पत्ता इत्यादि का समूह, घास तृण इत्यादि का गुच्छा, वृक्ष वा पेड़ ।

विटपिन् (पुं०) (पी) वृक्ष वा पेड़।

विट्खदिरः (पुं०) एक प्रकार का दुर्गन्धी खैर जिस को गुहागर भी कहते हैं ।

विट्चरः (पुं०) गाँव का सूअर ।

विडम् (नपुं०) खारीनान ।

विडङ्ग (पुं० । नपुं०) (ङ्गः । ङ्गम) बाभीरङ्ग ओषधी ।

विडालः (पुं०) बिलार (पशु) ।

विडौजस् (पुं०) (जाः) इन्द्र ।

वितण्डा (स्त्री) बखेड़ा ।

वितथ (त्रि०) (थः । था । थम्) झूठा (वचन इत्यादि), (नपुं०) मिथ्या वा झूठ ।

वितरणम् (नपुं०) दान वा देना ।

वितर्दि (स्त्री) (र्दिः—र्दी) घर के अंगना इत्यादि में बनाया हुआ बैठने का स्थान वा बैठक ।

वितस्तिः (स्त्री) हाथ का बित्ता।

वितान (त्रि०) (नः । ना । नम्) शून्य वा एकान्त वा खाली, (नपुं०) यज्ञ, विस्तार, (पुं० । नपुं०) चंदवा ।

वितुन्नम् (नपुं०) बिसखपरिया ओषधी ।

वितुन्नक (पुं० । नपुं०) (कः । कम्) (पुं०) भुंइ अंवरा, (नपुं०) धनियाँ, तुतिया ।

वितंसः (पुं०) मृग पक्षी इत्यादि के बझाने की वस्तु (जाल इत्यादि) ।

वित्त (त्रि०) (त्तः । त्ता । त्तम्) ख्यात वा प्रसिद्ध (नपुं०) धन ।

विदरः (पुं०) फटना वा दो फांक हो जाना ।

विदलम् (नपुं०) फराठी, बाँस से बना हुआ एक पात्र ।

विदारकः (पुं०) बावली तलाव इत्यादि में पानी आने के लिये खना हुआ कूंवा वा बड़ा गड़हा।

विदारी (स्त्री) भुंइ कोंहड़े की जड़, भुंइ कोंहड़े का फूल, सफेद भुंइ कोंहड़ा ।

विदारीगन्धा (स्त्री) शालपर्णी ओषधी । [विदारिगन्धा]

विदित (त्रि०) (तः । ता । तम्)

जानाहुआ = ई, प्रसिद्ध, अङ्गीकार किया हुआ = ई।
विदिश् (स्त्री) (क्—ग्) दो दिशाओं के बीच का कोना।
विदुः (पुं०) हाथियों के दोनों कुम्भों के बीच का स्थान।
विदुर (त्रि०) (रः। रा। रम) जाननेवाला = ली, धृतराष्ट्र का अन्यमाता से उत्पन्न हुआ एक भाई, बेंत।
विदुलः (पुं०) पानी का बेंत।
विदूलः (पुं०) बेंत।
विद्ध (त्रि०) (द्धः। द्धा। द्धम्) छेदागया = ई, फाड़ागया = ई
विद्धकर्णी (स्त्री) सोनापाढ़ा औषधी
विद्या (स्त्री) वेद शास्त्र इत्यादि का ज्ञान।
विद्याधरः (पुं०) एक देवजाति।
विद्युत् (स्त्री) बिजुली।
विद्रधिः (पुं०। स्त्री) पेट इत्यादि कोमल स्थान का फोड़ा।
विद्रवः (पुं०) भागना।
विद्रुत (त्रि०) (तः। ता। तम्) भागगया = ई, टेवलगया = ई
विद्रुमः (पुं०) मूंगा एक मणि।
विद्रुमलता (स्त्री) मालकंगुनी ओषधी।
विद्वस् (त्रि०)(द्वान्। दुषी। द्वत्) पण्डित वा ज्ञानकार, (पुं०) पुत्र।
विद्विष् (पुं०) (ट्—ड्) शत्रु वा वैरी
विद्वेषः (पुं०) शत्रुता वा वैर।
विधवा (स्त्री) रांड़ स्त्री अर्थात् जिस का पति मरगया है।
विधा (स्त्री) प्रकार वा तरह, मजूरी वा तलब, क्रिया वा कर्म वा काम।
विधातृ (त्रि०) (ता। त्री। तृ) करनेवाला = ली, (पुं०) ब्रह्मा।
विधिः (पुं०) ब्रह्मा, करना, भाग्य, धर्मशास्त्र, आज्ञा देना।
विधुः (पुं०) चन्द्र, विष्णु, राक्षस, कपूर।
विधुत (त्रि०) (तः। ता। तम्) त्याग कियागया वा छोड़ दियागया वा फेंक दियागया = ई, हिलायागया = ई।
विधुन्तुदः (पुं०) राहु (एक ग्रह)।
विधुर (त्रि०) (रः। रा। रम्) पीड़ित वा दुःखित वा क्षोभित, (नपुं०) अत्यन्त वियोग वा जुदाई।
विधुवनम् (नपुं०) कंपाना वा हिलाना।
विधूननम् (नपुं०) तथा। [विधुननम्]
विधेय (त्रि०) (यः। या। यम्)

वशङ्गत वा कहना माननेवा-
ला = ली ।

विनय: (पुं०) नम्रता, शिक्षा, बिन्ती

विना (अव्यय) बिना वा बगैर ।

विनायक: (पुं०) गणेश देवता,
बुद्ध एक विष्णु का नवम अव-
तार, गरुड़ पक्षी ।

विनाश: (पुं०) नाश वा मरना ।

विनीत (वि०) (त: । ता । तम्)
विनययुक्त, शिक्षित वा सिखा-
याहुआ = ई, (पुं०) सुन्दर च-
लनेवाला घोड़ा ।

विनीतक (पुं० । नपुं०) (क: ।
कम्) मनुष्य की सवारी (पा-
लकी डोली इत्यादि) ।

विन्दु (वि०) (न्दु: । न्दु: । न्दु)
जाननेवाला = ली, (पुं०) बूंद ।

विन्दुक: (पुं०) छोटा बूंद, ति-
लक वा टीका ।

विन्ध्य: (पुं०) एकपर्वत का नाम ।

विन्न (वि०) (न्न: । न्ना । न्नम्)
विचाराहुआ = ई, वा विचा-
रागया = ई, प्राप्त हुआ = ई वा
मिला = ली ।

विन्यस्त (वि०) (स्त: । स्ता । स्तम्)
स्थापित ।

विपक्ष (वि०) (क्ष: । क्षा । क्षम्)
शत्रु वा वैरी ।

विपञ्ची (स्त्री) वीणा (एक बाजा) ।

विपण: (पुं०) बेंचना ।

विपणि (पुं० । स्त्री) (णि: । णि—
णी) बजार की राह, बजार
वा हाट, दूकान ।

विपत्ति: (स्त्री) विपत् वा आफत ।

विपथ: (पुं०) खराब रस्ता ।

विपद् (स्त्री) (त्—द्) विपत्ति
वा आफत ।

विपर्यय: (पुं०) विपरीत वा उलटा ।

विपर्यास: (पुं०) क्रम का उल्ल-
ङ्घन वा विपरीत ।

विपश्चित् (पुं०) पण्डित ।

विपादिका (स्त्री) बेवाय (एक
पैर का रोग, जो पैर को फा-
ड़ता है) ।

विपाशा (स्त्री) एक नदी ।

विपाश् (स्त्री) (ट्—ड्) तथा ।

विपिनम् (नपुं०) वन वा जङ्गल ।

विपुल (वि०) (ल: । ला । लम्)
विस्तीर्ण वा विस्तारयुक्त, बहुत,
(स्त्री) पृथिवी ।

विप्र: (पुं०) ब्राह्मण ।

विप्रकार: (पुं०) अपकार वा बुराई ।

विप्रकृत (वि०) (त: । ता । तम्)
हरायागया = ई, अनादर कि-
यागया वा बहुत धिक्कारग-
या = ई ।

विप्रकृष्ट (त्रि०) (ष्टः । ष्टा । ष्टम्) दूरवाला = ली, (नपुं०) दूर।

विप्रतीकारः (पुं०) दूर करना वा हटा देना।

विप्रतीसारः (पुं०) पश्चात्ताप वा पछतावा।

विप्रयोगः (पुं०) वियोग वा जुदाई।

विप्रलब्ध (त्रि०) (ब्धः । ब्धा । ब्धम्) ठगागया = ई।

विप्रलम्भः (पुं०) अङ्गीकार किए हुए का पूरा न करना, वियोग वा जुदाई।

विप्रलापः (पुं०) परस्पर विरुद्ध वा उलटापुलटा बोलना (जैसा मतवाले आपस में बोलते हैं)।

विप्रश्निका (स्त्री) ज्योतिषविद्या की जाननेवाली स्त्री जो लक्षण पहिचान कर भला वा बुरा बता दे सकती है।

विप्रुष् (स्त्री) (ट्—ड्) जल का कण वा छोटा बूंद वा छीटा।

विप्लवः (पुं०) लूट वा डांका वा प्रलय वा उलटपुलट हो जाना।

विबन्धः (पुं०) मल मूत्र की रोकावट।

विबुधः (पुं०) देवता।

विभवः (पुं०) धन, सामर्थ्य।

विभाकरः (पुं०) सूर्य्य।

विभावरी (स्त्री) रात्रि वा रात।

विभावसुः (पुं०) अग्नि वा आग, सूर्य्य।

विभूतिः (स्त्री) सम्पत्ति, अणिमा इत्यादि ८ सिद्धि (१ अणिमा, २ महिमा, ३ गरिमा, ४ लघिमा, ५ प्राप्तिः, ६ प्राकाम्यम्, ७ ईशित्वम्, ८ वशित्वम्)।

विभूषणम् (नपुं०) अलङ्कार (कपड़ा गहना इत्यादि), सिंगारना।

विभ्रमः (पुं०) स्त्रियों का एक प्रकार का हाव अर्थात् मन का ठिकाने न रहना, भ्रान्ति।

विभ्राज् (पुं०) (ट्—ड्) अत्यन्त शोभमान वा प्रकाशमान।

विमनस् (त्रि०) (नाः । नाः । नः) व्याकुल वा घबड़ाया हुआ = ई।

विमयः (पुं०) अदल बदल वा एक वस्तु देकर दूसरी वस्तु लेना।

विमर्दनम् (नपुं०) मर्दन करना वा मलना वा उबटना (देह में केशर इत्यादि का)।

विमला (स्त्री) सीकाकाई (एक वृक्ष की छीमी)।

विमातृजः (पुं०) माता के सवत का लड़का।

विमान (पुं० । नपुं०) (नः ।

नम्) देवतों का रथ वा उड़न खटोला ।

विम्ब (पुं० । नपुं०) (म्बः । म्बम्) मण्डल, (पुं०) प्रतिविम्ब, (नपुं०) कुन्दरू तरकारी।

विम्बिका (स्त्री) कुन्दरू तरकारी।

वियत् (नपुं०) आकाश ।

वियद्गङ्गा (स्त्री) आकाशगङ्गा।

वियमः (पुं०) संयम (योगाभ्यास का एक अङ्ग)।

वियात (त्रि०) (तः । ता । तम्) ढीठा = ठी ।

वियामः (पुं०) "वियम" में देखो।

विरञ्चिः (पुं०) ब्रह्मा । [विरिञ्चिः] [विरिञ्चः]

विरतिः (स्त्री) विशेष प्रीति, रुकजाना वा रोकावट, बन्द कर देना ।

विरल (त्रि०) (लः । ला । लम्) बीहड़ वा छितिरबितिर ।

विराज् (पुं०) (ट्—ड्) आदिपुरुष, क्षत्रिय (एक वर्ण)।

विरावः (पुं०) शब्द ।

विरिञ्चः (पुं०) ब्रह्मा ।

विरिञ्चिः (पुं०) तथा ।

विरिणम् (नपुं०) उजाड़ स्थान, ऊसर । [वीरिणम्] [इरणम्] [ईरणम्]

विरूपाक्षः (पुं०) शिव ।

विरोचनः (पुं०) सूर्य्य, प्रह्लादनामक दैत्य के पुत्र का नाम, चन्द्र, अग्नि ।

विरोधः (पुं०) विरोध वा बिगाड़, विरोधालङ्कार (साहित्य में) ।

विरोधनम् (नपुं०) विरोध वा बिगाड़, वैर करना ।

विलक्ष (त्रि०) (क्षः । क्षा । क्षम्) लज्जित वा लजायाहुआ = ई, आश्चर्य्ययुक्त ।

विलक्षणम् (नपुं०) विचित्र ।

विलम्बितम् (नपुं०) देरी ।

विलम्भः (पुं०) अत्यन्त दान ।

विलापः (पुं०) पछतावा करना वा पछतावा से बोलना ।

विलासः (पुं०) एक स्त्रियों का हाव अर्थात् पति के मिलने पर बैठने उठने में एक प्रकार का देह ऐंठना वा जँभाना ।

विलीन (त्रि०) (नः । ना । नम्) छिपगया वा गायब हो गया = ई, टेघलगया = ई ।

विलेपनम् (नपुं०) "गात्रानुलेपनी" में देखो, केसर इत्यादि से देह में मर्दन करना ।

विलेपित (त्रि०) (तः । ता । तम्)

किसी सुगन्धद्रव्य से उबटा-हुआ = ई, (नपुं०) उबटना।

विलेपी (स्त्री) लपसी (एक भोज्य-वस्तु)।

विवधिकः (पुं०) काँवर ढोनेवाला, बँहगी ढोनेवाला।

विवरम् (नपुं०) बिल वा छिद्र।

विवर्ण (त्रि०) (र्णः। र्णा। र्णम्) वह वस्तु जिस का रङ्ग बदल गया है वा फीका पड़ गया है, अधम वा नीच।

विवश (त्रि०) (शः। शा। शम्) परवश हो गया = ई अर्थात् जो अपने इख़्तियार में नहीं, "अरिष्टदुष्टधी" में देखो।

विवस्वत् (पुं०) (स्वान्) सूर्य्य, देवता।

विवादः (पुं०) झगड़ा वा कलह।

विवाहः (पुं०) ब्याह।

विविक्त (त्रि०) (क्तः। क्ता। क्तम्) एकान्त वा जनरहित स्थान, शुद्ध वा पवित्र।

विविध (त्रि०) (धः। धा। धम्) नाना प्रकार का वा अनेक प्रकार का (पदार्थ)।

विवेकः (पुं०) विवेक वा निर्णय, प्रकृति पुरुष इत्यादि साङ्ख्य-शास्त्रोक्त तत्वों का ज्ञान।

विब्बोकः (पुं०) स्त्रियों का एक प्रकार का हाव अर्थात् वाञ्छित वा इष्ट के प्राप्ति भये पर भी गर्व से उसका अनादर करना।

विशङ्कट (त्रि०) (टः। टा—टी। टम्) विस्तारयुक्त वा बड़ा।

विशद (त्रि०) (दः। दा। दम्) स्वच्छ वा निर्मल, श्वेत रङ्गवा-ला = ली।

विशरः (पुं०) मार डालना।

विशल्या (स्त्री) गुरुच ओषधी, इन्द्रपुष्पी ओषधी, अग्नि की शिखा वा आगकी लौर, द-न्तिका ओषधी।

विशसनम् (नपुं०) मार डालना।

विशाखः (पुं०) स्वामिकार्तिक देवता।

विशाखा (स्त्री) एक नक्षत्र वा तारा

विशायः (पुं०) पहरूदार इत्यादि जागनेवालों का अपने पारी से सूतना।

विशारणम् (नपुं०) मार डालना।

विशारद (त्रि०) (दः। दा। दम्) विद्वान् वा जानकार, चतुर, ढीठा = ठी।

विशाल (त्रि०) (लः। ला। लम्) बड़ा = ड़ी, (स्त्री) एक नगरी, इन्द्रायन एक ओषधी।

विशालता (स्त्री) लम्बाई चौड़ाई वा बड़ाई वा विस्तार ।

विशालत्वच् (पुं०) (क्—ग्) छितिउन एक वृक्ष ।

विशिखः (पुं०) बाण ।

विशिखा (स्त्री) गल्ली ।

विशेषक (पुं० । नपुं०) (कः । कम्) कस्तूरी इत्यादि सुगन्धद्रव्य से कियाहुआ तिलक, वे ३ श्लोक जिन का अन्वय एक ही में रहता है ।

विश् (पुं० । स्त्री) (ट्—ड् । ट्—ड्) (पुं०) वैश्य, मनुष्य, (स्त्री) विष्ठा ।

विश्रम्भः (पुं०) विश्वास, केलि वा क्रीड़ा में कलह, प्रेम वा प्रीति, मार डालना ।

विश्राणनम् (नपुं०) दान ।

विश्रावः (पुं०) अत्यन्त ख्याति वा प्रसिद्धि ।

विश्रुत (त्रि०) (तः । ता । तम्) ख्यात वा प्रसिद्ध वा मशहूर ।

विश्व (त्रि०) (श्वः । श्वा । श्वम्) समग्र वा सम्पूर्ण का सब, (नपुं०) संसार वा जगत, (स्त्री । नपुं०) सोंठ ओषधी, (पुं०, बहुवचनान्त) विश्वनामक गणदेवता (विश्वेदेवाः) जो गिनती में तेरह हैं, (स्त्री) अतीस ओषधी ।

विश्वकद्रुः (पुं०) वह कुत्ता जो शिकार करने में चतुर है ।

विश्वकर्मन् (पुं०) (र्मा) देवतों का बढ़ई, सूर्य ।

विश्वकेतुः (पुं०) कामदेव, अनिरुद्ध (प्रद्युम्न का पुत्र) ।

विश्वभेषजम् (नपुं०) सोंठ ओषधी।

विश्वम्भरः (पुं०) विष्णु ।

विश्वम्भरा (स्त्री) पृथिवी वा भूमि।

विश्वसृज् (पुं०)(ट्—ड) ब्रह्मा ।

विश्वस्त (त्रि०) (स्तः । स्ता । स्तम्) विश्वास कियागया वा विश्वास को प्राप्त भया = है, (स्त्री) रण्डा वा जिस का पति मर गया ऐसी स्त्री ।

विश्वामित्रः (पुं०) एक मुनि ।

विश्वावसुः (पुं०) एक देवतों का गवैया ।

विश्वासः (पुं०) विश्वास वा भरोसा ।

विषम् (नपुं०) विष वा ज़हर, पानी ।

विषधरः (पुं०) विषवाला सर्प, मेघ।

विषम (त्रि०) (मः । मा । मम्) अयुग्म अर्थात् १-३-५ इत्यादि सङ्ख्या जिस को ताक कहते

हैं, टेढ़ामेढ़ा = ढ़ी; ऊँचाखाला (मार्ग इत्यादि)।
विषमच्छदः (पुं०) छितिवन वृक्ष।
विषमच्छादः (पुं०) तथा ।
विषयः (पुं०) जानी हुई वस्तु, रूप रस गन्ध स्पर्श शब्द (ये प्रत्येक विषय कहलाते हैं), देश, स्थान, आश्रय वा अवलम्ब।
विषयिन् (त्रि०) (यी । यिणी । यि) रूप रस गन्ध इत्यादि का भोगनेवाला = ली, (नपुं०) चक्षु इत्यादि इन्द्रिय।
विषवैद्यः (पुं०) सर्प पकड़नेवाला वा मँदारी।
विषा (स्त्री) अतीस।
विषाण (त्रि०) (णः । णी । णम्) बैल इत्यादि पशुओं की सींग, हाथी का दाँत, (स्त्री) मेढ़ासींगी (एक औषध की ओषधी)।
विषाणिन् (पुं०) (णी) हाथी।
विषुवत् (नपुं०) जिस में रात दिन बराबर हो जाते हैं वह समय।
विषुवम् (नपुं०) तथा।
विष्कम्भः (पुं०) बेंवड़ा।
विष्किरः (पुं०) पक्षी।
विष्कुड़ः (पुं०) वृक्ष का खोंदरा।
विष्टपम् (नपुं०) स्वर्ग इत्यादि लोक।
विष्टरः (पुं०) बैठने का आसन, वृक्ष, दर्भमुष्टि एक प्रकार का परिमाण वा नाप।
विष्टरश्रवस (पुं०) (वाः) विष्णु।
विष्टि (त्रि०) (ष्टिः । ष्टिः । ष्टि) कर्मकर वा मजदूर, (स्त्री) मेष इत्यादि की सङ्क्रान्ति, बिना मजदूरी काम करना, जबरदस्ती नरक में डालना, मुण्डन करवाना।
विष्ठा (स्त्री) मल वा गूह।
विष्णुः (पुं०) नारायण।
विष्णुक्रान्ता (स्त्री) कौआठोंठी (एक पुष्पवृक्ष)।
विष्णुपदम् (नपुं०) आकाश।
विष्णुपदी (स्त्री) गङ्गा नदी।
विष्णुरथः (पुं०) गरुड़।
विष्य (त्रि०) (ष्यः । ष्या । ष्यम्) विष देकर मारने के योग्य।
विष्वक् (अव्यय) चारो तरफ।
विष्वक्सेनः (पुं०) विष्णु।
विष्वक्सेनप्रिया (स्त्री) वाराहीकन्द।
विष्वक्सेना (स्त्री) गोंदी वृक्ष।
विष्वद्र्यञ्च (त्रि०) (द्र्यङ् । द्रीची । द्र्यक्) चारो तरफ जानेवाला = ली; चारो तरफ पूजा करनेवाला = ली।

विस (पुं०। नपुं०) (सः। सम्) कमल की जड़।

विसकण्ठिका (स्त्री) एक तरह का बकुला।

विसप्रसूनम् (नपुं०) कमलपुष्प।

विसरः (पुं०) समूह वा झुण्ड।

विसर्जनम् (नपुं०) त्याग वा छोड़ देना, दान।

विसर्पणम् (नपुं०) फैलना वा फैलावट।

विसारः (पुं०) मछली।

विसारिन् (त्रि०) (री। रिणी। रि) जिस का फैलने का स्वभाव है।

विसिनी (स्त्री) छोटा कमलवृक्ष।

विसृत (त्रि०) (तः। ता। तम्) विस्तृत वा विस्तारयुक्त।

विसृत्वर (त्रि०) (रः। री। रम्) फैलने का वा विस्तारयुक्त होने का जिस का स्वभाव है।

विसृमर (त्रि०) (रः। रा। रम्) तथा।

विसंवादः (पुं०) अङ्गीकृत का पूरा न करना, दो वस्तुओं का एक मेल न मिलना।

विस्तः (पुं०) सोलह मासे भर सोना।

विस्तरः (पुं०) शब्द का विस्तार।

विस्तारः (पुं०) चौड़ाई, फैलाव, वृक्ष के शाखा पल्लव का समुदाय।

विस्तृत (त्रि०) (तः। ता। तम्) विस्तारयुक्त।

विस्पष्टम् (नपुं०) स्पष्ट वचन।

विस्फारः (पुं०) धनुष् के प्रत्यञ्चा का शब्द।

विस्फोटः (पुं०) फोड़ा वा पिरकी।

विस्मयः (पुं०) आश्चर्य, अद्भुतरस।

विस्मृत (त्रि०) (तः। ता। तम्) भूलाहुआ = ई वा भूलगया = ई।

विस्रम् (नपुं०) अपक्व वा कच्चे मांस इत्यादि का गन्ध।

विस्रम्भः (पुं०) "विश्रम्भ" में देखो।

विस्रसा (स्त्री) बुढ़ाई।

विहगः (पुं०) पक्षी।

विहङ्गः (पुं०) तथा।

विहङ्गमः (पुं०) तथा।

विहङ्गिका (स्त्री) बँहँगी का दण्डा, बँहँगी।

विहसितम् (नपुं०) मधुर हँसना।

विहस्त (त्रि०) (स्तः। स्ता। स्तम्) व्याकुल वा बे इख्तियार।

विहापित (त्रि०) (तः। ता। तम्) दियागया = ई, (नपुं०) दान।

विहायसः (पुं०) आकाश।

विहायस् (पुं० । नपुं०) (याः । यः) तथा, (पुं०) पक्षी ।

विहायित (त्रि०) (तः । ता । तम्) दियागया = ई, (नपुं०) दान ।

विहारः (पुं०) क्रीड़ा वा खेलना, पैर से चलना ।

विहृतम् (नपुं०) स्त्रियों का एक प्रकार का हाव अर्थात् छल से वक्तव्य बात का न बोलना ।

विह्वल (त्रि०) (लः । ला । लम्) व्याकुल, शोक वा चिन्ता से जिस का अङ्ग भङ्ग होगया हो ।

वीकाशः (पुं०) एकान्त, प्रकाश ।

वीचि (पुं० । स्त्री) (चिः । चिः) जल इत्यादि का तरङ्ग वा लहर ।

वीणा (स्त्री) बीन एक बाजा ।

वीणावादः (पुं०) वीणाबजानेवाला, वीणा का बजाना वा शब्द

वीत (त्रि०) (तः । ता । तम्) खर्च हो गया वा खोराय गया वा नष्ट हो गया = ई, (नपुं०) निर्बल वा बे काम हाथी, निर्बल वा बे काम घोड़ा, हाथी को अङ्कुश से शिक्षा देना ।

वीतंसः (पुं०) मृग वा पक्षियों के बझाने का हथियार (जाल इत्यादि) ।

वीति (पुं० । स्त्री) (तिः । तिः) (पुं०) घोड़ा, (स्त्री) गमन वा चलना, प्रकाश, गर्भ का धारण करना, भोजन करना, दौड़ना ।

वीतिहोत्रः (पुं०) अग्नि वा आग ।

वीथी (स्त्री) पङ्क्ति वा पाँती, मार्ग वा रास्ता वा गली ।

वीध्र (त्रि०) (ध्रः । ध्रा । ध्रम्) स्वभाव से मलरहित वा निर्मल ।

वीनाहः (पुं०) कूएँ की जगत् ।

वीरः (पुं०) शूर वा वीर, वीर रस

वीरणम् (नपुं०) गाँड़र एक घास जिसकी जड़ खस कहलाती है ।

वीरतरम् (नपुं०) तथा ।

वीरतरुः (पुं०) अर्जुन वृक्ष ।

वीरपत्नी (स्त्री) शूर की स्त्री ।

वीरपाणम् (नपुं०) युद्ध के पहिले वा पीछे वीर लोगों का मद्यादि का पीना ।

वीरपानम् (नपुं०) तथा ।

वीरभार्या (स्त्री) शूर की स्त्री ।

वीरमातृ (स्त्री) (ता) वीर की माता ।

वीरवृक्षः (पुं०) भेलावाँ (एक ओषधीवृक्ष) ।

वीरसूः (स्त्री) वीर की माता ।

वीरहन् (पुं०) (हा) जिसके अग्निहोत्र का अग्नि बुत गया वह ।

वीराशंसनम् (नपुं०) भयङ्कर युद्ध

का स्थान जहाँ कटे हुए वीर वा हाथी वा घोड़े पड़े हैं और जिन को देखने से भय लगता है ।

वीरुध् (स्त्री) (त्—द्रू) शाखा पत्ता इत्यादियुक्त लता ।

वीर्यम् (नपुं०) धातु, बल वा सामर्थ्य, प्रभाव वा तेज ।

वुकः (पुं०) गुम्मा एक भाजी ।

वृकः (पुं०) हुंडार वा भेंड़िया पशु, मूसा एक जन्तु ।

वृकधूपः (पुं०) कई एक सुगन्धद्रव्यों के मिलाने से बनाहुआ धूप, "श्रीवास" में देखो ।

वृकधूपकः (पुं०) तथा ।

वृक्ण (त्रि०) (क्णः। क्णा । क्णम्) खण्डित वा काटाहुआ = ई ।

वृक्षः (पुं०) पेड़ ।

वृक्षभेदिन् (पुं०) (दी) काष्ठ के काटने का हथियार (बँसुला इत्यादि)

वृक्षरुहा (स्त्री) अकासबँवर एक लता ।

वृक्षवाटिका (स्त्री) वेश्या का बगीचा, राजा के मन्त्री का बगीचा ।

वृक्षादनी (स्त्री) "वृक्षभेदिन्" में देखो, "वृक्षरुहा" में देखो ।

वृक्षाम्लम् (नपुं०) चुक्र वा अमसुल (एक खटाई) ।

वृजिन (त्रि०) (नः । ना । नम्) वक्र वा टेढ़ा = ढ़ी, मुण्डित वा मूड़ा हुआ = ई, (पुं०) केश वा बाल, (नपुं०) क्लेश वा दुःख, पाप, रँगा चमड़ा ।

वृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) घेरा हुआ = ई, वरण कियागया वा अङ्गीकार कियागया = ई ।

वृतिः (स्त्री) वस्त्र इत्यादि का घेरा, वर जो प्रसन्न होकर देवता देते हैं ।

वृत्त (त्रि०) (त्तः । त्ता । त्तम्) गोल वा गोलाकार वस्तु, वरण कियागया वा अङ्गीकार कियागया = ई, बीत गया = ई वा हुआ = ई वा सम्पूर्ण हुआ = ई, पढ़ागया = ई, मरगया = ई, दृढ़ अर्थात् जो हिल न सके, (पुं० । नपुं०) छन्द ("अनुष्टुप्" इत्यादि), चारित्र वा लोकाचार, जीविका वा जीवनोपाय ।

वृत्तान्तः (पुं०) समाचार वा खबर, प्रकरण वा ग्रन्थ का एक देश, भाव वा अभिप्राय, साकल्य वा सम्पूर्णता ॥

वृत्तिः (स्त्री) जीविका वा जीवनोपाय, ऋषियों के बनाए हुए सूत्रों का अर्थ, भारती सात्वती कैशिकी और आरभटी (ये चारो नाटक में "वृत्ति" नाम से कही जाती हैं) ।

वृत्रः (पुं०) वृत्रासुर एक दैत्य, अन्धकार, शत्रु ।

वृत्रहन् (पुं०) (हा) इन्द्र ।

वृथा (अव्यय) निरर्थक, विधि से रहित ।

वृद्ध (त्रि०) (द्धः । द्धा । द्धम्) बुड्ढा = ड्ढी, बड़ा = ड़ी, पण्डित, (नपुं०) शिलाजीत औषधी ।

वृद्धत्वम् (नपुं०) बुढ़ौती वा बुढ़ाई ।

वृद्धदारकः (पुं०) एक औषधीवृक्ष ।

वृद्धनाभिः (पुं०) वात रोग से जिस की नाभी ऊँची होगई है ।

वृद्धप्रमातामहः (पुं०) माता का परदादा ।

वृद्धश्रवस् (पुं०) (वाः) इन्द्र ।

वृद्धिः (स्त्री) बढ़ती ।

वृद्धिजीविका (स्त्री) ब्याज वा सूद।

वृद्धिमत् (त्रि०) (मान् । मती । मत्) बढ़ताहुआ = ई ।

वृद्धोक्षः (पुं०) बुड्ढा बैल ।

वृद्ध्याजीवः (पुं०) ब्याज खानेवाला

वृन्तम् (नपुं०) वृक्ष में की ठोंठी जिस में फूल फल और पत्ते अटके रहते हैं ।

वृन्दम् (नपुं०) समूह ।

वृन्दारक (त्रि०) (रकः । रिका—रका । रकम्) रूपवान् वा सुन्दर, प्रधान वा मुख्य, (पुं०) देवता ।

वृन्दिष्ठ (त्रि०) (ष्ठः । ष्ठा । ष्ठम्) अत्यन्त सुन्दर, अत्यन्त मुख्य ।

वृश्चिकः (पुं०) बिच्छू (एक डङ्क वाला जन्तु), केकड़ा जन्तु, एक वृक्ष, मेष इत्यादि १२ राशियों में की एक राशि का नाम, जन खानेवाला कीड़ा, भँवरा ।

वृषः (पुं०) मूसा जन्तु, श्रेष्ठ वा मुख्य, अरुस एक वृक्ष, ऋषभ नामक औषध, बैल, अण्डकोष, धर्म, मेष इत्यादि १२ राशियों में की एक राशि का नाम, सिँगिया (एकविष), एक सुगन्धचूर्ण

वृषणः (पुं०) अण्डकोश ।

वृषदंशकः (पुं०) बिलार पशु ।

वृषध्वजः (पुं०) शिव ।

वृषन् (पुं०) (षा) इन्द्र ।

वृषभः (पुं०) बैल, श्रेष्ठ वा प्रधान।

वृषलः (पुं०) शूद्र (एक वर्ण) ।

वृषस्यन्ती (स्त्री) सुरत वा सम्भोग

की इच्छा करने वाली स्त्री ।
वृषा (स्त्री) मूसाकर्णी ओषधी ।
वृषाकपायी (स्त्री) लक्ष्मी, पार्वती ।
वृषाकपिः (पुं०) शिव, विष्णु ।
वृषी (स्त्री) मुनि लोगों का आसन । [वृसी]
वृष्टिः (स्त्री) वर्षा वा बरसना ।
वृष्णिः (पुं०) एक राजा जिस के वंश में कृष्ण ने अवतार लिया, भेड़ा एक पशु ।
वेगः (पुं०) झोंक, जल का प्रवाह ।
वेगिन् (त्रि०) (गी । गिनी । गि) वेगयुक्त ।
वेणि (स्त्री) (णिः—णी) केशों की चोटी जो सर्पाकार बनाई है, नद्यादि जलाशयका मध्यभाग वा धारा ।
वेणी (स्त्री) बन्दाल एक ओषधीवृक्ष
वेणुः (पुं०) बाँसुली बाजा, बाँस एक वृक्ष ।
वेणुकम् (नपुं०) हाथियों के मारने के लिये एक डण्डा ।
वेणुध्मः (पुं०) बाँसुली बजानेवाला
वेणुनिस्स्रुतिः (पुं०) एक प्रकार का ऊख ।
वेतनम् (नपुं०) मजूरी वा तलब ।
वेतसः (पुं०) बेंत वृक्ष ।
वेतस्वत् (त्रि०) (स्वान् । स्वती । स्वत्) जिस नदी वा तलाव वा भूमि पर बेंत बहुत हैं वह स्थान ।
वेतालः (पुं०) वह मुर्दा जिस में भूत ने प्रवेश किया है (बैताल)।
वेत्रवती (स्त्री) एक नदी ।
वेदः (पुं०) ऋक् यजुष् साम और अथर्वण इन को वेद कहते हैं।
वेदन (स्त्री। नपुं०) (ना। नम्) अनुभव और स्मृति से भिन्न ज्ञान अर्थात् प्रत्यक्ष अनुमिति उपमिति और शाब्द, (स्त्री) पीड़ा ।
वेदान्तिन् (पुं०) (न्ती) वेदान्तशास्त्र का जाननेवाला ।
वेदि (स्त्री) (दिः—दी) रच कर बनाई हुई भूमि, यज्ञ के लिये डमरू के सदृश बनाई हुई भूमि, अँगुठी (एक भूषण), बरैं (एक जन्तु) ।
वेदिका (स्त्री) अँगना में बनाया हुआ चौतरा इत्यादि बैठने का स्थान ।
वेधः (पुं०) छेद, बेधना वा छेदना।
वेधनिका (स्त्री) "आस्फोटनी" में देखो ।
वेधमुख्यकः (पुं०) कचूर ओषधी ।
वेधस् (पुं०) (धाः) ब्रह्मा, विष्णु, पण्डित ।

वेधित (त्रि०) (तः । ता । तम्) छेदागया वा बेधागया = ई ।
वेपथुः (पुं०) कम्प वा काँपना ।
वेमन् (पुं०) (मा) जोलहों का एक हथियार जिस से बीनने के समय सूत बराबर करते हैं ।
वेला (स्त्री) समुद्र का तीर, काल वा समय, मर्यादा वा हद्द ।
वेल्लम् (नपुं०) वाभीरङ्ग ओषधी ।
वेल्लजम् (नपुं०) मिरिच (एक तीता दाना) ।
वेल्लित (त्रि०) (तः । ता । तम्) टेढ़ा = ढी, थोड़ा कम्पित वा थोड़ा काँपता ।
वेशः (पुं०) वेश्या का घर, "आकल्प" में देखो [वेषः], स्वरूप [वेषः] ।
वेशन्तः (पुं०) छोटा सरोवर ।
वेश्मन् (नपुं०) (श्म) घर ।
वेश्या (स्त्री) वेश्या वा, खराब स्त्री वा खानगी । [वेष्या]
वेषः (पुं०) अलङ्कार की रचना इत्यादि से की गई शोभा ।
वेशवारः (पुं०) सेंधानोन सोंठ पीपर मिरिच धनियाँ जीरा अनार हरदी हींग इन सब पदार्थों को इकट्ठा कर के बनाया हुआ चूर्ण (सोंठ पीपर मिरिच सेंधानोन धनियाँ हींग राई अनार अजवाइन—किसी के मत में इन सब वस्तुओं के चूर्ण को "वेशवार" कहते हैं) ।
वेषवारः (पुं०) तथा ।
वेष्टित (त्रि०) (तः । ता । तम्) लपेटाहुआ वा घेराहुआ = ई ।
वेसवारः (पुं०) "वेशवार" में देखो ।
वेहत् (स्त्री) बैलके संयोग से अपने गर्भ को गिरा देनेवाली गैया ।
वै (अव्यय) निश्चय, श्लोक के पादपूरण करने में ।
वैकक्षकम् (नपुं०) जनेऊ के ऐसी पहिनी हुई माला ।
वैकक्षिकम् (नपुं०) तथा ।
वैकङ्कतः (पुं०) विकङ्कत वा कँठेर वृक्ष
वैकुण्ठ (पुं० । नपुं०) (ण्ठः । ण्ठम्) (पुं०) विष्णु, (नपुं०) विष्णुलोक ।
वैजननः (पुं०) लड़का जनने का महीना अर्थात् गर्भ का नवाँ या दसवाँ महीना ।
वैजयन्तः (पुं०) इन्द्र का घर वा महल ।
वैजयन्तिकः (पुं०) झण्डी वा फरहरा ढोनेवाला ।
वैजयन्तिका (स्त्री) टेकार वृक्ष ।
वैजयन्ती (स्त्री) पताका ।

वैज्ञानिक (त्रि०) (कः । की । कम्) निपुण वा चतुर ।

वैणव (त्रि०) (वः । वी । वम्) बाँस की बनी हुई वस्तु, (नपुं०) बाँस का फल ।

वैणविकः (पुं०) बाँसुली बजानेवाला ।

वैणिकः (पुं०) तथा, वीणा का बजानेवाला ।

वैणुकम् (नपुं०) हाथियों के ताड़न के लिये एक दण्ड ।

वैतनिकः (पुं०) मजूर ।

वैतरणि (स्त्री) (णिः — णी) एक नरक की नदी ।

वैतालिकः (पुं०) प्रातःकाल के समय गाय कर राजा को जगानेवाला ।

वैतंसिकः (पुं०) मांस बेंचनेवाला ।

वैदेहकः (पुं०) बनियाँ, वैश्य से ब्राह्मणी में उत्पन्न हुआ ।

वैदेही (स्त्री) पीपर ओषधी, सीता (रामचन्द्र की स्त्री) ।

वैद्यः (पुं०) वैद्य वा रोग दूर करने वाला ।

वैद्यमातृ (स्त्री) (ता) अरूस (एक वृक्ष) ।

वैधात्रः (पुं०) सनत्कुमार (एक ब्रह्मा का पुत्र) ।

वैधेय (त्रि०) (यः । यी । यम्) मूर्ख ।

वैनतेयः (पुं०) गरुड़ पक्षी ।

वैनीतक (पुं० । नपुं०) (कः । कम्) मनुष्य की सवारी (पालकी, डोली इत्यादि) ।

वैमात्रः (पुं०) माता के सवत का लड़का ।

वैमात्रेयः (पुं०) तथा ।

वैमेयः (पुं०) अदल बदल वा एक चीज दे कर दूसरी लेना ।

वैयाघ्रः (पुं०) बाघ के चमड़े से घेरा वा ओहारा हुआ रथ ।

वैरम् (नपुं०) बैर वा शत्रुता ।

वैरशुद्धिः (स्त्री) बैरी से बदला लेना वा बैर का बदला लेना ।

वैरिन् (पुं०) (री) शत्रु ।

वैवधिकः (पुं०) काँवर ढोनेवाला, बहँगी ढोनेवाला ।

वैवस्वतः (पुं०) यमराज ।

वैशाखः (पुं०) दही दूध इत्यादि के मथने का दण्ड, एक महीने का नाम, बाण चलाने वाले का एक प्रकार का आसन ।

वैशेषिकः (पुं०) एक कणादनामक न्यायशास्त्र का बनानेवाला जो कि ७ पदार्थों को मानता है ।

वैश्यः (पुं०) वैश्य (एक वर्ण) ।

वैश्रवणः (पुं०) कुबेर (एक दिक्पाल)।
वैश्वानरः (पुं०) अग्नि वा आग।
वैष्णवी (स्त्री) विष्णुशक्ति देवता।
वैसारिणः (पुं०) मछली।
वौषट् (अव्यय) यह शब्द यज्ञ में देवतों को हवि देने में बोला जाता है।
वंशः (पुं०) बाँस वृक्ष, वंश वा कुल, एक तरह का ऊख।
वंशकम् (नपुं०) अगर (एक चन्दन)
वंशरोचना (स्त्री) वंशलोचन (एक ओषधी)।
वंशलोचना (स्त्री) तथा।
वंशिकम् (नपुं०) अगर (एक चन्दन)।
व्यक्त (त्रि०) (क्तः। क्ता। क्तम्) स्पष्ट वा प्रकट वा प्रकाशित, (पुं०) पण्डित।
व्यक्तिः (स्त्री) स्पष्टता वा प्रकाश वा प्रकटता, प्राणियों के समूह में से एक।
व्यग्र (त्रि०) (ग्रः। ग्रा। ग्रम्) व्याकुल वा घबड़ाया = ई, दुचित्ता।
व्यङ्गा (स्त्री) हीन अङ्गवाली।
व्यजनम् (नपुं०) पङ्खा।
व्यञ्जक (त्रि०) (ञ्जकः। ञ्जिका। ञ्जकम्) प्रकाश करनेवाला वा ज़ाहिर करनेवाला = की, मन के अभिप्राय का जनाने वाला = ली (नाट्य में)।
व्यञ्जन (त्रि०) (नः। नी। नम्) जिस के द्वारा कोई बात प्रकट की जाय, (नपुं०) मीठा खट्टा तीता इत्यादि ६ रस, चिह्न (जिस से कोई वस्तु पहिचानी जाय), मोछ, कढ़ी (एक भोज्य वस्तु), हाथ पैर इत्यादि अङ्ग।
व्यडम्बकः (पुं०) रेंड़ वृक्ष।
व्यडम्बनः (पुं०) तथा।
व्यत्ययः (पुं०) उलटा पुलटा वा विपरीत।
व्यत्यासः (पुं०) तथा।
व्यथा (अव्यय) पीड़ा, मन की पीड़ा
व्यधः (पुं०) बेधना वा छेदना।
व्यध्वः (पुं०) खराब रस्ता।
व्यपेत (त्रि०) (तः। ता। तम्) हटगया वा चलागया वा नष्ट हो गया = ई।
व्ययः (पुं) खर्च वा छीजना वा कम होना वा घटजाना।
व्यलीक (त्रि०) (कः। का। कम्) अप्रिय वा जो प्यारा नहीं है, करने के योग्य नहीं, मिथ्यावादी वा झूठ बोलनेवाला = ली,

(नपुं०) दुःख वा पीड़ा, लज्जा, मिथ्या वा झूठ ।

व्यवधा (स्त्री) अन्तर्द्धान वा गुप्त होना वा छिप जाना, आड़ ।

व्यवसायः (पुं०) उद्योग ।

व्यवहारः (पुं०) व्यवहार वा काम में लाना, विवाद वा झगड़ा ।

व्यवायः (पुं०) मैथुन वा स्त्री और पुरुष का संयोग ।

व्यसनम् (नपुं०) विपत्ति वा मुसीबत, हानि वा नुकसान, काम से उत्पन्न हुआ दोष, क्रोध से उत्पन्न हुआ दोष, लत्त वा बान।

व्यसनार्त (त्रि०) (र्तः । र्ता । र्तम्) दुःखित वा पीड़ित ।

व्यस्त (त्रि०) (स्तः । स्ता । स्तम्) व्याकुल वा घबरायाहुआ = ई, छितरायाहुआ = ई ।

व्याकरणम् (नपुं०) व्याकरण वा शब्दशास्त्र, व्याख्या करना वा टीका करना ।

व्याकुल (त्रि०) (लः । ला । लम्) घबराया हुआ = ई ।

व्याकोश (त्रि०) (शः । शा । शम्) फलाहुआ = ई (वृक्ष इत्यादि), फूलाहुआ = ई (पुष्प) [व्याकोष]

व्याघ्रः (पुं०) बाघ, श्रेष्ठ वा उत्तम ।

व्याघ्रनखम् (नपुं०) व्याघ्रनख (एक गन्धद्रव्य) ।

व्याघ्रपाद् (पुं०) (त्—द्) विकङ्कत वा कँठेर वृक्ष ।

व्याघ्रपुच्छः (पुं०) रेंड़ वृक्ष ।

व्याघ्राटः (पुं०) भरदूल (एक पक्षी)

व्याघ्री (स्त्री) भटकटैया ओषधी, बाघिन ।

व्याजः (पुं०) स्वरूप का छिपाना वा ढाँकना, बहाना करना ।

व्याडः (पुं०) सर्प, मांस का खानेवाला पशु (बाघ इत्यादि)। [व्यालः]

व्याडायुधम् (नपुं०) व्याघ्रनख (एक गन्धद्रव्य) ।

व्याधः (पुं०) बहेलिया वा मृग पक्षी इत्यादि का बझाने वा मारनेवाला ।

व्याधिः (पुं०) रोग, कुट् (एक ओषधी)।

व्याधिघातः (पुं०) रोग का नाश, अमिलतास (एक ओषधीवृक्ष)

व्याधित (त्रि०) (तः । ता । तम्) रोगी ।

व्यानः (पुं०) सब देह में घूमने वाला वायु ।

व्यापादः (पुं०) द्रोह करना वा वैर करना, मारडालना ।

व्यापादित (त्रि०) (तः । ता । तम्)

मारडालागया = ई ।

व्यामः (पुं०) अँकवार वा दोनों बाहुओं के फैलाने से जितना स्थान खाली रहता है ।

व्याल (त्रि०) (लः । ला । लम्) धूर्त वा दगाबाज़, (पुं०) सर्प, चीता (एक वनपशु), दुष्ट हाथी, सिंह ।

व्यालग्राहिन् (पुं०) (ही) सर्प का पकड़नेवाला ।

व्यावृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) वरण किया गया वा अङ्गीकार कियागया = ई, निवृत्त हो गया वा हट गया = ई ।

व्यावृत्त (त्रि०) (त्तः । त्ता । त्तम्) तथा । [वावृत्त]

व्यासः (पुं०) पराशर के पुत्र व्यास, विस्तार ।

व्याहारः (पुं०) बोलना ।

व्युतिः (स्त्री) कपड़ा इत्यादि का बीनना ।

व्युत्थानम् (नपुं०) तिरस्कार वा अनादर, विरोध करना, स्वतन्त्रता से काम करना ।

व्युष्टिः (स्त्री) फल, सम्पत्ति वा सम्पदा ।

व्यूढ (त्रि०) (ढः । ढा । ढम्) स्थापित किया गया = ई, एकट्ठा हुआ = ई, मोटा ताजा = जो ।

व्यूढकङ्कटः (पुं०) वह योधा जिस ने कवच पहिना है ।

व्यूतिः (स्त्री) कपड़ा इत्यादि का बीनना ।

व्यूहः (पुं०) समूह, एक प्रकार की सेना की रचना ।

व्यूहपार्ष्णिः (पुं०) रची हुई सेना के पीछे का भाग ।

व्यो (अव्यय) लोहा ।

व्योकारः (पुं०) लोहार ।

व्योमकेशः (पुं०) शिव ।

व्योमन् (नपुं०) (म) आकाश ।

व्योमयानम् (नपुं०) विमान वा उड़नखटोला ।

व्योषम् (नपुं०) सोंठ मिरिच पीपर (यह शब्द मिले हुए इन तीनो का वाचक है) ।

व्रजः (पुं०) समूह, गैया का गोठा, मार्ग ।

व्रज्या (स्त्री) पर्यटन वा घूमना, यात्रा वा कूँच ।

व्रण (पुं० । नपुं०) (णः । णम्) घाव वा खत ।

व्रत (पुं० । नपुं०) (तः । तम्) चान्द्रायण इत्यादि व्रत ।

व्रततिः (स्त्री) लता, विस्तार ।

व्रतिन् (पुं०) (ती) चान्द्रायण इत्यादि व्रत का करने वाला, वह अध्वर्यु जो यज्ञ में ऋत्वि-जों को आज्ञा करता है ।

व्रश्चनः (पुं०) काटने का हथियार (कुल्हाड़ी वा टँगारी इत्यादि)

व्रातः (पुं०) समूह वा झुण्ड, दुष्टा-चरण वा खराब काम करना ।

व्रात्यः (पुं०) वह ब्राह्मण जिस का यज्ञोपवीत नहीं हुआ है, अधम वा नीच ।

व्रीडा (स्त्री) लज्जा ।

व्रीहिः (पुं०) धान, अन्न (जव इत्यादि) ।

व्रैहेय (वि०) (यः । यी । यम्) धान का खेत ।

—***—

(श)

श (पुं० । नपुं०) (शः । शम्) (पुं०) शिव, सोमा वा रुद्र, सूतना, हिंसा वा मारडालना, (नपुं०) सुख, कल्याण ।

शकट (वि०) (टः । टी । टम्) छकड़ा वा बैल की गाड़ी ।

शकल (पुं० । नपुं०) (लः । लम्) टुकड़ा ।

शकलिन् (पुं०) (ली) मछली ।

शकुलिन् (पुं०) (ली) तथा ।

शकुन (पुं० । नपुं०) (नः । नम्) सगुन (भुजा वा आँख का फर-कना इत्यादि), (पुं०) पक्षी ।

शकुनिः (पुं०) पक्षी ।

शकुन्तः (पुं०) तथा, एक प्रकार का मुरगा पक्षी ।

शकुन्तिः (पुं०) तथा ।

शकुलः (पुं०) एक मछली ।

शकुलाक्षका (स्त्री) सफेद रङ्ग की दूब ।

शकुलादनी (स्त्री) जलपीपर लता, कुटकी वृक्ष ।

शकुलार्भकः (पुं०) गड़क नामक मछली ।

शकृत् (नपुं०) विष्ठा वा गूह ।

शकृत्करिः (पुं०) बछवा वा बछड़ा ।

शक्तिः (स्त्री) सामर्थ्य वा बल, बरछी वा भाला (एक अस्त्र), प्रभाव उत्साह और मन्त्र इन तीनों से उत्पन्न भया राजों का सामर्थ्य ।

शक्तिधरः (पुं०) भाला धारण करनेवाला, स्वामिकार्तिक ।

शक्तिहेतिकः (पुं०) भाला धारण करनेवाला ।

शक्रः (पुं०) इन्द्र, कोरैया (एक पुष्पवृक्ष) ।

शक्रधनुष् (नपुं०) (नुः) इन्द्र का धनुष् जो प्रायः वर्षाकाल में आकाश में देख पड़ता है ।

शक्रपादपः (पुं०) देवदार वृक्ष ।

शक्रपुष्पी (स्त्री) इन्द्रपुष्पी (एक लता) ।

शक्ल (त्रि०) (क्लः । क्ला । क्लम्) प्रिय वा मीठा वचन बोलनेवाला = ली ।

शङ्करः (पुं०) शिव ।

शङ्कुः (पुं०) खूँटा वा खूँटी, एक जलका जन्तु, ठूँठा वृक्ष, बरछी वा भाला ।

शङ्ख (पुं० । नपुं० (ङ्खः । ङ्खम्) खङ्ख, (पुं०) एक निधि, नख नामक एक गन्धद्रव्य, ललाट की हड्डी ।

शङ्खनखः (पुं०) छोटा शङ्ख ।

शङ्खपुष्पी (स्त्री) कोड़ैना (एक ओषधीलता) ।

शङ्खिनी (स्त्री) एक प्रकार की स्त्री, शङ्खाहुली (एक लतावृक्ष) ।

शची (स्त्री) इन्द्राणी वा इन्द्र की स्त्री ।

शचीपतिः (पुं०) इन्द्र ।

शटी (स्त्री) आँबाहरदी ।

शठ (त्रि०) (ठः । ठा । ठम्) धूर्त वा दगाबाज ।

शण (पुं० । नपुं०) (णः । णम्) सन जिस से डोरी कागज, इत्यादि बनता है ।

शणपर्णी (स्त्री) पटशण एक वृक्ष ।

शणपुष्पिका (स्त्री) घण्टानाम एक लता ।

शणसूत्रम् (नपुं०) सन से बना हुआ जाल ।

शण्ढः (पुं०) नपुंसक वा हिँजड़ा वा खोजा । [षण्डः]

शतम् (नपुं०) सौ सङ्ख्या (१००)।

शतकोटिः (पुं०) इन्द्र का वज्र ।

शतद्रुः (स्त्री) सतलज नदी ।

शतपत्रम् (नपुं०) कमल पुष्प ।

शतपत्रकः (पुं०) कठफोड़वा पक्षी ।

शतपदी (स्त्री) गोजर एक जन्तु ।

शतपर्वन् (पुं०) (र्वा) बाँस ।

शतपर्विका (स्त्री) दूब (एक घास) [शतपर्णिका], बच (एक ओषधी)

शतपुष्पा (स्त्री) सौंफ ।

शतप्रासः (पुं०) काँदइल (पुष्पवृक्ष)।

शतभीरुः (स्त्री) बेइल वा छोटा बेला (पुष्पवृक्ष) ।

शतमन्युः (पुं०) इन्द्र ।

शतमान (पुं० । नपुं०) (नः । नम्) एक प्रकार की तौल ।
शतमूली (स्त्री) सतावर (औषधी)।
शतवीर्या (स्त्री) सफेद दूब ।
शतवेधिन् (पुं०) (धी) चुक्र (एक खट्टी वस्तु) ।
शतह्रदा (स्त्री) बिजुली ।
शताङ्गः (पुं०) युद्ध का रथ ।
शतावरी (स्त्री) सतावर (औषधी)।
शत्रुः (पुं०) वैरी, राजा के अपने देश के पास का राजा ।
शनैश्चरः (पुं०) एक ग्रह ।
शनैस् (अव्यय) (नैः) धीरे ।
शपथः (पुं०) शपथ वा किरिया वा कसम ।
शपनम् (नपुं०) तथा, शाप देना वा गाली देना ।
शफ (पुं० । नपुं०) (फः । फम) पशु का खुर ।
शफर (पुं० । स्त्री) (रः । री) छोटीनाम मछली ।
शबरः (पुं०) पर्वतवासी मनुष्यों की एक म्लेच्छजाति ।
शबल (त्रि०) (लः । ला । लम्) चितकबरा रङ्ग वाला = ली, (पुं०) चितकबरा रङ्ग, (स्त्री) एक गैया [शबली] ।
शब्दः (पुं०) शब्द वा आवाज, अक्षर वा वर्णो से बनाहुआ राम कृष्ण घट इत्यादि शब्द ।
शब्दग्रहः (पुं०) वह इन्द्रिय जिस से शब्द का ग्रहण हो अर्थात् कान ।
शब्दन (त्रि०) (नः । ना । नम्) जिस का शब्द करने का स्वभाव है ।
शमः (पुं०) शान्ति (इन्द्रियों की वा काम क्रोध इत्यादि की), मन की शान्ति ।
शमथः (पुं०) चित्त वा मन की शान्ति ।
शमन (पुं० । नपुं०) (नः । नम्) (पुं०) यमराज, (नपुं०) यज्ञ के पशु को मारना ।
शमनस्वसृ (पुं०) (सा) यमुना नदी ।
शमलम् (नपुं०) विष्ठा वा गूह ।
शमित (त्रि०) (तः । ता । तम्) शान्त कियागया = ई ।
शमी (स्त्री) शमी (एक वृक्ष), छीमी ।
शमीधान्यम् (नपुं०) वह अन्न जो छीमी से निकलता है (मूँग इत्यादि) ।
शमीरः (पुं०) छोटा शमी का वृक्ष।
शम्पा (स्त्री) बिजुली ।

शम्पाकः (पुं०) अमिलतास (एक ओषधीवृक्ष) ।
शम्बः (पुं०) इन्द्र का वज्र ।
शम्बर (पुं० । नपुं०) (रः । रम) (पुं०) साबरनाम एक मृग, एक दैत्य का नाम, (नपुं०) जल वा पानी ।
शम्बरारिः (पुं०) कामदेव ।
शम्बरी (स्त्री) मूसाकर्णी ओषधी।
शम्बलम् (नपुं०) एक प्रकार का रङ्ग, राह का कलेवा ।
शाम्बाकृत (त्रि०) (तः । ता । तम) दो बेर जोताहुआ = ई (खेत इत्यादि) ।
शम्बूक (पुं० । स्त्री) (कः । का) छोटी सीप, (पुं०) घोंघा, (स्त्री) घोंघी ।
शम्भली (स्त्री) कुटनी वा स्त्री पुरुष को मिलानेवाली स्त्री ।
शम्भुः (पुं०) शिव, ब्रह्मा ।
शम्या (स्त्री) जूआ की कील वा खूँटी ।
शम्याकः (पुं०) अमिलतास (एक ओषधीवृक्ष) ।
शयः (पुं०) हाथ । [शमः]
शयनम् (नपुं०) खटिया इत्यादि (जिस पर सूता जाय), सूतना ।
शयनीयम् (नपुं०) खटिया इत्यादि (जिस पर सूता जाय) ।
शयालु (त्रि०) (लुः । लुः । लु) सूतनेवाला = ली ।
शयित (त्रि०) (तः । ता । तम्) सूताहुआ = ई ।
शयुः (पुं०) अजगर सर्प ।
शय्या (स्त्री) खटिया ।
शरः (पुं०) बाण, सरहरी ।
शरजन्मन् (पुं०) (न्मा) स्वामिकार्तिक ।
शरणम् (नपुं०) घर, रक्षा करनेवाला = ली ।
शरद् (स्त्री) (त्—द्) कुआर और कार्तिक का महीना, वर्ष वा बरिस ।
शरभः (पुं०) एक मृग ।
शरव्य (त्रि०) (व्यः । व्या । व्यम्) बाण का लक्ष्य वा निशाना ।
शराभ्यासः (पुं०) बाण चलाने का अभ्यास ।
शरारिः (स्त्री) आड़ी एक पक्षी।
शरारु (त्रि०) (रुः । रुः । रु) हिंसक वा मार डालनेवाला = ली ।
शरालिः (स्त्री) आड़ी पक्षी । [शराली]
शरावः (पुं०) आरती साजने का बरतन, कसोरा वा परई ।
शरावती (स्त्री) एक नदी ।

शरासनम् (नपुं०) धनुष् ।
शरीरम् (नपुं०) शरीर वा देह।
शरीरिन् (त्रि०) (री । रिणी । रि) प्राणी वा देहधारी ।
शर्करा (स्त्री) सक्कर वा खांड़ सिकटी वा कङ्कड़ी, वह भूमि जहां सिकटी बहुत हैं, बालू ।
शर्करावत् (त्रि०) (वान् । वती । वत्) वह भूमि जिस में सिकटी बहुत है ।
शर्करिल (त्रि०) (लः । ला । लम्) तथा ।
शर्मन् (नपुं०) (र्म) सुख वा आनन्द ।
शर्वः (पुं०) शिव ।
शर्वरी (स्त्री) रात्रि वा रात ।
शर्वला (स्त्री) गँड़ासा (एक शस्त्र)
शर्वाणी (स्त्री) पार्वती ।
शलम् (नपुं०) साही पशु का रोम वा रोंआँ ।
शलभः (पुं०) टिड्डी (एक जन्तु), फतिङ्गा जो उड़ कर दीया में गिरने से जल जाता है ।
शललम् (नपुं०) साही पशु का रोम वा रोंआँ ।
शलली (स्त्री) तथा, साही पशु ।
शलाटु (त्रि०) (टुः । टुः । टु) कच्चा फल ।
शल्कम् (नपुं०) छिलका वा बोकला, टुकड़ा ।
शल्मलि (पुं० । स्त्री) (लिः । लिः) सेमर वृक्ष ।
शल्य (पुं० । नपुं०) (ल्यः । ल्यम्) बरछी वा भाला, (पुं०) बाण, मयनफल का वृक्ष, साही (पशु), एक राजा का नाम ।
शल्लकी (स्त्री) सलई (वृक्ष) ।
शव (पुं० । नपुं०) (वः । वम्) मुरदा वा मरे हुए का शरीर ।
शवरः (पुं०) पर्वतवासी मनुष्यों की एक म्लेच्छजाति ।
शवली (स्त्री) चितकबरी गैया ।
शशः (पुं०) खरहा वा खरगोश (एक जन्तु) ।
शशधरः (पुं०) चन्द्रमा ।
शशादनः (पुं०) बाज पक्षी ।
शशोर्णम् (नपुं०) खरहे का रोम वा रोंआँ ।
शश्वत् (अव्यय) सदा वा सर्वदा, निरन्तर वा हरदम, फेर फेर।
शष्कुली (स्त्री) पूरी, कचौरी ।
शष्पम् (नपुं०) कोमल तृण वा नरम घास ।
शसनम् (नपुं०) मार डालना, यज्ञ के पशु को मारना ।
शस्त (त्रि०) (स्तः । स्ता । स्तम्) सुन्दर वा बड़ाईयुक्त मङ्गलयुक्त,

कहागया = ई, (नपुं०) मङ्गल वा कल्याण ।
शस्त्रम् (नपुं०) हथियार (तलवार इत्यादि), लोहा ।
शस्त्रकम् (नपुं०) लोहा ।
शस्त्रमार्जः (पुं०) शस्त्रों को साफ करनेवाला वा मांजनेवाला ।
शस्त्राजीवः (पुं०) शस्त्र से जीने वाला अर्थात् सिपाही ।
शस्त्रिन् (पुं०) (स्त्री) तथा, योद्धा।
शस्त्री (स्त्री) छूरी, गुप्ती ।
शस्पम् (नपुं०) कोमल तृण वा नरम घास ।
शस्यम् (नपुं०) वृक्ष इत्यादि का फल ।
शस्यसम्बरः (पुं०) सखुआ वृक्ष।
शाक (पुं० । नपुं०) (कः । कम्) भाजी वा साग (बथुवा इत्यादि), (नपुं०) भोजन का सरञ्जाम (पत्ता फूल फल जड़ इत्यादि तरकारी)।
शाकट (त्रि०) (टः । टी । टम्) छकड़े में जोता हुआ वा छकड़े को ढोनेवाला (बैल इत्यादि)।
शाकशाकटम् (नपुं०) तरकारी का खेत ।
शाकशाकिनम् (नपुं०) तथा ।
शाकुनिकः (पुं०) बहेलिया वा चिड़ियों का बझाने वाला ।
शाक्तीकः (पुं०) बरछी वा भाला का बाँधने वा धारण करनेवाला
शाक्यमुनिः (पुं०) एक बौद्धों के आचार्य ।
शाक्यसिंहः (पुं०) तथा ।
शाखा (स्त्री) वृक्ष इत्यादि की डार ।
शाखानगरम् (नपुं०) राजधानी के अगल बगल के छोटे २ नगर
शाखामृगः (पुं०) बन्दर ।
शाखिन् (पुं०) (खी) वृक्ष ।
शाङ्खिकः (पुं०) शङ्ख बजानेवाला, शङ्ख के काम का बनानेवाला ।
शाटक (पुं० । नपुं०) (कः । कम्) पहिरने की साड़ी वा धोती ।
शाटी (स्त्री) साड़ी ।
शाठ्यम् (नपुं०) धूर्त्तता वा दगाबाज़ी ।
शाण (पुं० । नपुं०) (णः । णम्) (पुं०) सोने की परीक्षा के लिए कसने की कसौटी (एक पत्थर), (नपुं०) चन्दन इत्यादि रगड़ने का पत्थर, (स्त्री) सन का बना हुआ वस्त्र ।
शाणी (स्त्री) सन का बना हुआ वस्त्र ।
शाण्डिल्यः (पुं०) एक ऋषि का

नाम, बेल (वृक्ष) ।
शात (त्रि०) (तः । ता । तम्) सान रक्खी हुई वा चोखी की हुई तलवार इत्यादि, (नपुं०) सुख।
शातकुम्भम् (नपुं०) सुवर्ण वा सोना ।
शातला (स्त्री) सीकाकाई (एक बाल साफ करने का मसाला ।
शात्रवः (पुं०) शत्रु वा बैरी ।
शादः (पुं०) घास, चहला वा कीचड़ ।
शाद्वल (त्रि०) (लः । ला । लम्) वह स्थान जिस में हरी हरी घास लगी हो ।
शान्त (त्रि०)(न्तः । न्ता । न्तम्) शान्त वा ठण्ढा होगया वा ढीला होगया वा बन्द होगया वा धीर, नष्ट होगया = ई ।
शान्तिः (स्त्री) आश्वासन वा तसल्ली वा धीरता, नाश ।
शापः (पुं०) शाप वा गाली देना ।
शाम्बरी (स्त्री) माया वा इन्द्रजाल, बाजीगर का खेल ।
शार (त्रि०) (रः । री । रम्) चितकबरा = री, (पुं० । स्त्री) चौपड़ इत्यादि के खेलने की गोटी, (पुं०) वायु ।
शारङ्ग (त्रि०) (ङ्गः । ङ्गा । ङ्गम्) चितकबरा = री, पपीहा पक्षी।
शारङ्ग (पुं० । स्त्री) (ङ्गः । ङ्गी) (पुं०) हरिण, (स्त्री) हरिणी ।
शारद (त्रि०) (दः । दी । दम्) नया वा टटका = की, डरपोकना = नी, (पुं०) छितिउन (वृक्ष), (स्त्री) जलपीपर ओषधी।
शारदा (स्त्री) सरस्वती ।
शारिफलम् (नपुं०) चौपड़ इत्यादि के खेलने का घर ।
शारिवा (स्त्री) उत्पलशिखा वा सरिवन ओषधी ।
शार्कर (त्रि०) (रः । री । रम्) सक्कर से बना हुआ = ई (मिठाई इत्यादि), कङ्कड़हा वा बलुहा (स्थान इत्यादि) ।
शार्ङ्गम् (नपुं०) धनुष, विष्णु का धनुष, सिँगिया (विष) ।
शार्ङ्गिन् (पुं०) (ङ्गी) विष्णु ।
शार्दूलः (पुं०) बाघ (एक वनपशु), श्रेष्ठ ।
शार्वर (त्रि०) (रः । री । रम्) मारने वाला = ली, (नपुं०) घन वा बड़ा अहङ्कार ।
शालः (पुं०) वृक्ष, सखुआ वृक्ष, एक मछली, नगर के घेरे की भीत वा शहरपनाह ।
शालपर्णी (स्त्री) एक ओषधी,

शालपर्णी की जड़, शालपर्णी का फूल।
शाला (स्त्री) घर, स्कन्ध की प्रथम शाखा।
शालावृकः (पुं०) कुत्ता, बन्दर, सियार।
शालिः (पुं०) साठीधान जो साठ दिन में पकता है।
शालीन (त्रि०) (नः। ना। नम्) लज्जित वा लजायाहुआ = ई।
शालूकम् (नपुं०) कमल की जड़।
शालूरः (पुं०) मेढ़क (एक जलजन्तु वा स्थलजन्तु)।
शालेय (त्रि०) (यः। यी। यम्) साठीधान का खेत, (पुं०) बनसौंफ (ओषधी)।
शाल्मलः (पुं०) सेमर वृक्ष।
शाल्मलि (पुं०। स्त्री) (लिः। लिः—ली) तथा।
शाल्मलीवेष्टः (पुं०) सेमर का गोंद वा लासा।
शावकः (पुं०) बच्चा वा लड़का।
शावरः (पुं०) लाक्ष (एक ओषधी), लोध ओषधी, साबर (एक मृग)।
शाश्वत (त्रि०) (तः। ती। तम्) निरन्तर वा सर्वकाल में रहने वाला वा उत्पत्ति और नाश से रहित (नित्य)।
शाष्कुल (त्रि०) (लः। ली। लम्) मांस और मछली का खाने वाला।
शाष्कुलिकम् (नपुं०) पूरियों का समूह, कचौरियों का समूह।
शासनम् (नपुं०) आज्ञा, शिक्षा।
शास्तृ (त्रि०) (स्ता। स्त्री। स्तृ) सिखाने वाला वा आज्ञा देने वाला = ली, (पुं०) बुद्ध अर्थात् विष्णु का नवम अवतार।
शास्त्रम् (नपुं०) ६ शास्त्र (१ न्याय, २ वैशेषिक, ३ योग, ४ वेदान्त, ५ साङ्ख्य, ६ मीमांसा), आज्ञा, ग्रन्थ।
शास्त्रविद् (पुं०) (त्—द्) शास्त्रों का जाननेवाला।
शिक्यम् (नपुं०) सिकहर वा छींका।
शिक्यित (त्रि०) (तः। ता। तम्) सिकहर पर रक्खा हुआ = ई।
शिक्षा (स्त्री) सिखाना वा शिक्षा देना, एक वेद का अङ्ग।
शिक्षित (त्रि०) (तः। ता। तम्) सिखाया हुआ = ई, निपुण वा चतुर।
शिखण्डः (पुं०) मोर की पोंछ।
शिखण्डकः (पुं०) "काकपक्ष" में देखो। [शिखाण्डकः] [शिखिण्डकः]

शिखण्डिन् (पुं०) (ण्डी) मोर पक्षी।
शिखर (पुं०। नपुं०) (रः। रम्) पर्वत का शृङ्ग वा चोटी, वृक्ष इत्यादि के ऊपर का भाग।
शिखरिन् (पुं०। स्त्री) (री। रिणी) (पुं०) पर्वत, वृक्ष, (स्त्री) एक छन्द।
शिखा (स्त्री) माथे की चोटी वा चुन्दी, आग की ज्वाला, मोर की पोंछ, किरण वा प्रकाश।
शिखावत् (पुं०) (वान्) आग।
शिखावलः (पुं०) मोर पक्षी।
शिखिग्रीवम् (नपुं०) तुतिया ओषधी।
शिखिन् (पुं०) (खी) मोर पक्षी, अग्नि वा आग।
शिखिवाहनः (पुं०) स्वामिकार्त्तिक।
शिग्रु (पुं०। नपुं०) (ग्रुः। ग्रु) बथुवा की भाजी (पुं०) सहिंजन वृक्ष।
शिग्रुजम् (नपुं०) सहिंजन की बीया।
शिञ्जितम् (नपुं०) भूषण वा गहने का शब्द।
शिञ्जिनी (स्त्री) धनुष् की डोरी वा प्रत्यञ्चा वा पनच।
शितशूकः (पुं०) जव (एक अन्न)।
शितिः (स्त्री) काला रङ्ग, श्वेत रङ्ग।
शितिकण्ठः (पुं०) शिव।
शितिसारकः (पुं०) तेंदू वृक्ष।
शिपिविष्टः (पुं०) शिव, टाल अर्थात् जिस पुरुष के चांदी के बाल झड़ गए हैं, शरीर वा वह चमड़ा जिसकी खाल खुदर गई है।
शिफा (स्त्री) कमल का कन्द, वृक्ष की जड़ जो जटा के ऐसी होती है।
शिफाकन्दः (पुं०) तथा।
शिम्बा (स्त्री) छीमी।
शिम्बि (स्त्री) (म्बिः—म्बी) तथा।
शिरस् (नपुं०) (रः) मस्तक वा माथा, वृक्ष इत्यादि का ऊपर का भाग, पिपरामूल।
शिरस्त्रम् (नपुं०) सिर का पहिरावा (टोपी पगड़ी इत्यादि), योद्धों का टोप जो युद्ध के समय पहिनते हैं।
शिरस्यः (पुं०) निर्मल केश।
शिरा (स्त्री) एक मोटी नस जिस को नाड़ी कहते हैं।
शिरीषः (पुं०) सिरसा का वृक्ष।
शिरोगृहम् (नपुं०) घर में सब से ऊपर की कोठरी अर्थात् बँगला।
शिरोधिः (स्त्री) कन्धरा वा गरदन।
शिरोरत्नम् (नपुं०) माथे का मणि।
शिरोरुहः (पुं०) बाल वा केश।

शिलम (नपुं०) एक तरह की ऋषि मुनिलोगों की जीविका (खेत कट जाने के पीछे जो उस में टूटी फूटी बाल रह जाती है उन को ला कर अपने भोजन का काम चलाना, इस को शिलवृत्ति भी कहते हैं)।

शिला (स्त्री) पत्थर की पटिया, द्वार के नीचे की आर लकड़ी जिस के सहारे से चौखटा रहता है)।

शिलाजतु (नपुं०) सिलाजीत ओषधी (पत्थर की लाही वा गोंद)।

शिली (स्त्री) केंचुई।

शिलीमुखः (पुं०) बाण, भँवरा।

शिलोच्चयः (पुं०) पर्वत।

शिल्पम् (नपुं०) कारीगरी।

शिल्पिन् (त्रि०) (ल्पी । ल्पिनी । ल्पि) कारीगर, मुसव्विर।

शिव (त्रि०) (वः। वा। वम्) सुन्दर वा कल्याणरूप वा मङ्गलरूप, (पुं०) शिव वा महादेव, (स्त्री) पार्वती, सियारिन, शमी वृक्ष, हर्रें, भुँइँ-अँवरा ओषधी, (नपुं०) कल्याण वा मङ्गल।

शिवकः (पुं०) खूँटा वा कील वा मेख।

शिवमल्ली (स्त्री) गुम्मा साग।

शिबिका (स्त्री) पालकी (सवारी)।

शिविरम् (नपुं०) कपड़े का घर वा तम्बू, नवीन आए हुए सेना के टिकने का स्थान।

शिशिर (त्रि०) (रः। रा। रम्) शीतल वा ठण्ढी वस्तु, (पुं०। नपुं०) माघ और फागुन महीने का ऋतु।

शिशुः (पुं०) बालक (लड़का वा लड़की)।

शिशुकः (पुं०) सुँइँस (एक जलजन्तु)।

शिशुत्वम् (नपुं०) लड़काई।

शिशुमारः (पुं०) सुँइँस (जलजन्तु)।

शिश्नः (पुं०) पुरुष का मूत्रेन्द्रिय।

शिश्विदान (त्रि०) (नः। ना। नम्) पवित्र वा शुद्ध कामों का करनेवाला=ली।

शिष्टिः (स्त्री) आज्ञा वा हुकुम।

शिष्य (त्रि०) (ष्यः। ष्या। ष्यम्) चेला वा शागिर्द, सिखलाने वा बतलाने के योग्य।

शिंशपा (स्त्री) सीसो वृक्ष।

शीकरः (पुं०) पानी के बहुत छोटे २ बूँद।

शीघ्र (त्रि०) (घ्रः। घ्रा। घ्रम्) जल्दीबाज, (नपुं०) जल्दी।

शीत (त्रि०) (तः । ता । तम्) शीतल वा ठण्ढी वस्तु, (पुं०) बेंत वृक्ष, लसोड़ा वृक्ष, सुस्त, (स्त्री) खेत में हल चलाने से पड़ी लकीर, आकाशगङ्गा, सीता (रामचन्द्र की स्त्री), (नपुं०) शीतल स्पर्श, जाड़ा ।

शीतक (त्रि०) (कः । का । कम्) आलसी वा सुस्त ।

शीतभीरु (त्रि०) (रुः । रुः । रु) ठण्ढा से डरनेवाला = ली, (स्त्री) बेइल वा छोला बेला (एक पुष्पवृक्ष) ।

शीतल (त्रि०) (लः । ला । लम्) ठण्ढी वस्तु, (स्त्री) एक देवी, पटशण (एक वृक्ष) ।

शीतशिव (पुं० । नपुं०) (वः । वम्) (पुं०) बनसौंफ, (नपुं०) सेंधा नोन, सिलाजीत (ओषधी)।

शीतशीवम् (नपुं०) सिलाजीत (ओषधी) ।

शीतांशुः (पुं०) चन्द्रमा ।

शीत्य (त्रि०) (त्यः । त्या । त्यम्) जोता हुआ (खेत इत्यादि) ।

शीधु (पुं० । नपुं) (धुः । धु) मैरेयनाम एक मद्य । [सीधु]

शीफालिका (स्त्री) नेवारी (एक पुष्पवृक्ष) ।

शीरः (पुं०) हल वा हर । [सीरः]

शीर्षम् (नपुं०) मस्तक वा माथा।

शीर्षकम् (नपुं०) योद्धालोगों का टोप ।

शीर्षच्छेद्य (त्रि०) (द्यः । द्या । द्यम्) मस्तक काट लेने के योग्य अपराधी ।

शीर्षण्य (पुं० । नपुं०) (ण्यः । ण्यम्) (पुं०) निर्मल केश वा साफ़ बाल, (नपुं०) योद्धा लोगों का टोप ।

शीलम् (नपुं०) शुद्ध कर्म वा पवित्र काम, स्वभाव ।

शीहुण्डः (पुं०) सेंहुड़ वृक्ष ।

शुक (पुं० । नपुं) (कः । कम्) (पुं०) सुग्गा पक्षी, व्यास मुनि का पुत्र, (नपुं०) कुरोदा वृक्ष ।

शुकनासः (पुं०) सोनापाढ़ा (एक ओषधीकाष्ठ) ।

शुकवर्हम् (नपुं०) कुरोदा वृक्ष ।

शुक्त (त्रि०) (क्तः । क्ता । क्तम्) पवित्र वा शुद्ध, खट्टा = ट्टी, कठोर वा कड़ा = ड़ी ।

शुक्तिः (स्त्री) सीप वा सुतुही, नखनामक गन्धवस्तु ।

शुक्र (पुं० । नपुं०) (क्रः । क्रम्) (पुं०) दैत्यों के गुरु, जेठ महीना, अग्नि वा आग, (नपुं०) पुरुष

वा स्त्री का वीर्य्य वा धातु।
शुक्लः (पुं०) अण्डकोश।
शुक्रशिष्यः (पुं०) दैत्य।
शुक्ल (त्रि०) (क्लः। क्ला। क्लम्) श्वेत रङ्ग की वस्तु, (पुं०) श्वेत रङ्ग।
शुचि (त्रि०) (चिः। चिः। चि) पवित्र, श्वेत वा सफ़ेद वस्तु, छलरहित, (पुं०) श्वेत रङ्ग, असाढ़ महीना, शृङ्गार रस, अग्नि वा आग, राजा का मन्त्री।
शुण्ठि (स्त्री) (ण्ठिः—ण्ठी) सोंठ ओषधी।
शुण्डा (स्त्री) मदिरा का गृह वा कलवरिया।
शुण्डापानम् (नपुं०) तथा "शुण्डा" "पानम्" ऐसा पृथक् २ शब्द भी उसी अर्थ का वाचक है)।
शुतुद्रिः (स्त्री) शतद्रू नदी।
शुद्धान्तः (पुं०) राजों का जनानखाना, राजों का चोरमहल, आशौच वा अशुद्धता का अन्त।
शुनकः (पुं०) कुत्ता।
शुनासीरः (पुं०) इन्द्र।
शुनी (स्त्री) कुतिया।
शुभ (त्रि०) (भः। भा। भम्) सुन्दर वा कल्याणरूप वा मङ्गलरूप, (पुं०) बकरा (पशु), (नपुं०) कल्याण वा मङ्गल।
शुभंयु (त्रि०) (युः। युः। यु) शुभयुक्त वा कल्याणयुक्त वा मङ्गलयुक्त।
शुभ्र (त्रि०) (भ्रः। भ्रा। भ्रम्) श्वेतवर्ण वस्तु, उद्दीप्त वा प्रकाशमान, (पुं०) श्वेत रङ्ग।
शुभ्रदन्ती (स्त्री) पुष्पदन्तनामक दिग्गज की स्त्री।
शुभ्रांशुः (पुं०) चन्द्रमा।
शुल्क (पुं०। नपुं०) (ल्कः। ल्कम्) कर वा मासूल वा मालगुजारी, स्त्री का धन।
शुल्व (स्त्री। नपुं०) (ल्वा। ल्वम्) डोरी वा रस्सी, (नपुं०) ताँबा धातु।
शुश्रूषा (स्त्री) गुरु इत्यादि बड़ों की सेवा, खुशामद।
शुषि (स्त्री) (षिः—षी) छिद्र वा बिल।
शुषिर (त्रि०) (रः। रा। रम्) छिद्रयुक्त वस्तु, (नपुं०) छिद्र वा बिल, बाँसुली इत्यादि बाजा जो फूँकने से बजता है।
शुष्क (त्रि०) (ष्कः। ष्का। ष्कम्) सूखा = खी।
शुष्कल (त्रि०) (लः। ला। लम्) मांस और मछली का खानेवाला।

शुष्मम् (नपुं०) सामर्थ्य वा बल ।

शुष्मन् (पुं०) (ष्मा) अग्नि वा आग।

शूकः (पुं०) जव इत्यादि का चोखा अग्रभाग वा टूँड़ा ।

शूककीटः (पुं०) ऊन खानेवाला कीड़ा ।

शूकधान्यम् (नपुं०) वह अन्न जिसमें टूँड़ा रहता है (जव गोंहूँ इत्यादि) ।

शूकरः (पुं०) सूअर (पशु) ।

शूकशिम्बा (स्त्री) केवाँच तरकारी।

शूकशिम्बि (स्त्री) (म्बिः—म्बी) तथा ।

शूद्रः (पुं०) शूद्र अर्थात् चौथा वर्ण।

शूद्रा (स्त्री) शूद्रजाति की स्त्री।

शूद्री (स्त्री) शूद्र की स्त्री ।

शून्य (त्रि०) (न्यः । न्या । न्यम्) सूनसान वा निर्जन स्थान, (नपुं०) आकाश, सुन्ना (०)। [शुन्य]

शून्यवादिन् (पुं०) (दी) एक प्रकार का नास्तिक (“सौगत” में देखो) ।

शूरः (पुं०) वीर ।

शूरणः (पुं०) सूरन (एक कन्द) ।

शूर्प (पुं० । नपुं०) (र्पः । र्पम्) सूप (अन्न पछोड़ने का पात्र) । [सूर्प]

शूल (पुं० । नपुं०) (लः । लम्) शूल रोग (जो पेट में होता है), शूल एक अस्त्र ।

शूलाकृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) लोहे के दण्डे पर लपेट कर पकाया हुआ = ई (मांस इत्यादि)।

शूलिन् (पुं०) (ली) शिव ।

शूल्य (त्रि०) (ल्यः । ल्या । ल्यम्) “शूलाकृत” में देखो ।

शृगालः (पुं०) सियार (एक पशु) ।

शृङ्खल (स्त्री । नपुं०) (ला । लम्) बेड़ी (जो कैदी के पैर में डाली जाती है), सिकड़ा (स्त्रियों के पैर का गहना), सिकड़ी, (नपुं०) पुरुष के कमर का गहना (करधनी इत्यादि) ।

शृङ्खलकः (पुं०) ऊँट का बच्चा जिस के पैर में काठ का बन्धन लगा रहता है ।

शृङ्ग (पुं० । नपुं०) (ङ्गः । ङ्गम्) (पुं०) ओषधियों के अष्टवर्ग में की जीवकनाम एक ओषधी, (नपुं०) सींग, पहाड़ की चोटी, प्रधानता ।

शृङ्गवेरम् (नपुं०) आदी (एक तीता कन्द) ।

शृङ्गाटकम् (नपुं०) चौरहा वा चौमोहानी, सिंघाड़ा ।

शृङ्गारः (पुं०) शृङ्गार रस जिस में स्त्री पुरुष की प्रीति वा क्रीड़ा का वर्णन रहता है, सिँगार।
शृङ्गिणी (स्त्री) गैया।
शृङ्गिन् (त्रि०) (ङ्गी। ङ्गिणी। ङ्गि) सींगवाला पशु, (पुं०) नन्दी (शिव के एक गण का नाम), ऋषभनामक औषध, (नपुं०) गहने का सोना।
शृङ्गी (स्त्री) "मङ्गुर" जन्तु की स्त्री, अतीस ओषधी।
शृङ्गीकनकम् (नपुं०) गहने का सोना।
शृणिः (स्त्री) अङ्कुश वा आंकुस।
शृत (त्रि०) (तः। ता। तम्) पकायाहुआ (जैसा भात इत्यादि), (नपुं०) पकायाहुआ दूध घी और पानी।
शेखरः (पुं०) माथा वा ललाट, माथा वा ललाट का गहना ("आपीड" में देखो)।
शेफः (पुं०) पुरुष का मूत्रद्वार।
शेफस् (नपुं०) (फः) तथा। [शेपस्—(पः)]
शेफालिका (स्त्री) हरफारेवड़ीवृक्ष, नेवारी पुष्पवृक्ष, नेवारी फूल।
शेमुषी (स्त्री) बुद्धि।
शेलुः (पुं०) लसोड़ा वृक्ष।
शेवधिः (पुं०) निधि वा एक खज़ाना (१ महापद्म, २ पद्म, ३ शङ्ख, ४ मकर, ५ कच्छप, ६ मुकुन्द, ७ कुन्द, ८ नील, ९ खर्व)।
शेवलः (पुं०) पानी की सेवार।
शेवाल (पुं०। नपुं०) (लः। लम्) तथा। [शेपालः]
शेष (त्रि०) (षः। षा। षम्) (पुं०) शेषनाग, (स्त्री) किसी देवता की प्रसाद की माला, (पुं०। नपुं०) बाकी वा बचा हुआ=ई।
शैक्षः (पुं०) वह विद्यार्थी जिस ने पहिले पहिल पढ़ना आरम्भ किया है।
शैखरिकः (पुं०) चिचिड़ा (एक लता)।
शैलः (पुं०) पर्वत।
शैलालिन् (पुं०) (ली) नट।
शैलूषः (पुं०) तथा, बेल वृक्ष।
शैलेयम् (नपुं०) सिलाजीत ओषधी अर्थात् एक सुगन्धवस्तु जो पत्थर से निकलती है।
शैवल (पुं०। नपुं०) (लः। लम्) पानी की सेवार।
शैवाल (पुं०। नपुं०) (लः। लम्) तथा।

शैवलिनी (स्त्री) नदी ।

शैव्यः (पुं०) कृष्ण के चार घोड़ों में से एक का नाम ।

शैशवम् (नपुं०) लड़काई वा लड़कपन ।

शोकः (पुं०) शोक वा चिन्ता ।

शोचिष् (नपुं०) (चिः) प्रभा वा ज्वाला ।

शोचिःकेशः (पुं०) अग्नि वा आग।

शोण (त्रि०) (णः । णा । णम) लाल रङ्गवाली वस्तु (जैसा कमल के फूल के पत्ते का रङ्ग होता है), (पुं०) लाल रङ्ग, एक नद ।

शोणकः (पुं०) सोनापाढ़ा (काष्ठौषधी)।

शोणरत्नम् (नपुं०) लाल मणि वा मानिक ।

शोणाकः (पुं०) सोनापाढ़ा ओषधी।

शोणितम् (नपुं०) रुधिर वा लोहू।

शोथः (पुं०) सूज वा सूजन (एक रोग)।

शोथघ्नी (स्त्री) गदहपूर्णा (एक लताओषधी)।

शोधनकः (पुं०) झाड़ू देनेवाला वा सफ़ाई करने वाला ।

शोधनी (स्त्री) झाड़ू वा कूँची ।

शोधित (त्रि०) (तः । ता । तम्) शोधागया वा मलरहित किया गया वा साफ़ कियागया = हुँ ।

शोनकः (पुं०) सोनापाढ़ा ओषधी।

शोफः (पुं०) सूज वा सूजन (एक रोग) ।

शोभन (त्रि०) (नः । ना । नम्) सुन्दर ।

शोभा (स्त्री) शोभा वा सुन्दरता।

शोभाञ्जनः (पुं०) सहँजन वृक्ष ।

शोषः (पुं०) सूखना वा सूखजाना, क्षय रोग ।

शौकम् (नपुं०) सुग्गों का झुण्ड ।

शौक्लिकेयः (पुं०) एक प्रकारका विष।

शौक्ल्यम् (नपुं०) सफेदी ।

शौण्ड (त्रि०) (ण्डः । ण्डी । ण्डम्) चतुर, मतवाला = ली, (स्त्री) पीपर ओषधी ।

शौण्डिकः (पुं०) मद्य बनानेवाला वा कलवार ।

शौद्धोदनिः (पुं०) शाक्य मुनि ।

शौभाञ्जनः (पुं०) सहँजन वृक्ष।

शौरिः (पुं०) ब्राह्मण ।

शौर्यम् (नपुं०) शूरता, सामर्थ्य ।

शौल्विकः (पुं०) ताँबा का काम बनानेवाला ।

शौष्कल (त्रि०) (लः । ली । लम्) मछली मांस का खाने वाला । [शौष्कल]

श्च्योतः (पुं०) पानी इत्यादि पतली वस्तु का बहना वा चूना।
श्मशानम् (नपुं०) प्राणी के बध का स्थान।
श्मश्रु (नपुं०) मोछ और डाढ़ी के बाल।
श्याम (त्रि०) (मः। मा। मम्) काले रङ्गवाली वस्तु, हरे रङ्ग वाली वस्तु, (पुं०) काला रङ्ग, हरा रङ्ग, प्रयाग का वट, मेघ, वृद्धदारक एक ओषधीवृक्ष, कोकिल पक्षी, (स्त्री) उत्पलशारिवा ओषधी, सोलह बरस की स्त्री, वह स्त्री जिस को लड़का नहीं हुआ है, गोंदी वृक्ष, यमुना नदी, रात्रि वा रात, श्यामत्रिधारा ओषधी, नेवारी पुष्पवृक्ष, (नपुं०) मिरिच, समुद्र का नोन।
श्यामल (त्रि०) (लः। ला। लम्) काले रङ्गवाला=ली, (पुं०) काला रङ्ग।
श्यामाकः (पुं०) साँवाँ (एक अन्न)।
श्यालः (पुं०) पत्नी का भाई।
श्याव (त्रि०) (वः। वा। वम्) काला पीला मिश्रित रङ्गवाला=ली (जैसा वानर का रोम), (पुं०) काला पीला मिश्रित रङ्ग।
श्येत (त्रि०) (तः। ता—नी। तम्) श्वेत वा सफेद रङ्गवाला=ली, (पुं०) श्वेत रङ्ग।
श्येनः (पुं०) बाज पक्षी।
श्येनम्पाता (स्त्री) एक प्रकार का अहेर।
श्योनाकः (पुं०) सोनापाढ़ा ओषधी।
श्रद्धा (स्त्री) आदर, आकाङ्क्षा, विश्वास।
श्रद्धालु (त्रि०) (लुः। लुः। लु) श्रद्धा करने वाला वा विश्वास करनेवाला=ली, (स्त्री) गर्भ से कोई वस्तु पर इच्छा चलानेवाली स्त्री।
श्रयणम् (नपुं०) सेवा करना, आश्रय वा अवलम्ब करना।
श्रवः (पुं०) सुनना।
श्रवणम् (नपुं०) कान, सुनना।
श्रवस् (नपुं०) (वः) कान।
श्रविष्ठा (स्त्री) धनिष्ठा नक्षत्र।
श्राणा (स्त्री) लपसी (एक भोजन की वस्तु)।
श्राद्धम् (नपुं०) शास्त्रविहित एक पितृसम्बन्धी कर्म (पिण्डा पारना)।
श्राद्धदेवः (पुं०) यमराज।
श्रायः (पुं०) सेवा।
श्रावणः (पुं०) सावन महीना।

श्रावणिकः (पुं०) तथा ।
श्राव्यम् (नपुं०) स्पष्ट वचन ।
श्रीः (स्त्री) लक्ष्मी, धन, शोभा ।
श्रीकण्ठः (पुं०) शिव ।
श्रीघनः (पुं०) बुद्ध वा विष्णु का नवम अवतार ।
श्रीदः (पुं०) धन देनेवाला, कुबेर।
श्रीपतिः (पुं०) विष्णु ।
श्रीपर्णम् (नपुं०) अगेथू वृक्ष, कमल।
श्रीपर्णिका (स्त्री) कायफल ।
श्रीपर्णी (स्त्री) खम्भारी वृक्ष ।
श्रीपिष्टः (पुं०) "श्रीवास" में देखो।
श्रीफलः (पुं०) बेल वृक्ष ।
श्रीफली (स्त्री) नील ।
श्रीमत् (त्रि०) (मान् । मती । मत्) धनी, शोभावान्, (पुं०) विष्णु, तिलक वृक्ष ।
श्रील (त्रि०) (लः । ला । लम्) लक्ष्मीवान् वा धनी [श्लील], (पुं०) कुबेर ।
श्रीवत्सः (पुं०) विष्णु के छाती पर का भृगु मुनि के लात का चिह्न ।
श्रीवत्सलाञ्छनः (पुं०) विष्णु ।
श्रीवासः (पुं०) एक प्रकार का धूप जो सरल देवदारु के ऐसा का होता है ।
श्रीवेष्टः (पुं०) तथा ।
श्रीसञ्ज्ञम् (नपुं०) लवँग (एक वृक्ष का फूल) ।
श्रीहस्तिनी (स्त्री) एक प्रकार की भाजी जिस का पत्ता हाथी के कान के ऐसा होता है ।
श्रुत (त्रि०) (तः । ता । तम्) सुना गया वा सुनपड़ा, = ड़ी (नपुं०) शास्त्र ।
श्रुतिः (स्त्री) वेद, कान, सुनना, वीणा इत्यादि तारवाले बाजों के बजाने से पहिले पहिल निकला हुआ सूक्ष्म शब्द वा पहिले शब्द की प्रतिध्वनि ।
श्रेणि (पुं० । स्त्री) (णिः । णिः —णी) पङ्क्ति वा पाँती, एकही काम करनेवाले कारीगरों का झुण्ड, समूह वा झुण्ड ।
श्रेयस् (त्रि०) (यान् । यसी । यः) अच्छा वा भला वा मङ्गलरूप, अत्यन्त प्रशंसा वा बड़ाई के योग्य, (स्त्री) गजपीपर ओषधी, हर्रे, सोनापाठा ओषधी, (नपुं०) पुण्य, मोक्ष, मङ्गल वा कल्याण।
श्रेष्ठ (त्रि०) (ष्ठः । ष्ठा । ष्ठम्) श्रेष्ठ वा अत्यन्त प्रशंसा के योग्य।
श्रोण (त्रि०) (णः । णा । णम्) जङ्घाहीन अर्थात् जिस्की जङ्घा कटगई है ।

श्रोणि (स्त्री) (णिः—णी) कमर के पीछे का भाग वा चूतड़, कमर

श्रोत्रम् (नपुं०) कान ।

श्रोत्रियः (पुं०) वेद का पढ़नेवाला।

श्रौषट् (अव्यय) यज्ञ में इस शब्द को उच्चारण कर के देवता को हवि दी जाती है ।

श्लक्ष्ण (त्रि०) (क्ष्णः । क्ष्णा । क्ष्णम्) चिकना = नो, सूक्ष्म वा अल्प।

श्लीपदम् (नपुं०) पीलपाँव (एक प्रकार का रोग) ।

श्लेषः (पुं०) आलिङ्गन वा देह से देह लपटाना, आश्रय वा अवलम्ब, एक काव्य का अलङ्कार।

श्लेष्मण (त्रि०) (णः । णा । णम्) कफ रोगवाला = ली, कफप्रकृतिवाला = ली ।

श्लेष्मन् (पुं०) (ष्मा) कफ ।

श्लेष्मल (त्रि०) (लः । ला । लम्) "श्लेष्मण" में देखो ।

श्लेष्मातकः (पुं०) लसोड़ा वृक्ष।

श्लोकः (पुं०) पद्य वा श्लोक, यश वा कीर्ति ।

श्वदंष्ट्रा (स्त्री) गोखुरु ओषधी, कुत्ता का दाँत ।

श्वन् (पुं०) (श्वा) कुत्ता ।

श्वनिश (स्त्री । नपुं०)(शा । शम्) कुत्तों की रात ।

श्वपचः (पुं०) चाण्डाल वा डोम।

श्वपाकः (पुं०) तथा ।

श्वभ्रम् (नपुं०) छिद्र वा बिल वा गड्ढा, पाताल ।

श्वयथुः (पुं०) सूज वा सूजन ।

श्ववृत्ति (पुं० । स्त्री) (त्तिः । त्तिः) (पुं०) चाण्डाल वा डोम, (स्त्री) सेवा वा नौकरी ।

श्वशुरः (पुं०) ससुर अर्थात् पत्नी वा पति का पिता ।

श्वशुरौ, द्विवचन, (पुं०) सास ससुर

श्वशुर्यः (पुं०) साला, देवर, जेठ ।

श्वश्रूः (स्त्री) सास ।

श्वश्श्रेयस (त्रि०)(सः । सा । सम्) अच्छा वा भला वा मङ्गलरूप, (नपुं०) कल्याण वा मङ्गल ।

श्वसनः (पुं०) वायु, मयनफल का वृक्ष ।

श्वस् (अव्यय) (श्वः) कल वा आनेवाला दिन ।

श्वाविध् (पुं०)(त्—द्) साही पशु।

श्वित्रम् (नपुं०) श्वेत कुष्ठ रोग ।

श्वेत (त्रि०) (तः । ता । तम्) सफेद रङ्गवाला = ली, (पुं०) सफेद रङ्ग, (नपुं०) चाँदी धातु, रुपया ।

श्वेतगरुत् (पुं०) हंस पक्षी ।

श्वेतच्छदः (पुं०) तथा ।

श्वेतमरिचम् (नपुं०) सहिँजन की बीया ।
श्वेतरक्त (त्रि०) (क्तः । क्ता । क्तम्) गुलाबी रङ्गवाला = ली, (पुं०) गुलाबी रङ्ग ।
श्वेतसुरसा (स्त्री) सफेद नेवारी (पुष्पवृक्ष), तुलसी वृक्ष ।

—❋❋❋—

(ष)

षः (पुं०) प्रधान वा श्रेष्ठ, गहिरी आँखवाला, उपद्रव, परोक्ष ।
षट्कर्मन् (पुं०) (र्मा) यजन याजन अध्ययन अध्यापन दान और प्रतिग्रह इन छः कर्मों को करनेवाला ब्राह्मण ।
षट्पदः (पुं०) भ्रमर वा भँवरा ।
षडभिज्ञः (पुं०) बुद्ध वा विष्णु का नवम अवतार ।
षडाननः (पुं०) स्वामिकार्तिक ।
षड्ग्रन्थः (पुं०) एक प्रकार का करञ्ज वृक्ष ।
षड्ग्रन्था (स्त्री) बच ओषधी ।
षड्ग्रन्थिका (स्त्री) आँबाहरदी ।
षड्जः (पुं०) खरज स्वर वा सात स्वरों में से पहिला स्वर (जैसा बरसात में मोर बोलता है) ।
षण्ड (पुं० । नपुं०) (ण्डः । ण्डम्) कमल इत्यादि पुष्पवृक्षों का झुण्ड, वृक्षों का झुण्ड, (पुं०) साँड़ वा मोटा ताज़ा बैल ।
षण्ढः (पुं०) हिँजड़ा वा नपुंसक । [षण्डः]
षष् (त्रि०) (ट्—ड् । ट्—ड् । ट्—ड्) छ सङ्ख्या (६), छ पदार्थ ।
षष्टिकः (पुं०) साठीधान ।
षष्टिक्य (त्रि०) (क्यः । क्या । क्यम्) साठी चावल का खेत ।
षाण्मातुरः (पुं०) स्वामिकार्तिक ।

—❋❋❋—

(स)

स (पुं० । स्त्री) (सः । सा) (पुं०) क्रोध, ईश्वर, वरण वा अङ्गीकार, शिव, (स्त्री) लक्ष्मी, पार्वती ।
सकल (त्रि०) (लः । ला । लम्) अखण्ड वा सम्पूर्ण ।
सकृत् (अव्यय) एक बार वा एक

दर्फ़े, साथ वा सङ्ग ।

सकृत्प्रजः (पुं०) कौआ पक्षी ।

सकृत्प्रजस् (पुं०) (जाः) तथा ।

सक्तुफला (स्त्री) शमी वृक्ष ।

सक्तुफली (स्त्री) तथा ।

सक्थि (नपुं०) जङ्घा (पैर का एक हिस्सा) ।

सखि (पुं०) (खा) मित्र ।

सखी (स्त्री) सखी वा सहेली ।

सख्यम् (नपुं०) मित्रता वा मैत्री वा दोस्ती ।

सगर्भ्यः (पुं०) एक माता के पेट से उत्पन्न वा सहोदर भाई ।

सगोत्रः (पुं०) समान गोत्रवाला वा गोती ।

सग्धिः (स्त्री) साथ में भोजन करना ।

सङ्कट (त्रि०) (टः । टा । टम्) सकेत वा सकरा वा कम चौड़ा (रस्ता इत्यादि) ।

सङ्करः (पुं०) कई एक विजातीय वस्तुओं का मेल, कतवार ।

सङ्कर्षणः (पुं०) बलदेव (कृष्ण के बड़े भाई) ।

सङ्कलित (त्रि०) (तः । ता । तम्) मिलायागया वा जोड़ागया = ई, (नपुं०) जोड़ना (जैसे २ और ३ = ५) ।

सङ्कल्पः (पुं०) मानसकर्म वा मनसूबा ।

सङ्कसुक (त्रि०) (कः । का । कम्) चञ्चल प्रकृतिवाला वा चञ्चल स्वभाववाला = ली, दुर्जन ।

सङ्काश (त्रि०) (शः । शा । शम्) सदृश वा तुल्य ।

सङ्कीर्ण (त्रि०)(र्णः । र्णा । र्णम्) भराहुआ = ई, कम चौड़ा = ड़ी, अशुद्ध, अमित्र अर्थात् जो मित्र नहीं है, (पुं०) वर्णसङ्कर जाति (अम्बष्ठ करण इत्यादि से लेकर चाण्डाल पर्य्यन्त ।

सङ्कुल (त्रि०) (लः । ला । लम्) भराहुआ = ई, गड़बड़ किया-हुआ = ई, बे मेल का बोलना वा विरुद्धार्थ बोलना (जैसा— 'मेरी माता वन्ध्या है') ।

सङ्केतः (पुं०) सान वा इशारा ।

सङ्कोच (पुं० । नपुं०) (चः । चम्) (पुं०) सिकोरना वा फैलेहुए को बटोरना, (नपुं०) केसर एक सुगन्धवस्तु ।

सङ्क्रन्दनः (पुं०) इन्द्र ।

सङ्क्रमः (पुं०) मिल जाना, दुर्ग मार्ग वा दुर्गम स्थान में प्रवेश करना ।

सङ्क्षेपः (पुं०) थोड़ा वा मुख-

तसर, एकट्ठा करना वा बटोर लेना ।

सङ्क्षेपणम् (नपुं०) एकट्ठा करना वा बटोर लेना ।

सङ्ख्यम् (नपुं०) सङ्ग्राम वा युद्ध ।

सङ्ख्या (स्त्री) गिनती (१-२-३ इत्यादि), विचार, गिनती करना ।

सङ्ख्यात (त्रि०) (तः । ता । तम्) गिनागया वा गिनाहुआ = ई ।

सङ्ख्यावत् (पुं०) (वान्) पण्डित ।

सङ्ख्येय (त्रि०) (यः । या । यम्) गिनने के योग्य वा जिस को गिन सकते हैं ।

सङ्गः (पुं०) मेल वा भेंट ।

सङ्गत (त्रि०) (तः । ता । तम्) मिलगया = ई, युक्ति से मिला हुआ = ई (वचन इत्यादि), (नपुं०) मेल वा भेंट ।

सङ्गम (पुं० । नपुं०) (मः । मम्) मेल वा भेंट ।

सङ्गरः (पुं०) सङ्ग्राम वा युद्ध, प्रतिज्ञा, सल्लाह, आपत्ति वा विपत्ति ।

सङ्गीर्ण (त्रि०) (र्णः । र्णा । र्णम्) अङ्गीकार कियागया = ई ।

सङ्गूढ (त्रि०) (ढः । ढा । ढम्) जोड़ाहुआ = ई (जैसा २ ३ और ५ मिल कर १० हुए) ।

सङ्ग्रहः (पुं०) बटोरना वा एकट्ठा करना, फैले हुए को एक जगह करना ।

सङ्ग्रामः (पुं०) युद्ध ।

सङ्ग्राहः (पुं०) ढाल की मूठ अर्थात् पकड़ने का स्थान, मूठी से दृढ़ पकड़ना ।

सङ्घः (पुं०) प्राणियों का समूह ।

सङ्घातः (पुं०) समूह वा झुण्ड, एक नरक ।

सचिवः (पुं०) राजा का मन्त्री, सहाय वा मददगार ।

सच्चिदानन्दः (पुं०) परमात्मा वा ईश्वर ।

सज्जः (पुं०) वह योद्धा जिसने कवच पहिना है ।

सज्जन (त्रि०) (नः । ना । नम्) (पुं०) कुलीन, (स्त्री) नायक वा सरदार के चढ़ने के लिए हाथी का तयार करना वा साजना, (नपुं०) पहरा वा चौकी देना ।

सञ्चयः (पुं०) राशि वा ढेरी ।

सञ्चारिका (स्त्री) दूती वा पुरुष का स्त्री के पास वा स्त्री का पुरुष के पास समाचर पहुंचानेवाली ।

सञ्जनम् (नपुं०) जोड़ना वा सटाना, सङ्ग करना वा साथ करना

सञ्जवनम् (नपुं०) वह घर जिस में चार कोठरी आह्मने साह्मने है ।
सञ्ज्ञपनम् (नपुं०) मार डालना।
सञ्ज्ञा (स्त्री) नाम, बुद्धि वा ज्ञान, ज्ञान बुझाना वा इशारा करना, गायत्री मन्त्र, सूर्य के स्त्री का नाम ।
सञ्ज्ञुः (पुं०) सटी जांघ वाला अर्थात् मोटाई से जिसकी जङ्घा सटी मालूम पड़ती है। [सञ्ज्ञः]
सञ्ज्वरः (पुं०) सन्ताप वा गरमी
सटा (स्त्री) जटा, सिंह घोड़ा इत्यादि के गले पर के बाल ।
सण्डीनम् (नपुं०) पक्षियों का मिल कर चलना ।
सततम् (अव्यय) सर्वदा वा सर्वकाल में ।
सती (स्त्री) पतिव्रता, दक्ष कीकन्या जो पहिले शिव को व्याही थी
सतीनकः (पुं०) मटर (एक अन्न)।
सतीर्थ्यः (पुं०) एक साथ का पढ़नेवाला ।
सतीलकः (पुं०) मटर (एक अन्न) ।
सत् (त्रि०) (न्—ती। त्) सत्य वा सच्चा = ची, साधु वा भलामानुस, विद्यमान वा जो है, प्रशस्त वा प्रशंसायुक्त, पूजित वा प्रतिष्ठित, (पुं०) पण्डित ।

सत्तम (त्रि०) (मः। मा। मम्) अत्यन्त सज्जन वा भलामानुस।
सत्पथः (पुं०) अच्छा मार्ग वा रस्ता
सत्य (त्रि०) (त्यः। त्या। त्यम्) सच्चा = ची, (स्त्री) सत्यभामा (एक कृष्ण की स्त्री), (नपुं०) सत्यता वा सच्चाई, शपथ वा कसम, सतयुग ।
सत्यकः (पुं०) ब्रह्मा ।
सत्यङ्कारः (पुं०) 'मैं अवश्य यह कार्य करूँगा' ऐसी प्रतिज्ञा करना ।
सत्यवचस् (त्रि०) (चाः। चाः। चः) सच्ची बात बोलनेवाला = ली, (पुं०) ऋषि वा मुनि ।
सत्यवतीसुतः (पुं०) व्यास मुनि अर्थात् पराशर मुनि के पुत्र ।
सत्याकृतिः (स्त्री) "सत्यङ्कार" में देखो ।
सत्यानृतम् (नपुं०) वाणिज्य वा बनियई वा बनियाँ का रोजगार
सत्यापनम् (नपुं०) "सत्यङ्कार" में देखो ।
सत्रम् (नपुं०) आच्छादन (वस्त्र इत्यादि), यज्ञ, सदाव्रत, धन, वन, धूर्तता वा दगाबाजी ।
सत्रा (अव्यय) सङ्ग वा साथ ।
सत्रिन् (त्रि०) (त्री। त्रिणी। त्रि)

सदाव्रत देनेवाला = ली ।
सत्व (पुं० । नपुं०) (त्वः । त्वम्) जन्तु, (नपुं०) सत्वगुण, द्रव्य, प्राण, अत्यन्त पराक्रम वा सामर्थ्य, धीर ।
सत्वर (त्रि०) (रः । रा । रम्) जल्दीबाज, (नपुं०) जल्दी ।
सदनम् (नपुं०) घर ।
सदस् (नपुं०) (दः) सभा ।
सदस्यः (पुं०) सभा में बैठनेवाला, यज्ञ में क्रियासमूह का देखनेवाला ।
सदा (अव्यय) सर्वकाल में ।
सदागतिः (पुं०) वायु ।
सदातन (त्रि०) (नः । नी । नम्) सर्वकाल में रहनेवाला = ली, नित्य वस्तु ।
सदानन्दः (पुं०) ब्रह्मा ।
सदानीरा (स्त्री) "करतोया" में देखो ।
सदृक्ष (त्रि०) (क्षः । क्षा । क्षम्) सदृश वा तुल्य ।
सदृश (त्रि०)(शः । शी । शम्) तथा ।
सदृश् (त्रि०) (क्—ग् । क्—ग् । क्—ग्) तथा ।
सदेश (त्रि०)(शः । शा । शम्) एक देश का वा एक स्थान का वा एक जगह का रहनेवाला = ली, समीपवाला = ली, (पुं०) समीप ।
सद्मन् (नपुं०) (द्म) घर ।
सद्यस् (अव्यय) (द्यः) उसी क्षण में, अभी ।
सध्र्यञ्च् (त्रि०)(ध्र्यङ् । ध्रीची । ध्र्यक्) साथ में चलनेवाला वा एक साथ काम करने वाला, साथमें पूजा करनेवाला ।
सनत्कुमारः (पुं०) एक ब्रह्मा के पुत्र का नाम ।
सनपर्णी (स्त्री) पटसण एक वृक्ष ।
सना (अव्यय) सर्वकाल में वा नित्य।
सनातन (त्रि०) (नः । नी । नम्) नित्य अर्थात् सर्वकाल में रहनेवाला = ली ।
सनाभिः (पुं०) सात पुरुष तक का वा ७ पुस्त तक का सम्बन्धी ।
सनिः (स्त्री) 'अध्येषणा' में देखो।
सनीड (त्रि०) (डः । डा । डम्) समीपवाला = ली ।
सन्तत (त्रि०) (तः । ता । तम्) सर्वकाल में रहनेवाला = ली, विस्तृत वा विस्तारयुक्त, (नपुं०) निरन्तर वा सर्वकाल में ।
सन्ततम् (अव्यय) निरन्तर वा सर्वकाल में ।

सन्ततिः (स्त्री) गोत्र वा वंश, सन्तान (पुत्र पौत्र प्रपौत्र इत्यादि), पङ्क्ति वा पाँती ।

सन्तप्त (त्रि०) (प्तः । प्ता । प्तम्) सन्ताप को प्राप्त हुआ वा क्लेश को प्राप्त हुआ = ई, गरम हुआ = ई ।

सन्तमसम् (नपुं०) चारो ओर अन्धकार ।

सन्तानः (पुं०) देवतों का एक वृक्ष, पुत्र पौत्र इत्यादि वंश ।

सन्तापः (पुं०) गरमी ।

सन्तापित (त्रि०) (तः । ता । तम्) गरम कियागया = ई, दुःख दियागया = ई ।

सन्दानम् (नपुं०) पशु बाँधने की डोरी ।

सन्दानित (त्रि०) (तः । ता । तम्) बाँधाहुआ = ई ।

सन्दावः (पुं०) भागना ।

सन्दित (त्रि०) (तः । ता । तम्) गूयाहुआ = ई, बाँधाहुआ = ई ।

सन्देशः (पुं०) सँदेसा वा समाचार

सन्देशवाच् (स्त्री) (क्—ग्) तथा ।

सन्देशहरः (पुं०) दूत वा हलकारा

सन्देहः (पुं०) संशय वा सन्देह ।

सन्दोहः (पुं०) समूह ।

